सूर्योदय : 6:35
सूर्यास्त : 5:12
अधिकतम तापमान : 25.0
न्यूनतम : 12.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-170 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, बुधवार, 11 दिसम्बर 2024
08 जमादिउस्सानी 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com




सीएम योगी महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के 92वें संस्थापक सप्ताह समारोह में हुए शामिल

# डिग्री और मोबाइल ही जिंदगी नहीं : योगी

- जीवन का उद्देश्य सिर्फ नौकरी-डिग्री हासिल करना नहीं हो सकता, विजन और एक्शन भी जरूरी
- टीम वर्क से सफलता का प्रमाण है इंसेफेलाइटिस पर नियंत्रण : मुख्यमंत्री



**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि कालचक्र किसी की परवाह नहीं करता है, उसका प्रवाह निरंतर चलता रहता है, इसलिए हमें खुद को समय की धारा के अनुरूप तैयार करना होगा।

समय के अनुरूप सोचने और चलने की आदत डालनी होगी। समय के अनुरूप खुद को तैयार न कर पाने वाले पिछड़ कर पिछलग्गू हो जाते हैं। सीएम योगी मंगलवार को महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के 92वें संस्थापक सप्ताह समारोह के समापन पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नोबल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज आवश्यकता है कि हम समय के अनुरूप समाज के प्रत्येक तबके को जोड़ते हुए टीम भावना के साथ समाज और देश हित के कार्यक्रमों को आगे बढ़ाएं। जब सामूहिकता की भावना और टीम वर्क से प्रयास किए जाएंगे तो परिणाम भी उसी के अनुरूप सार्थक आएंगे। परिणाम ही प्रयास और तैयारी के स्तर का वास्तविक परिचय देता है। टीम वर्क और परिणाम के बीच साम्य को समझाते हुए मुख्यमंत्री ने इंसेफेलाइटिस नियंत्रण की सफलता को भी उद्धृत किया। उन्होंने बताया कि पूर्वी उत्तर प्रदेश का बचपन इंसेफेलाइटिस के दुष्चक्र में 1977 से लेकर 40 साल तक फंसा रहा। पूर्वी उत्तर प्रदेश के 38 जिलों में पचास हजार से अधिक बच्चों की मौत हो गई। पहले उपचार की व्यवस्था नहीं थी। उपचार की व्यवस्था हुई, वैक्सीन आया तो वायरस ने अपना नेचर चेंज कर लिया। 2017 में जब हमारी सरकार आई तो प्रदेश और केंद्र सरकार ने टीम भावना के साथ, डब्लूएचओ, यूनिसेफ और अन्य संगठनों के सहयोग तथा सरकार के विभिन्न विभागों के समन्वय से मिलकर लड़ाई लड़ी।

### कौशल विकास की गतिविधियों में बिताए समय

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज की पीढ़ी के मोबाइल फोन के इस्तेमाल में अत्यधिक समय बिताने पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी मोबाइल के उपयोग में अनावश्यक अत्यधिक समय बिताने से बचे। अपना समय प्रकृति के बीच, रचनात्मक कार्यों, अध्ययन और कौशल विकास की गतिविधियों में बिताए। उन्होंने आगाह किया कि हमें यह ध्यान रखना होगा कि तकनीकी हमसे संचालित हो, हम तकनीकी से संचालित न हों। नोबल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी के जीवन से सीख लेने की बात करते हुए सीएम योगी ने कहा कि हर व्यक्ति को अपनी रुचि के अनुसार लीक से हटकर कुछ नया करने का प्रयास करना चाहिए।

# आरजी कर मेडिकल कॉलेज मामले में सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट में पेश की रिपोर्ट

- सबूत नष्ट करने और भ्रष्टाचार का आरोप




**कोलकाता।** केंद्रीय जांच ब्यूरो ने सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया कि कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में एक प्रशिक्षु डॉक्टर के बलात्कार और हत्या मामले की सुनवाई एक महीने के भीतर समाप्त होने की उम्मीद है। सियालदह में विशेष सीबीआई अदालत में चल रहे मामले में काफी प्रगति हुई है, अभियोजन पक्ष के 81 गवाहों में से 43 पहले ही गवाही दे चुके हैं।

भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की अगुवाई वाली पीठ ने दिन-प्रतिदिन की कार्यवाही की त्वरित गति पर ध्यान दिया और प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि सुनवाई सप्ताह में चार दिन, सोमवार से गुरुवार तक हो रही है। सीबीआई का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने चल रही कार्यवाही का विवरण देते हुए एक स्थिति रिपोर्ट प्रदान की। उन्होंने पीठ को यह भी बताया कि आरजी कर मेडिकल कॉलेज में वित्तीय अनियमितताओं की एक अलग जांच के कारण आरोप पत्र दाखिल किया गया था, लेकिन राज्य सरकार से अभियोजन की मंजूरी लंबित है, क्योंकि आरोपी लोक सेवक हैं। पीड़ित के माता-पिता की ओर से पेश वकील वृंदा ग्रोवर ने परिवार की उम्मीद पर जोर दिया कि सीबीआई अपराध को कवर करने में कथित रूप से शामिल व्यक्तियों को शामिल करने के लिए एक पूरक आरोप पत्र दाखिल करेगी। सुप्रीम कोर्ट ने इस घटना के बाद चिकित्सा पेशेवरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उपायों का प्रस्ताव करने के लिए गठित राष्ट्रीय टास्क फोर्स की प्रगति की भी समीक्षा की।

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री ने राज्यसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव की निंदा की

# सदन में एनडीए का है बहुमत : रिजिजू

- सभापति की गरिमा का हो रहा है अनादर
- राज्यसभा के अध्यक्ष हमारे मार्गदर्शक होते हैं

**नई दिल्ली।** केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने मंगलवार को राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ इंडिया ब्लॉक द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव की निंदा की और विपक्ष पर राज्यसभा और लोकसभा दोनों के आसन की गरिमा का अनादर करने का आरोप लगाया। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए रिजिजू ने कहा कि वे राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के काम से खुश हैं। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि सदन में एनडीए का बहुमत है। उन्होंने कहा, विपक्ष आसन की गरिमा का अनादर करता है, चाहे वह राज्यसभा हो या लोकसभा।

हम सभी जानते हैं कि संसदीय परंपरा में लोकसभा और राज्यसभा के अध्यक्ष हमारे मार्गदर्शक होते हैं। जो भी कुर्सी पर बैठता है, हमें उनकी बात माननी होती है. कांग्रेस पार्टी और उनके गठबंधन ने लगातार आसन के निर्देश का पालन न करके गलत व्यवहार किया। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि बीवीपी पहले दिन से ही इस बात पर अड़ी हुई है कि सदन को सुचारू रूप से चलना चाहिए।

### हम सभी को चेयरमैन पर भरोसा

किरेन रिजिजू ने कहा, वह हमारा मार्गदर्शन करते हैं। हम उनका सम्मान करते हैं। जो नोटिस दिया गया है, मैं उन 60 सांसदों के कदम की निंदा करता हूं जिन्होंने नोटिस पर हस्ताक्षर किए हैं। एनडीए के पास बहुमत है और हम सभी को चेयरमैन पर भरोसा है। जिस तरह से वह सदन का मार्गदर्शन करते हैं, उससे हम खुश हैं। इसके अलावा, कांग्रेस पर हमला करते हुए किरण रिजिजू ने कहा कि ऐसे समय में जब जॉर्ज सोरोस और कांग्रेस नेतृत्व के बीच संबंध और उनके संयुक्त भारत विरोधी एजेंडे की खबरें सामने आई हैं, कांग्रेस और उसके दोस्त घबरा गए हैं।



# हाथरस में भीषण सड़क हादसा, सात मरे



**हाथरस।** मथुरा-बरेली राजमार्ग पर मंगलवार को भीषण सड़क हादसा हो गया। गांव जैतपुर के निकट केंटर व मैजिक की भिडंत साढ़े तीन माह के बच्चे सहित सात की मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोडर व अन्य वाहनों की मदद से घायलों को उपचार के लिए बागला जिला अस्पताल पहुंचाया।

इधर, लोडर वाहनों व एंबुलेंस से मृतकों के शवों को लाया गया। इस सवारी मैजिक वाहन में क्षमता से अधिक सवारियां भरी हुई थीं। सवारी मैजिक में करीब 21 लोग बैठे हुए थे। यह मैजिक हाथरस से सिकंदराराऊ की ओर जा रही थी। वहीं केंटर सिकंदराराऊ से हाथरस की ओर आ रहा था। आमने सामने की भिंड़त में दोनों वाहन पलट गए। मौके पर चित्कार मच गई। इस सवारी मैजिक वाहन में एक ही परिवार के करीब 10 लोग एटा में गांव नगला इमलिया में कैंसर पीड़ित को देखने के लिए जा रहे थे। मामले की सूचना पर डीएम, एसपी सहित तमाम अधिकारी मौके पर पहुंचे गए। थाना हाथरस जंक्शन के हाथरस-सिकन्द्राराऊ रोड पर ग्राम जैतपुर में पशुपतिनाथ कोल्ड स्टोरेज के पास हुई सड़क हादसे में सूचना पर सीओ सिकन्द्राराऊ एवं थाना प्रभारी हाथरस जंक्शन मय पुलिस फोर्स के मौके पर पहुंचे।

### मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख की आर्थिक मदद

हाथरस हादसे का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लिया है। मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख और गंभीर घायलों को 50-50 हजार की आर्थिक मदद देने की घोषणा की है।


भारतीय रिज़र्व बैंक जनता को सोशल मीडिया पर प्रसारित शीर्ष प्रबंधन द्वारा वित्तीय सलाह देने वाले फर्जी (डीपफेक) वीडियो के प्रति सतर्क करता है।

भारतीय रिज़र्व बैंक के संज्ञान में यह आया है कि सोशल मीडिया पर गवर्नर के फर्जी वीडियो प्रसारित किए जा रहे हैं, जिनमें रिज़र्व बैंक द्वारा कतिपय निवेश योजनाओं को शुरू करने या उनको समर्थन प्रदान करने का दावा किया गया है। इन वीडियो में लोगों को तकनीकी उपकरणों के माध्यम से ऐसी योजनाओं में अपना पैसा निवेश करने की सलाह देने का प्रयास किया गया है।

भारतीय रिज़र्व बैंक यह स्पष्ट करता है कि उसके अधिकारी ऐसी किसी गतिविधि में शामिल नहीं हैं और न ही उनका समर्थन करते हैं तथा ये वीडियो फर्जी हैं। रिज़र्व बैंक वित्तीय निवेश संबंधी ऐसी कोई सलाह नहीं देता है।

अतएव, जन सामान्य को सोशल मीडिया पर प्रसारित ऐसे फर्जी (डीपफेक) वीडियो और उनका शिकार होने से बचने के लिए सतर्क किया जाता है।

आरबीआई वेबसाइट पर जाने के लिए यहां स्कैन करें।

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in


# यूपी में टैक्स चोरी रोकने के लिए बनेगा रिसर्च सेंटर

**राजस्व के नए स्रोत तलाशने पर होगा शोध**

**लखनऊ।** टैक्स चोरी रोकने और राजस्व वृद्धि में नए स्रोत तलाशने के लिए यूपी में पहली बार रिसर्च सेंटर बनाया गया है। गैर परंपरागत सेक्टरों पर फोकस के साथ ही टैक्स चोरी के लिए कुख्यात सेक्टरों पर शोध होगा। उसे एआई, डाटा एनालिटिक्स और मशीन लर्निंग से कैसे रोका जा सकता है, इसका अध्ययन किया जाएगा। केस स्टडीज होंगी। देशभर के टैक्स एक्सपर्ट अधिकारियों को प्रशिक्षण देंगे। प्रमुख सचिव एम. देवराज ने राज्य कर विभाग के प्रशिक्षण संस्थान 'वाणिज्य कर अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान' को 'उत्तर प्रदेश राज्य कर प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान' में तब्दील कर दिया है। आबादी के लिहाज से देश के सबसे बड़े राज्य यूपी में जीएसटी कलेक्शन सबसे ज्यादा है। पिछले वर्ष 1.10 लाख करोड़ रुपये का जीएसटी संग्रह हुआ था। इस वर्ष मार्च तक ये लक्ष्य 1.56 लाख करोड़ रुपये है। इसके बावजूद केंद्र और राज्य की जांच एजेंसियों की रिपोर्ट के मुताबिक कम से कम 15 हजार करोड़ रुपये सालाना की जीएसटी चोरी हो रही है। इसमें बाहर से टैक्स चोरी के रास्ते आने वाले उत्पाद शामिल नहीं हैं। इसके अतिरिक्त जीएसटी में सेवा क्षेत्र की हिस्सेदारी महज 25 फीसदी है जबकि पिछले पांच वर्ष में यूपी में सर्विस सेक्टर दोगुना से भी ज्यादा हो गया है। ई कामर्स और आनलाइन बिकने वाले उत्पादों में यूपी की बड़ी हिस्सेदारी है लेकिन टैक्स इस हिसाब से नहीं प्राप्त हो रहा है।




# संभल बवाल : मृतक के परिजनों ने राहुल और प्रियंका से की मुलाकात



**नई दिल्ली।** संभल जामा मस्जिद सर्वे के दौरान हुए बवाल में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों ने दिल्ली पहुंचकर राहुल गांधी और प्रियंका गांधी से मुलाकात की है। मुलाकात कर लौटे मृतकों के परिजनों ने बताया कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने हर संभव मदद करने का वादा किया है। साथ ही न्याय मिलने का भी भरोसा दिया है। यह मुलाकात करीब 15 मिनट की रही है। सरायतरीन निवासी बिलाल, हयातनगर निवासी रोमान, कोटगर्वी निवासी अयान, नईम और तुर्तीपुर इल्हा निवासी कैफ के परिजनों ने मुलाकात की है। मृतक बिलाल के भाई सलमान ने बताया कि वह मंगलवार की सुबह दिल्ली के लिए निकले थे। दोपहर में राहुल गांधी के आवास पर पहुंच गए थे। शाम को चार बजे सभी पीड़ित परिवारों से राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने मुलाकात की। बताया कि कांग्रेस के प्रदेश सचिव सचिन चौधरी और मुरादाबाद के कांग्रेस से पूर्व विधायक रिजवान कुरैशी मुलाकात कराने के लिए लेकर पहुंचे थे।

आंदोलन

शंभू बॉर्डर से सरवन सिंह पंधेर का एलान

# 14 दिसंबर को दिल्ली कूच करेंगे किसान

- 101 किसानों का जत्था दिल्ली की तरफ बढ़ेगा
- संयुक्त किसान मोर्चा और किसान-मजदूर संघर्ष समिति की बैठक हुई



**चंडीगढ़।** पंजाब हरियाणा सीमा के पास शंभू बॉर्डर पर डटे किसानों ने एक बार फिर मंगलवार को दिल्ली कूच का एलान किया है। किसान नेता सरवन सिंह पंढेर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी कि 101 किसानों का जत्था 14 दिसंबर को दिल्ली की तरफ बढ़ेगा।

मंगलवार को संयुक्त किसान मोर्चा और किसान-मजदूर संघर्ष समिति की सामूहिक बैठक हुई। इसके बाद आगामी निर्णय लिया गया। पंधेर ने साफ किया कि किसान भागने वाले नहीं हैं, बल्कि सरकार को भगाएंगे। इस बीच किसान संगठनों के बड़े नेता शंभू बॉर्डर से खनौरी बॉर्डर पहुंच गए हैं। किसानों ने यहां मंगलवार को सामूहिक भूख हड़ताल रखा। सोमवार को किसान नेता काका सिंह कोटडा ने मंच से कहा कि संयुक्त मोर्चा के प्रमुख जगजीत डल्लेवाल की सेहत लगातार बिगड़ती जा रही है। उनका वजन करीब 11 किलो कम हो गया है। वह काफी कमजोरी महसूस कर रहे हैं। उन्हें चक्कर आते रहते हैं। डॉक्टरों के मुताबिक डल्लेवाल के लिवर फंक्शन टेस्ट खराब आ रहे हैं। पंधेर ने एक बार फिर केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि शंभू बॉर्डर पर लगातार हरियाणा पुलिस व सुरक्षा बलों की ओर से किसान नेताओं को निशाना बनाया जा रहा है। शुक्रवार को दिल्ली कूच करने गए जत्थे में शामिल किसान नेता सुरजीत सिंह फूल को घायल किया गया। वहीं रविवार को रेस्क्यू टीम में शामिल किसान नेता दिलबाग सिंह को घायल किया गया। दिलबाग सिंह की हालत ठीक नहीं है और उन्हें इमरजेंसी में शिफ्ट किया जा रहा है।

### किसान पीछे हटने वाले नहीं

पंधेर ने कहा कि केंद्र के मंत्री आए दिन उल्टे सीधे बयान देते रहते हैं। यही वजह है कि मोदी सरकार ने लोगों में अपना विश्वास खो दिया है। हरियाणा व पंजाब पुलिस प्रशासन ने किसानों से समय मांगा था, उन्हें दे दिया। अब अगर बातचीत का न्योता आता है, तो बहुत अच्छा है। लेकिन अगर नहीं आता है, तो फिर मंगलवार को दोनों फोरमों की ओर से बैठक में विचार करने के बाद दिल्ली कूच पर फैसला लिया जाएगा। किसान पीछे हटने वाले नहीं हैं। हर हाल में अपनी मांगों को केंद्र से मनवा कर ही रहेंगे।

# बज़्म फ़रोगे अदब सोसाइटी के द्वारा तरही मुशायरे का हुआ आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** कस्बा खीरी में बज़्म फ़रोगे अदब सोसाइटी के द्वारा तरही मुशायरे का आयोजन हुआ जिसकी सदारत सोसाइटी अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार आमिर रज़ा %पम्मी% ने की और संचालन डॉक्टर एहराज अरमान ने किया खीरी कस्बे के मोहल्ला शेखसराय स्थित मदरसा से सुल्तान हिंद में आयोजित मुशायरे को संबोधित करते हुए अपने अध्यक्षीय भाषण में आमिर रज़ा ने कहा कि इस तरह के प्रोग्राम से लोगों में उत्सुकता पैदा होती है और शायर कुछ नया कहने की कोशिश करते हैं और यही से बड़े शायर निकालते हैं। तरही मुशायरे में इस बार होश आने लगे होश जाने लगे÷ मिसरा दिया गया था। जिस पर शायरों ने अपने कलाम पेश किया डॉक्टर अखलाक ने कहा- मुफलिसी के सबब इतने फ़ाक़े हुए, रोटियां के हमें ख्वाब आने लगे। इकबाल अकरम वारसी ने कहा- उनको खोया तो लम्हों में सब खो दिया, जिनको पाने में अकरम जमाने लगे। उमर हनीफ ने कहा - टूटी एक बस्ती गरीबों की जो, फाइव स्टार होटल बनाने लगे। डॉक्टर एहराज़ अरमान ने कहा बस मोहब्बत लिखा मैंने दीवार पर, कुछ सियासी उठे और मिटाने लगे। सलमान सीतापुरी ने कहा - कह रहे हो कि वादे पर आएंगे हम, तुम भला कब से वादा निभाने लगे। इलियास चिश्ती ने कहा- वह जो बचपन में बच्चे कमाने लगे, उनके काफी कलम सब ठिकाने लगे। बशर हरगामी ने कहा- आपका नाम मैंने लिया ही नहीं, सुनकर सच आप क्यों तिल मिलने लगे नफीस वारसी ने कहा - यूं फुदकती है बेटी मुझे देखकर ,जैसे बारिश में चिड़िया नहाने लगे। मंसूर महवर ने कहा - हम चरागे अमन कैसे रोशन करें, वह नश्तर की आंधियां उठने लगे। रिजवान मारूफ ने कहा- हाले दिल हमसे पूछा जब गया मारूफ, हम मोहब्बत का किस्सा सुनाने लगे। सैफुल इस्लाम ने कहा- जिस घड़ी वो हमें याद आने लगे, टूट कर अश्क आंखों में आने लगे। आसिफ अंसारी ने कहा- रूप तेरा है एक आब शारे हयात, दिल ये करता है कि इसमें नहाने लगे। नगमा बनो ने कहा - आप बीवी के कहने पर ऐसा चले, घर की दीवार खुद ही गिरने लगे। इसके अलावा जावेद अंसारी, दिलशाद लकवी वगैरा ने कलाम पेश किया। इस मौके पर अधिक संख्या में लोग मौजूद रहे। इस मौके पर जनवरी माह में होने वाले तरही मुशायरे में कलाम कहने के लिए सोसाइटी द्वारा यह मिसरा तरह दिया गया। मैंने सहरा की जमीनों को समंदर कर दिया।

## डीएम ने सीएसआर फंड से कराई 12 लाख की मदद, बदली स्कूल की तस्वीर



अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** जिला मुख्यालय पर संचालित जर्जर भवन और बदहाली के आंसू बहा रहा विद्यालय गांधी बालोद्यान डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के प्रयासों से महक और चमक उठा। डीएम ने विद्यालय में टीम भेजकर कायाकल्प कार्यों का आकलन कराया और सीएसआर फंड से 12 लाख की मदद दिलाई। इसके पर्यवेक्षक का जुम्मा जिला आबकारी अधिकारी राजवीर सिंह को सौंपा और स्वयं भी समय-समय पर कार्य को मॉनिटर किया।गांधी जयंती पर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की नजर विद्यालय की दीनहीन दशा पर पड़ी तो डीएम ने इसे महकने और चमकाने का मन बनाया। डीएम ने योजनाबद्ध रूप से रिकॉर्ड समय में इस विद्यालय का कायाकल्प कराया। मंगलवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने गांधी बालोद्यान स्कूल पहुंचकर कायाकल्प कार्यों का अवलोकन कर शिक्षकों और बच्चों को इसे भविष्य में भी इसी प्रकार स्वच्छ, सुंदर बनाए रखने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर विद्यालय की नन्ही बालिका ने डीएम का माल्यार्पण कर स्वागत और अभिनंदन किया। अन्य बच्चों ने ताली बजाकर डीएम का अभिवादन किया विद्यालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में डीएम के समक्ष स्कूली बच्चों ने सरस्वती वंदना स्वागत गीत और देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना निघासन पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 314/24 धारा 137(2)/87/65(1) बीएनएस व 3/4((2) पॉक्सो एक्ट के अभियोग में वांछित अभियुक्त विनीत पुत्र सुरेश को झण्डी चौकी के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का चालान न्यायालय भेजा जा रहा है।

## रिश्वतखोर लेखपाल को पेटीएम से रिश्वत लेना पड़ा भारी, किया गया निलंबित

**आगरा।** आगरा की सदर तहसील का एक मामला सामने आया है। जहां लेखपाल नाहर सिंह ने किसान जुगेंद्र सिंह निवासी नगला भरला तहसील सदर से ऑनलाइन पेमेंट के माध्यम से 8 हजार रूपए रिश्वत ले लिए। किसान जुगेंद्र सिंह ने बताया कि उन्होंने एक जमीन खरीदी थी। जिसका दाखिल खारिज करना था। जमीन दाखिल खारिज करने के लिए जब वह लेखपाल से मिले तो लेखपाल ने उनसे पैसे की मांग की। किसान द्वारा पैसा लेखपाल को रिश्वत भी दी गई लेकिन लेखपाल ने काम नहीं किया। जिसके बाद किसान ने स्थानीय विधायक से मामले की शिकायत की। विधायक की शिकायत के बाद डीएम ने लेखपाल को निलंबित कर दिया। जानकारी अनुसार फतेहपुर सीकरी के विधायक चौधरी बाबूलाल के पास किसान अपनी पीड़ा बताते हुए लेखपाल के कारनामों की भी पूरी कहानी बताई। जिसके बाद विधायक ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार और प्रमुख सचिव राजस्व के साथ जिलाधिकारी आगरा से मामले की शिकायत की। जिलाधिकारी आगरा ने मामले को गंभीरता से लिया और जांच कराई तो आरोप सही पाए गए। इसके बाद लेखपाल नाहर सिंह को निलंबित कर दिया गया।

## पति ने पत्नी के अश्लील वीडियो बना अश्लील वेबसाइट पर पोस्ट किए, बेटा बना मानसिक रोगी

**आगरा।** पति संबंध बनाने के दौरान अपनी पत्नी के मोबाइल फोन से वीडियो बनाकर एक विदेशी वेबसाइट पर अपलोड करता था। पत्नी ने इसका विरोध किया तो उसको परेशान किया गया। उसके गहने लेकर घर से भगा दिया। साथ ही उसके 11 वर्षीय बेटे को इतना पीटा और परेशान किया कि उसका मानसिक अस्पताल में इलाज कराना पड़ा। महिला की शिकायत पर पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामला सिकंदरा थाना क्षेत्र का है। यहां की रहने वाली एक महिला ने पुलिस को बताया कि 2008 में क्षेत्र के ही अजय नामक युवक से उसका विवाह हुआ था। विवाह के बाद ससुरालीजन दहेज के लिए परेशान करने लगे। वर्तमान में महिला पति से अलग रह रही है। आरोप है कि पति खर्च देने की बजाय आए दिन घर पर आकर मारपीट कर रहा है। महिला का आरोप है कि सास-ससुर और देवर-देवरानी दहेज के लिए ताने कसने लगे। महिला ने बताया कि दो वर्ष पूर्व पति के मोबाइल में किसी अन्य महिला से अश्लील बातें करने की चैटिंग मिली। जब उसने ससुर से पति की शिकायत की तो उन्होंने बेटे को कुछ कहने के बजाय उल्टा उसी को डांटा।

## आगरा पुलिस को मिली बड़ी सफलता, मुठभेड़ के बाद लूट के दो बदमाश गिरफ्तार

**आगरा।** शमसाबाद पुलिस ने सोमवार देर रात भनपुरा बाईपास के पास दो बदमाशों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। उनके पास से तमंचा और कारतूस बरामद किए हैं। वहीं मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश के पैर में गोली लगी है। दोनों ही एक महिला से लाखों रुपए के जेवरात लूटने के बाद से फरार चल रहे थे। जानकारी अनुसार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर भनपुरा बाईपास के पास दोनों बदमाशों की घेराबंदी की। बाइक पर सवार दोनों बदमाशों ने पुलिस को देखते ही फायरिंग शुरू कर दी। जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की। मुठभेड़ में दिलीप बंडा और बंटी नाम के बदमाश को गिरफ्तार किया है। दिलीप बंडा के पैर में गोली लगी है। पुलिस ने बताया कि पिछले दिनों इन दोनों बदमाशों ने शमसाबाद स्थित धिमश्री निवासी महिला से ज्वैलरी से भरा बैग लूट लिया था। पुलिस तभी से इनकी तलाश में जुटी हुई थी। पुलिस ने मुठभेड़ में पकड़े गए बदमाशों से लूट के करीब 10 लाख रुपये कीमत के सोने की ज्वैलरी भी बरामद की है। पुलिस दोनों बदमाशों से पूछताछ कर रही है।

## प्यार पाने के लिए कोर्ट में दे बैठे फर्जी दस्तावेज, दोनों पर उलटा पड़ा दांव, प्रेमी-प्रेमिका पर एफआईआर



अवधनामा संवाददाता

**बरेली।** पुलिस ने कोर्ट मैरिज के लिए उच्च न्यायालय में फर्जी जन्म प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर याचिका दायर करने वाले प्रेमी-युगल के खिलाफ धोखाधड़ी व अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। दरअसल, फरीदपुर क्षेत्र की लड़की ने घर से भागकर कैंट इलाके में रहने वाले प्रेमी के साथ 13 अगस्त को आर्य समाज मंदिर में शादी की थी। दोनों ने खुद को बालिग बताते हुए फर्जी जन्म प्रमाण पत्र उच्च न्यायालय में प्रस्तुत कर कोर्ट मैरिज के लिए याचिका दायर की थी। बताया कि यह जन्म प्रमाण पत्र नगर निगम बरेली से जारी किया गया है। मामला संदिग्धता प्रतीत होने पर उच्च न्यायालय ने पुलिस को जन्म प्रमाण पत्रों की जांच का आदेश दिया। जब पुलिस ने जन्म प्रमाण पत्रों की नगर निगम में जांच कराई तो फर्जी पाए गए। अधिकारियों ने बताया कि उक्त जन्म प्रमाण पत्र नगर निगम से जारी नहीं किए गए हैं। इस पर कैंट पुलिस ने आरोपी प्रेमी और प्रेमिका के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। प्रेमी प्रेमिका ने न केवल फर्जी जन्म प्रमाण पत्र उच्च न्यायालय में पेश किए बल्कि पुलिस को भी गुमराह कर अपने माता-पिता से जान का खतरा बताते हुए 7 दिसंबर को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। फिलहाल, पुलिस का कहना है कि दोनों स्कूली दस्तावेजों के अनुसार नाबालिग हैं।

# जनसुनवाई में आयी तीन शिकायतों का हुआ तत्काल निस्तारण

अवधनामा संवाददाता



**सहारनपुर।** नगर निगम में जनसुनवाई के दौरान आज आयी आठ शिकायतों में से सफाई सम्बंधी तीन शिकायतों का निस्तारण तत्काल कराया गया। बाकि शिकायतों के सम्बंध में सम्बंधित अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई कराने के निर्देश दिए गए। नगरायुक्त संजय चौहान ने आज जनसुनवाई में शहरवासियों की शिकायतों को ध्यान से सुनते हुए तीन शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया। वार्ड संख्या 67 काजीवाला निवासी अब्दुल बासित ने काजीवाला में विद्यालय की चारदीवारी के पास नाली की साफ सफाई कराने, वार्ड संख्या 27 दानिश कॉलोनी के मकसूद ने गली नंबर तीन की साफसफाई कराने तथा वार्ड संख्या 7 रामतीर्थ मंदिर निवासी टिंकू ने भी रामतीर्थ मंदिर के पास नाली की साफ सफाई कराये जाने के सम्बंध में प्रार्थना पत्र दिया जिस पर नगरायुक्त ने सम्बंधित सफाई निरीक्षकों व सफाई मित्रों को वहां भेजकर तुरंत शिकायतों का निस्तारण कराया। इसके अलावा वार्ड संख्या 15 न्यू मक्खन कॉलोनी निवासी गुरमीत सिंह ने स्प्रिंग फिल्ड स्कूल वाली गली के निकट खाली पड़े प्लाट की साफ सफाई कराने के सम्बंध में तथा वार्ड संख्या 35 बड़तला यादगार निवासी अवनीश कुमार ने जैन मंदिर के पास नाली की साफसफाई कराये जाने के सम्बंध में प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर नगरायुक्त ने सम्बंधित सफाई निरीक्षकों को स्थलीय निरीक्षण कर सफाई कराने के निर्देश दिए। जबकि वार्ड संख्या 16 नवीन नगर निवासी विवेक शर्मा ने जगतसिंह गुरुद्वारा के निकट सड़क से अतिक्रमण हटवाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया जिस पर नगरायुक्त ने प्रवर्तन दल प्रभारी को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई कराने के निर्देश दिए। वार्ड संख्या 47 कहारान कॉलोनी निवासी पीयूष कश्यप ने कहारान कॉलोनी में बंदर पकड़वाये जाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। इस पर अधिकारियों ने बताया कि बंदरों को पकड़वाने के लिए निविदा प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। निविदा उपरांत बंदरों को पकड़कर जंगल में छोड़ने की कार्रवाई की जायेगी। जनसुनवाई के दौरान अपर नगरायुक्त राजेश यादव व मृत्युंजय, मुख्य अभियंता निर्माण बी के सिंह, महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## लकड़ी व्यापारियों का प्रतिनिधि मण्डल नगरायुक्त से मिला

**सहारनपुर।** जनसुनवाई से इतर मेला गुघाल स्थल के निकट स्थित लकड़ी मण्डी के लकड़ी व्यापारियों का एक प्रतिनिधि मण्डल भी अनेक पार्षदों के नेतृत्व में नगरायुक्त से मिला और मेला गुघाल स्थल पर मंगल बाजार, मंगलवार के बजाये शुक्रवार को लगवाने की मांग की। मेला गुघाल स्थल के निकट स्थित लकड़ी मण्डी के लकड़ी व्यापारियों का एक प्रतिनिधि मण्डल पार्षद मंसूर बदर, जफ्र अंसारी, मौहम्मद आसिफ, समीर व पार्षद प्रतिनिधि इजहार के नेतृत्व में नगरायुक्त से मिला और मेला गुघाल स्थल पर मंगल बाजार मंगलवार के बजाये शुक्रवार को लगवाने की मांग की। लकड़ी व्यापारियों का कहना था कि लकड़ी बाजार में लकड़ी उठान के लिए क्रेन व ढुलाई के लिए ट्रैक्टर ट्राली और ट्रक आदि भारी वाहनों का आवागमन रहता है, जिससे मंगलवार को मंगल बाजार लगने पर वहां दुर्घटना का खतरा है।

# जिले के सभी सीएचसी और ज़िला महिला चिकित्सालय में बनेंगे एमएनसीयू वार्ड



अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कहा कि जनपद में नवजात शिशु मृत्यु दर में कमी लाने तथा माँ और शिशुओं को एक साथ रखने के लिए समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं जिला महिला चिकित्सालय में मदर न्यूबॉर्न केयर यूनिट बनाने का कार्य होना है। उन्होंने कहा कि एमएनसीयू वार्ड में नवजात शिशु को माँ के साथ केएमसी देते हुए बेहतर तरीके से उपचार किया जाएगा, जिससे मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी आएगी। जिलाधिकारी मनीष बंसल कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं जिला महिला चिकित्सालय को एमएनसीयू (मदर न्यूबोर्न केयर यूनिट) से संतृप्त कराए जाने के लिए आयोजित कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मदर न्यू बोर्न केयर यूनिट (एमएनसीयू) वार्ड में नवजात शिशु को मां के साथ-साथ उपचार कराया जाएगा। जनपद में बनाए जाने वाले एमएनसीयू वार्ड को विशेष सुविधाओं के साथ तैयार किया जाएगा, जहां मां के साथ ही नवजात शिशु को प्रशिक्षित स्टाफ़ नर्स, चिकित्सक द्वारा उपचार दिया जाएगा। जिसमें नवजात शिशु के अनुसार तापमान रखा जाएगा। एमएनसीयू वार्ड में नवजात शिशु को मां के साथ बेहत से बेहतर सुविधाएं दी जाएंगी, जो नवजात शिशु को नया जीवन देने का कार्य करेंगी। कार्यशाला में सभी चिकित्सा अधीक्षकों और सीएमओ के साथ बैठ कर खाका तैयार किया गया। मनीष बंसल द्वारा जनपद में शिशु मृत्यु दर को कम करने और शिशु स्वास्थ्य को बेहतर करने के लिए मुहिम प्रारंभ की गई है। जिसके तहत ज़िले के सभी सीएचसी और ज़िला महिला चिकित्सालय में एमएनसीयू और सीएनसीयू वार्ड बनेंगे। जिसमें जच्चा और बच्चा को आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। एमएनसीयू वार्ड निर्माण में कम्युनिटी एम्पावरमेंट लैब (सीईएल) का वैज्ञानिक एंव तकनीकी सहयोग लिया जाएगा। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया कि इस महत्वपूर्ण कार्य को जनवरी माह में पूर्ण कर लिया जाए।

# नहीं हो सकी जामा मस्जिद मामले में सुनवाई, बहस के लिए नियत की गई अग्रिम तिथि



अवधनामा संवाददाता

**बदायूं।** बदायूं की जामा मस्जिद के मामले अगली सुनवाई अब 17 दिसंबर को होगी।मंगलवार यानी 10 दिसंबर को न्यायालय में सुनवाई तिथि नियत थी।जिला बार के अधिवक्ता के निधन के कारण मंगलवार को अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे जिस कारण न्यायालय द्वारा सुनवाई हेतु अग्रिम तिथि 17 दिसंबर नियत कर दी गई है। गौरतलब है कि बदायूं के सिविल जज सीनियर डिवीजन की अदालत में जामा मस्जिद बनाम नीलकंठ महादेव मंदिर के मामले की सुनवाई चल रही है।वर्तमान में मामला न्यायालय में सुनने योग्य है या नहीं इस पर बहस चल रही है।मामले में 30 नवंबर को जामा मस्जिद की इंतजामिया कमेटी की ओर से अपनी बहस शुरू की गई थी जो अभी पूरी नहीं हो सकी है। न्यायालय द्वारा सुनवाई हेतु अग्रिम तिथि 17 दिसंबर नियत की गई है।

## छह लोगों को आजीवन कारावास की सज़ा

**बदायूं।** हत्या के एक मामले में न्यायालय द्वारा छह लोगों को मामले का दोषी पाते हुए आजीवन कारावास एवं अर्थदंड की सजा से दंडित किया गया है। थाना बिसौली पर वर्ष 2007 में हत्या का एक मामला पंजीकृत हुआ था। मुकदमे की विवेचना पूर्ण करने के उपरांत विवेचक द्वारा न्यायालय के समक्ष आरोप पत्र प्रेषित कर दिया गया था तभी से न्यायालय में मामले की सुनवाई चल रही थी।मंगलवार को अपर जिला जज फास्ट ट्रैक द्वारा सतीश पुत्र कल्याण,सूरज पुत्र शिशुपाल,पोप सिंह पुत्र अनोखे, जोहरी पुत्र महिपाल मुकेश पुत्र रामभरोसे, गुड्डू पुत्र वीरेंद्र को मामले का दोषी पाते हुए सभी को आजीवन कारावास एवं अर्थदंड की सजा सुनाई गई है।मुकदमे में लगी अन्य धाराओं में न्यायालय द्वारा मुल्जिमान को अतिरिक्त सजा एवं जुर्माने से दंडित भी किया गया है। प्रदेश के पुलिस मुखिया के निर्देशानुसार प्रदेश भर में चलाए जा रहे ऑपरेशन कनविक्शन के तहत मामले चिन्हित किया गया था,इसी कारण मामले में पुलिस द्वारा न्यायालय में सशक्त रूप से पैरवी की गई थी।

## डीएलएसए द्वारा किया गया विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

**बदायूं।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर वृद्ध आश्रम में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। मंगलवार को अपर जिला जज प्राधिकरण की सचिव शिव कुमारी कछला में स्थित नवजीवन वृद्ध आश्रम में पहुंची, जहां उनके द्वारा वृद्ध आश्रम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के उपरांत विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से एक विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्राधिकरण की सचिव शिवकुमारी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए वृद्ध लोगों को उनके संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक किया।

# पदक जीतने पर जूडो छात्रावास के खिलाड़ियों को किया सम्मानित



अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** सब जूनियर जूडो बालक प्रतियोगिता में जूडो छात्रावास के खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन के बल पर पदक जीते। आज पदक विजेता खिलाड़ियों का डॉ.भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम में क्रीड़ाधिकारी अनिमेष सक्सेना ने स्वागत कर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। गौरतलब रहे कि कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में प्रदेशीय सब जूनियर जूडो प्रतियोगिता का आयोजन 06 से 08 दिसम्बर 2024 तक किया गया, जिसमें जूडो छात्रावास के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर अपने खेल का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता मे जूडो छात्रावास के गौरव ने 50 किग्रा भार वर्ग में गोल्ड मैडल, माधव भट्ट ने 45 किग्रा. भार वर्ग में सिल्वर मैडल, गौरव यादव ने 55 किग्रा. भार वर्ग में सिल्वर मैडल, मौ.रोहिल ने 60 किग्रा भार वर्ग में सिल्वर मैडल, करन ने 35 किग्रा. भार वर्ग में ब्राउंज मैडल जीतकर अपने खेल का परचम लहरा दिया। सहारनपुर आगमन पर विजेता खिलाड़ियों को डॉ.भीमराव अम्बेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित सम्मान समारोह क्रीड़ाधिकारी अनिमेष सक्सेना ने सम्मानित कर उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होने कहा कि प्रदेश स्तर पर पदक जीतकर जूडो छात्रावास के खिलाड़ियों ने अपने खेल का परचम लहराया है। जूडो छात्रावास के विजेता खिलाड़ियों को शिवनंदन, एथलेटिक्स कोच लाल धर्मेन्द्र प्रताप, कुश्ती कोच आदेश कुमार, बृजेश कुमार आदि ने हर्ष व्यक्त किया।

## चौकी शेखपुरा पर पथराव करने व पुलिस से अभद्रता करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** थाना कोतवाली देहात पुलिस ने चौकी शेखपुरा पर पथराव करने एवं पुलिसकर्मियों के साथ अभद्र व्यवहार करने के मुकदमे में वांछित चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने दोनों आरोपियों का चालान काटकर जेल भेज दिया है। थाना कोतवाली देहात प्रभारी चन्द्र सैन सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत् 6 अक्टूबर को चौकी शेखपुरा कदीम पर भीड़ द्वारा पथराव करने, पुलिसकर्मियों से दुर्व्यवहार करने व सरकारी कार्य में बाधा डालने के सम्बंध में थाना कोतवाली देहात पर हैड कांस्टेबल धर्मवीर सिंह द्वारा धारा 190/191(2)/352/351(3)/125/221/223/121(1)/126(1) बीएनएस व 7 सीएल एक्ट के तहत मामला पंजीकृत किया गया था। श्री सैनी ने बताया कि आज उनके उपनिरीक्षक महेन्द्र सिंह चौहान के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुकदमे में वांछित चल रहे दो आरोपियों इसराइल पुत्र साजिद व अबुजर पुत्र असलम निवासीगण शेखपुरा कदीम थाना कोतवाली देहात को सहारनपुर मिनी बाईपास पर बाग के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों का चालान काटकर जेल भेज दिया।

# म्युचुअल फंड में पैसा निवेश करने पर मिलता अधिक मुनाफाः शिव कुमार

**सहारनपुर।** जेवीजैन कॉलेज में स्किल डवलपमेंट के अंतर्गत आयोजित दो दिवसीय म्युचुअल फंड कार्यशाला में वक्ताओं ने छात्र-छात्राओं को म्युचुअल फंड के प्रकार तथा फंड मैनेजर के बारे में जानकारी देते हुए अधिक मुनाफा कमाना के लिए म्युचुअल फंड में अपना पैसा निवेश करने की बात कही। जेवी जैन कॉलेज में आयोजित कार्यशाला का शुभारंभ प्रिंसिपल प्रो.हरि ओम गुप्ता, उप प्रिंसिपल प्रो.ममता सिंघल और मुख्य वक्ता शिव कुमार शर्मा ने ने किया। मुख्य वक्ता शिवकुमार शर्मा ने बताया कि म्युचुअल फंड लंबी अवधि के लिए अधिक सुरक्षित होते है, क्योंकि वह लंबी अवधि में चक्रवर्ती लाभ प्रदान करते हैं और इसमें कमाई पर रिटर्न भी मिलता है। म्युचुअल फंड में लंबे अवधि में हर बार हर फंड के लिए एक जैसी नहीं होती है और म्युचुअल फंड तीन साल से ज्यादा के लिए निवेश करने के लिए ज्यादा उपयुक्त होते हैं। उन्होंने बताया कि आज अमेरिका में 4000 से अधिक वर्चुअल फंड है भारत में लोग अपना





पैसा बैंक में जमा करते हैं या डाकघर में जहां म्युचुअल फंड के मुकाबले बहुत कम है। म्युचुअल फंड में 16 प्रतिशत से भी अधिक ब्याज मिलता है। उन्होंने म्युचुअल फंड और इसके प्रकार तथा फंड मैनेजर के बारे में छात्र-छात्राओं को बड़े विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज भारत के अंदर काफी सारे म्युचुअल फंड योजना है। सभी छात्राओं को म्युचुअल फंड के बारे में अधिक से अधिक जानकारी होनी चाहिए। यह आधुनिक युग की मांग है यदि आपको अधिक मुनाफा कमाना है, तो म्युचुअल फंड में अपना पैसा निवेश करें। इस दौरान डॉ.आरती मुंडन, अरुण शर्मा, कीर्ति अरोड़ा, साक्षी आहूजा आदि ने छात्र-छात्राओं को म्युचुअल फंड शेयर मार्केट के बारे में विस्तार से समझाया। कार्यशाला 230 छात्राओं ने भाग लिया। संचालन प्रो.ममता सिंघल ने किया।

## गंगा पार कर्नल के डेरे पर किसानों की महापंचायत

# किसानों से पंगा न ले सरकार : टिकैत

अवधनामा संवाददाता

**मंडावर।** गंगा पार कर्नल के डेरे पर किसानों की महापंचायत हुई जिसमें वन विभाग द्वारा जेसीबी चलाकर वन विभाग की जमीन निकाली जा रही है और किसानों की खड़ी फसलों को भी जेसीबी चलाकर नष्ट किया जा रहा है किसानों के आहावान पर पहुंचे चौधरी राकेश टिकैत ने महापंचायत में पहुंच कर किसानों की समस्या को सुना और वन विभाग के अधिकारियों और एसडीएम से वार्ता करते हुए कहा की किसानों की फसलों को बर्बाद न किया जाए और इन्हें अपनी फसलों को काटने का मौका मिले।



बिजनौर डीएम और मुजफ्फरनगर डीएम अधिकारियों के साथ मिलकर एक मिटिग लें और किसानों को कुछ दिनों का मौका मिले जिसमें वह अपनी फसलों को काट लें फसलों पर कोई जेसीबी न चलायें और किसानों की जमीन को पुरा कर वन विभाग अपनी जमीन निकाल लें। किसानों की पंचायत को संबोधित करते हुए भाकियू प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने कहां कि जो फसल को बोता है वहीं काटता हैं जब किसान फसल बो रहे थे तब वन विभाग के अधिकारी कहां सो रहे थे उन्होंने कहां जब तक किसानों की जमीन की पैमाईश करके किसानों को नहीं दी जाएगी तब तक वन विभाग या राजस्व विभाग की जेसीबी किसानों के खेत में नहीं चलेगी जब किसानों के खेत खाली हो जायेंगे तब नक्शे और कागज के आधार पर पैमाईश करके मामले का हल निकलेगा।

पंचायत और वार्ता में पश्चिमी यूपी उपाध्यक्ष बाबूराम तोमर, अशोक घटायन, पश्चिमी यूपी महासचिव योगेश शर्मा, प्रदेश सचिव, जितेंद्र पहलवान, पश्चिमी सचिव दिनेश कुमार, प्रांतीय नेता अजय बालियान उर्फ गुड्डु, जिला उपाध्यक्ष सर्वेंद्र राठी, जिला महासचिव नरदेव सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष मौ0पुर देवमल विजय चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष नजीबाबाद अवनीश कुमार, ब्लॉक महासचिव लवकेश कुमार, देवदत शर्मा, धर्मेन्द्र कुमार, सोनू गिरीराज , अमरीश कुमार, ब्रजेश कुमार आदि मौजूद रहे। इस मौके पर हजारों की संख्या में कार्यकर्ता और किसान मौजूद रहे और वन विभाग रेंजर महेश गौतम और एसडीएम सहित राजस्व विभाग की टीम और मंडावर थाना प्रभारी सहित बिजनौर पुलिस फोर्स मौजूद रही।

## शिक्षा विभाग ने अंतर्राष्ट्रीय पूर्व छात्र मिलन समारोह 2024 की मेजबानी की

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) के शिक्षा विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय पूर्व छात्र सम्मलेन 2024 का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। हाइब्रिड रूप में आयोजित इस कार्यक्रम में संबंधों को बढ़ावा देने, उपलब्धियों का जश्न मनाने और पूर्व छात्रों और उनकी मातृसंस्था के बीच रिशतों को मजबूत करने के लिए एक मंच प्रदान किया गया। कार्यक्रम में शामिल होने वाले पूर्व छात्रों में कार्यक्रम की मुख्य संरक्षक और कुलपति प्रोफेसर नईमा खातून, प्रोफेसर जकिया सिद्दीकी (पूर्व प्राचार्य, विमेंस कॉलेज, एएमयू), प्रोफेसर अनवर जहां जुबेरी (पूर्व कुलपति, कालीकट विश्वविद्यालय), प्रोफेसर शाहीन उस्मानी (ब्रुकलिन कॉलेज, यूएसए), प्रोफेसर मोहम्मद मियां (पूर्व कुलपति, एमएएनयूयू, हैदराबाद), डॉ राहत अबरार (पूर्व निदेशक, उर्दू अकादमी) सहित प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर मुजीबुल हसन सिद्दीकी ने उपस्थित जनों का स्वागत किया।

# करुणा का भूमंडलीकरण करना समय की मांग : कैलाश सत्यार्थी

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** प्रख्यात समाज सुधारक और नोबल शांति पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी ने कहा कि करुणा का भूमंडलीकरण करना समय की मांग है। करुणा को सिर्फ दया या परोपकार की तरह नहीं लिया जा सकता। यह सामान्य मानवीय गुण नहीं, दैवीय शक्ति है। हमें जीवन में चेतना और प्रज्ञा की यात्रा में करुणा के महत्व को समझना होगा। चेतना बुद्धि का विकास करती है तो इस चेतना को प्रज्ञा तक जाने के लिए करुणा का होना अपरिहार्य है।



श्री सत्यार्थी मंगलवार को महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के 92वें संस्थापक सप्ताह समारोह के समापन कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि करुणा का अर्थ दूसरों की तकलीफ को अपनी तकलीफ की तरह महसूस करना और उसे दूर करने के लिए पूरी सामर्थ्य से जुट जाना है। उन्हें खुशी है कि आज वह करुणामय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ हैं। योगी जी मानवता के उद्धार का कार्य पूरी तन्मयता से कर रहे हैं। हर नागरिक का भी यही सपना होना चाहिए। श्री सत्यार्थी ने कहा कि आज दुनिया जितनी विभाजित और विखंडित है, उतनी कभी नहीं थी। 2 अरब लोग युद्धों में या हिंसा के प्रभाव में जी रहे हैं। 46 करोड़ बच्चे युद्धों के शिकार हैं। पूरी दुनिया में जो समाधानकर्ता हैं उनका संबंध पीड़ितों से टूटता गया और दोनों के बीच खाई बढ़ती गई। इस खाई को भरने के लिए नैतिक और आध्यात्मिक जिम्मेदारी को एहसास करना होगा। उन्होंने कहा कि दुनिया आज जितनी अमीर और कनेक्टेड है, उतनी कभी नहीं थी। आज हर सप्ताह दो बिलेनियर पैदा होते हैं। यदि हम युद्धों के एक सप्ताह के पैसे दे दें तो पूरी दुनिया के बच्चों को शिक्षा दी जा सकती है। युद्धों के दस दिन के पैसे दे दें तो दुनिया के हर गरीब बच्चे और महिलाओं के स्वास्थ्य और शिक्षा की व्यवस्था की जा सकती है।

# मंत्री संदीप सिंह ने नव दंपतियों पर पुष्पवर्षा कर दिया आशीर्वाद

अवधनामा संवाददाता

**अलीगढ़।** धूमधाम, उत्साह, रीति-रिवाज और संगीतमय यह पावन बेला साक्षी है अन्त्योदय के दृढ़ संकल्प को पूरा होते देखने की, समाज में आपसी समरसता की, सेवा, संस्कृति, प्रेम और के अटूट बंधन की। इस पावन अवसर पर जहां देवता स्वयं अप्रत्यक्ष रूप से अपना आशीर्वाद प्रदान कर रहे हैं वहीं आपके माता-पिता और अभिभावक प्रत्यक्ष रूप से आपको आशीर्वाद देने को उपस्थित हैं।



उक्त उद्गार राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बेसिक शिक्षा संदीप सिंह ने अतरौली के लक्ष्मी फार्म हाउस में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन हमारे देश और समाज की अनेकता में एकता, संस्कृति, सेवाभाव एवं आपसी प्रेम और सौहार्द की भावना को और बलवती करते हैं। मनुष्य के जीवन में वैवाहिक संस्कार का अपना एक महत्व है और इतने वृहद और भव्य स्तर पर सामूहिक विवाह के प्रदेश भर में सफल आयोजन होना मुख्यमंत्री श्री योगी जी की दूरगामी सोच को परिलक्षित करता है।

श्री योगी जी ने इन कार्यक्रमों की रूपरेखा इस प्रकार निर्धारित की है कि किसी भी लाभार्थी परिवार पर वैवाहिक कार्यक्रम का कोई आर्थिक बोझ न पड़े। आयोजन में सम्पूर्ण व्यवस्थाओं का बड़ी बारीकी से ध्यान रखा गया है। उन्होंने नव दंपतियों से आव्हान किया कि विवाह जन्म-जन्मांतर का बंधन है इसे अच्छे से निभाएं, अपने परिवार में मिल-जुलकर और आपसी प्रेम से रहें। अध्यक्ष जिला पंचायत विजय सिंह ने कहा कि मोदी जी और योगी जी के नेतृत्व में देश व प्रदेश में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान, स्वाबलंबन के लिए धरातल पर कार्य किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के माध्यम से बेटियों का सम्मानपूर्वक समारोह आयोजित कर विवाह कराया जा रहा है।

## चौकीदार की टांडा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने की मदद



**अम्बेडकरनगर।** थाना स्थानीय पर नियुक्त ग्राम चौकीदार बाबूलाल पुत्र स्व तुलसी निवासी ग्राम-कोडरा थाना कोतवाली टांडा जनपद अंबेडकरनगर उपस्थित थाना आए व प्रकट किया की आग तापते समय आग में गिर जाने से पैर काफी जल गया है व आर्थिक सहायता किए जाने की इच्छा प्रकट की जिस पर प्रभारी निरीक्षक को. टाण्डा व थाना स्थानीय पर नियुक्त अधिकरी/ कर्मचारी के द्वारा कुल 12000/- एकत्रित कर सहयोगार्थ ग्राम चौकीदार बाबूलाल को सुपुर्द किया गया वह अपने बेहतर इलाज हेतु बताया गया यह भी बताया गया यदि भविष्य में किसी भी प्रकार की कोई सहायता की आवश्यकता हो तो तत्काल संपर्क करना सुनिश्चित करे।

## हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव के सांस्कृतिक संध्या में कवियो ने खूब गुदगुदाया



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** कानपुर रोड आशियाना क्षेत्र में स्थित स्मृति उपवन में माँ गायत्री जन सेवा संस्थान एवं नीशू वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा आयोजित हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव में बतौर मुख्यअतिथि उपाध्यक्ष-राज्य ललित कला अकादमी (दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री) गिरीश चंद्र मिश्रा महोत्सव अध्यक्ष अरुण प्रताप सिंह व गुंजन वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ किया। सांस्कृतिक संध्या में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन के अध्यक्ष रविंद्र कुमार पाण्डेय प्रतापगढ़ी के संयोजन में कवियों व कवित्रियों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत कर दर्शकों को खूब गुदगुदाया और वाह वाही लूटी। कवित्री शक्ति बाजपेई सरल ने मैं लिखती हूं जरा सा सच यही मेरी हिमाकत है। कवित्री कल्पना मिश्रा, मिठू राय, रश्मि श्रीवास्तव, प्रतिभा श्रीवास्तव, सुनीता चतुर्वेदी कवि प्रमोद श्रीवास्तव,आयुष यादव और मयंक दिवाकर ने अपनी अपनी कविता प्रस्तुत कर मन मोह लिया। मनमोहक कवि सम्मेलन प्रस्तुति के वर्व डांस स्टूडियो विक्की राज के संयोजन में डांस की अलग-अलग प्रस्तुति दी गई। ये काली काली आंखें.... रौनक, विधान, आराध्य ने डांस प्रस्तुत कर बांधा समां। सांस्कृतिक रंगमंच से मस्त मगन.... गाने पर आर्या,पीहू, शक्ति,अंकित राज और आध्या ग्रुप डांस से दर्शकों को घुमाया नचाया।

## डीएम ने उपहार देकर सम्मानित किया



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** विश्व शौचालय दिवस से 10 दिसम्बर (मानवाधिकार दिवस) तक चलने वाले वर्ल्ड टॉयलेट डे -2024 अभियान के समापन पर दिनांक 10 दिसम्बर 2024 को कलेक्ट्रेट सभागार में दोपहर 12 बजे जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्मान एवं पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद के 07 विकास खण्डों में से प्रत्येक विकास खण्ड से 03 अच्छे व्यक्तिगत शौचालय के लाभार्थियों कुल 21 अच्छे व्यक्तिगत शौचालय के लाभार्थियों का विवरण जनपद को उपलब्ध कराया गया जिसमें से 05 सबसे अच्छे व्यक्तिगत शौचालय के लाभार्थियों को प्रशस्ति - पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार प्रत्येक विकास खण्ड द्वारा 02 अच्छे सामुदायिक शौचालय के नाम और विवरण उपलब्ध कराये गये, कुल 14 अच्छे सामुदायिक शौचालय में से 03 सबसे अच्छे सामुदायिक शौचालय के केयरटेकर तथा उस ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानगणों को सम्मानित और पुरस्कृत किया गया।

## व्यापार मंडल ने ट्रेनों के सुचारू संचालन हेतु ज्ञापन सौंपा



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** रेल प्रशासन द्वारा घने कोहरे की बात कहकर विभिन्न ट्रेनों के फेरो और उनको रद्द कर देने के बाद व्यापारियों और आम जनमानस को लगातार आ रही समस्याओं के संबंध में आज अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल जनपद जालौन के पदाधिकारियों ने उरई रेलवे स्टेशन पहुंचकर स्टेशन अधीक्षक श्री मान एस के खरे को ट्रेनों के फेरो और उनके रद्द ना किए जाने के संबंध में एक ज्ञापन दिया ।ज्ञापन में व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने रेल प्रशासन से अनुरोध किया कि सभी ट्रेनों को पहले की तरह चलाया जाये।रेल प्रशासन से यह भी कहा गया कि इस समय किसी भी प्रकार का कोई कोहरा सारे देश में नहीं हैं बेवजह व्यापारियों ओर आम जनमानस को परेशान किया जा रहा हैं। अतः उक्त विषय पर विचार कर जल्द ही सभी ट्रेनों को सुचारू रूप से चलाया जाए। ज्ञापन देने बालों में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष सन्तोष गुप्ता, श्री संजीव सिपोलिया जी श्री प्रदीप द्विवेदी जी श्री रोहित अग्रवाल जी श्री बलवीर सोनी जी श्री प्रदीप शिवहरे जी श्री धर्मेंद्र शर्मा जी श्री रमेश यादव जी श्री धर्मेंद्र कुलश्रेष्ठ जी एवं अन्य व्यापारी बंधु सम्मिलित रहे।

## पंखे से लटकता मिला युवक का शव

**अंबेडकरनगर।** टांडा नगर क्षेत्र के मोहल्ला कस्बा पूरब स्थित सेवक मेडिकल के सामने स्थित एक कमरे में 20 वर्षीय युवक का शव मंगलवार की सुबह पंखे से लटकता हुआ मिला। यह शव अंकित गुप्ता का था, जो स्वर्गीय कमलेश गुप्ता का पुत्र था। परिजनों के मुताबिक, अंकित प्रतिदिन की तरह रात को अपने कमरे में सोने गया था। लेकिन सुबह देर तक नहीं उठने पर परिजन कमरे में पहुंचे। वहां उन्होंने देखा कि अंकित का शव कमरे के सीलिंग पंखे से साड़ी के सहारे लटक रहा था। इस घटना के बाद परिजनों ने तुरंत पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलने के बाद टांडा कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्ट्या मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है, लेकिन पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामले की सही स्थिति का खुलासा किया जा सकेगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है

## मानवाधिकार दिवस पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन



**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** मानव अधिकार दिवस के अवसर पर धर्म समाज महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना व विधि विभाग के द्वारा महाविद्यालय के राय बद्री प्रसाद भवन में स्थित म्यूट कोर्ट में एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें संविधान से मानव अधिकारों की अवधारणा से, खेल व फिल्म जगत से प्रश्न पूछे गए। क्विज प्रतियोगिता के लिए चार टीम बनायीं गयीं। टीम ए में मोहिनी सैनी बी ए एल एल बी चतुर्थ वर्ष, प्रियंका वार्ष्णेय बी ए एल एल बी चतुर्थ वर्ष, प्रदीप कुमार एल एल बी प्रथम सेमेस्टर व कनिका शर्मा एल एल बी पंचम सेमेस्टर टीम बी÷ में भूमि श्री बी ए एल एल बी प्रथम सेमेस्टर, समीक्षा बी ए एल एल बी चतुर्थ वर्ष, लक्षिका गौर बी ए एल एल बी चतुर्थ वर्ष व पूजा कुमारी माहौर बी ए एल एल बी प्रथम सेमेस्टर, टीम सी हैप्पी सैनी बी ए एल एल बी चतुर्थ वर्ष, नियानतंक सिंघम बी ए एल एल बी प्रथम सेमेस्टर, गौरव कुमार एल एल बी प्रथम सेमेस्टर, योग वशिष्ठ एल एल बी पंचम सेमेस्टर और टीम ÷डी÷ में रूबी शर्मा एल एल बी पंचम सेमेस्टर, नेहा बी ए एल एल बी चतुर्थ वर्ष, खुशबू शुक्ला बी ए एल एल बी चतुर्थ वर्ष व राहुल कुमार एल एल बी तृतीय सेमेस्टर शामिल रहे। क्विज प्रतियोगिता के कुल चार चरणों में ,प्रथम स्थान टीम ÷सी÷ ने, द्वितीय स्थान टीम ÷बी÷ ने तथा तृतीय स्थान टीम डी ने प्राप्त किया और टीम ÷ए÷ को सांत्वना पुरस्कार के लिए चुना गया।

## दो मुट्ठी चावल के बदले सिंहासन देने वाला मनुष्य नहीं हो सकता है : आचार्य विनय शास्त्री

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** व्यक्ति की परिस्थितियां खराब हो ,तो अपने ही नहीं पूरा जगत मुह फेर लेता है। परंतु भाव भरे सुदामा के लिये गये दो मुट्ठी चावल के बदले तीनों लोक प्रदान करने वाला कोई मनुष्य नहीं, भगवान् ही हो सकता है। द्वारिकाधीश ने गरीब सुदामा को अपने सिंहासन पर बैठा कर उनके चरण धोने लगे। उक्त बातें पंडित आचार्य विनय शास्त्री ने कही। वह घघसरा नगर पंचायत के वार्ड संख्या 11 परशुराम नगर के ग्राम पनिका में श्रीमद् भागवत व्यास पीठ से श्रद्धालुओं को कथा रसपान कर रहे थे । उनके भावपूर्ण कथा वर्णन ने सबको अपनी ओर आकर्षित ही नहीं किया सभी की आंखें नम हो गयीं। उन्होंने कहा कि सुदामा से मिलते समय भगवान ने अपनी भागवत्ता का परिचय नहीं दिया बल्कि एक सामान्य मानव की तरह मर्यादित आचरण करते हुए गले से लगा लिया। उनके दुख में उसी प्रकार रोये जैसे दो दुखिया एक साथ किसी मोड़ पर मिलकर अपनी व्यथा रो पड़ते हैं। निर्धन मित्र को सभी के सामने बार- बार गले से लगाते हुए इतना स्नेह किया कि आकाश से देखकर देवता फूल बरसने लगे। उनके जय-जयकारों से पूरा जग मंडल गूंज मन हो गया। कथा व्यास ने कहा कि सुदामा वह दीन-हीन व्यक्ति थे कि उस काल खंड में कोई नहीं था ।नियति ने उनके धर्म की इतनी कठोर परीक्षा ली कि उनके दुख को देखकर भगवान् का हृदय करूणा से भर गया। सभी श्रद्धालुओं ने अपने उस भगवान गोविंद की झांकी निकाली। जन्मोत्सव मनाया और सभी भक्तों को मिठाई बांटी। जयकारों से पूरा पांडाल गुंजायमान हो रहा था।

## मनबढ़ो ने घर में घुसकर पीटा, तीन नामजद चार अज्ञात पर केस दर्ज

**गोरखपुर।** गीडा थाना क्षेत्र के हरैया में पुरानी रंजिश को लेकर मनबढ़ो ने घर में घुस कर पीड़िता के देवर को पीटकर घायल कर दिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने तीन नामजद तथा चार अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से गीडा थाना क्षेत्र के हरैया निवासी पूजा पत्नी बलवं का गांव के एक व्यक्ति से पुरानी रंजिश चलती है। रविवार की रात्रि में पुरानी रंजिश को लेकर मनबढ़ो ने घर में घुस कर पीड़िता के देवर जसवंत को मारपीट कर घायल कर दिए। पीड़िता के तहरीर पर पुलिस ने आरोपी अनीश अली, अशरफ अली,इलियास,तथा चार अज्ञात के खिलाफ बलवा, मारपीट, जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

## नोबल शांति पुरस्कार विजेता ने बच्चो के साथ बैठक कर चखा भोजन का स्वाद किया संवाद



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवां स्थित अटल आवासीय विद्यालय का नोबल शांति पुरस्कार विजेता ने पहुंच कर विद्यालय के व्यवस्थाओं की हकीकत जाने के बाद बच्चो के साथ बैठक कर भोजन का स्वाद लिया और उनसे शिक्षा के बारे में संवाद किया। मंगलवार को नोबल शांति पुरस्कार विजेता श्री कैलाश सत्यार्थी तथा पत्नी सुमेधा सत्यार्थी के साथ अटल आवासीय विद्यालय पहुंचे। जहां बच्चों ने तिलक लगा कर स्वागत और दीपप्रज्वलित किया गया। इस दौरान बच्चो द्वारा स्वागत गीत के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने शिक्षा के बारे में बच्चो से संवाद भी किया और विद्यालय के व्यवस्थाओं के बारे में निरीक्षण भी किए और इनके द्वारा विद्यालय में पौधरोपण भी किया गया। कार्यक्रम समापन के बाद उन्होंने बच्चो के साथ भोजन का स्वाद और बच्चो के साथ सेल्फी भी लिया। इस दौरान जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश, एसएसपी गौरव ग्रोवर, विधायक प्रदीप शुक्ल, एसडीएम दीपक गुप्ता, सीडीओ संजय मीणा, तहसीलदार राकेश कन्नौजिया सहित अनेक अधिकारी मौजूद थे।

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र प्रेमपाल उम्र लगभग 38 वर्ष की व उसके परिवार की हरकत घर व समाज में बहुत खराब हैं। गलत आचरण, जुआ खेलना, शराब पीकर गाली गलौज करना, मार झगड़ा करना उसका रोजमर्रा का कार्य हो चुका हैं। उसकी व उसके परिवार के गलत हरकत, आचरण के कारण मैं और मेरा पूरा पारिवार शारीरिक, मानसिक, आर्थिक रूप से तंग आ चुके हैं। जीना एकदम मुहाल हो चुका है। जुआ खेलना रोज परिवार में मारपीट करना गलत संगत में रहना मेरे पुत्र के आचरण में शामिल हो चुका है। जिससे आजिज आकर दिनांक 9/12/2024 को अपने पुत्र प्रेमपाल पुत्र नान्हू प्रसाद को अपने चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर रहा हूँ। आज से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता सरोकार प्रेमपाल व उनके परिवार से नहीं रहेगा। जो भी कार्य (कृत) प्रेमपाल व उसके परिवार के द्वारा किया जाएगा, उसके जिम्मेदार स्वयं प्रेमपाल व उसके परिवार होगा।

**नान्हू प्रसाद पुत्र रामनाथ उर्फ नाथे**
**ग्राम कटारिया बाबू, पोस्ट सिकटा, तहसील डुमरियागंज, थाना त्रिलोकपुर, जनपद सिद्धार्थनगर।**

## सड़क हादसे में घायल अमित का इलाज के दौरान निधन

**स्योहारा।** 12 दिन पूर्व सड़क हादसे में घायल हुए छात्र की इलाज़ के दौरान मौत हो गई जिसके बाद उसके परिजनों में कोहराम मच गया। प्राप्त समाचार के अनुसार गत 28/11/24 को अमित कुमार (22) पुत्र बबलू प्रजापति निवासी ग्राम खलील पुर जो कि ताजपुर से कोचिंग करके बाइक द्वारा लौट रहा था नूरपुर मार्ग पर स्थित छोटी नहर के निकट किसी अज्ञात ट्रेक्टर ट्राली ने टक्कर मार दी थी जिसके चलते अमित गंभीर रूप से घायल हो गया था जिसका तभी से मुरादाबाद स्थित अस्पताल में इलाज चल रहा था लेकिन सोमवार को उसकी हालत बिगड़ी तो उसको इलाज के लिए दिल्ली ले जाया जा रहा था।

## सूचना

सर्वसाधारण सूचित किया जाता है मेरा नाम पासपोर्ट में RASUL AHAMAD अंकित है। जिसे हमने अब RASOOL AHMAD पुत्र शहाबुद्दीन निवासी काजी टोला लहरपुर सीतापुर कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

## सूचना

सर्वसाधारण सूचित किया जाता है मेरा नाम पासपोर्ट में MUDASSIS अंकित है। जिसे हमने अब MUDASSIRA KHATOON पत्नी रसूल अहमद, निवासी काजी टोला लहरपुर सीतापुर कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

## सूचना

सर्वविदित हो कि मेरी पुत्री का पहले नाम Saktanshi Pandey था जिसको बदल कर अब Pragya Pandey कर दिया है भविष्य में उसे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

**भुनेश्वरी पांडेय पुत्र हरिमोहन पांडेय नि0 धरसवा, बहराइच**

# मानवाधिकार जागरूकता अधिवेशन 2024 का आयोजन किया गया



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** भारतीय मानवाधिकार परिवार द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित मानवाधिकार जागरूकता अधिवेशन 2024 का आयोजन किया गया।

10 दिसम्बर 2024, दिन मंगलवार समय दोपहर 01 बजे से 5 बजे तक गाँधी भवन, कैसरबाग, लखनऊ में मुख्य अतिथि के रूप में बृजेश पाठक, उप मुख्यमंत्री, उप्र सरकार, श्रीमती सुषमा खर्कवाल, (मेयर) लखनऊ और अध्यक्षता नीरज सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता, डॉ अशोक बाजपेयी, (सांसद राज्यसभा), अर्पणा यादव, उपाध्यक्ष राज्य महिला आयोग, लखनऊ और मुकेश शर्मा विधान परिषद सदस्य की रही। भारतीय मानवाधिकार परिवार के सदस्य केके श्रीवास्तव ने इस कार्यक्रम से अवगत कराया है। भारतीय राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय मानवाधिकार का अधिवेशन गांधी भवन लखनऊ में हुआ। समस्त मुख्य अतिथि का राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरीश अवस्थी ने स्वागत किया।

## उरई से दिल्ली के लिए जल्द मिलेगी सीधी ट्रेन



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** सपा सांसद नारायणदास अहिरवार ने सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री से मुलाकात कर 50 किमी के अंतराल में बने दो टोल प्लाजा में से एक को हटाये जाने की मांग उठाई। जबकि रेलमंत्री से मिलकर श्रम शक्ति एक्सप्रेस को उरई से चलाने की मांग भी उठाई। केन्द्रीय मंत्रियों ने दोनों समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया। उक्त बात सरकारी सांसद कार्यालय पर वार्ता करते हुए सपा सांसद नारायणदास अहिरवार ने कहा कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर बताया कि जालौन के आटा एवं एट टोल प्लाजा के बीच 60 किमी का अंतराल होने से इनमें एक टोल को खत्म किया जाये। उन्होंने ने यह भी कहा कि तहसील लहार भिंड से उरई तक झांसी कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग 552 का एक्सटेंशन स्वीकृति किया जाये।

# श्री राम जिला चिकित्सालय की बिगड़ी स्वास्थ्य सेवाओं




*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** श्री राम जिला चिकित्सालय में डॉक्टरों की अनुपस्थिति और लापरवाही के कारण स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में भारी गिरावट ,अस्पताल में मरीजों और उनके परिजनों को इलाज के लिए घंटों इंतजार करना पड़ता है, और डॉक्टरों के कक्षों में उनकी अनुपस्थिति के कारण निराशा का सामना करना पड़ता है। यह स्थिति मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की योजनाओं और जमीनी हकीकत के बीच एक गहरी खाई को दिखाती है। अस्पताल में डॉक्टरों की अनुपस्थिति, कक्षों में ताले लगे होने और खाली कुर्सियों की स्थिति को लेकर कई तस्वीरें सामने आई हैं, जिससे यह साफ है कि अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाएं सही तरीके से नहीं चल रही हैं। इसके अलावा, अस्पताल में भ्रष्टाचार और ड्रग्स माफिया के गठजोड़ के कारण सरकारी दवाओं और जांच सुविधाओं का सही तरीके से वितरण नहीं हो पा रहा है, जिससे मरीजों को निजी दुकानों और महंगी सेवाओं का सहारा लेना पड़ता है। अयोध्या की जनता ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपील की है कि वह इस स्थिति में हस्तक्षेप करें। उनकी प्रमुख मांगें हैंडॉक्टरों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित की जाए।अस्पताल प्रशासन की जवाबदेही तय की जाए। लापरवाही बरतने वाले डॉक्टरों और अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। ड्रग्स माफिया और भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएं।अस्पताल में मरीजों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं तुरंत उपलब्ध कराई जाएं। मुख्यमंत्री से यह अपील की गई है कि वह स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए कठोर कदम उठाएं ताकि आम जनता को समय पर इलाज और आवश्यक सेवाओं का लाभ मिल सके।

# अविवि के सेमेस्टर परीक्षा केन्द्रों का कुलपति ने किया निरीक्षण

*अवधनामा संवाददाता*



**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की एनईपी स्नातक सेमेस्टर तीन पालियों की परीक्षा में मंगलवार को 66103 परीक्षार्थियों में से 2528 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं जनपद के तीन केन्द्रों की प्रथम पाली की परीक्षा का कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल ने औचक निरीक्षण किया। कुलपति ने कुवंरि चन्द्रावती महाविद्यालय, मुमताज नगर, मॉ वैष्णो देवी महाविद्यालय, चैधरी चरण सिंह महाविद्यालय अयोध्या के परीक्षा केन्द्रों के सीसीटीवी कैमरे के संचालन का जायजा लिया। उन्होंने परीक्षा नियंत्रक उमानाथ के साथ कुवंरि चन्द्रावती महाविद्यालय, मुमताज नगर, मॉ वैष्णो देवी महाविद्यालय अयोध्या केन्द्र के परीक्षा कक्ष में पर्याप्त रोशनी न होने पर नाराजगी जताई। कुलपति ने व्यवस्था दुरस्त कराने का यथा आवश्यक निर्देश प्रदान किया। वहीं दूसरी ओर सचलदल द्वारा विभिन्न केन्द्रों को औचक निरीक्षण किया गया। मीडिया प्रभारी डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि स्नातक सेमेस्टर की तीन पालियों की परीक्षा में 66103 परीक्षार्थियों में से 2528 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। प्रथम पाली में 58941 के सापेक्ष 2380 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में 7113, तृतीय पाली में 49 परीक्षार्थियों में से 145 व 03 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। आज की परीक्षा शांतिपूर्ण ढ़ग से सम्पन्न हुई।

## छात्र नेताओं की 17 वीं पुण्य तिथि पर दो दिवसीय कार्यक्रम के प्रथम दिन रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

**अयोध्या।** लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र नेता विनोद त्रिपाठी तथा गौरव सिंह की 17 वीं पुण्य तिथि पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन सियाराम चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा किया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिन संस्था के मुख्य कार्यालय सहादतगंज रामपथ पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। बुधवार को सहादतगंज हनुमान गढ़ी पर साधू-संत को कंबल वितरण किया जाएगा। रक्तदान शिविर में लगभग आधा दर्जन लोगों ने रक्तदान किया तथा 6 लोगों ने रक्तदान के लिए नामांकन किया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि सहकारी बैंक के सभापति धर्मेन्द्र प्रताप सिंह टिल्लू ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा रक्तदान एक महान कार्य है जो न केवल दूसरों की जिंदगी बचाने में मदद करता है, बल्कि समाज में मानवीयता और परोपकार की भावना को भी बढ़ावा देता है।

## घर मे अकेला पाकर दंबग ने महिला से मुँह काला किया, मुकदमा दर्ज

**जैदपुर बाराबंकी।** घर में अकेली देख एक महिला को धमकाकर किया मुंह काला जान से मारने की धमकी के साथ उसका विडियो वायरल करने की बात कहकर पीड़ित को दबंग ने धमकाया, जिसकी शिकायत पुलिस अधीक्षक से करने पर जैदपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार थाना जैदपुर के एक मोहल्ले की एक पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देते हुये बताया कि शाम 5 बजे घर पर अकेली थी, तथी मोहल्ले के महफूज आलम पुत्र मो0 हारून ?घर में घुस आये और आते ही कहने लगे की अगर तुम आज हमारी बात नहीं मानोगी तो जिस तरह से हमने तुम्हारे भाई को मार डाला है उस तरह से तुम्हें भी मार देंगे, पीडित का मुंह दबा दिया व चाकू की नोक पर जबरदस्ती बलात्कार किया बलात्कार करने के बाद महफूज आलम भाग गया, महफूज आलम ने पीड़ित को धमकाया कि कहीं मुंह खोला तो वीडियो वायरल कर दूंगा, पीडित थाना जैदपुर गयी, दरोगा जी को प्रार्थना पत्र दिया लेकिन दरोगा ने पीडित महिला की रिपोर्ट दर्ज नहीं किया, जिसे लेकर इंसाफ की गुहार पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से लगायी, पुलिस अधीक्षक के आदेश के बाद जैदपुर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### क्रिकेट खेलने को लेकर हुआ विवाद, हुई मारपिट

**जैदपुर बाराबंकी।** क्रिकेट खेलते समय गांव के बाहर मैदान में गंदी गंदी गालियां देते हुये लात घूसों से मारा पीटा । जिसकी शिकायत पीड़ित ने थाना जैदपुर में की है। पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है। बताते चलें कि सोनू रावत पुत्र अवधराम ग्राम गढीराखमऊ थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी ने जैदपुर थाने में शिकायती पत्र देते हुये बताया कि दिनाँक 9-12-024 को गाँव के बाहर मैदान में क्रिकेट खेल रहा था समय करीब 10.30 बजे सुबह गाँव के ही पिन्टू चौहान पुत्र बाबादीन व उनका एक अन्य आई व माँ तथा बहन ने प्रार्थी को जातिसूचक गालिया देते हुए लाल धूर्मा व डन्डो से मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी।

# संभल प्रकरण! जेल में लोग सुरक्षित नहीं है किसी को जहर पिलाया जा रहा है: सुमन




*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** यह संत सरकार है इसके नेताओं के उकसावा पूर्ण भाषणों की वजह से बहराइच में एक नौजवान की हत्या हो जाती है और संभल में सरकार द्वारा गोली चलाने से पांच नौजवानों की मृत्यु हो जाती है प्रदेश में ऑपरेशन लंगड़ा चल रहा है जिसमें नौजवानों को पकड़कर पैरों में गोली मारी जा रही है। जेल में लोग सुरक्षित नहीं है किसी को जहर पिलाया जा रहा है, और हत्याएं हो रही हैं यह आरोप लगाते हुए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य परिषद सदस्य रणधीर सिंह सुमन ने कहा कि इस प्रदेश में न्यायमूर्ति संविधान और कानून के अनुसार ना चलने की बात कहकर कहते हैं कि बहुतसंख्यक वाद के भावनाओं के आधार पर चलना चाहिए। पार्टी के जिला सचिव बृजमोहन वर्मा ने कहा कि अडानी का वारंट अमेरिकी अदालत अमेरिकी अदालत ने भ्रष्टाचार के मामले में किया है,वहीं सरकार भ्रष्टाचार की जांच न करा कर उनके समर्थन में खड़ी है। पार्टी के राज्य परिषद सदस्य प्रवीण कुमार ने कहा कि भाजपा शासित राज्यों में मानवाधिकार का घोर उल्लंघन हो रहा है प्रेस का गला घोटा जा रहा है ।वही पार्टी के कोषाध्यक्ष शिव दर्शन वर्मा ने कहा कि किसान परेशान है नौजवान बेरोजगार है प्रदेश में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं है ।कम्युनिस्ट पार्टी किसान सभा के जिला अध्यक्ष विनय कुमार सिंह ने जुलूस भी निकाला और जिलाधिकारी कार्यालय पर राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन भी दिया ।प्रदर्शन में राजेंद्र बहादुर सिंह ,श्याम सिंह अंकुर वर्मा, रुबी सिंह चंदेल,अलाउद्दीन, दीपक शर्मा, प्रदीप शर्मा , शिव दर्शन वर्मा,सच्चिदानंद श्रीवास्तव, महेंद्र यादव, राजकुमार वर्मा, अमर सिंह, कल्लू राम, प्रेमचंद , जियालाल वर्मा ,बालकृष्ण शुक्ला, नैमिष सिंह ,धर्मेंद्र शर्मा, जितेंद्र श्रीवास्तव जीतू भैया आदि प्रमुख लोग।

## डीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुई चकबंदी कार्यो की समीक्षा बैठक



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में चकबंदी कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन गांवों में चकबंदी प्रक्रिया गतिमान है उसमें तेजी लाई जाए। जिन गांवों में चकबंदी प्रक्रिया चल रही है उन गांवों में अधिकारी यह सुनिश्चित कर ले कि ग्रामपंचायतों में चारागाह, तालाब व अन्य प्रकार की सरकारी जमीनों पर यदि किसी ने कब्जा कर रखा है तो उसपर कार्यवाही करते हुए अवैध कब्जे को खाली कराया जाए। जहाँ पर चकबंदी प्रक्रिया का विरोध है उसके कारणों का पता लगाकर विरोध को दूर कराया जाए और अधूरी चकबंदी प्रक्रिया को अविलंब पूरा किया जाए। यदि कोई बेवजह चकबंदी प्रक्रिया में अवरोध उत्पन्न करे तो उनके खिलाफ कार्यवाही की जाए। ग्राम प्रधानों की यह प्रशासनिक जिम्मेदारी है कि वह चकबंदी के कार्य को सुचारू रूप से सम्पन्न करवाने में सहयोग करें। इस अवसर पर एडीएस इन्द्रसेन, बंदोबस्त चकबंदी अधिकारी संजय विश्वास, चकबन्दी अधिकारीगण, शिव नारायण गुप्ता, राकेश सिंह, सुरेश शर्मा, वीरेंद्र मिश्रा, सहायक चकबंदी अधिकारीगण, प्रदीप कुमार चौधरी, आदित्य नारायण झा, नमिता श्रीवास्तव, हर्ष सिंह सूर्यनारायण यादव सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# रैली निकाल कर बिजली उपभोक्ताओं को किया जागरूक



*अवधनामा संवाददाता*

**सिसवा(महराजगंज)।** विद्युत वितरण खंड निचलौल अंतर्गत उपखंड सिसवा विद्युत उपकेंद्र द्वारा एक मुश्त जमा योजना ओटीएस की सफलता हेतु सिसवा नगर पालिका क्षेत्र व ग्रामीण क्षेत्रों में एक जागरूकता रैली निकाल कर नगरीय व ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं को जागरूक किया गया। रैली को अधिशाषी अभियंता विद्युत निचलौल देवेंद्र सिंह व उपखंड अधिकारी सिसवा आशुतोष त्रिपाठी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जो कस्बे के हॉस्पिटल रोड, हनुमान गढ़ी रोड, गोपाल नगर, अमरपुरवां, श्रीराम जानकी मंदिर रोड, काली मंदिर रोड, इस्टेट तिराहा, सब्जी मंडी रोड, फलमंडी, बैंक चौराहा, स्टेशन रोड के उपभोक्ताओं को जागरूक किया गया। रैली में विद्युत उपभोक्ताओं को बैनर, पोस्टर व अनाउंसमेंट के माध्यम से ओटीएस योजना की जानकारी दी गई। योजना की जानकारी देते अवर अभियंता सुजीत चौरसिया ने बताया कि विद्युत बिल में सरचार्ज में छूट की योजना ओटीएस आ गया है। इस योजना के तहत उपभोक्ता अपना बिल जमा कर खासकर जिन उपभोक्ताओं का बकाया पांच हजार रुपये तक का है वह शत प्रतिशत ब्याज की छूट प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही योजना का लाभ उठाने के लिए उपभोक्ता बकाए बिल को आसान किश्तों में भी भुगतान कर सकते हैं। रैली के दौरान जमील अहमद, शिवनाथ, संविदा लाइनमैन संजय खरवार, प्रद्युम्न यादव, दयासागर राजभर, मुकेश कुमार, भग्गन प्रसाद, कन्हैया चौहान सहित अन्य विद्युतकर्मी मौजूद रहे। तीन चरणों में होगा बकाए बिल का भुगतान बिजली बिल एकमुश्त समाधान योजना ओटीएस का भुगतान कुल तीन चरणों में होगा। जिसका प्रथम चरण पंद्रह दिसंबर 2024 से 31 दिसंबर 2024 तक। द्वितीय चरण एक जनवरी 2025 से 16 जनवरी 2025 तक तथा तृतीय चरण 1सत्रह जनवरी 2025 से 31 जनवरी 2025 तक के लिए प्रभावी है।

## पोस्टर प्रतियोगिता से तम्बाकू निषेध की दी गई जानकारी

**महराजगंज ( मिठौरा)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिठौरा की टीम ने मंगलवार को मिठौरा में स्थित श्रीमती जयकुंवरि देवी इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम आयोजित किया। जिसके अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगिता में छात्राओं और छात्रों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अधीक्षक डा मनोज कुमार ने करते हुए कहा कि तंबाकू खाने से बचने की जरूरत होती है। तंबाकू से गंभीर रोग जन्म लेता है जिसका इलाज कर पाना बहुत चुनौतीपूर्ण होता हैं। अपने आस पास के लोगों को भी तंबाकू खाने के भयावह स्थिति को बताने की जरूरत हैं। आरबीएसके टीम के डॉ सत्येन्द्र नाथ त्रिपाठी ने तम्बाकू खाने वाले की संख्या दिन प्रतिदिन बढ रही है जो अत्यंत चिंताजनक है। विजय लक्ष्मी ने तम्बाकू सेवन से मुंह के कैंसर ,और फेफड़े से संबंधित बिमारियों से बचें रहने के लिए तम्बाकू को ÷से नो ÷ बारे में जानकारी दी गई। वही पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रति प्रजापति, द्वितीय स्थान संजनी और तृतीय स्थान आदित्य का रहा। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य सुधाकर पांडेय रोहित पाठक, जनमेजय, मनोज गुप्ता अध्यापक और जया, अफसाना, अंशिका साक्षी, शीतल, नंदनी इत्यादि छात्र- छात्राएं मौजूद रहे।




## मानवाधिकार दिवस कार्यक्रम का हुआ आयोजन




*अवधनामा संवाददाता*

**निचलौल(महराजगंज)।** पूर्वांचल ग्रामीण सेवा समिति, पुलिस, एसएसबी के संयुक्त तत्वावधान में प्रधानाध्यापक रविकांत जाटवा के मार्ग दर्शन में मानवाधिकार दिवस कार्यक्रम राधा कुमारी इण्टर मीडीएट कालेज ठुठीबारी में मनाया गया। जिसमें एसएसबी से कृति देवी ने अधिकार पर जानकारी देते हुए बताया कि समानता का अधिकार, स्वतंत्रता का अधिकार, शोषण के विरुद्ध अधिकार, धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार, सांस्कृतिक और शैक्षिक अधिकार, संवैधानिक उपचार का अधिकार पर जागरुक किया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापक सतोष कश्यप, राजकुमार व तिलक सिंह ने उपस्थित बच्चों को मानव अधिकार, बाल अपराध के मुद्दों पर जानकारी दी। पूर्वांचल ग्रामीण सेवा समिति के श्रवण कुमार ने मानवाधिकार पर चर्चा करते हुए हमारे अधिकार, हमारा भविष्य पर प्रकाशित किया?। ठूठीबारी थाना के उप निरीक्षक दिनेश सिंह यादव ने मिशन शक्ति अभियान फेज -5 पर विद्यालय के बच्चों को जानकारी दी।इस अवसर विद्यालय प्रधानाचार्य, सैकड़ों बच्चे, अध्यापक, पुलिस, एसएसबी, पीजीएसएस से श्रवण कुमार, साधना, मेनका उपस्थित रहे।

## व्यापारियों के लिए जीएसटी के लाभ को बताया

**महराजगंज।** राज्य कर विभाग द्वारा पंजीयन बेस बढ़ाने, रिर्टन फाइलिंग में आ रही परेशानियों को दूर करने के लिये अधिकारियों द्वारा सहयोगात्मक जागरुकता अभियान चलाया है। सहायक आयुक्त प्रियंका श्रीवास्तव व संतोष कुमार ने जीएसटी में पंजीयन प्राप्त करके व्यापार करने के लाभों की विवेचना की। उन्होंने हर किसी से अपील की है कि वे समय से जीएसटी रिर्टन फाइल करें, जिससे सरकारी राजस्व समय पर प्राप्त हो सके व व्यापारियों को भी किसी प्रकार की विधिक कार्यवाही का सामना न करना पड़ा। उन्होने यह भी कहा कि पंजीयन व रिटर्न फाईलिंग में कोई भी परेशानी हो तो व्यापारी वर्ग राज्य कर विभाग के मुख्यालय में स्थित कार्यालय में जा सकता है। साथ ही साथ इस संदर्भ में एक हेल्प डेस्क का संचालन भी किया जा रहा है।

## ठंड में मिले स्वेटर तो खिल उठे बच्चों के चेहरे

# मुमुक्षु आश्रम टस्ट की ओर से स्वामी चिन्मयानंद ने बांटे स्वेटर



*अवधनामा संवाददाता*

**शाहजहांपुर।** ठंड ने धीरे धीरे अपना असर दिखाना शुरु कर दिया है। बच्चों और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा सर्दी का प्रकोप झेलना पड़ता है। दो दिन पूर्व मुमुक्षु शिक्षा संकुल के मुख्य अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद की नजर स्वामी धर्मानंद इंटर कालेज के कुछ छात्रों पर पड़ी जो ठंड में केवल कमीज पहन कर आये थे उन्होंने तुरंत बच्चों को स्वेटर बांटने का निर्णय लिया। आज दोपहर मुमुक्षु आश्रम ट्रस्ट की ओर से कालेज के छात्रों को स्वेटर वितरित किये गए। ठंड में स्वेटर पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। विद्यालय के कक्षा 6 से 8 तक के 250 बच्चों को स्वेटर वितरित किये गए।इस मौके पर स्वामी चिन्मयानंद ने कहा कि मुमुक्षु आश्रम ट्रस्ट स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक सरोकारों, गौसेवा, के क्षेत्र में काम करने के साथ ही धार्मिक आयोजन भी करके समाज के उत्थान और सामाजिक समरसता लाने का काम कर रहा है। स्वेटर वितरण कार्यक्रम के दौरान मुमुक्षु आश्रम के सचिव डा.अवनीश मिश्रा, प्रधानाचार्य डा.अमीर सिंह यादव, अशोक अग्रवाल, सुयश सिन्हा, रवि बाजपेयी, राम निवास गुप्ता, प्रकाश डबराल सहित कालेज के शिक्षक और स्टाफ मौजूद रहा।

# शाहजहांपुर में महिला की गोली मारकर हत्या



**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर में एक महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गई। महिला का शव खेत में खून से लथपथ मिला, जिसके बाद पुलिस को इसकी सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस को जांच में महिला के सिर पर गोली का निशान मिला, और पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। महिला की पहचान रूपा देवी (54) के रूप में हुई है, जो लकड़ी बीनने के लिए गई थी और घर नहीं लौटी। परिजनों ने काफी खोजबीन की और शव खेत में खून से लथपथ मिला। पुलिस को इसकी सूचना दी गई और महिला का पति राम मोहन मंदिर में पुजारी है।पुलिस की जांच में सामने आया कि महिला के सिर पर गोली का निशान है और महिला की सिर पर गोली मारकर हत्या की गई है। सूचना पर फॉरेंसिक टीम भी पहुंच गई और जांच में जुट गई। मौके से टीम ने कई सबूत जुटाए। इस बारे में एसपी ग्रामीण मनोज कुमार अवस्थी का कहना है कि महिला की हत्या किसने और क्यों की, यह अभी पता नहीं चल पाया है। फिलहाल महिला के शव को कब्जे में ले लिया है और तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

## विश्व शौचालय दिवस समापन एवं मानवाधिकार दिवस पर सफाई अभियान के सम्बन्ध में कुल 46 प्रतिभागियो को किया गया सम्मानित

*अवधनामा संवाददाता*



**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में विश्व शौचालय दिवस समापन एवं मानवाधिकार दिवस पर विकास भवन सभागार में सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनपद में हमारा शौचालय हमारा सम्मान थीम पर आधारित 19 नवंबर से 10 दिसंबर तक मनाए गए विश्व शौचालय दिवस के समापन पर सामुदायिक व व्यक्तिगत शौचालय स्वच्छता हेतु चयनितों लोगो को जिलाधिकारी ने शॉल ओढ़ाकर एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत शौचालय, सामुदायिक शौचालयो एवं सफाई अभियान के सम्बन्ध में कुल 46 प्रतिभागियो को सम्मानित किया गया जिसमे केयर टेकर, ग्राम प्रधान, सफाई कर्मी, व ग्राम के व्यक्तिगत शौचालय के व्यक्ति सम्मिलित थे।जिलाधिकारी ने कहा कि वर्ड टायलेट डे मनाये जाने का मुख्य उद्देश्य लोगों में शौचालय के स्वच्छ एवं सुरक्षित उपयोग तथा शौचालय तक पहुँच हेतु जागरूक करना है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य शौचालयों का अधिक से अधिक लोगों तक पहुँच एवं समस्त प्रकार के व्यक्तिगत एवं सामुदायिक शौचालयों की निरन्तर उपयोगिता में वृद्धि कराया जाना है। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी लोग अपने-अपने गांवों को साफ सुथरा एवं स्वच्छ बनाएं। गांव को स्वच्छ बनाने में लोगों का सहयोग लिया जाए। गांवों में सभी लोग सफाई के मुद्दे पर मिलकर कार्य करें। गांवों में जितनी हरियाली होगी उतनी ही सफाई कम करनी होगी। उन्होंने कहा कि गांवों को सुंदर एवं सफाई के साथ-साथ पेड़ पौधे लगाकर हरियाली तैयार की जाए, जिससे गांव और भी सुंदर लगने लगें। सभी लोग गांवों के प्रवेश द्वारों एवं मुख्य मार्गों पर हरे भरे पौधे लगाकर गांव के सुंदरता बढ़ाने का कार्य करें। गांवों में स्वच्छता रखना सब की जिम्मेदारी है सभी लोग गांवों को साफ सुथरा सुंदर बनाने की कोशिश करें।मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि गांवों को साफ सुथरा बनाने में ग्राम प्रधान मेन इंजन का कार्य करें।

# परिषदीय विद्यालयों में मनाया मेगा अपार दिवस

## अभिभावकों को दी गई अपार आईडी के संबंध में विस्तृत जानकारी




**अवधनामा संवाददाता**

**9 व 10 दिसंबर को विद्यालयों में बैठक व जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर मनाया गया अपार दिवस**

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** स्थानीय विकास खंड के परिषदीय विद्यालय, मान्यता प्राप्त व सहायता प्राप्त विद्यालयों में मेगा अपार दिवस मनाया गया।

दो दिवसीय इस जागरूकता कार्यक्रम में सभी विद्यालयों में बैठक व अन्य कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को अपार आईडी के संबंध में जानकारी दी गई। शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के आदेश के क्रम में विद्यालयों में अध्यनरत छात्रों की शैक्षिक प्रगति और उपलब्धि को ट्रैक किए जाने हेतु अपार आईडी बनाए जाने के निर्देश दिए गए थे इस कार्य में तेजी लाए जाने वह प्रगति रिपोर्ट का आकलन करने के उद्देश्य से मेगा अपार दिवस मनाया गया। सोमवार को प्रथम दिन कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय में किया गया और मंगलवार को अंतिम दिन अभिभावकों के साथ तमाम जानकारी साझा की गई। डुमरियागंज विकासखंड के परिषदीय विद्यालय सोनखर डीह, बनकटी, रसूलपुर,अरनी, बेवा मुस्तफा, बेवा हुसैन, वासा, डुमरियागंज टाउन, पुरैना, तुरकौलिया तिवारी, औसानपुर, मिश्रौलिया 2, सागर रोजा, धौरहरा, कोरई भारी, पिरैला, तेनुहार नवीन, भारतभारी आदि विद्यालयों में अभिभावकों के साथ बैठक करके उन्हें अपार आईडी के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के संबंध में ब्लॉक एमआईएस प्रेम प्रकाश चौबे ने बताया कि अपार आईडी बनाए जाने की प्रक्रिया कई दिनों से चल रहा है लेकिन इस कार्य में तेजी ले जाने को लेकर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। वही खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि परिषदीय विद्यालयों सहित मान्यता प्राप्त एवं सहायता प्राप्त विद्यालयों में अपार आईडी बनाए जाने की प्रक्रिया चल रहा है जिन बच्चों की आईडी अब तक नहीं बन पाई है। इस बारे में तकनीकी समस्या के समाधान के लिए बीआरसी स्तर पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने सभी प्रधानाध्यापक व इंचार्ज प्रधानाध्यापकों को कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

## विधायक ने परिवहन मंत्री को सौंपा पत्र

बस अड्डे की मांग तथा पूर्व संचालित बसों को पुनः चलाने के लिए कहा



**बढ़नी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा ने परिवहन मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार दयाशंकर सिंह से मुलाकात करके विधानसभा क्षेत्र के लिए विभिन्न मांगों के संदर्भ में पत्र सौंपा। विधायक ने पत्र के माध्यम से बताया कि शोहरतगढ़ तहसील मुख्यालय से बस से यात्रा करने हेतु हजारों की संख्या में यात्री हैं जो प्राय~ मजबूरन डग्गामार बसों टैक्सी तथा प्राइवेट साधनों से कष्ट सहकर यात्रा करते हैं। कई वर्षो से यहां पर एक बस अड्डे के निर्माण के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है जबकि विभिन्न समय पर इसकी मांग उठाई जा रही है लेकिन अभी तक ऐसा नहीं हो पाया है। जिसके लिए शोहरतगढ़ में एक ऐसे आधुनिक बस अड्डे के निर्माण के संदर्भ में यथोचित कदम उठाते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आदेशित करने की कृपा करें जो कि वर्तमान में समस्त आधुनिक मानकों से परिपूर्ण हो , साथ ही साथ पूर्व में यहां से गुजरने वाले समस्त बसों को जो संबंधित अधिकारियों की लापरवाही से बंद हो गई हैं उसे पुनः चलने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करें। इस संबंध में विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा ने बताया कि परिवहन मंत्री ने सारी मांगों को संज्ञान में लेते हुए जल्द से जल्द कार्य शुरू करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दे दिए हैं तथा पूर्व में संचालित बसों को पुनः समय अनुसार चलने का भी आश्वासन दिया है।

## कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों ने राज्यपाल को भेजा पत्र, किया सवाल



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** कांग्रेस पार्टी के प्रदेश एवं जिला कमेटी के पदाधिकारियों ने मंगलवार को प्रदेश की राज्यपाल को हस्ताक्षरित पत्र भेजकर सवाल करते हुए प्रश्नगत समस्याओं के निराकरण की मांग की है। जसकी कॉपी मुख्य न्यायाधीश, सुप्रीम कोर्ट नई दिल्ली को भी भेजा है। भेजे गए पत्र में कहा है कि हम पार्टी के पदाधिकारीगण व कार्यकर्ता एवं जनमानस आपसे इन सवालों का जवाब चाहते हैं। क्या पूजा स्थाल अधिनियम 1991 अभी अस्तित्व में है या समाप्त हो गया है। अगर अस्तिव में है तो उसकी अवमानना पर आप कोई कार्यवाही क्यों नही करते। क्या आपकी चुप्पी की वजह सरकार और आर एस एस का दबाव है। आप पूर्व मुख्य न्यायधीश डी वाई ई चंद्रचूड़ की ज्ञानवापी मामले में पूजा स्थाल अधिनियम की अवमानना करते हुए दिये गये संविधान विरोधी आदेश पर रोक क्यों नही लगाते। मुसलमानों के खिलाफ राज्य प्रयोजित हिंसा पर सुप्रीम कोर्ट संविधान के आर्टिकल 32 और 226 के तहत स्वतः संज्ञान क्यों नही लेते कोर्ट पीड़ित पक्ष के अदालत आने का इंतजार क्यों करता है। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष अख्तर मलिक, प्रदेश महासचिव शमसुल हसन उमरा, प्रदेश महासचिव अनीस रज़ा खान, प्रदेश प्रवक्ता अख्तर अनीस व लखनऊ के जिलाध्यक्ष जुबैर खान मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने खजुरिया रोड का किया निरीक्षण



**अवधनामा संवाददाता**

**15 फरवरी तक कार्य पूर्ण करने का निर्देश**

**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी डॉ राजा गणपति आर0 द्वारा खजुरिया रोड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डा‍श राजा गणपति आर0 ने सड़क का निर्माण 15 फरवरी 2025 तक पूर्ण कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी डॉ राजा गणपति आर ने अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देश दिया कि विद्युत पोल को शीघ्र शिफ्ट कराने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने कहा कि जान माल की कोई भी हानि नही होना चाहिए। जिलाधिकारी ने ठेकेदार को निर्देश दिया कि रात मे अधिक काम करे जिससे दिन मे जाम की समस्या न हो। जिलाधिकारी ने नाली निर्माण एवं सड़क निर्माण के कार्यो मे प्रगति लाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने ई ओ को निर्देश दिया कि सड़क का निर्माण कार्य उसका रोड के मोड़ से शुरू कराये। जिलाधिकारी ने कहा कि 10 दिन बाद मेरे द्वारा पुनः निरीक्षण किया जायेगा। नाली निर्माण करने वाले ठेकेदार से 10 प्रतिशत की कटौती करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद माधव, उपजिलाधिकारी ललित कुमार मिश्र, अधीक्षण अभियन्ता विद्युत, अधिशासी अभियन्ता विद्युत ज्ञान प्रकाश, ई ओ विंध्याचल व अन्य संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## बस्ती मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति की समन्वय बैठक

**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** प्रेस क्लब सभागार में वरिष्ठ पत्रकार कृष्णदेव मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित की गयी जिसमें समिति के उद्देश्य, भविष्य की गतिविधियों के साथ-साथ संगठन विस्तार पर चर्चा की गयी। पत्रकारों ने अपनी बातों को रखते हुए समस्याओं के निराकरण के लिए एकजुट होने पर जोर दिया। बैठक को सम्बोधित करते हुए वरिष्ठ पत्रकार दिनेश चन्द्र पाण्डेय ने कहा कि मान्यता प्राप्त पत्रकारों की समस्याओं के निराकरण के लिए एकजुट होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि किसी भी संगठन को चलाने के लिए नियमित रूप से बैठक होना आवश्यक है। समस्याओं का समाधान आपसी समन्वय से ही निकलेगा। उन्होंने नये पत्रकारों के लिए नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाने की बात कही। बैठक को सम्बोधित करते हुए वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप चन्द्र पाण्डेय ने कहा कि चुनौतियां कठिन हैं, चुनौतियों से निपटने के लिए उच्चाधिकारियों से पत्राचार होना जरूरी है, साथ ही समय के साथ पत्रकार नई तकनीक से जुड़कर अपनी क्षमता को बढ़ाये।

# तहसील प्रशासन शोहरतगढ़ ने अवैध अतिक्रमण पर चलाया बुलडोजर

**अवधनामा संवाददाता**



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** विगत छः महीने अवैध कब्जा हटाने को लेकर तहसील शोहरतगढ़ से लेकर जिला मुख्यालय सिद्धार्थनगर तक पीड़ित इंद्रेश तिवारी चक्कर लगाने के बाद सोमवार को जिलाधिकारी डॉक्टर राजा गणपति आर के सख्त निर्देश पर तहसील प्रशासन शोहरतगढ़ ने अवैध अतिक्रमण पर बुलडोजर चला कर भूमि को शिकायतकर्ता इंद्रेश तिवारी को सुपुर्द कर दिया।

शिकायतकर्ता इंद्रेश तिवारी ग्राम चांदा पर उर्फ शोहरतगढ़ तप्पा बरहो परगना नौगढ़ तहसील शोहरतगढ़ गाटा संख्या 274 रकबा 0.025 हेक्टेयर निर्मला तिवारी के नाम बैनामा कराया था इसमें माधव पुत्र पंचगुलाम निवासी शोहरतगढ़ द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया था कब्जा हटवाने के लिए पीड़ित दो बार तहसील दिवस में शिकायत किया लेकिन कब्जा नहीं हटा। तीन अगस्त को संपूर्ण समाधान में पीड़ित इंद्रेश तिवारी ने जिलाधिकारी के समक्ष शिकायत पत्र देकर कार्रवाई की मांग की मामला संज्ञान में लेकर जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर डॉ राजा गणपति आर ने तहसीलदार को भूमि खाली करा कर धारा 24 के अंतर्गत कब्जा दिलाने का आदेश दिया था जब शिकायतकर्ता को कब्जा नहीं दिलाया गया तो पीड़ित ने 19 अक्टूबर को दोबारा संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी के समक्ष मामले को लेकर पहुंचे। जिलाधिकारी सिद्धार्थ नगर पुनः इस मामले को देखकर तहसीलदार शोहरतगढ़ अजय कुमार व लेखपाल अनुरुध चौधरी पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि आप लोग कल तक घूम खाली नहीं कराई तो मैं मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करूंगा। जिलाधिकारी के आदेश पर 22 अक्टूबर को तहसीलदार शोहरतगढ़ राजस्व टीम व पुलिस टीम के साथ भूमि खाली करने पहुंची टीम को विरोध का सामना करना पड़ा और कब्जा खाली नहीं कर पाए। शिकायतकर्ता ने सोमवार को फिर से जिलाधिकारी के पास पेश हुए और पूरी बात बताने लगे जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर ने उप जिलाधिकारी शोहरतगढ़ चंद्रभान सिंह व पुलिस क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ सुजीत कुमार राय को निर्देश दिया कि तत्काल कब्जा खाली करायें।

## सीएमओ ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लोटन का औचक निरीक्षण



**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लोटन बाजार मे मंगलवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी आरके चौरसिया अचानक निरीक्षण करने पहुंच गये। पहुंचते ही स्पताल मे हडकम्प मच गया। उन्होंने ओपीडी रजिस्ट्र पैथोलॉजी, लेबर रूम, मेडिसिन वार्ड को देखा और कहाँ की ओपीडी में बारी बारी से मरीज को अन्दर भेजे एक साथ साभी लोग को अन्दर न जाने दे। आयुष्मान रजिस्ट्रेशन कक्ष का निरीक्षण करके आयुष्मान के बारे मे भी जानकारी लिए। लेबर रूम मे पहुंच कर वहां मौजूद लोगों से अस्पताल के बारे मे जानकारी ली और सीएमओ ने चेतावनी दी की किसी तरह की शिकायत मिली तो कार्यावाही की जायेगी। इसके बाद प्रसूति गृह की जाँच करने के बाद उन्होंने कहा साफ सफाई की ब्यवस्था सही होना चाहिए गंदगी से बिमारी फैल रही है। निरीक्षण के दौरान अधीक्षक अमित कुमार चौधरी, डा‍श धीरेन्द्र चौधरी, बी पी एम आलोक सिंह,सुधा यादव अजीज अहमद आदि उपस्थित रहे।

## डीएम ने किया निर्माणाधीन मिनी स्टेडियम में चेंजिंग रूम, दर्शक दीर्घा, ओपन जिम निर्माण कार्य निरीक्षण



**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** मंगलवार को जिलाधिकारी डॉ राजा गणपति आर द्वारा ग्राम पंचायत जमलाजोत विकास खंड बांसी में निर्माणाधीन मिनी स्टेडियम में चेंजिंग रूम, दर्शक दीर्घा, ओपन जिम निर्माण कार्य निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा निर्माण कार्य की प्रगति व लेआउट को देखा गया। जिलाधिकारी द्वारा खंड विकास अधिकारी बांसी कार्तिकेय शुक्ल को निर्माण कार्य को 25 फरवरी तक गुणवत्तापूर्ण कराने का निर्देश दिया। इसके पश्चात जिलाधिकारी डॉ राजा गणपति आर द्वारा ग्राम पंचायत नवैला विकास खंड बांसी में निर्माणाधीन मिनी स्टेडियम में चेंजिंग रूम, दर्शक दीर्घा, ओपन जिम निर्माण कार्य निरीक्षण किया गया। निर्माण कार्य जल्द ही आरंभ किया गया है । जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी बांसी को निर्माण कार्य में प्रगति लाकर गुणवत्तापूर्ण व समयानुसार से पूर्ण करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी के साथ जिला विकास अधिकारी गोपाल प्रसाद कुशवाहा, ग्राम पंचायत सचिव ऊषा दुवे व तकनिकी सहायक विजय ग्राम प्रधान विष्णु सहाय उपस्थित थे।

## टांडा पालिका प्रशासन ने अतिक्रमण के विरुद्ध चलायी मुहिम

**टांडा अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** टांडा नगर पालिका परिक्षेत्र



को भीषण जाम की समस्या से निजात दिलाने के उद्देश्य से अतिक्रमणकारियों पर मंगलवार दूसरी पाली में नगर पालिका चाबुक चला जिससे हड़कम्प मच गया। नगर पालिका टीम ने लगभग एक दर्जन अतिक्रमणकारियों से जुर्माना वसूलते हुए भविष्य में अतिक्रमण ना करने की चेतावनी भी दिया। टांडा नगर क्षेत्र को जाम की समस्या से मुक्ति दिलाने के उद्देश्य से टांडा एसडीएम डॉ शशि शेखर, सीओ टांडा शुभम कुमार व अपर एसडीएम/प्रभारी ईओ नगर पालिका अरविंद कुमार त्रिपाठी की मौजूदगी में अतिक्रमण के खिलाफ बुल्डोजर अभियान चलाया गया। नगर पालिका से शुरू हुआ अभियान हयातगंज, जुबैर चौराहा, छोटी बाजार, कश्मिरिया आदि पर बुल्डोजर के सहारे अतिक्रमण हटाने का कार्य किया गया। इस दौरान लगभग एक दर्जन अतिक्रमण कारियों से जुर्माना भी वसूला गया एवं भविष्य में पुनः अतिक्रमण ना करने की चेतावनी भी दी गई। बताते चलें कि टांडा नगर पालिका द्वारा अतिक्रमण के खिलाफ मुनादी भी कराई गया थी और उक्त अभियान अनवरत जारी रहने की उम्मीद है। उक्त मौके पर पालिका प्रशासन के अतिक्रमण प्रभारी जुबैर शमशाद राकेश कुमार गौरव रामबाबू गुप्ता सलमान खान मोहम्मद अहमद इदरीस सुहैल अहमद आदि तमाम लोग उपस्थित रहे।

## तहसील क्षेत्र के विभिन्न गांवों में लेखपालों ने फार्मर रजिस्ट्री कैंप लगाकर किसानों को दी आवश्यक जानकारी



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** शासन के मंशा के अनुरूप जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर के निर्देश पर तहसील क्षेत्र में बीते एक सप्ताह से विभिन्न गांवों में किसान पाठशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के तहत गांव में कृषि विभाग द्वारा लगाई जा रहे फार्मर्स स्कूल शिविर में किसान सम्मन निधि के अंतर्गत पंजीयन के उपरांत केवाईसी कृषि के संबंध में किसानों को दी जा रही। मंगलवार को डुमरियागंज तहसील अंतर्गत लगाए गए कैंप के दौरान लगभग तीन सौ से अधिक किसानों का पंजीकरण कर लिया गया है और उनकी किसान सम्मान निधि योजना के तहत केवाईसी भी पूरी कर ली गई है। इस दौरान तहसील के आधा दर्जन से अधिक गांवों में किसान पाठशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान खरौली, परसा हुसैन, सादुल्लापुर, अंबिकेश सिंह, बिशनपुर, हरि देवी लाल गिरी, धनोहरी, आनंद गौतम, बेवा मुस्तफा और विवेक कुमार आदि गांवों में लेखपालों ने फार्मर रजिस्ट्री कैंप लगाकर किसानों को आवश्यक जानकारी दी। क्षेत्र में लगाए गए शिविरों का नायब तहसीलदार डुमरियागंज महबूब आलम ने निरीक्षण कर बताया कि किसान पाठशाला का मुख्य उद्देश्य किसानों को खेती से जुड़ी नवीनतम तकनीकों, सरकार की विभिन्न योजनाओं और कृषि ऋण आदि के बारे में जानकारी देना है। इस पहल से किसानों को आधुनिक खेती के तरीके अपनाने में मदद मिलेगी और उनकी आय में वृद्धि होगी। इस मौके पर राजस्व निरीक्षक अजय कुमार श्रीवास्तव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## सीडीओ ने किया मिट्टी पटाई कार्य का औचक निरीक्षण



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार ने ग्राम पंचायत ककरापोखर में महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत कराये जा रहे मिट्टी पटाई कार्य का औचक निरीक्षण किया गया। ग्राम पंचायत ककरापोखर में पी0डब्लू0डी0 रोड से लवकुश के खेत होते हुए नाला तक कृषि बन्धी मिट्टी कार्य। जिसकी लाग 2.25 लाख है। मस्टररोल के अनुसार दिनांक 10.12.2024 से 25.12.2204 तक 20 श्रमिक का मस्टररोल निर्गत किया गया है। निरीक्षण के समय मिट्टी पटाई कार्य होता पाया गया। तकनीकी सहायक को निर्देशित किया गया कि प्राक्कलन के अनुसार निर्धारित मात्रा में मिट्टी पटाई कार्य कराना सुनिश्चित करें। खण्ड विकास अधिकारी अमित सिंह को निर्देशित किया कि निर्धारित मानक के अनुसार कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के समय अमित सिंह, खण्ड विकास अधिकारी व अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी-नरेगा ग्राम प्रधान तथा ग्राम सचिव, तकनीकी सहायक एवं रोजगार सेवक अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# जीवन के हर क्षेत्र में कंप्यूटर की भूमिका अति संवेदनशील और अहम है : मौलाना नुररुल्लहा खान




**अवधनामा संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** कम्प्यूटर तालीम का एक अहम हिस्सा है। जिसके बिना जीवन अधूरा है। वैसे भी शिक्षा एक अनमोल रत्न है। उन्हीं रत्नों में से कंप्यूटर ज्ञान एक है। तालीम के बिना विकास संभव नहीं है। दीनी तालीम के साथ साथ आधुनिक शिक्षा बहुत जरूरी है। उक्त बातें मंगलवार को मदरसा अरबिया दारुल उलूम सिंगरहा के प्रांगण में कम्प्यूटर कक्ष के भव्य उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि ग्रेट इंडिया इंटर कालेज के प्रबंधक मौलाना नुररुल्लहा खान ने फीता काटने के बाद यह विचार व्यक्त की।

उन्होने कहा कि कंप्यूटर एक इलेक्ट्रॉनिक उपकरण है। जो डेटा को प्रोसेस करता है और उसे उपयोगी जानकारी में बदलता है।यह गणना करने, डेटा को स्टोर करने और विभिन्न प्रकार के कार्यो को तेजी और सटीकता से करने में सक्षम होता है। गति कंप्यूटर बहुत तेज गति से गणनाएँ और प्रोसेसिंग करता है। उन्होने आगे कहा कि जीवन के हर क्षेत्र में कंप्यूटर एक भूमिका निभाते हैं। इनका उपयोग घरों, व्यवसाय, शैक्षणिक संस्थानों, अनुसंधान संगठनों, चिकित्सा क्षेत्र, सरकारी कार्यालयों, मनोरंजन आदि में किया जाता है। कंप्यूटर आधुनिक जीवन का अभिन्न अंग बन गए है। जिनका उपयोग शिक्षा, व्यवसाय, विज्ञान, कंप्यूटर ग्राफिक्स, कंप्यूटर नेटवर्किंग और इंटरनेट जैसे क्षेत्रों में किया जाता है। कंप्यूटर सूचना प्रसंस्करण, डेटा भंडारण, हेरफेर और संचार करने में सक्षम हैं। वे अपनी गति, सटीकता और निरंतर प्रदर्शन के लिए जाने जाते है कम्प्यूटर कक्ष के उद्घाटन समारोह के आयोजक/मदरसा के पूर्व छात्र रहे मौलाना अबुल कलाम कासमी ने भी लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हमने जो कुछ सीखा है वो यही मकतब है। जहां से मेरी एलीमेंट्री एजुकेशन प्रारंभ हुई है। आज मैं जिस मुकाम पर हूं वो इसी मकतब के बदौलत। आज मैं "MEJOCARE" मेडिकल टूरिज्म PVT कंपनी का डायरेक्टर के रूप में कार्य करने का मौका मिला है। यही नहीं इस मकतब में लगभग छात्र है। जिनमें 40 छात्र आवासीय परिसर में रहकर शिक्षा रत है। जिन्हें शिक्षा के मुख्य धारा से जोड़ने का उत्कृष्ट कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ है। उद्घाटन के बाद मकतब में 5 कम्प्यूटर स्थापित किया गया है। उन्होने कहा कि कंप्यूटर का आविष्कार चार्ल्स बैबेज ने किया था। कंप्यूटर का उपयोग गणना करने के लिए किया जाता है। आज के समय में कंप्यूटर हमसे इस तरह घुल-मिल गया है की कंप्यूटर को अलग करना नामुमकिन सा है। कंप्यूटर का उपयोग NASA तथा ISRO में भी विभिन्न प्रकार के रिसर्च करने तथा अंतरिक्ष यान को कंट्रोल करने के लिए किया जाता है। इसी क्रम में प्रिंसिपल मौलाना नजीबुल्लह काश्मी देवबंद ने भी कार्य मे सम्बोधन किया। उन्होने कहा कि इल्म वो धन है जितना खर्च करेंगे उतना ही बढ़ेगा। आज का ऐसा समय आए गया जिसमे बिना इल्म के कुछ संभव नहीं। इस अवसर पर प्रबंधक मौलाना मोहामाद हनीफ मिफ्ताही, आयोजक मौलाना अबुल कलाम कासमी, मौलाना अब्दुल हई, मौलाना नजमुद्दीन कशमी, मास्टर सफात साहब, मौलाना नसीरुद्दीन नदवी सहित अन्य छात्र और अभिभावकगण उपस्थिति रहे।

# जिलाधिकारी ने किया स्वास्थ्य समिति एवं स्वास्थ्य सम्बन्धी योजनाओं की समीक्षा

**अवधनामा संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** स्वास्थ्य समिति (डीएचएस) एवं स्वास्थ्य विभाग से संबधित योजनाओ की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी डा राजागणपति आर द्वारा पिछली बैठक में दिये गये निर्देशो के प्रगति की समीक्षा की गयी। उनके द्वारा टीबी के मरीजों की जांच करने में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी लोटन, बढ़नी, भनवापुर की प्रगति ठीक न होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गयी।जिलाधिकारी ने कहा कि यह सरकार का महत्वपूर्ण कार्यक्रम है इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जायेगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सीएचओ के माध्यम से आशा द्वारा कम से कम 02-03 मरीजों का सैम्पल एकत्रित किया जाये।टी0बी0 के मरीजों को उपचार के दौरान 1000 रूपये मिलने वाली प्रोत्साहन राशि समय से शतप्रतिशत भुगतान कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने सभी एमओआईसी को टीकाकरण सत्र का शेड्यूल के अनुसार निरीक्षण करे तथा टीकाकरण की फीडिंग तथा शत-प्रतिशत टीकाकरण कराने का निर्देश दिया। बैठक में उपस्थित सभी बीसीपीएम को निर्देश दिया कि नये बच्चो के जन्म पर आशा से प्राप्त रिपोर्ट की फीडिंग सही समय पर की जाये। गांव में जाकर बीसीपीएम 05-05 घरो का रेण्डमली निरीक्षण कर जांच करेगे। सभी आशाओ को दी गयी किट को भी चेक करे, उसके पास पूरी सामग्री है या नही। इसके अलावा जिन चीजों की कमी हो उन्हें क्रय करने का निर्देश दिया। गर्भवती महिलाओ का प्रसव अस्पताल में ही हो। जन्म लेने वाले बच्चो का वजन ठीक ढंग से लिया जाये इसमें किसी भी प्रकार की त्रुटि नही होनी चाहिए। सभी बीसीपीएम को वजन मशीन को ठीक कराने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी डा राजागणपति आर ने प्राचार्य मेडिकल कालेज, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, समस्त एमओआईसी को निर्देश देते हुए कहा कि किसी गर्भवती महिला को जानबूझ कर किसी अन्य जगह रेफर कदापि न किया जाये। इस प्रकार की शिकायत प्राप्त होने पर मेरे स्तर से कड़ी कार्यवाई की जायेगी। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर ने सभी संबधित मेडिकल आफिसरो को निर्देश देते हुए कहा कि जहां पर एक्स-रे मशीन नहीं है वहां मशीन स्थापित कराया जाये। जिलाधिकारी द्वारा अनटाइड फन्ड, परिवार नियोजन, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना, टीकाकरण अभियान, पीसीपीएनडीटी, रोगी कल्याण समिति, हेल्थ वेलनेस सेन्टर, जननी सुरक्षा योजना आदि की समीक्षा की गयी।

## बाकू सम्मेलन फेल

पर्यावरण सुधारने के लिये जिस धन राशि की बात की गयी और पैसे को लेकर जो हिस्सेदारी निर्धारित की गई उस पर कोई बात नहीं बन पाई। विकसित देश पैसे को लेकर घालमेल करते रहते है। ट्रम्प अब अमेरिका के प्रसिडेन्ट है उनसे किसी मदद की आशा व्यर्थ होगी। वह पर्यावरण सम्बन्धी बैठको के बारे में नाकारत्मक नजरिया रखते है। हालाकि उनका विरोध और आरोप हवाई नहीं है। काप 29 में जो जलवायु वित्त पोषण समझौता हुआ उसे कई देशों ने अपना लिया है। पर यह मंजूरी बताती है जलवायु संकट दूर करने में संयुक्त राष्ट्र फ्रेम वर्कआन क्लाईमेट चेन्ज सहित बाकी दुनियां ने जो काशिशे की है वे फेल हो चुकी है।

इस सम्मेलन में विकासशील देशो ने 2030 तक आपात काल से निपटने के लिये विकसित देशो से सालाना 1.3 डालर बिलियन मांग थे इसमें 500 बिलियन सरकारी रकम भी शामिल थी। बाकी प्राइवेट सेक्टर से रियायती दर पर देने की मांग थी। अन्तिम समझौते में विकसित देशो ने 2035 तक सिर्फ300 विलियन डालर सहायता देने की बात कही। यह पैसा किसी भी श्रोत से आ सकता है। इसमें सरकारी पैसे का कोई जिक्र नहीं है। समझौता विकसित देशो को विश्व बैक जैसे मल्टी लेटरली डेवलपमेंन्ट बैको से जलवायु सम्बन्धी कर्ज को वैश्विक वित्तीय प्रणाली कमजोर देशो के विरूद्ध है। अफ्रीकी देश जिस पर कर्ज का भुगतान न करते है। वह अमेरिकी दरों से किये जाने वाले भुक्तान से चार गुना ज्यादा है।

संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के एक रिपोर्ट के अनुसार जलवायु सम्बन्धी चुनौतिये ने पहले 25 कमजोर विकासशील देशो को मिलने वाला कर्ज पर 10 वर्षो में अतिरिक्त 40 बिलियन डालर का ब्याज मुक्तान करना पड़ता है। मतलब विकासशील देश आज के जलवायु जोखिमों के चलते धनी देशों और उनके बैको को करोड़ो डालर अलग से दे रहे है। अगले दशक में यह दो गुना हो जायेगा। भारत अपनी जी-20 अध्यक्षता में कई उपयोगी सुझाव दिये थे यह प्रस्ताव वैश्विक संस्थानों के अजेन्डे में पड़े हुये है। पैसो में विकसित देश घालमेल करते है। एनएफसीसी सचिवालय पर भी समझौते में होने वाला प्रक्रियाओं पर भी हेरफेर का आरोप लग रहा है। सिगल ग्लोबल क्रम वर्क की जगह ऊर्जा, परिवहन, कृषि, उद्योग समूह पर कई वैश्विक और क्षेत्रीय मंच बनाने होगे। बाकु सम्मेलन में इन्टरनेशनल क्रेम वर्क कमजोरियां के अलावा यह भी दिखाया है कि इसे लेकर देशो में कितना अविश्वास है। सीओपी 30 के मेजबान ब्राजील पर जिम्मेदारी बनती है कि वह भरोसा बहाल करते हुये सार्थक प्रगति दर्शाये। जलवायु परिवर्तन के खिलाफ जो प्रयत्न हो रहे है वह ठोस कोशिशो के बगैर वह पूरी नही हो सकती है। अगर ढीवम ढालम यह रवैया चलता रहा तो यह निष्क्रिय भी हो सकती है।

## देश में स्त्रियों की सामाजिक, आर्थिक स्थिति पर समग्र मूल्यांकन की आवश्यकता

राष्ट्र निर्माण में नारी की शिक्षा एवं उनकी सहभागिता भारत का शक्तिशाली भविष्य है, अतः नारी की शिक्षा देश के लिए अति महत्वपूर्ण मुद्दा बन गई है,इनके अधिकारों और नई भूमिका के सही मूल्यांकन महती जरूरत है। आज स्त्री के संदर्भ में सारी पुरातन अवधारणाओं को बदलने का समय आ गया है ।नारी अब घर में पूज्या तो है ही साथ ही वह समाज में अपनी अहमियत की दस्तक देकर देश की सीमा सुरक्षा में भी अपना योगदान दे रही है। वह समय चला गया जब किसी घर में कन्या के पैदा होने से पूरे परिवार में मातम छा जाता था अब भारत में धीरे-धीरे सामाजिक परिवेश में लिंग भेद बदलने लगा है। स्थिति यह है कि शिक्षित परिवार केवल एक संतान ही पैदा करना चाहती है चाहे वह कन्या हो या पुत्र। अब परिवार में कन्या पैदा होने से खुशियां मनाई जाती है और पुरातन सोच अब धीरे-धीरे सामाजिक परिवेश को मस्तिष्क के मूल्यांकन के साथ बदलते जा रही है। पुरुष प्रधान समाज में नारी को पूज्या कह कर बहला दिया जाता था और उसे घर की चहारदीवारी में सीमित कर दिया गया था। यही कारण था कि वे पुरुषों की बराबरी में ना आकर बहुत पिछड़ गई और देश की समग्र विकास की स्थिति एकांगी हो गई थी। समाज यह भूल गया था कि जिन हाथों में कोमल चूड़ियां पहनी जाती हैं वही हाथ तलवार भी उठा कर युद्ध में एक वीरांगना की भूमिका निभाती है, इसकी सर्वश्रेष्ठ उदाहरण रजिया बेगम और रानी लक्ष्मीबाई रही हैं। मनुस्मृति पर यदि आप नजर डालेंगे तो पाएंगे कि उसमें स्पष्ट कहा गया है कि जहां नारियों की पूजा होती है वहां देवताओं का वास होता है। प्राचीन भारत में नारी शिक्षा का काफी प्रचार प्रसार किया गया था इसके कई प्रमाण भी हैं कि वेद की रिचाओं का ज्ञान नारियों को था इसमें कुछ महत्वपूर्ण नारियां समाज के लिए एक उदाहरण बन गई थी उनमें मैत्री, गार्गी, अनुसूया, सावित्री, आदि उल्लेखनीय हैं। वैदिक काल के विद्वान मुंडन मिश्र की पत्नी उदय भारती ने प्रकांड पंडित विश्व विजयी आदि शंकराचार्य को भी शास्त्रार्थ में भरी सभा में पराजित किया था । इसीलिए वेदों और पुराणों में भी उल्लेखित है की बालिका शिक्षा समाज के निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला होता है। नारी के उत्थान में कई कुप्रथा कुठाराघात करती रही हैं, जो नारी के विकास में बाधा बनकर सामने आई थी इनमें बाल विवाह सबसे बड़ा अवरोध बना था और इसी का प्रतिफल है कि नारी पुरुष के समाज में काफी पिछड़ गई थी। महादेवी वर्मा ने नारी शिक्षा को पुरुष शिक्षा से ज्यादा महत्वपूर्ण बताया था उन्होंने कहा था स्त्री को शिक्षित बनाना एक पुरुष को शिक्षित बनाने से ज्यादा आवश्यक और महत्वपूर्ण है यदि एक पुरुष शिक्षित -प्रशिक्षित होता है तो उससे एक ही व्यक्ति को लाभ होता है किंतु यदि स्त्री शिक्षित होती है तो उससे संपूर्ण परिवार शिक्षित हो जाता है. उन्होंने बहुत महत्वपूर्ण बात कही नारी को अशिक्षित रखना समाज के लिए अपराध के समान है। समय के परिवर्तन के साथ साथ नारी का महत्व अब पूरे तौर पर समझा जा रहा है आज समाज तथा देश में नारियां सर्वोत्कृष्ट कार्य कर रही है। समाज हो या विज्ञान या राजनीति अथवा समाज सेवा संपूर्ण क्षेत्र में आज नारियां पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर सर्वश्रेष्ठ कार्य कर रही है। मैडम क्यूरी, कल्पना चावला, इंदिरा गांधी, श्रीमति भंडार नायके, सरोजनी नायडू, कस्तूरबा गांधी जैसी महिलाएं राष्ट्र का मार्गदर्शन करने का काम करती रही है। महात्मा गांधी ने स्वयं कहा है कि जब तक भारत की महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर हर क्षेत्र में काम नहीं करेगी तब तक भारत का सर्वांगीण विकास संभव नहीं है। आज का सबसे ताजा उदाहरण कॉमनवेल्थ गेम में महिला क्रिकेट टीम ने फाइनल में प्रवेश किया है और गोल्ड मेडल की तालिका में साक्षी मलिक बहनो, फोगाट बहनों ने विश्व में भारत का नाम ऊंचा किया है। पी वी संधू, वित्त मंत्री सीतारमण स्मृति ईरानी और मंत्रिमंडल में शामिल महिलाएं किसी से पीछे नहीं हैं। और सबसे ताजा उदाहरण भारत की महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने महिला होकर महिलाओं का नाम राष्ट्र की प्रथम पंक्ति में दर्ज कर देश के सर्वोच्च पद राष्ट्रपति पद को सुशोभित किया है। उन्होंने भारत के लिए एक स्वर्णिम इतिहास भी बनाया है। अब भारत में नारियों की स्थिति प्रथम पंक्ति में मानी जाती है। ऐसे में भारत में नारी शिक्षा, उनकी सहभागिता तथा उनकी आत्म निर्भरता भारत के भविष्य की शक्तिशाली ऊर्जा एवं संपत्ति ही होगी।


संजीव ठाकुर

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**
**स्थानीय संपादक**
**मोहम्मद आलम रिज़वी**
**RNI No UPHIN/2010/31173**
**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**
**avadhnamahindi@gmail.com,**

**टीबी मुक्त भारत अभियान ने न केवल पोषण की चुनौती का समाधान करने में मदद की है, बल्कि सामुदायिक एकजुटता को भी बढ़ाया है। इस कार्यक्रम ने एक जन आंदोलन बनाने के लिए विभिन्न सामुदायिक हितधारकों को भी एकजुट किया है ताकि जागरूकता बढ़ाई जा सके और टीबी रोगियों को पोषण, व्यावसायिक और मनोवैज्ञानिक सहायता प्रदान की जा सके। जन भागीदारी की भावना में सरकार और नागरिकों के बीच सामंजस्य ने देश भर में रोगियों को भोजन के 21 लाख पैकेट प्रदान करने के लिए 1.75 लाख नि-क्षय मित्रों को प्रेरित किया है।**

# टीबी उन्मूलन : राष्ट्रीय स्वास्थ्य के लिए जरूरी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश से टीबी को खत्म करने का स्पष्ट आह्वान किया। उनके नेतृत्व में टीबी की देखरेख का एक नया मॉडल अपनाया गया और भारत ने पिछले कुछ वर्षों में टीबी की रोकथाम, निदान और उपचार में महत्वपूर्ण बदलाव लाने के लिए अनेक नये तरीके अपनाने का बीड़ा उठाया। डब्ल्यूएचओ की वैश्विक टीबी रिपोर्ट 2024 के निष्कर्षों ने अब तक अपनाए गए चिकित्सकीय उपचार की प्रभावशीलता को स्वीकार किया। इसने 2015 से 2023 तक भारत में टीबी की घटनाओं में 17.7 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की - जो वैश्विक स्तर पर देखी गई गिरावट की दर से दोगुनी है। इतना ही नहीं, देश में 25.1 लाख रोगियों का निदान किया गया, जिससे देश में उपचार कवरेज में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है जो 2015 के 59 प्रतिशत से बढ़कर 2023 में 85 प्रतिशत हो गई है।


जगत प्रकाश नड्डा

प्रधानमंत्री की कल्पना से प्रेरित होकर, 7 दिसम्बर को, भारत ने अपनी टीबी उन्मूलन रणनीति में एक और परिवर्तनकारी कदम उठाया। सरकार ने टीबी से लड़ने की अपनी कोशिश में तेजी लाने के लिए पंचकूला से 100-दिवसीय राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया, जिसमें 347 ऐसे जिले शामिल थे जहां टीबी के मामले सबसे अधिक थे। यह पहल कमजोर आबादी तक सक्रिय रूप से पहुंचकर और उन्हें समय पर, जरूरत के मुताबिक और गुणवत्तापूर्ण उपचार प्रदान करके हर टीबी रोगी की जल्द पहचान करने के हमारे संकल्प को मजबूत करती है। जनभागीदारी की सच्ची भावना में, हम सभी - निर्वाचित प्रतिनिधि, स्वास्थ्य चिकित्सक, नागरिक समाज, कॉरपोरेट और समुदाय - ने अभियान को एक बड़ी सफलता बनाने के लिए सहयोग किया है। राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के सक्रिय सहयोग से, यह नया अभियान भारत की टीबी उन्मूलन यात्रा में एक और उपलब्धि साबित होगा।




**टीबी उन्मूलन के लिए भारत का सामाजिक दृष्टिकोण :** विस्तारित निदान प्रयासों को पूरा करने और टीबी रोगियों के पूर्ण स्वास्थ्य लाभ में सहायता करने के लिए, भारत ने पोषण सहायता योजना ङ्क नि-क्षय पोषण योजना (एनपीवाई) की अवधारणा बनाई और उसे क्रियान्वित किया। अप्रैल 2018 से, हमने एनपीवाई के तहत प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के माध्यम से 1.16 करोड़ लाभार्थियों को 3,295 करोड़ वितरित किए हैं। टीबी उन्मूलन के लिए भारत की प्रतिबद्धता को और मजबूत करने के लिए, इस योजना के तहत मासिक सहायता को नवम्बर 2024 से मौजूदा 500 से दोगुना करके 1,000 प्रति माह कर दिया गया है।

**एक और महत्वपूर्ण पहलू –** टीबी मुक्त भारत अभियान ने न केवल पोषण की चुनौती का समाधान करने में मदद की है, बल्कि सामुदायिक एकजुटता को भी बढ़ाया है। इस कार्यक्रम ने एक जन आंदोलन बनाने के लिए विभिन्न सामुदायिक हितधारकों को भी एकजुट किया है ताकि जागरूकता बढ़ाई जा सके और टीबी रोगियों को पोषण, व्यावसायिक और मनोवैज्ञानिक सहायता प्रदान की जा सके। जन भागीदारी की भावना में सरकार और नागरिकों के बीच सामंजस्य ने देश भर में रोगियों को भोजन के 21 लाख पैकेट प्रदान करने के लिए 1.75 लाख नि-क्षय मित्रों को प्रेरित किया है।

**टीबी को खत्म करने के लिए नवाचार को बढ़ावा देना :** पिछले कुछ वर्षों में, भारत ने उपचार की सफलता दर में सुधार के लिए बेडाक्विलाइन और डेलामैनिड जैसी नई दवाएँ पेश की हैं। दवा-प्रतिरोधी वैरिएंट वाले रोगियों के लिए उपचार पूरा करने में चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए, हमने बीपीएएलएम-उपचार, जिसमें चार-दवा संयोजन शामिल हैं, को अपनाने की अनुमति दी है जो मौजूदा उपचारों की तुलना में अधिक प्रभावी है। जबकि हमारे पास पारंपरिक 19-20 महीने के उपचार के साथ-साथ 9-11 महीने का छोटा उपचार उपलब्ध है, बीपीएएलएम उपचार के साथ रोगी अब केवल छह महीने में उपचार पूरा कर लेंगे!

हमने लगातार यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया है कि सभी रोगियों का जल्द से जल्द पता लगाने और उनका इलाज करने के लिए जमीनी स्तर पर उन्नत उपकरण उपलब्ध हों। इसे सक्षम करने के लिए, हमने अधिक कुशल और सटीक निदान उपकरण मौलीक्यूलर परीक्षण किए। 2014-15 में कुछ सौ मशीनों से, अब हमारे पास सभी जिलों में 8,293 मौलीक्यूलर निदान मशीनें उपलब्ध हैं।

वास्तव में, 'मेक इन इंडिया' पहल से प्रेरणा लेते हुए, स्वदेशी मौलीक्यूलर परीक्षणों का क्षेत्र-परीक्षण किया गया है और उन्हें शुरू किया गया है। हम न केवल जिला और ब्लॉक स्तर पर टीबी का पता लगाने में लगने वाले समय को कम करने में सक्षम हुए हैं, बल्कि परीक्षण और उपचार की लागत में भी भारी कमी ला सके हैं। हमारे स्वदेशी मौलीक्यूलर परीक्षणों को विश्व स्वास्थ्य संगठन की मंजूरी मिल चुकी है और दुनिया भर में उनका उपयोग किया जा रहा है। इन पहलों ने भारत को वैश्विक टीबी प्रतिक्रिया में एक सच्चे नेता के रूप में स्थापित किया है। हमें इस बात पर भी गर्व होना चाहिए कि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) 2018 से लगातार दुनिया भर में टीबी अनुसंधान के शीर्ष सार्वजनिक वित्तपोषकों में से एक रहा है। हम मरीज के नजदीक किए जाने वाले अधिक कुशल चिकित्?सा परीक्षणों सहित नए उपकरण तेज़ी से विकसित करने और उन्हें पेश करने के लिए निवेश करना जारी रखेंगे।

**भविष्य के बारे में सोचना :** टीबी उन्मूलन की दिशा में भारत की यात्रा विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार को बढ़ावा देने और त्वरित तरीके से सिद्ध तकनीकों को उपलब्ध कराने में इसके नेतृत्व का प्रमाण है। अग्रणी अनुसंधान से लेकर उन्नत निदान और उपचार तक, सार्वभौमिक सामाजिक सहायता प्रावधानों की शुरूआत तक, भारत वैश्विक टीबी प्रतिक्रिया में सबसे आगे है। समय की मांग है कि टीबी की पहचान, निदान, उपचार और रोकथाम में व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित की जाए। तीव्र 100-दिवसीय अभियान टीबी को खत्म करने की हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता का एक और प्रमाण है। मुझे विश्वास है कि हमारे माननीय प्रधानमंत्री के नेतृत्व में और सभी हितधारकों की भागीदारी के साथ, हम मानवता के इस महान दुश्मन को हरा देंगे और सभी के लिए एक स्वस्थ भविष्य का निर्माण करेंगे।

# शांति एवं शीतलता देने वाला कल्पवृक्ष है गीता

**श्रीमद् भगवद गीता एक प्रमुख हिंदू धर्मग्रंथ है जो महाकाव्य महाभारत का एक हिस्सा है। जिसमें दोहे/श्लोक हैं, इसके पाठ को संरचनात्मक रूप से 18 अध्यायों में विभाजित किया गया है। भगवद गीता को एक राजकुमार अर्जुन और भगवान के अवतार श्रीकृष्ण के बीच एक संवाद के रूप में प्रस्तुत किया गया है। महाभारत युद्ध शुरू होने से ठीक पहले का यह संवाद सृष्टि की अनमोल धरोहर है।**

गीता ही एकमात्र ऐसा ग्रंथ है, जिसकी हर साल जयंती मनाई जाती है। प्रत्येक वर्ष मार्गशीर्ष महीने की शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को यह पर्व मनाया जाता है। गीता को श्रीमद्भगवद्गीता और गीतोपनिषद के नाम से भी जाना जाता है। कहा जाता है कि महाभारत के युद्ध में श्रीकृष्ण के द्वारा अर्जुन को जो उपदेश दिए गए उसे गीता कहा जाता है। गीता के उपदेश में जीवन जीने, धर्म का अनुसरण करने और कर्म के महत्व को समझाया गया है। गीता के उपदेशों का अनुसरण करने से समस्त कठिनाइयों और शंकाओं का निवारण होता है। गीता जयंती श्रीमद्भगवद्गीता के आगमन का शुभ दिन है। श्रीमद्भगवद्गीता दुनिया का सबसे श्रेष्ठ ग्रंथ है। गीता में श्रीकृष्ण के द्वारा बताए गए उपदेशों पर चलने से व्यक्ति को कठिन से कठिन परिस्थितियों में सही निर्णय लेने की क्षमता का विकास होता है। गीता के उपदेश में जीवन को जीने की कला, प्रबंधन और कर्म सब कुछ है। श्रीमद् भगवद् गीता स्वधर्म और कर्तव्य पथ का मार्ग प्रशस्त करती है। यह भगवान श्रीकृष्ण और अर्जुन के बीच होने वाला संवाद है।


ललित गर्ग

गीता कई सदियों पुराना ग्रंथ है, इसके हर शब्द में निहित तर्क, ज्ञान, जीवनदृष्टि एवं संसार को देखने एवं जीने का सार्थक नजरिया इसे एक कालातीत, सार्वभौमिक एवं सार्वकालिक मार्गदर्शक बनाता है। भगवद गीता के चिरस्थायी मार्गदर्शक सिद्धांतों को समझने से हमें रोजमर्रा की जिंदगी में कैसे और क्यों की गहरी अंतर्दृष्टि प्राप्त करने में मदद मिल सकती है। यह एक अलौकिक, अद्भुत एवं कालजयी रचना है, जो हमें हमारी समृद्ध संस्कृति और परंपरा से परिचित कराती है। इसके श्लोकों में हमें रोजमर्रा की जिंदगी की विभिन्न समस्याओं का समाधान खोजने, जीवन की सच्चाई से परिचित होने और अंधविश्वास एवं झूठी मान्यताओं से मुक्ति पाने में मदद मिल सकती है। गीता का ज्ञान हमारे संदेहों एवं शंकाओं को दूर करता है और हमारे आत्मविश्वास का निर्माण करता है। सारांश रूप में देखा जाए तो गीता में आत्मा की नश्वरता (अमरता) 'नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः' और कर्म (कर्त्तव्य पालन) 'कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन' का उपदेश दिया गया है।



श्रीमद् भगवद गीता एक प्रमुख हिंदू धर्मग्रंथ है जो महाकाव्य महाभारत का एक हिस्सा है। जिसमें दोहे/श्लोक हैं, इसके पाठ को संरचनात्मक रूप से 18 अध्यायों में विभाजित किया गया है। भगवद गीता को एक राजकुमार अर्जुन और भगवान के अवतार श्रीकृष्ण के बीच एक संवाद के रूप में प्रस्तुत किया गया है। महाभारत युद्ध शुरू होने से ठीक पहले का यह संवाद सृष्टि की अनमोल धरोहर है। सुलह के कई प्रयास विफल होने के बाद, युद्ध अपरिहार्य था। आखिरकार युद्ध का दिन आ गया और सेनाएं युद्ध के मैदान में आमने-सामने हुई। जैसे ही युद्ध शुरू होने वाला था, अर्जुन ने विरोधी ताकतों पर अधिक बारीकी से नजर रखने के लिए अपने सारथि श्रीकृष्ण से रथ को युद्ध के मैदान के बीच में ले जाने के लिए कहा। श्रीकृष्ण ने रथ आगे बढ़ाया और भीष्म पितामह, द्रोणाचार्य के सामने ले जाकर खड़ा कर दिया। अर्जुन ने जब कौरव सेना में अपने कुटुम्ब के लोग देखे तो वह निराश हो गए थे। अर्जुन ने श्रीकृष्ण से कहा कि मैं युद्ध नहीं चाहता। मैं संन्यास लेना चाहता हूं। अपने कुटुम्ब के लोगों को मारकर मिलने वाला राज्य मेरे लिए किसी काम का नहीं है। अर्जुन उनसे लड़ने के बारे में नैतिक दुविधा की स्थिति में होकर धनुष छोड़ देते और श्रीकृष्ण से मदद मांगते हैं। श्रीकृष्ण अर्जुन को किंकर्तव्यविमुढ़, मोहग्रस्त एवं सांसारिकता में उलझा हुआ देखकर बोध देते हैं। इन दोनों के बीच जो बातचीत हुई, श्रीकृष्ण ने अर्जुन को जो सलाह, संदेश और उपदेश दिए, उसे अब भगवद गीता के नाम से जाना जाता है। असल में गीता कोरा ग्रंथ नहीं, जीवन-दर्शन है। सदियों पहले दिये गये भगवान श्रीकृष्ण के गीता के उपदेश आज के समय में लोगों के जीवन की घोर निराशा, परेशानियों, सांसारिकता से निकालने का काम करते हैं। गीता को न सिर्फ हिंदू बल्कि दूसरे धर्म से जुड़े लोग भी अपने जीवन में अपनाते हैं।

भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में कहा कि जब-जब धर्म की हानि होती है, दुष्टों की दृष्टि का विस्तार होता है और अधर्म की वृद्धि होती है तब-तब मैं अवतार लेता हूं. या प्रतिनिधि के रूप में किसी महापुरुष को भेजता हूं ताकि विश्व के अंदर शांति तथा धर्म का साम्राज्य स्थापित हो सके। गीता को श्रीमद्भगवद्गीता और गीतोपनिषद के नाम से भी जाना जाता है। ऐसा कहा जाता है कि गीता के उपदेशों का अनुसरण करने से समस्त कठिनाइयों और शंकाओं का निवारण होता है। गीता में श्रीकृष्ण के द्वारा बताए गए उपदेशों पर चलने से व्यक्ति को कठिन से कठिन परिस्थितियों में सही निर्णय लेने की क्षमता का विकास होता है। गीता के उपदेश में जीवन को जीने की कला, प्रबंधन और कर्म सब कुछ है। गीता के उपदेश के जरिए श्रीकृष्ण ने मनुष्य को अच्छे-बुरे और सही-गलत का फर्क बताया है। इस दिन गीता का पाठ करने से, उसके उपदेश पढ़ने से व्यक्ति को जीवन उजाला मिलता है, मोक्ष की प्राप्ति होती है। इसके अलावा इस दिन पितरों के नाम से तर्पण करने से आपके पितरों को भी मोक्ष की प्राप्ति होती है। उपवास रखने से व्यक्ति का मन पवित्र होता है और शरीर स्वस्थ होता है। साथ ही व्यक्ति को पापों से छुटकारा मिलता है एवं जीवन में सुख शांति का अनुभव होता है।

गीता के पहले अध्याय में अर्जुन के प्रश्नों की बौछार के आगे श्रीकृष्ण मौन थे। अर्जुन श्रीकृष्ण से लगातार प्रश्न कर रहे थे। युद्ध न करने के निर्णय को सही बताते हुए अपने तर्क दे रहे थे। लेकिन, श्रीकृष्ण ने अर्जुन से कुछ नहीं कहा। श्रीकृष्ण का मौन देखकर अर्जुन की आंखों से आंसू बहने लगे तब भगवान ने अर्जुन को गीता का उपदेश दिया। जब तक व्यक्ति स्वयं को बुद्धिमान मानता है और व्यर्थ तर्क देता है, तब तक भगवान मौन रहते हैं। लेकिन, जब व्यक्ति अहंकार छोड़कर भगवान की शरण में चला जाता है, तब वे भक्त के सभी प्रश्नों के उत्तर देते हैं। जब हम अहंकार छोड़ देते हैं, तब ही भगवान की कृपा मिलती है। अर्जुन की आंखों में जब आंसू आ गए, तब श्रीकृष्ण ने अर्जुन के अज्ञान एवं मोह को दूर करने के लिए उपदेश दिया। गीता में भगवान ने अर्जुन को कर्म और कर्तव्य का महत्व समझाया। श्रीकृष्ण ने अर्जुन से कहा कि उठो और अपना कर्म करो। सभी तरह के मोह का त्याग करो और युद्ध करो। श्रीकृष्ण अर्जुन से कहते हैं, 'पार्थ! तुम केवल कर्म करो, फल की चिन्ता मत करो।' श्रीकृष्ण का यह संदेश केवल अर्जुन के लिये नहीं, सम्पूर्ण मानव जाति के लिये था। कर्म के प्रति आसक्ति मनुष्य के अन्दर 'मैं' का भाव पैदा करती है। गीता मनुष्य को इस 'मैं' से मुक्त करके निष्काम कर्म का संदेश देती है। भगवान कहते हैं कि अगर कोई निरंतर निराकार की भक्ति कर सकता है, तो वह भी मुझे पा सकता है।

# युवाओं को धार्मिक उन्माद के अंधकार से बचाना होगा

**एक पीढ़ी का काम होता है, एक बेहतर समाज की कल्पना जिससे आने वाली पीढ़ी को एक स्वस्थ और बेहतर समाज दिया जाए जहां धार्मिक सौहार्दपूर्ण वातावरण हो, जहां आपसी भाईचारा हो, आपस में प्रेम हो शांति हो। देखा जाए तो हमारे देश की तासीर हमेशा शांतिपूर्ण रही है। कभी भी हमारा समाज उन्मादी नहीं रहा है। हमारे देश की तासीर हमेशा सौहार्दपूर्ण रही है। हालांकि आजकल सनातन धर्म की आड़ लेकर मॉब लिंचिंग की खबरें आती रहती हैं, कहीं किसी बच्चे से नारे लगवा कर मार दिया जाता है। कहीं किसी को नारे न लगाने के कारण मार दिया जाता है। ऐसी तरह-तरह की खबरें आती रहती है जो बेहद चिंताजनक है। किसी भी समाज के लिए यह सबसे खराब बातें होती है।**

अतीत रहने के लिए नहीं बल्कि सीखने के लिए होता है, चाहे कोई देश, समाज, व्यक्ति कोई भी हो ग़र वो अतीत में रहेगा तो जाहिर है कभी भी बेहतर भविष्य का निर्माण नहीं हो सकता। बीते कुछ सालों से हमारे शांतिपूर्ण देश में मस्जिदों में मंदिर ढूढ़ने के खूब सर्वे हो रहे हैं। ये भी मुमकिन है कि अतीत में मंदिरों की जगह मस्जिदों का निमार्ण हुआ हो इससे इंकार नहीं किया जा सकता, जब धार्मिक उन्माद चरम पर होता है तो सत्ता में बने रहने के लिए सत्ताधीश धर्म की आड़ लेकर कुर्सी के पाए मज़बूत करते हैं । हालांकि हमारे देश का उद्देश्य कभी भी धार्मिक उन्मादी देश बनना नहीं रहा। ये और भी चिन्ताजनक है कि अब मस्जिदों में भगवान ढूंढने का ट्रेंड चल पड़ा है। महान दार्शनिक लियो टॉल्स्टॉय ने कहा था कि किसी भी देश को बर्बाद करना हो तो वहां के लोगों को धर्म के नाम पर आपस में लड़ा दो, देश अपने आप बर्बाद हो जाएगा। आजकल हमारे देश में धार्मिक कट्टरता बढ़ रही है, जिसको कहीं से भी सही नहीं कहा जा सकता।


दिलीप पाठक

एक पीढ़ी का काम होता है, एक बेहतर समाज की कल्पना जिससे आने वाली पीढ़ी को एक स्वस्थ और बेहतर समाज दिया जाए जहां धार्मिक सौहार्दपूर्ण वातावरण हो, जहां आपसी भाईचारा हो, आपस में प्रेम हो शांति हो। देखा जाए तो हमारे देश की तासीर हमेशा शांतिपूर्ण रही है। कभी भी हमारा समाज उन्मादी नहीं रहा है। हमारे देश की तासीर हमेशा सौहार्दपूर्ण रही है। हालांकि आजकल सनातन धर्म की आड़ लेकर मॉब लिंचिंग की खबरें आती रहती हैं, कहीं किसी बच्चे से नारे लगवा कर मार दिया जाता है। कहीं किसी को नारे न लगाने के कारण मार दिया जाता है। ऐसी तरह-तरह की खबरें आती रहती है जो बेहद चिंताजनक है। किसी भी समाज के लिए यह सबसे खराब बातें होती है। सनातन ख़तरे है, टाइप, टाइप धार्मिक नारे लगाकर आम बच्चों को बरगलाने का ट्रेंड चल रहा है।सनातन खत्म नहीं हो सकता, सनातन को बचाने की बजाय लोगों को खुद का मूल्यांकन करना चाहिए, कि सनातन कभी खत्म नहीं होगा सनातन को कोई खत्म भी नहीं कर सकता। क्या कोई सनातन को खत्म कर सकता है? बिल्कुल नहीं ये सिर्फ़ यह सिर्फ और सिर्फ राजनीतिक नारे हैं। सनातन है और रहेगा। कोई भी खत्म नहीं कर सकता।



आम लोगों की समझ इतनी नहीं होती कि वे इन राजनीतिक गूढ़ बातों को समझ पाएं। नेताओं के कुचक्र में फंसकर युवाओं को भ्रमित किया जा रहा है, नेताओ को पता होता है अगर बच्चे पढ़ेंगे, लिखेंगे तो जन अधिकार की समझ नागरिक अधिकार का बोध इनमें आ जाएगा अतः इन्हें रोजगार देना पड़ेगा. और अगर रोजगार नहीं दिया गया उनकी मूलभूत सुविधाओं को पूरा नहीं किया गया तो ये युवा आंदोलित हो जाएंगे और आंदोलन युवा किसी भी सत्ता के लिए ठीक नहीं होते।

सत्ता हमेशा इस बात का ख्याल रखती है कि हमारे देश के युवा कभी भी सत्ता के विरुद्ध ना जाएं। राजनीतिक कुचक्र है युवाओं को धर्मांधता के जाल में फंसा कर उनके जन - अधिकारों को और उनकी बुनियादी सुविधाओं को न देकर उनको फंसाएं रखा जाए। परिणामस्वरुप न पढ़ेंगे, न लिखेंगे न रोज़गार मांगेगे...बड़ी बिडम्बना है दरअसल होना चाहिए कि आम लोगों को धार्मिक लड़ाई की जगह बच्चों को पढ़ाने - लिखाने की जद्दोजहद करना चाहिए। अपने बच्चों के बेहतर कल के बारे में सोचना चाहिए। मस्जिदों में भगवान ढूढ़ने की बजाय बेहतर जीवन की कल्पना करनी चाहिए। रोजगार के अवसर तलाशने चाहिए। धर्म की रक्षा कोई इंसान नहीं कर सकता। हालांकि यह बेहद चिंताजनक है कि इस देश के अधिकांश परिपक्व लोग भी धर्मांता की लड़ाई लड़ रहे हैं।

देखा जाए तो आस्था बेहद निजी होती है। इसको मन के भीतर रखना चाहिए, इसे सड़कों पर लेकर नहीं आना चाहिए। जर्मन दार्शनिक फ्रेडरिक नीत्शेने कहा था कि धर्म जब दिमाग में चढ़ जाता है तो नशा बन जाता है। आज दार्शनिक की बात बिल्कुल सच साबित हो रही है। आज हमारे मुल्क में अधिकांश यही चल रहा है अपने मुल्क में युवाओं को इस धारा में बहते हुए देखकर तकलीफ़ होती है। क्या हमने ऐसे समाज़ की कल्पना की थी?

ज्ञानवापी, संभल से लेकर बदायूं तक के मुद्दे कोर्ट में उठाए जाने को लेकर लगातार विवाद गहरा रहा है। इस मामले में अखिलेश यादव का बड़ा बयान सामने आया है। समाजवादी पार्टी पार्टी अध्यक्ष ने कहा है कि अगर आप खोदोगे तो एक दिन देश का सौहार्द खो दोगे। अखिलेश यादव एक राजनेता हैं लेकिन उनके सवाल एवं उनका रोष वाज़िब लगता है। केवल धार्मिक उन्माद ही नहीं सामाजिक तौर पर और राजनीतिक तौर पर अगर इसका मूल्यांकन करें तो भारत की लोकतांत्रिक राजनीति में अब तक का सबसे खराब दौर है। अगर हमारी राजनीतिक पार्टियाँ और हमारा समाज इसी धरे पर चला रहा तो एक दिन हम सब कुछ खो देंगे। हमने जिन लोकतांत्रिक मूल्यों की स्थापना की थी हमने जो सामाजिक सौहार्द्र कायम किया था। हमने जो अपने इतिहास से अपने अतीत से इतना सब कुछ सीखा था वह सब कुछ व्यर्थ ही रह जाएगा और हमारा देश धर्मान्ध हो चलेगा इससे पहले की सब कुछ हाथ से निकल जाए लोगों की चेतना जागृत होनी चाहिए की धार्मिक लड़ाइयां किसी भी स्वस्थ समाज के लिए खतरनाक होती हैं। हमें बचाना है आने वाली पीढ़ी को जिससे हम एक बेहतर विकसित स्वस्थ समाज की स्थापना कर सके यह हम सब की साझी नैतिक जिम्मेदारी है।

# महाकुम्भ 2025 में होगा दुनिया का सबसे बड़ा हेडकाउंट

- महाकुम्भ में आने वाले 40 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं के हेडकाउंट के लिए की गई विशेष तैयारी
- सीसीटीवी कैमरों के साथ ही एआई लाइसेंस वाले कैमरों से हो सकेगी एक-एक श्रद्धालु की गिनती
- मेला क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुओं को वितरित किए जाएंगे रिस्ट बैंड, की जा सकेगी यात्री की ट्रैकिंग

**अवधनामा संवाददाता**

**महाकुम्भ नगर।** जहां एक ओर महाकुम्भ 2025 श्रद्धालुओं की संख्या का नया रिकॉर्ड स्थापित करेगा तो वहीं योगी सरकार मॉडर्न टेक्नोलॉजी की मदद से दुनिया का सबसे बड़ा हेडकाउंट कर नया इतिहास बनाएगी। ऐसा अनुमान है कि इस बार महाकुम्भ में 40 करोड़ से 45 करोड़ के बीच श्रद्धालु गंगा, यमुना और सरस्वती की त्रिवेणी संगम में पावन डुबकी लगाने के लिए प्रयागराज आ सकते हैं। इतनी बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या का सही आंकलन किया जा सके, इसके लिए योगी सरकार तकनीक के माध्यम से एक-एक श्रद्धालु का हेडकाउंट करने जा रही है। यह महाकुम्भ ही नहीं, बल्कि किसी भी बड़े आयोजन में दुनिया के अंदर सबसे बड़ा हेडकाउंट हो सकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर मेला प्रशासन एआई तकनीक के साथ ही कई अन्य विधियों के जरिए इस उपलब्धि को हासिल करने का प्रयास करने में जुट गया है। प्रयागराज में जब भी कुम्भ या महाकुम्भ का आयोजन होता है तो बड़ी संख्या में श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाने आते हैं। हालांकि, अब तक इनकी संख्या को काउंट करने की कोई सटीक तकनीक नहीं थी। हालांकि, इस बार योगी सरकार एआई कैमरों के साथ ही कई अन्य तकनीकों का सहारा ले रही है, ताकि महाकुम्भ में आने वाले एक-एक श्रद्धालु की गिनती की जा सके और उन्हें ट्रैक भी किया जा सके। इस संबंध में मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने बताया कि इस बार महाकुम्भ 2025 में 40 करोड़ से अधिक लोगों के आने की संभावना है, जो अब तक का सबसे बड़ा रिकॉर्ड होगा। इतनी बड़ी संख्या में लोगों की काउंटिंग और ट्रैकिंग के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। श्रद्धालुओं को ट्रैक करने के लिए मेला क्षेत्र के अंदर 200 स्थानों पर लगभग 744 अस्थायी सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं, जबकि शहर के अंदर 268 स्थानों पर 1107 स्थायी सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। यही नहीं, 100 से अधिक पार्किंग स्थलों पर 720 सीसीटीवी कैमरे इंस्टॉल किए गए हैं। उन्होंने बताया कि आईसीसीसी एवं पुलिस लाइन कंट्रोल रूम के अतिरिक्त अरैल एवं झूंसी क्षेत्र में भी व्यूइंग सेंटर्स बनाए गए हैं, जहां से श्रद्धालुओं की मॉनीटरिंग करने का प्रयास किया जा रहा है। मंडलायुक्त ने बताया कि इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का हेडकाउंट बड़ी चुनौती है, लेकिन इसमें एआई का उपयोग बहुत महत्वपूर्ण होगा। एआई का उपयोग करते हुए क्राउड डेंसिटी अलगोरिदम से लोगों के काउंटिंग का भी प्रयास किया जा रहा है।

## टर्नअराउंड साइकिल पर रहेगी नजर

**प्रयागराज।** मेला क्षेत्र में स्थापित आईसीसीसी में हेडकाउंट मॉडलिंग का कार्य देख रहे टेक्निकल स्टाफ के अनुसार हेडकाउंट में एक श्रद्धालु की बार-बार गिनती न हो, इसके लिए टर्नअराउंड साइकिल महत्वपूर्ण होता है। इसको ट्रैक करने के लिए टेक्नोलॉजी का उपयोग किया जा रहा है। घाट क्षेत्र में एक तीर्थयात्री द्वारा औसतन लिया गया समय टर्नअराउंड साइकिल माना गया है। इसके तहत कोचरन्स फॉर्मूला के आधार पर सैंपल की संख्या निकाली जाती है। नॉन पीक दिनों में अनुमानित जनसंख्या 20 लाख और पीक दिनों में 10 करोड़ लेते हुए सैंपल काउंट किया जाता है। टर्नअराउंड समय निर्धारित 3 विधियों के माध्यम से प्राप्त सैंपल्स का औसत आंकड़ा होगा। इसमें पहला एट्रिब्यूट आधारित खोज होगा, जिसके तहत पर्सन एट्रिब्यूट सर्च कैमरों के आधार पर ट्रैकिंग की जाएगी। दूसरा आरएफआईडी रिस्ट बैंड पर आधारित होगा,जिसमें प्रमुख स्नान के साथ-साथ महाकुम्भ में प्रत्येक दिन आने वाले श्रद्धालुओं को रिस्ट बैंड प्रदान किए जाएंगे। आरएफआईडी रीडर के माध्यम से रिस्ट बैंड को ट्रैक किया जाएगा, जिससे पता चलेगा कि तीर्थयात्री ने मेला क्षेत्र में कितना समय बिताया, कितनी देर वह अंदर रहा और कितनी देर बाहर रहा। तीसरी विधि मोबाइल एप के द्वारा ट्रैकिंग होगी, जिसमें तीर्थयात्रियों की सहमति पर मोबाइल एप के जीपीएस लोकेशन के जरिए लोकेशन ट्रैकिंग की जा सकेगी। इन सभी विधियों के माध्यम से हेडकाउंट की टेस्टिंग का कार्य प्रगति पर है।

# भाषा विश्वविद्यालय में हुआ इण्डिया वीक समारोह का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**



**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में माननीय कुलपति महोदय प्रो0 नरेन्द्र बहादुर सिंह के कुशल मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय परिसर में फिट इण्डिया मूवमेंट के अंतर्गत फिट इण्डिया वीक समारोह, 2024 का आयोजन दिनांक 06-13 दिसंबर, 2024 तक किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत क्रीड़ा परिषद द्वारा दिनांक 09 दिसंबर, 2024 को स्वदेशी खेल~ दंड बैठक (महिला वं पुरुष) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दंड बैठक प्रतियोगिता पुरुष वर्ग मे 13 एवं महिला वर्ग मे 04 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग मे प्रथम स्थान रमाकांत गुप्ता ने, द्वितीय स्थान अक्षत बाजपई ने एवं तृतीय मुदित शुक्ला ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता के महिला वर्ग मे अनमता बानो प्रथम, द्वितीय प्रियांशी यादव एवं बरीरा युमन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। फिट इण्डिया वीक समारोह, 2024 के अंतर्गत दिनांक 10 दिसंबर, 2024 को भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा विकसित फिट इण्डिया एप विद्यार्थियों द्वारा डाउनलोड किया गया। मो0 शारिक सदस्य सचिव-क्रीड़ा परिषद द्वारा फिट इण्डिया एप के संबंध मे विद्यार्थियों को जानकारी दी गयी जिसके माध्यम से विद्यार्थी एप कि सहायता से अपनी फिटनेस, स्वास्थ्य एवं जीवन की गुणवत्ता मे सुधार कर अपना दैनिक जीवन खुशहाल कर सकते है। दिनांक 09 दिसंबर, 2024 को आयोजित प्रतियोगिता का निर्णायन एवं दिनांक 10 दिसंबर, 2024 को फिट इण्डिया एप को डाउनलोड करने की प्रक्रिया डॉ0 हसन मेहदी, सहायक आचार्य (अस्थाई) शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा कराई गयी। सभी विद्यार्थियों को प्रो0 चंदना डे, अधिष्ठाता-छात्र कल्याण एवं डॉ नीरज शुक्ल, उपाध्यक्ष क्रीड़ा परिषद द्वारा फिट इण्डिया एप हेतु प्रेरित कर स्वस्थ जीवन यापन हेतु शुभकामनाएं दी गयी। फिट इण्डिया वीक समारोह, 2024 के अंतर्गत कल दिनांक 11 दिसंबर, 2024 को योग एवं ध्यान विषय पर एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर डॉ0 नलिनी मिश्रा, डॉ0 पूनम, इत्यादि शिक्षक उपस्थित रहे।

# सहर संदेलवी की हयात और किताब पर सेमिनार आयोजित



**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** सहर संदेलवी की हयात और कलाम पर सेमिनार का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सैंटरोज़ पब्लिक स्कूल गढ़ी पीर खां ठाकुरगंज में हुआ। कार्यक्रम की निजामत जनाब रिजवान फारूकी साहब ने की। कार्यक्रम में जिस किताब को प्रस्तुत किया गया वह किताब डॉक्टर सईद अहमद संदेलवी की लिखी हुई है।

कार्यक्रम की सदारत जनाब अहमद इब्राहिम अल्वी साहब ने की और मेहमाने खुसूसी बर्मिंघम यूके से तशरीफ़ लाए जनाब अमीर मेहंदी साहब थे। मेहमानों का इस्तकबाल डॉक्टर सरवत तकी ने किया ।

धन्यवाद ज्ञापन जनाब मंसूर हसन खां साहब ने दिया। इस मौके पर शोअरा ने अपने कलाम पेश किए।

# 'भारत ने चिकित्सा के क्षेत्र में जबरदस्त प्रगति की'

**अवधनामा संवाददाता**



**लखनऊ।** नेशनल एकेडमी ऑफ मेडिकल साइंसेज (इंडिया) के राज्य अध्याय यू.पी. का पहला वार्षिक दिवस समारोह और सीएमई 9 दिसंबर को एराज लखनऊ मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, एरा विश्वविद्यालय, लखनऊ में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने किया, जो कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम मे (डॉ.) दिगंबर बेहरा, अध्यक्ष, नेशनल एकेडमी ऑफ मेडिकल साइंसेज (इंडिया), प्रो. (डॉ.) एस.के. सरीन, पूर्व अध्यक्ष, एनएएमएस (इंडिया) प्रो. सरोज चूरामणि गोपाल, पूर्व अध्यक्ष एनएएमएस (इंडिया) प्रो. (डॉ.) संजीव मिश्रा, कुलपति, अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, यूपी, प्रो. (डॉ.) सी.एम. सिंह, निदेशक, डॉ आर.एम.एल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, लखनऊ, प्रो (डॉ) उमेश कपिल, सचिव, नेशनल एकेडमी ऑफ मेडिकल साइंसेज (इंडिया), प्रो (डॉ.) फ़रजाना महदी, प्रो. वाइस चांसलर, एरा यूनिवर्सिटी, मुख्य अतिथि थे। प्रो (डॉ.) अब्बास अली महदी, कुलपति, एरा यूनिवर्सिटी, लखनऊ ने समारोह की अध्यक्षता की। प्रो राजेंद्र प्रसाद, अध्यक्षध्संयोजक, राज्य अध्याय (यूपी), नेशनल एकेडमी ऑफ मेडिकल साइंसेज (इंडिया) और निदेशक चिकित्सा शिक्षा और प्रोफेसर, श्वसन चिकित्सा विभाग, एराज लखनऊ मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, एरा यूनिवर्सिटी लखनऊ ने पिछले एक वर्ष के दौरान छा।डै की उपलब्धियों के बारे में बताया उन्होंने कहा कि यह 25 मई 2023 को एरा विश्वविद्यालय में उत्तर प्रदेश राज्य में स्थापित पहला राज्य अध्याय था। उन्होंने आगे बताया कि स्टेट चैप्टर यूपी के अंतर्गत वूमेन इन मेडिसिन सेल, बायो स्टैटिस्टिक्स सेल और डेंटल सेल भी स्थापित किए गए हैं। उद्घाटन करते हुए, मुख्य अतिथि ब्रजेश पाठक ने इस अद्भुत कार्यक्रम के आयोजन के लिए सभी को धन्यवाद दिया और इस आयोजन को एक बड़ी सफलता बनाने के लिए प्रो. डॉ. राजेंद्र प्रसाद और एरा विश्वविद्यालय को बधाई दी और उन्होंने आगे कहा कि आजादी के बाद से भारत ने चिकित्सा के क्षेत्र में जबरदस्त प्रगति की है और बाकी दुनिया की तुलना में कहीं पीछे नहीं है और उन्होंने एरा विश्वविद्यालय द्वारा किए गए नवाचारों का भी दौरा किया और उनकी सराहना भी की एवं स्टेट चौप्टर उत्तर प्रदेश एनएएमएस (इंडिया) की स्मारिका, निर्देशिका और वेबसाइट का विमोचन किया। प्रो (डॉ) सरोज चूरामणि गोपाल, पूर्व अध्यक्ष छा।डै (इंडिया) ने एनएएमएस का समर्थन करने और हर पहलू में इसकी प्रगति में मदद करने के लिए एरा विश्वविद्यालय को धन्यवाद दिया। प्रो सरीन, (इंडिया) के पूर्व अध्यक्ष ने सराहना की कि उत्तर प्रदेश हमेशा चिकित्सा शिक्षा कौशल और प्रशिक्षण प्रदान करने में अग्रणी रहा है। प्रो. संजीव मिश्रा, माननीय कुलपति, अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, यूपी ऑनलाइन मोड के माध्यम से शामिल हुए और सभी को अपनी शुभकामनाएं दीं। प्रो. (डॉ.) दिगंबर बेहरा, अध्यक्ष, छा।डै (इंडिया) ने कहा कि उन्हें खुशी है कि यूपी राज्य अध्याय, छा।डै अपना पहला वार्षिक दिवस समारोह मना रहा है और उन्होंने प्रो. राजेंद्र प्रसाद और एरा विश्वविद्यालय को इसे आयोजित करने के लिए बधाई दी और वीडियो रिकॉर्ड संदेश के माध्यम से अपनी शुभकामनाएं भेजीं। उन्होंने आगे बताया कि छा।डै एक अनोखी संस्था है जो देश के चिकित्सा और सामाजिक लक्ष्यों को पूरा करने के लिए अपने संसाधन के रूप में अकादमिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देती है। डॉ. प्रदीप श्रीवास्तव वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक (पूर्व) बैस् (केंद्रीय औषधि अनुसंधान संस्थान) ने श्बायो इंस्पायर्ड इंजीनियरिंगश् पर एक व्याख्यान दिया।

■ प्रथम वार्षिक दिवस समारोह और सीएमई

# मुबारक में शातिर चोरों का फैला आतंक एक सप्ताह में हुई 6 चोरियां

**मुबारकपुर,आजमगढ़।** रेशमी नगरी मुबारकपुर में इस समय रात्रि में चोरों का आतंक फैला हुआ है कस्बा में पूरी तरह चोरों के भय व्याप्त है शातिर चोरों ने एक सप्ताह में 6 चोरियां कर मुबारकपुर कस्बे वासियों के दिल में इतना भय व्याप्त हुआ है कि शाम होते ही अपनी दुकान बंद कर सारे कीमती सामान वह पैसा समेट कर अपने घर में सुरक्षित जगह ले जाकर रखने पर मजबूर हैं चोरी की इस क्रम में पिछले रविवार को मोहल्ला इस्लामपुरा में मुबारकपुर, आजमगढ़ मार्ग पर रात्रि में तीन दुकान का शटर तोड़कर व मास्टर चाबी द्वारा खोलकर भारी रकम चुरा ले गए । जिसमें मुबारक अली पुत्र जुम्मन की परचून स्टोर की दुकान रविवार की रात में लगभग डेढ़ लाख रुपए ले उड़े। उसी समय लगभग 100 मीटर दूरी पर स्थित सृष्टि ज्वेलर्स के अमन वर्मा पुत्र राजू वर्मा की दुकान का आठ ताला तोड़कर अंदर घुसे तिजोरी का भी ताला तोड़ते हुए लगभग 10 लाख की ज्वेलरी लेकर रफू चक्कर हो गये।

**उपभोक्ता परिषद का पीपीपी मॉडल पर अब तक का सबसे बड़ा खुलासा**

# उद्योगपतियों को बडा लाभ वाला मॉडल अब सीबीआई जांच जरूरी

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन द्वारा दक्षिणांचल व पूर्वांचल को पीपीपी मॉडल में दिए जाने के लिए एनर्जी टास्कफोर्स से जो मसौदा को मंजूरी दिलाई गई वह पूरी तरह आने वाले समय में देश के उद्योगपतियों को ज्यादा फायदा देने वाला मसौदा है भारत सरकार की स्टैंडर्ड बिल्डिंग गाइडलाइन के अनुसार 15प्रतिसत से अधिक एटी0एण्ड0सी हानियों के आधार पर पीपीपी मॉडल को दिया जाता है लेकिन पावर कॉरपोरेशन की तरफ से दाखिल एनर्जी टास्क फोर्स में जी प्रस्ताव को मंजूरी दी गई वह रिजर्व प्राइस के आधार पर दी गयी है और सबसे बडा सवाल यह है कि उसी एनर्जी टास्क फोर्स की बैठक में जो प्रेजेंटेशन किया गया उसमें यह दिखाया गया की दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम की गैर सरकारी हानियां जो है वह 39.42 प्रतिसत है और पूर्वांचल की 49.22 प्रतिसत है यानी कि आने वाले समय में देश के निजी घराने टेंडर पाते ही हर साल बिना कुछ किया हजारों करोड कमाएंगे क्योंकि वास्तव में यह एटी0एण्ड0सी हानियां 18 प्रतिसत से 19 प्रतिसत के आसपास है वहीं दूसरी तरफ केंद्र सरकार की आरडीएसएस स्कीम में जो एटी0एण्ड0सी लाइन हानियां भारत सरकार द्वारा अनुमोदित की गई वह वर्ष 2024-25 के लिए दक्षिणांचल की 18.97प्रतिसत और पूर्वांचल की 18.49 प्रतिसत है यानी कि कानून के तहत टेंडर आरडीएसएस द्वारा जो एटी0एण्ड0सी अनुमोदित हानियां है उसके आधार पर आर0एफ0पी की मंजूरी होनी चाहिए सवाल उठना लाजिमी है कि उद्योगपतियों को फायदा देने के लिए ऐसा क्यों किया जा रहा है अब पूरे मामले की सीबीआई से जांच कराया जाना बहुत महत्वपूर्ण हो गया है उपभोक्ता परिषद का यह खुलासा सरकार की नींद उडाने वाला है लेकिन उपभोक्ता हित में उपभोक्ता परिषद संवैधानिक तरीके से अपनी बात को रखने में बिना डर के रखता है और यह हमेशा से उसकी कार्यप्रणाली का महत्वपूर्ण पारदर्शी हिस्सा रहा है। उत्तर प्रदेश राज विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा उपभोक्ताओं और विभाग का कोई भी फायदा नहीं होने वाला है।

■ पीपीपी मॉडल के लिए एनर्जी टास्क फोर्स में स्टैंडर्ड बिल्डिंग गाइडलाइन के विपरीत

# मानव अधिकार दस्तावेजों तक ही सीमित नहीं रहने चाहिए : प्रो. हरवंश

**अवधनामा संवाददाता**

■ मानव अधिकारों के ऐतिहासिक विकास और मौजूदा चुनौतियों पर भी प्रकाश डाला



**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के विधि संकाय के डीन प्रो. हरवंश दीक्षित ने कहा, मानव अधिकार केवल दस्तावेजों तक सीमित नहीं रहने चाहिए। इन्हें धरातल पर लागू करना समाज की प्राथमिक जिम्मेदारी है। साथ ही उन्होंने मानव अधिकारों के ऐतिहासिक विकास और मौजूदा चुनौतियों पर भी प्रकाश डाला।

प्रो. दीक्षित तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज की ओर से मानव अधिकार दिवस के अवसर पर आयोजित सेमिनार में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।

इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन और स्वागत भाषण से हुई। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. सुशील कुमार सिंह ने कहा कि मानव अधिकारों को सुदृढ़ करने में शिक्षण संस्थाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक डॉ. डालचंद ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। सेमिनार में विभाग अध्यक्ष डॉ. अमित वर्मा, डॉ. सुशीम शुक्ला, डॉ. मनीष यादव, डॉ. कृष्ण मोहन मालवीय, श्री बिश्नानंद दूबे, डॉ. नम्रता जैन आदि ने भाग लिया ।

# पीपीपी मॉडल : पूरे प्रदेश में दलित व पिछड़े वर्ग के अभियंताओं ने काली पट्टी बांध जताया विरोध

**अवधनामा संवाददाता**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पावर ऑफिसर्स एसोसिएशन के बैनर तले आज पूरे उत्तर प्रदेश में सभी बिजली कंपनियों में दक्षिणांचल व पूर्वांचल को पीपीपी मॉडल के तहत इसका निजीकरण किए जाने के विरोध में दलित व पिछड़े वर्ग के अभियंता कार्मिकों ने काली पट्टी बांधकर अपना विरोध जताया और प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री जी से मांग उठाई की पावर कॉरपोरेशन असमवैधानिक तरीके से प्रस्ताव पास कर एनर्जी टास्क फोर्स में अनुमोदित कराकर उसे कैबिनेट की मंजूरी लेना चाहता है जो पूरी तरह गलत होगा ऐसे में माननीय मुख्यमंत्री जी इस प्रस्ताव को खारिज करते हुए उच्च स्तरीय जांच कराए और इस बात की भी जांच होनी चाहिए कि इतनी जल्दबाजी में चलते हुए बिजली निगम को पीपीपी मॉडल में देने की क्या आवश्यकता पड गई।

उत्तर प्रदेश पावर ऑफिसर्स एसोसिएशन के कार्यवाहक अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा महासचिव अनिल कुमार सचिव आरपी केन संगठन सचिव बिंदा प्रसाद राम बुझारत प्रभाकर सिंह एसके विमल अरुण कुमार भारती सुशील कुमार वर्मा अजय कुमार विनय कुमार ने अपने बयान में कहा कि आज पूरे उत्तर प्रदेश में दलित व पिछड़े वर्ग के अभियंता कार्मिकों ने सुबह 10 बजे कार्यालय पहुंचते ही काली पट्टी बांधकर अपना नियमित काम किया और शाम 5 बजे बाबा साहब के फोटो के सामने करो मरो की तर्ज पर संवैधानिक तरीके से अपने आंदोलन को चलाने का संकल्प लेते हुए प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री जी से पूरे मामले पर पुनर्विचार की मांग उठाई।

पावर ऑफिसर एसोसिएशन के पदाधिकारी ने कहा की आज जो कैबिनेट में प्रस्ताव को अनुमोदित करने का मामला था आज उत्तर प्रदेश की कैबिनेट नहीं हुई है ऐसे में पावर कॉरपोरेशन जो जल्दबाजी में प्रस्ताव पास करना चाहता था उसे पर अभी विराम लगा है इसलिए कल जो संगठन की तरफ से ऐलान किया गया था कि कैबिनेट में पास होने के बाद दलित व पिछड़े वर्ग के अभियंता एक दिन का उपवास रखेंगे फिलहाल उसे स्थगित किया जाता है और पावर ऑफिसर एसोसिएशन संवैधानिक तरीके से अपनी लडाई को आगे बढाता रहेगा।

# एसपी ने थाना गुरसहायगंज का किया निरीक्षण



**कन्नौज अवधनामा संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने थाना गुरसहायगंज का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महिला हेल्प डेस्क, थाना कार्यालय, मालखाना, कंप्यूटर कार्यालय, मेस, आरक्षी बैरक एवं सम्पूर्ण थाना परिसर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एसपी अमित कुमार आनंद ने थाना कार्यालय के अभिलेखों की जांच की गई और उन्हें सुव्यवस्थित एवं अद्यावधिक रखने हेतु समस्त सम्बंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। लंबित विवेचनाओं का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया साथ ही अपराध नियंत्रण व कानून-व्यवस्था के अंतर्गत चलाए जा रहे अभियानों की भी समीक्षा की गई।इस अवसर पर एसपी ने ग्राम चौकीदारों को कंबल एवं कैप वितरित कर उनका मनोबल बढ़ाया।

# महिषासुरमर्दिनी की प्रस्तुति ने मोहित किया

**अवधनामा संवाददाता**




पोस्ट संख्या 10 कोतवाली प्रखण्ड में प्रतीक सरकारी पोस्ट वार्डेन का हुआ सम्मान

**गोरखपुर।** नागरिक सुरक्षा कोतवाली प्रभाग द्वारा 62 वें स्थापना दिवस के अवसर पर महिषासुरमर्दिनी व शक्ति सम्मान एवं वार्डेन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ मुख्यअतिथि महापौर डॉ मंगलेश श्रीवास्तव, कुलपति प्रो. पूनम टन्डन, विशिष्ट अतिथि भगवती जालान,ओम जालान,पुष्प दंत जैन, उपनियंत्रक सत्य प्रकाश सिंह,चीफ वार्डेन डॉ संजीव गुलाटी ,डिवीजनल वार्डेन कोतवाली विकास जालान द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

तत्पश्चात महिषासुर मर्दिनी, श्री रामचंद्र कृपालु भजमन, प्यार मेरा देश आदि सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति हुई। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कुलपति प्रो. पूनम टन्डन ने कहाकि समाज में सुरक्षा की भावना जगाना व उन्हें आपदाओं के प्रति जागरूक करना ही नागरिक सुरक्षा का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहाकि नागरिक सुरक्षा के 62वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में कोतवाली प्रभाग द्वारा देशभक्ति व शक्ति सम्मान को केन्द्र में रखकर आयोजित किया गया सांस्कृतिक कार्यक्रम निश्चित ही समाज को नई दिशा देने में सहायक होगा। इसीक्रम में चीफ वार्डेन डॉ संजीव गुलाटी ने कहाकि आपदाओं में आमजन के मध्य जाकर निःस्वार्थ सेवाओं के द्वारा समाज के प्रहरी का कार्य करते हैं वार्डेन उन्होंने कहाकि आपदाओं के साथ -साथ विभिन्न पर्व -त्यौहारों के दौरान भी नागरिक सुरक्षा के वार्डेन जिला प्रशासन के सहयोगी के रूप में अपनी महती भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम को उपनियंत्रक सत्य प्रकाश सिंह, चीफ वार्डेन डॉ. संजीव गुलाटी,डिप्टी चीफ वार्डेन डॉ. शरद श्रीवास्तव ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों का स्वागत डिवीजनल वार्डेन कोतवाली विकास जालान ने स्मृति चिन्ह प्रदान कर किया । आभार ज्ञापन स्टाफ अफसर फायर सौरभ सिंह व संचालन वरिष्ठ सहायक उपनियंत्रक वेद प्रकाश यादव व आई.सी.ओ. कुमार आदर्श आनन्द ने किया । **कोतवाली प्रभाग नें नौ मातृ शक्ति का किया सम्मान–** प्रो.पूनम टन्डन, कुलपति, सुप्रिया द्विवेदी, सुधा मोदी, समता अग्रवाल, श्वेता श्रीवास्तव, मंजू अग्रवाल, साधना श्रीवास्तव, पुष्पलता सिंह, मिलन अग्रवाल। इस अवसर पर उपनियंत्रक सत्य प्रकाश सिंह,सहायक उपनियंत्रक वेद प्रकाश, विकास जालान,मुर्तजा आलाम, सुरेश कुमार,जितेन्द्र देव उपाध्याय, संतोष श्रीवास्तव, डॉ मनोज मिश्रा, कुमार आदर्श आनन्द, मनोज गुप्ता सहित अनेकों पोस्ट वार्डेन, डिप्टी पोस्ट वार्डेन, सेक्टर वार्डेन व स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

**ये वार्डेन हुए सम्मानित**

मनौव्वर सुल्ताना, सौरभ सिंह, तनवीर आलम, राजेन्द्र गुप्ता, विशाल सिंह, दुर्गेश त्रिपाठी, प्रतीक सरकारी, इरशाद अहमद, फहीमुद्दीन खां, राकेश गुप्ता, श्याम कश्यप, फैज अहमद, सौरभ गुप्ता सहित अनेकों वार्डेन हुए सम्मानित।

# इण्टरनेशनल मैथ्स टीचर्स ओलम्पियाड में शिक्षिका का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**अवधनामा संवाददाता**



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज द्वितीय कैम्पस की शिक्षिका सुश्री तनुश्री रस्तोगी ने इण्टरनेशनल मैथ्स टीचर्स ओलम्पियाड में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी शिक्षण प्रतिभा व प्रोफेशनल कौशल का परचम लहराया है। इस प्रतिष्ठित ओलम्पियाड में सुश्री तनुश्री ने 100 परसेन्टाइल के साथ अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर टॉप 200 टीचर्स में अपना स्थान सुनिश्चित किया है। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने इस सफलता हेतु सुश्री तनुश्री रस्तोगी को हार्दिक बधाई दी है। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि सी.एम.एस. शिक्षिका की यह उपलब्धि शिक्षा के क्षेत्र में उनकी प्रतिबद्धता, दक्षता व विशेषज्ञता का प्रमाणित करने के साथ ही विद्यालय की अनूठी 'ब्राडर एण्ड बोल्डर' शिक्षण पद्धति की विशेषता को दर्शाती है। इस ओलम्पियाड का उद्देश्य शिक्षकों की शिक्षण प्रतिभा एवं कौशल विकास को प्रोत्साहित एवं उत्प्रेरित करने के साथ ही उनके प्रदर्शन में गुणात्मक परिवर्तन लाना है।

श्री खन्ना ने बताया कि सी.एम.एस. शिक्षकों की लगन व कर्तव्यनिष्ठा के बलबूते ही विद्यालय दिन प्रतिदिन नये कीर्तिमान गढ़ रहा है तथापि सी.एम.एस. शिक्षकों ने विद्यालय के 65 वर्षीय शैक्षिक सफ़र में कई आयाम स्थापित किए हैं जिस पर सिर्फ लखनऊवासियों को ही नहीं अपितु पूरे प्रदेश व देश को गर्व है।

# प्रभारी मंत्री ने भ्रमण कर देखे विकास कार्य

अवधनामा संवाददाता

- अधिकारियों को त्वरित गति से प्रगति बढ़ाने के दिये निर्देश
- मलिन बस्ती में गंदगी देख भड़के प्रभारी मंत्री, सफाई निरीक्षक पर कार्यवाही के दिये निर्देश
- मेडिकल कॉलेज में विद्युत कनेक्शन हेतु शासन से पत्राचार करने के निर्देश
- बाबासाहब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये
- विद्यालय का निरीक्षण कर बच्चों का शैक्षिक स्तर जाना, भोजन की परखी गुणवत्ता



**ललितपुर।** अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज राज्यमंत्री/प्रभारी मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने मंगलवार को जनपद भ्रमण के दौरान विभिन्न स्थलों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सर्वप्रथम उच्च प्राथमिक विद्यालय सिविल लाइन (बीआरसी जखौरा) का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके उपरान्त अम्बेडकर पार्क पहुंचकर बाबा साहब डा.भीमराव अम्बेडकरजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात अमरपुर स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया। इसके उपरान्त प्रभारी मंत्री ने जेल चौराहा स्थित झांसीपुरा मलिन बस्ती का भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया तथा नगर में राजकीय मेडिकल कॉलेज के नवीन भवन में एमबीबीएस के छात्र-छात्राओं से वार्ता की। इस दौरान श्रम राज्यमंत्री मनोहर लाल, पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुन्नालाल, चन्द्रशेखर, श्रीकांत कुशवाहा, एमएलसी प्रतिनिधि सहित अन्य मौजूद रहे।

इस दौरान प्रभारी मंत्री ने सर्वप्रथम उच्च प्राथमिक विद्यालय सिविल लाइन (बीआरसी जखौरा) पहुंचे, यहां पर उन्होंने कक्षाओं में जाकर शिक्षकों से शैक्षिक स्तर की जानकारी ली, तथा बेसिक शिक्षा अधिकारी से विद्यालय में शिक्षकों व बच्चों के मानक के बारे में पूछा। बताया गया कि विद्यालय में 300 का छात्रांकन है, विद्यालय में कायाकल्प के तहत टाइल्सीकरण का कार्य लम्बित है, जिस पर तत्काल ईओ को उक्त कार्य कराने के निर्देश दिये गए। इसके उपरान्त प्रभारी मंत्री ने विद्यालय की रसोई में पक रहे भोजन की गुणवत्ता परखी, बताया गया कि आज दाल चावल बनाये जा रहे हैं, उन्होंने निर्देश दिये कि बच्चों को उच्च गुणवत्ता के खाद्य पदार्थों से पका भोजन ही दिया जाए। तदोपरान्त प्रभारी मंत्री ने जेल चौराहा स्थित अम्बेडकर पार्क पहुंचकर बाबा साहब डा.भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये। इसके प्रभारी मंत्री ने अमरपुर स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने सर्वप्रथम डेमो 3 डी नक्शे का अवलोकन किया, जिसमें मनोरंजन कक्ष, अर्केडमिक ब्लॉक, मल्टीपरपज हॉल, लाईब्रेरी, होस्टल, रेसीडेंस, डायरेक्टर रेसीडेंस, प्ले ग्राउंड आदि को देखा। बताया गया कि कि मेडिकल कॉलेज का कार्य पूर्ण हो चुका है, केवल विद्युत कनेक्शन शेष है, सब स्टेशन के लिए प्रस्ताव शासन को भेज दिया गया है, टेम्प्रेरी व्यवस्था लगभग 1 माह में हो जाएगी। निरीक्षण के दौरान मनोरंजन कक्ष की क्षमता 250 कुर्सियों की बतायी गई, जो कि बहुत कम है, साथ ही गर्ल्स हॉस्टल में बने हॉल के बीचों-बीच अत्यधिक पिलर होने पर पर नाराजगी व्यक्त की गई। इसके साथ ही गर्ल्स हॉस्टल के कई कक्ष बंद मिले, जिन्हें खुलवाने हेतु चाभी भी विलम्ब से लायी गई। इस पर प्रभारी मंत्री ने घोर नाराजगी जाहिर करते हुए भविष्य के लिए चेतावनी दी। उन्होंने प्रिंसिपल मेडिकल कॉलेज को निर्देश दिये कि जल्द से जल्द विद्युत कनेक्शन का कार्य करायें और जनपदवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ दें। उन्होंने नगर क्षेत्र में राजकीय मेडिकल कॉलेज के नवीन भवन में एमबीबीएस के छात्र-छात्राओं से वार्ता भी की। उन्होंने कहा कि आप सभी भविष्य के डॉक्टर्स हैं, यह एक पवित्र पेशा है, आप सभी यहां से अच्छी शिक्षा लेकर देश के अलग-अलग स्थानों पर अपनी सेवाएं देंगे, आगे चलकर आपके कंधों पर बड़ी जिम्मेदारी आयेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशानुसार आज पूरे प्रदेश में वन डिस्ट्रिक-वन मेडिकल कॉलेज का सपना साकार होता नजर आ रहा है, आज प्रदेश के लगभग 65 से ज्यादा जनपदों में मेडिकल कॉलेज संचालित हो रहे हैं। उन्होंने कहा जीवन में हर व्यक्ति को कभी न कभी चिकित्सक की जरुरत पड़ती है, इसलिए आप सभी पूरी गंभीरता से प्रशिक्षण लेकर मानव सेवा करें।

### नगर पालिका को जमकर लगायी फटकार

प्रभारी मंत्री ने मेडिलक कॉलेज के निरीक्षण के उपरान्त जेल चौराहा-झांसीपुरा स्थित मलिन बस्ती का भ्रमण किया, यहां उन्होंने अम्बेडकर पुस्तकालय के पीछे मैदान का निरीक्षण किया, जहां मौके पर अत्यधिक मात्रा में कचरे का ढेर लगा हुआ पाया, इस पर उन्होंने कड़ी फटकार लगाते हुए सम्बंधित सफाई निरीक्षक के विरुद्ध कार्यवाही कर अवगत कराने हेतु ईओ को निर्देश दिये। इसी दौरान मोहल्ले से निकले नाले के पत्थर टूट जाने से स्थानीय निवासियों द्वारा सुधार की मांग की गई, जिस पर ईओ को मरम्मत हेतु निर्देशित किया गया। मौके पर कुछ महिलाओं द्वारा रोजगार दिलाये जाने की बात कही गई, जिस पर प्रभारी मंत्री ने उक्त महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जोड़कर स्वरोजगार उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक, मुख्य विकास अधिकारी कमलाकांत पाण्डेय, प्रिंसपल मेडिकल कॉलेज, उप जिलाधिकारी सदर चन्द्रभूषण प्रताप, क्षेत्राधिकारी सदर अभयनारायण राय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रणवीर सिंह, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, अधिशासी अधिकारी नगर पलिका दिनेश विश्वकर्मा सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सहरिया आदिवासी समुदाय की समस्याओं के निस्तारण की मांग



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर जिले के सहरिया आदिवासी समुदाय के लोगों ने प्रदर्शन करते हुये एक मांग पत्र जिलाधिकारी को संबोधित करते हुये एसडीएम को सौंपा। एसडीएम को सौंपे पत्र में एकता परिषद बुन्देलखण्ड ने बताया कि मानवाधिकार दिवस 10 दिसम्बर 2024 को जिले के ब्लॉक जखौरा से 20 गांव के सहरिया आदिवासी महिला एवं पुरुष लम्बे समय से लंबित आवास, आवासीय पट्टा, कृषि भूमि एवं अन्य समस्याओं के आवेदन निराकरण हेतु ज्ञापन प्रस्तुत किया जा रहा है। बताया कि तहसील सदर में 31 अक्टूबर 2022, 14 मार्च 2023 एवं 20 अगस्त 2023 में आवेदन दिए गए, लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। इसी दशा में सम्बन्धित व्यक्ति को कोई जानकारी नहीं दी गई है। उन्होंने जिला प्रशासन से मानवाधिकार दिवस में अवसर पर अपील की है कि पूर्व में दिए गये आवेदनों पर रिमाइंडर करें, गांव-गांव से सहरिया आदिवासी परिवार लंबित समस्याओं का समाधान करायी जायें। इस आशा के साथ कि आप गरीब सहरिया आदिवासी के हक में समस्याओं का निराकरण कराये जाने एवं की जाने वाली कार्यवाही से संगठन को अवगत कराने की मांग उठायी। इस दौरान प्रान्तीय संयोजक सियाराम सहरिया, मनोहरलाल, भरत, जसवन्त, बलवंत, राजेन्द्र कुमार, हंसराज, सज्जन, केशवदास, सुखवती, लीला के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।

# नरेन्द्र मोदी विकसित भारत निर्माण के जननायक : गणेश केसरवानी

- महापौर एवं भाजपाइयों ने अक्षत चावल वितरण कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा के लिए किया आमंत्रित

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** महापौर गणेश केसरवानी भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 13 दिसंबर को प्रस्तावित जनसभा को लेकर जन जन से सम्पर्क कर अक्षत रोली चावल वितरण किया और जनसभा के लिए आमंत्रित किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित भारत निर्माण की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है और विश्व पटल पर मजबूती के साथ खड़ा है। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मजबूत नेतृत्व के कारण हर भारतीय का सम्मान बढा हुआ हैं और गर्व की अनुभूति होती है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के साथ विकसित प्रयागराज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को साकार रूप दे रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी जिम्मेदारी है कि देश के निर्माण में जीवन का हर क्षण समर्पित करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों को सुने और विकसित भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं। जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने बताया कि कृष्णा नगर, कीडगंज, मुट्ठीगंज ,चौखंडी, नई बस्ती, वार्ड में जनसभा को सफल बनाने के लिए संपर्क किया गया।

इस अवसर पर राजू पाठक, प्रमोद जायसवाल, राजेश केसरवानी, पार्षद मुकेश कसेरा, रूद्रसेन जायसवाल, भाजपा नमामि गंगे के संयोजक राजेश शर्मा, दुर्गेश सिंह, विष्णु त्रिपाठी, दिलीप केसरवानी, हरीश केसरवानी, अजय अग्रहरि, तेज प्रताप सिंह, सुनील कुमार, सिद्धार्थ पांडेय, नरेंद्र जायसवाल, मनोज त्रिपाठी, वीरू यादव, सुजल श्रीवास्तव आदि रहे।

# मानवाधिकार संरक्षण के लिए विधि छात्रों ने ली शपथ

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** मानवाधिकार दिवस पर एक गोष्ठी का आयोजन जय बुंदेलखंड कॉलेज ऑफ लॉ पनारी में किया गया, जिसमें कॉलेज के निदेशक और शिक्षक विधायक प्रतिनिधि केदारनाथ तिवारी ने विधि छात्रों को मानवाधिकार के संरक्षण के संबंध में शपथ दिलाई। इस उन्होंने कहा कि समाज के गरीब से गरीब व्यक्ति को न्याय सुलभ हो, इसके लिए सभी विधि छात्रों को आज जागरूक होना होगा। उन्हें यदि लग रहा है कि किसी व्यक्ति को नाजायज प्रताड़ित किया जा रहा है, उसके मानव अधिकारों का हनन हो रहा है, तो ऐसे निर्बल वर्ग की वैधानिक मदद के लिए विधिक सहायता प्रकोष्ठ की मदद लेते हुए न्याय उपलब्ध कराने में अपना योगदान देना चाहिए। राजकीय शिक्षक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष माजिद पठान ने बताया कि शिक्षक विधायक डा.बाबूलाल तिवारी की दूरदर्शी सोच के चलते आज जनपद में ही विधि शिक्षा सुलभ हो सकी है। कहा कि जनपद में आम नागरिकों तक विधिक साक्षरता की पहुंच बढ़ाने व महिला सशक्तिकरण से संबंधित विशेष कानून की जानकारी महिलाओं तक पहुंचाने के लिए शीघ्र ही और महाविद्यालय के सहयोग से एक वृहद गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। शिक्षक कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के जिलाध्यक्ष डा.हेमंत तिवारी ने कहा कि आजादी की लड़ाई से लेकर देश को कुशल हाथों में ले जाने और दूरदर्शी मार्गदर्शन देने में हमेशा से ही विद्वान अधिवक्ताओं का योगदान रहा है। बात चाहे महात्मा गांधीजी की हो मोतीलालजी नेहरू की हो या वर्तमान परिपेक्ष में महान्याय मूर्ति डी.बाई. चंद्रचूड़ के बहु प्रतिक्षित निर्णय से जुड़ी हो सभी जगह विधि से जुड़े लोगों ने अपने एक अमिट छाप छोड़ी है। आज समय आ गया है इस क्षेत्र से जुड़े लोग समाज में विधि के क्षेत्र में जागरूकता में अपने सामाजिक सारोकारों का भी निर्वहन करें। इस दौरान विधि छात्र अजय राजपूत, हर्ष श्रीवास्तव, अरिजीत खरे, विजय वर्मा, शिवशंकर अहिरवार, सूर्यप्रकाश वर्मा, आशीष कुमार वर्मा, दीपक सोनी, किरण झा, राम चौबे, शंकरलाल, राहुल किशोर, आशुतोष, शिवम साहू ने भी अपने विचार रखें। महाविद्यालय परिवार की ओर से रूपेश साहू ने समस्त आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

## संक्षिप्त समाचार

### बाल अपराधो की रोकथाम के लिए अधिशासी अधिकारी ने किया पोस्टर का विमोचन

**संभल।** एक्सेस टू जस्टिस फॉर चिल्डर्न, कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन और प्रयत्न संस्था के संयुक्त तत्वाधान में लगातार बाल अपराध रोकने क लिए ग्रामीण क्षेत्र व शहरी क्षेत्रों मे जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम मे एक्सेस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रन प्रयत्न संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर गौरीशंकर चौधरी के नेतृव मे मंगलवार को जागरूकता अभियान चलाया गया। जागरूता अभियान के माध्यम से लोगों को बाल विवाह, बाल मजूदरी और बाल तस्करी को गैर कानूनी बताते हुए रोकथाम के उपाय बताये और सरकार की हेल्पलाईन नम्बरो जिनसे बाल अपराधों को रोकने मे मदद मिल सके उनके बारे मे विस्तार से बताया। साथ ही नगर क्षेत्र मे जागरूकता अभियान के लिए नगर पालिका परिषद सम्भल के अधिकारी अधिकारी डॉ0 मणि भूषण तिवारी से उनके कार्यालय मे भेंट करते हुए संस्था के पम्फलेट का विमोचन किया। जारी पोस्टर पर 112 पुलिस, 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन भी अंकित है। संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर गौरीशंकर चौधरी ने कहा कि सभी लोग इस अभियान मे आगे आकर सहयोग करें।

### पुलिस ने हिंसा के आरोपीयो की तलाश मे दबिश दी

**संभल।** 24 नवंबर को ऐतिहासिक शाही जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा के आरोपीयो की तलाश मे संभल पुलिस खोजबीन मे लगी है इसी के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार ने संभल सदर कोतवाली क्षेत्र में व नखासा थाना क्षेत्र में,आरआरएफ,आरपीएफ, स्थानीय थानों की पुलिस फोर्स के साथ कानून एवं शांति व्यवस्था के दृष्टिगत मुख्य मार्गो, बाजारों व भीड़-भाड़ वाले इलाकों में पैदल गस्त की गयी । चैकिंग के दौरान करीब 32 वाहनों के चालान एमवी एक्ट के अन्तर्गत व ,4 वाहनों को सीज किया गया। एवं दिनांक थाना क्षेत्र के दीपासराय व तीमरदास सराय में पुलिस फोर्स के साथ कुल 13 जगहों पर दबिश दी गयी,दबिश के दौरान एक घर से मादक पदार्थ व अन्य से अवैध शस्त्र बरामद किये गये,बरामदगी के आधार पर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है संभल मे माहौल शांत है एहतियाती के तौर पर पुलिस बल तैनात है शहर के बाजार पुरी तरह से खुले है बाजारो मे पुर्व की तरह रौनक लौट आयी हैं जिससे शहर के व्यापारियों मे उत्साह देखा जा रहा है।

### आरएसएस का वार्षिकोत्सव सम्पन्न

**ललितपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष में संघ की शाखाओं के विस्तार में खंड बिरधा के ग्राम पडना का वार्षिकोत्सव संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि अरुण ने संघ की स्थापना से लेकर संघ के पूरे सिद्धांत और कार्य पद्धति को बताया। उन्होंने कहा शाखा में व्यक्ति के व्यक्तित्व और चरित्र का निर्माण तो होता ही है। खेल-खेल में जीवन जीने का मार्ग भी स्वयंसेवक सीख जाते हैं। व्यक्ति निर्माण से समाज और समाज से राष्ट्र निर्माण का कार्य संघ का मुख्य कार्य होता है। आज की युवा पीढी जिस तरीके से नशे का शिकार हो रही है। शाखा में जानेवाले स्वयं सेवक इनसे मुक्त रहते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाखा कार्यवाह वेदांश ने की। कार्यक्रम में जिला शारीरिक प्रमुख भारत, खंड कार्यकारिणी से हरिओम, रामअवतार सिंह, अजय चौबे, शिवांश, मुकेश नायक, रवि साहू, अवधेश, शाखा टोली से हर्ष, आदर्श, देव, राम, प्रदुम्न, साहिल, चीनू, ध्रुव, अभिषेक, हर्षित, वरदान राजपूत, स्वयंसेवक बन्धू एवं ग्राम से जगदीश चौबे, खुशीलाल पटैरिया, अनूप, सुदामा, बृजेश, अरविंद, घंसू, रामबाबू, नरेंद्र, संजय, ऋषि, चिराग, नीलू, अनुराग, किशोरी, भजन, खलक, नीलेश, पीयूष, शैलेन्द्र उपस्थित रहे।

# तुवन मंदिर परिसर में महिलाओं को किया जागरूक

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक व एएसपी अनिल कुमार के पर्यवेक्षण में कोतवाली पुलिस द्वारा तुवन मंदिर ग्राउंड, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस उप निरीक्षक रंजना वर्मा व सरोज यादव, सुशीला द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी.एम. स्वानिधि योजना, पी.एम. सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, प्रधानमंत्री फ्री सिलाई योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना, महिला ई-हाट योजना तथा विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी.एम. हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साईबर क्राईम हेल्प लाईन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया।

# सिजनौडा बजरंग आश्रम के महंत हुए ब्रह्मलीन

अवधनामा संवाददाता

**मौदहा हमीरपुर।** 10 दिसंबर मौदहा नगर से लगभग दो किलोमीटर दूर कपसा मार्ग पर सिजनौडा बजरंग आश्रम के महंत बजरंग दास के ब्रह्मलीन होने की खबर सुनकर उनके अंतिम दर्शनों के लिए हजारों श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। दोपहर बाद मंदिर परिसर में ही उन्हें समाधि दी गयी है। अचानक हुई इस घटना से उनके शिष्यों सहित क्षेत्र के जनमानस में शोक की लहर दौड़ गई है। आश्रम के परिकरों ने बताया कि सोमवार की साम अचानक महंत बजरंग दास की तबीयत बिगड़ी और उन्हें आनन-फानन में मौदहा सीएचसी पहुंचाया गया जहां से डाक्टरों ने सदर अस्पताल हमीरपुर के लिए रिफर कर दिया था। हमीरपुर सदर अस्पताल में उन्होंने मंगलवार को सुबह लगभग चार बजे अंतिम सांस ली है।यह खबर मिलते ही उनके शिष्यों और आश्रम के श्रद्धालुओं में शोक की लहर दौड़ गई। बड़ी संख्या में चित्रकूट सहित आसपास के धार्मिक स्थलों के संत महंत और क्षेत्र के श्रद्धालुओं की भीड़ आश्रम में एकत्रित हो गई। दोपहर बाद मंदिर परिसर में ही उन्हें समाधि दी गई है। बताया जाता है कि स्वामी बजरंग दास बाल्यावस्था में ही इस आश्रम में आ गए थे और उन्होंने यहां भव्य हनुमान मंदिर का निर्माण श्रद्धालुओं और अपने शिष्यों के सहयोग से कराया है। इतना ही नहीं शिव मंदिर का भव्य निर्माण भी उन्होंने प्रारंभ कराया था जिसके लिए बाकायदा मैटेरियल भी एकत्र हो गया था लेकिन अचानक उन्होंने शरीर छोड़ दिया है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन चौदह दिसम्बर को

**ललितपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली से प्राप्त दिशा-निदेशों के अनुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में 14 दिसम्बर 2024 को सुबह 10 बजे से जनपद न्यायालय परिसर ललितपुर एवं जनपद की सभी तहसीलों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिला जज/अध्यक्ष आलोक कुमार पाराशर ने आम नागरिकों से अपील की है कि वह इस राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर वाहनों से संबंधित ई-चालान, आपराधिक शमनीय वाद, बैंक वसूली वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, पारिवारिक/वैवाहिक मामलें, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, विद्युत अधिनियम, स्टाम्प अधिनियम, पुलिस अधिनियम के अन्तर्गत चालान वाद, दुकान एवं वाणिज्य अधिनियम के अधीन बांट माप वाद, आयकर, वाणिज्य कर, जलकर, वन अधिनियम, सेवा संबंधी वाद, चेक बाउन्स के मामलें आदि के अन्तर्गत लंबित वादों एवं अन्य वादों के निस्तारण राष्ट्रीय लोक अदालत में किये जायेगें।

### मदरसा अशरफिया सिराजुल उलूम मे नि:शुल्क स्कूली बैग का किया वितरण

**मुबारकपुर,आजमगढ़।** मदरसा अशरफिया सिराजुल उलूम, नेवादा मुबारकपुर में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को नि:शुल्क स्कूल बैग वितरण का एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्याम सुंदर चौहान, राष्ट्रीय अध्यक्ष, अखिल भारतीय चौहान महासभा एवं अभय नाथ राय राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रभारी उत्तर प्रदेश।

कार्यक्रम का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करना और उन्हें शैक्षिक सुविधाओं में सहायता प्रदान करना था। मुख्य अतिथि श्याम सुंदर चौहान जी ने अपने उद्बोधन में शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला और समाज के हर वर्ग को शिक्षा के लिए जागरूक होने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में बच्चों के बीच 300 स्कूल बैग वितरित किए गए। इसके साथ ही, बच्चों और उनके अभिभावकों को शिक्षा के प्रति सकारात्मक सोच रखने के लिए प्रेरित किया गया।

# सबीए चुनाव: 20 लोगों ने लिया पर्चा

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** बहु प्रतीक्षित सोनभद्र बार एसोसिएशन सोनभद्र के निर्वाचन सत्र 2024925 के लिए हो रहे मतदान के लिए नामांकन पत्र वितरण के प्रथम दिन मंगलवार को अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष 10 वर्ष से नीचे, उपाध्यक्ष 10 वर्ष से ऊपर, महामंत्री, कोषाध्यक्ष, संयुक्त मंत्री एवं कार्यकारिणी सहित भिन्न-भिन्न पदों के लिए कुल 20 लोगों ने पर्चा लिया। जिसमें अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष 10 बर्ष से नीचे, महामंत्री व कोषाध्यक्ष पद के लिए दो - दो लोगों ने पर्चा लिया है। वहीं उपाध्यक्ष 10 वर्ष से ऊपर के लिए 3 लोगों ने पर्चा लिया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी शशि कुमार मिश्र ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए दो प्रत्याशी अरुण कुमार मिश्र व ओम प्रकाश पाठक, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए दो प्रत्याशी शारदा प्रसाद मौर्या एवं गोविंद प्रसाद मिश्र, महामंत्री पद के लिए दो प्रत्याशी अरुण कुमार सिंघल एवं योगेश कुमार द्विवेदी, उपाध्यक्ष 10 वर्ष से ऊपर के लिए तीन प्रत्याशियों संजय कुमार पांडेय, प्रदीप देव पांडेय एवं पुष्पा तिग्गा तथा उपाध्यक्ष 10 वर्ष से नीचे के लिए आशुतोष कुमार दुबे व अखिलेश कुमार मिश्र , कोषाध्यक्ष के लिए आशीष कुमार मिश्र व वीरेंद्र कुमार सिंह तथा संयुक्त मंत्री प्रशासन अजय प्रकाश मिश्र व संयुक्त मंत्री प्रकाशन गीता गौर ने पर्चा लिया है। वही सदस्य कार्यकारिणी 15 वर्ष से ऊपर के लिए एक प्रत्याशी सेराज अख्तर खां एवं सदस्य कार्यकारिणी 15 वर्ष से नीचे के लिए चार प्रत्याशी आशीष कुमार पाल, राहुल जैन, कंचन व रामशंकर चौधरी ने पर्चा लिया है। उन्होंने यह भी बताया कि बुधवार को नामांकन पत्र के विक्रय की आखिरी तिथि नियत है। 11 दिसंबर एवं 12 दिसंबर को प्रत्याशी अपना पर्चा दाखिल करेंगे। उधर अध्यक्ष, महामंत्री, वरिष्ठ उपाध्यक्ष और कोषाध्यक्ष पद के प्रत्याशियों द्वारा समर्थकों के साथ वकील मतदाताओं से संपर्क किया गया।

# राम बारात मे हिन्दू मुस्लिम एकता का संगम

- बिलग्राम में भव्य राम बारात का आयोजन
- दीदार के लिए सड़क पर आस्था का सैलाब
- रात एक बजे तक खचाखच भरी रहे सड़के
- मनामोहक झांकियां व प्रदेश भर से आये कलाकार

अवधनामा संवाददाता



**हरदोई।** बिलग्राम कस्बे मे रामलीला मे राम बारात का इन्तजार हर किसी को था। शनिवार की रात झांकियों और कई कार्यक्रमों से सजी राम बारात निकाली गई। रथ पर सवार श्री राम दूल्हा बने और सड़क पर आस्था का सैलाब दिखा। आयोजित राम बारात में हिंदू मुस्लिम एकता का संगम दिखा । बैंड बजाते, मुस्लिम समुदाय के लोग धार्मिक गीतो से सौहार्द का माहौल बनाते रहे। प्रदेश भर आए कलाकारो ने झांकिया पेश की। राम बारात मे इस बार रथों के साथ 18 बड़ी झांकियां, महाराजा बैंड के साथ रात सात बजे मंशानाथ कालेज से बारात उठी। जैसे ही सड़क पर बारात पहुची वैसे ही आसामान सतरंगी आतसबाजी से नहा गया। बारात मे सामिल होने के लिए बिलग्राम के अलावा गांवो से भी हजारों की संख्या मे लोग सामिल होने आए थे। बारात,साण्डी रोड चौराहा,सदरबाजार पीपल चौराहा, बजरियां,इमामबाड़ा होते हुए रात को करीब एक बजे अपने स्थान पर पहुची। वही पर राम जी की आरती विधयाक आशीष सिंह आशु कमेटी रामसेवक यादव, प्रदीप यादव ,प्रबन्धक नीरज सिंह,संयोजक धर्मेन्द्र यादव,चेयरमैन अनिल राठौर, हरिनाम कुशवाहा शैलंद्र सिंह ने तिलक किया। प्रेम प्रकाश राजीव दीक्षित श्रीवास्तव, शिवम यादव,मंचन प्रमुख परमाईलाल ,राजीव सह प्रबंधक/मीडिया प्रभारी सैफ अली जाफरी निशांत शुक्ला राजीव दीक्षित फारुख कुरैशी अनिल कटियार,शिवम कटियार,सहित तमाम लोग व्यवस्था देखते रहे।

### छत, छज्जे, सड़क गलियारे सभी खचाखच

बिलग्राम। राम बारात को देखने के लिए शम को ही ट्रैक्टर ट्रालियों से लोगो का पहुचना शुरु हो गया था। भव्य बारात को देखने के लिए लोगो जगह तलासते रहे जब जगह नही मिली तो छत,छज्जे और गलियारे सभी खचाखच भर गए। वही राम बारत के साथ हजारो का हुजूम दिख रहा था। सुरक्षा के ,सीओ सुनील कुमार,कोतवाल उमाकांत दीपक ,इंतजाम के लिए पुलिस व पीएसी लगाई गई।

### मुस्लिमों ने गाया मेरे मन मे बसे है राम

साल भर की तैयारियों को कस्बे के महाराजा बैण्ड ने पूरी ताकत झोंक दी। लाजवाब लाइटिंग, गीतों पर सब झूम उठे। मेरे मन मे बसे है राम गीत गए। तो बिलग्राम में तहजीब के मुताबिक मुस्लिम समुदाय के गीतकारों ने कोई कोर कसर नही छोड़ी। गीतो से सुनकर लोगों ने ईनाम भी दिए।

# हरभजन सिंह ने आईसीसी पर साधा निशाना, कहा मोहम्मद सिराज के साथ हुई नाइंसाफी

आईसीसी ने मोहम्मद सिराज और ट्रैविस हेड को जो सजा सुनाई वो भारत के पूर्व दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह को पच नहीं पाई। हरभजन सिंह की नजर में कि सिराज के अनुशासनानत्मक रिकॉर्ड में डिमेरिट अंक जोड़ने के साथ मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाना नाइंसाफी है। वह सिराज-हेड की नोकझोंक पर आईसीसी के दखल को सही नहीं मानते। उन्होंने तगड़ी डोज देते हुए कहा कि आईसीसी को छोटी-छोटी चीजों से दूर रहना चाहिए। सिराज और हेड के बीच इंडिया वर्सेस ऑस्ट्रेलिया एडिलेड टेस्ट में तीखी बहस देखने को मिली। सिराज ने हेड को आउट करने के बाद आक्रामक अंदाज में जश्न मनाया था और पवेलियन जाने का इशारा किया। वहीं, हेड कथित



तौर पर अपशब्द कहे थे।

हरभजन सिंह ने स्टार स्पोर्ट् पर कहा कि, बात का बतंगड़ बना लिया है। ऐसा कुछ नहीं हुआ कि आईसीसी को दखल देना पड़े। कुछ ऐसा नहीं हुआ कि एक-दूसरे से हाथापाई करने गए। ट्रैविस ने कुछ बोला, जिसपर सिराज ने रिएक्ट किया। बात वहीं की वहीं खत्म हो गई। लेकिन आईसीसी ने दखल दिया। दोनों को एक-एक डिमेरिट पॉइंट दे दिया गया। सिराज पर मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना भी लगा है। दोनों खिलाड़ियों ने चीजें तो सेम ही की थीं। सिराज ने तो वो शब्द भी नहीं बोला, जो हेड ने बोला था। उन्होंने तो सिर्फ हाथ से इशारा किया था। सिराज ने वो तब किया, जब हेड ने वो शब्द बोला। अगर दोनों ने काम सेम किया तो फिर सिराज पर 20 प्रतिशत क्यों लगाया?

पूर्व स्पिनर ने आगे कहा कि, दुनिया का कोई भी खेल देखें, कितना कॉम्पिटिटिव चलता है। मुझे लगता है कि अगर आईसीसी हर बात पर, हर नोकझोंक पर दख्लअंदाजी करेगा तो वो फ्लेवर खत्म हो जाएगा। क्रिकेट हो, बेस्टबॉल हो, या कोई भी खेल हो थोड़ी बहुत नोकझोंक चलना जरूरी है। इस वजह से स्पोर्ट्स में रुझान बनता है। आईसीसी को छोड़ी-छोटी चीजों में दख्लअंदाजी नहीं करनी चाहिए। आईसीसी को बड़ी चीजों में दखल देना चाहिए। अगर किसी ने अपनी मर्यादा पार की फिर कमेटी बिठाना चाहिए। सिराज-हेड का बहुत छोटा सा बैटर था, जिसे बतंगड़ बना दिया गया।

## वैभव सूर्यवंशी की काबिलियत पर इस पाकिस्तानी खिलाड़ी ने उठाए सवाल, वीडियो किया शेयर

आईपीएल 2025 के ऑक्शन में यूं तो भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत सबसे महंगे खिलाड़ी रहे। हालांकि, सबसे ज्यादा हैरानी लोगों को राजस्थान रॉयल्स द्वारा 13 साल के वैभव सूर्यवंशी को 1 करोड़ 10 लाख में खरीदने पर हुई। भारत के इस युवा करोड़पति से पाकिस्तानियों को भी मिर्ची लग रही है। जिस कारण पाकिस्तान के पूर्व गेंदबाज ने वैभव की काबिलियत पर सवाल खड़ा किया है। पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज जूनेद खान ने वैभव का वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में वैभव श्रीलंका के गेंदबाज दुलनिथ सिगेरा की गेंद पर छक्के लगाते हुए नजर आ रहे हैं। उनके शानदार शॉट्स की तारीफ करने की जगह जूनेद ने उनपर सवाल खड़े किए हैं। जूनेद ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया। जिसके कैप्शन में उन्होंने लिखा कि, क्या 13 साल का बच्चा इतने लंबे छक्के लगा सकता है।

# एमएस धोनी ने बनाया ये खास रिकॉर्ड, अमिताभ बच्चन और शाहरुख खान को पछाड़ा

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एमएस धोनी की लोकप्रियता संन्यास लेने के 5 साल बाद भी कायम है। धोनी का क्रेज जितना क्रिकेट मैदान पर है उतना ही ब्रांड एंडोर्समेंट के मामले में भी है। क्रिकेट से संन्यास लेने के इतने साल बाद भी धोनी की ब्रांड वैल्यू कम नहीं बल्कि और ज्यादा बढ़ी है। मीडिया रिसर्च की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार, 43 वर्षीय धोनी ने अब ब्रांड एंडोर्समेंट के मामले में अमिताभ बच्चन और शाहरुख खान को भी पछाड़ दिया है।



रिपोर्ट के अनुसार, एमएस धोनी 2024 में सबसे ज्यादा ब्रांड एंडोर्समेंट पाने वाले भारतीय सेलिब्रिटी हैं। उनके पास कुल 42 एंडोर्समेंट हैं। अमिताभ बच्चन 41 एंडोर्समेंट के साथ सूची में दूसरे स्थान पर हैं, जबकि शाहरुख खान 34 डील के साथ तीसरे स्थान पर हैं। मीडिया रिसर्च यूनाइटेड स्टेट ऑफ अमेरिका` नीलसन और यूके के कैंटर का एक संयुक्त उद्यम है।

वहीं टैम मीडिया रिसर्च के अनुसार, इन आंकड़ों में केवल ब्रांड और वाणिज्यिक विज्ञापन शामिल हैं। इसमें प्रोमो औऱ सोशल मीडिया विज्ञापन शामिल नहीं हैं। बता दें कि, एमएस धोनी आईपीएल 2025 में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए एक्शन में दिखेंगे। फ्रेंचाइजी ने उन्हें आईपीएल नीलामी से पहले अनकैप्ड खिलाड़ी के तौर पर 4 करोड़ रुपये में रिटेन किया था। एमएस धोनी को अनकैप्ड खिलाड़ी के तौर पर इसलिए रिटेन किया गया, क्योंकि उन्हें अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिए 5 साल से ज्यादा का समय हो गया है।

# चोटिल हैं जसप्रीत बुमराह? प्रैक्टिस सेशन में नहीं आए नजर, रोहित शर्मा की परेशानी बढ़ सकती हैं

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरा टेस्ट 14 दिसंबर से ब्रिसबेन के गाबा मैदान पर खेला जाएगा। भारत के एडिलेड टेस्ट गंवाने के बाद अब 5 मैच की सीरीज 1-1 से बराबर हो गई है। भारतीय टीम एडिलेड टेस्ट गंवाने के बाद एक्शन मोड में है और ब्रिसबेन के लिए रवाना होने से पहले मंगलवार को एडिलेड में ही जमकर अभ्यास किया। लेकिन इस प्रैक्टिस सेशल में टीम के उपकप्तान जसप्रीत बुमराह नहीं उतरे। दरअसल, उन्हें एडिलेड टेस्ट में चोट लगी थी या फिर टीम मैनेजमेंट ने उनके वर्कलोड मैनेजमेंट के तहत ऐसा किया, ये देखने वाली बात होगी। सिराज ने भी मंगलवार को अभ्यास नहीं किया। भारत के 4 में से तीन पारियों में 200 से कम स्कोर पर सिमटने के बाद, बल्लेबाजी यूनिट ने



एडिलेड ओवल में नेट पर खूब पसीना बहाया और अपनी कमियों को दूर करने की कोशिस की। भारत ने अब तक सीरीज में 150, 487/6 पर्थ में, 180, 175 एलिडेल में स्कोर बनाया। दो भारतीय बल्लेबाजों ने अब तक शतक बनाया है, जिसमें यशस्वी जायसवाल और विराट कोहली ने पर्थ में 161 और नाबाद 100 रन की पारी खेली थी।

केएल राहुल ने सलामी बल्लेबाज के रूप में अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन अपनी किसी भी पारी को बड़ी पारी में नहीं बदल पाए, उनका सर्वोच्च स्कोर 77 रन रहा है। ऑलराउंडर नितीश कुमरा रेड्डी ने निचले क्रम में बल्लेबाजी करते हुए प्रभावशाली प्रदर्शन किया है और दोनों टेस्ट मैचों में अहम योगदान दिया। उनके 163 रन सीरीज में अब तक तीसरा सर्वोच्च स्कोर हैं, जायसाल ने 185 रन बनाए हैं और तालिका में टॉप पर चल रहे ट्रैविस हेड ने 240 रन बनाए हैं।

# ऑस्ट्रेलिया से क्लीन स्वीप से बचने की कोशिश करेगा भारत

पहले दो मैच में करारी हार से आहत भारतीय महिला टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में क्लीन स्वीप से बचने और अगले साल होने वाले 50 ओवरों के विश्व कप से पहले अपनी कमजोरियों को दूर करने की कोशिश करेगी। सात बार के विश्व चैंपियन आस्ट्रेलिया ने अभी तक तीन मैच की श्रृंखला में पूरी तरह से दबदबा बनाए रखा है जबकि भारत ने तीनों विभाग बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण में खराब प्रदर्शन किया है। दूसरे वनडे में रिकॉर्ड 122 रन की हार से भारत की कमजोरी का पता चलता है। इस मैच में भारतीय बल्लेबाजों ने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन टीम किसी भी समय 372 रन के लक्ष्य तक पहुंचने की स्थिति में नहीं दिखी।

भारत को सबसे अधिक निराश उसकी दो स्टार बल्लेबाजों कप्तान हरमनप्रीत कौर और उप कप्तान स्मृति मंधाना ने किया है। मंधाना ने अक्टूबर में न्यूजीलैंड के खिलाफ शतक जड़ा था लेकिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले दो मैच में वह केवल 17 रन ही बना



पाई है। इस सलामी बल्लेबाज की निगाह फॉर्म में लौटने पर टिकी होगी। हरमनप्रीत अपनी अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने में नाकाम रही है। उन्होंने दो मैच में 57 रन बनाए हैं।

भारतीय टीम इस साल के शुरू में टी20 विश्व कप मेंजल्दी बाहर हो गया था और तब से हरमनप्रीत की बल्लेबाजी और कप्तानी पर नजर रखी जा रही है। लगातार खराब प्रदर्शन के कारण टीम से बाहर की गई शेफाली वर्मा की अनुपस्थिति में भारतीय टीम ने कुछ अलग संयोजन आजमाए लेकिन उसकी तरफ से अभी तक रिचा घोष ही अच्छा प्रदर्शन कर पाई है। रिचा ने दूसरे वनडे में 54 रन बनाए जो वर्तमान श्रृंखला में किसी भारतीय बल्लेबाज का सर्वोच्च स्कोर है। दूसरी तरफ ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों ने अभी तक दो शतक और दो अर्धशतक लगाए हैं। इससे पता चलता है कि भारतीय बल्लेबाज रन बनाने के लिए कितना संघर्ष कर रहे हैं। पहले वनडे में भारत के केवल चार बल्लेबाज ही दोहरे अंक में पहुंच पाए थे। भारतीय गेंदबाजों का प्रदर्शन भी अभी तक अच्छा नहीं रहा है। उनका अपनी गेंद पर नियंत्रण नहीं रहा है। इस बीच क्षेत्ररक्षकों ने कैच टपका कर उनकी परेशानी बढाई। जहां तक ऑस्ट्रेलिया का सवाल है तो उसने अभी तक तीनों विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है। स्टार बल्लेबाज एलिसा हीली की अनुपस्थिति में ऑस्ट्रेलिया ने सलामी बल्लेबाज जॉर्जिया वोल को पदार्पण का मौका दिया। इस 21 वर्षीय बल्लेबाज ने पहले मैच में नाबाद 46 और दूसरे मैच में 101 रन बनाकर चयनकर्ताओं के फैसले को सही साबित किया।

*टीम इस प्रकार हैं*

भारतः हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), प्रिया पुनिया, जेमिमा रोड्रिग्स, हरलीन देयोल, उमा छेत्री, ऋचा घोष (विकेटकीपर), तेजल हसब्निस, दीप्ति शर्मा, मिन्नू मणि, प्रिया मिश्रा, राधा यादव, तितास साधु, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह ठाकुर और साइमा ठाकुर।

ऑस्ट्रेलियाः ताहलिया मैक्ग्रा (कप्तान), एशले गार्डनर (उप-कप्तान), डार्सी ब्राउन, किम गार्थ, अलाना किंग, फोएबे लिचफील्ड, सोफी मोलिनक्स, बेथ मूनी, एलिसे पेरी, मेगन शुट्ट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वोल और जॉर्जिया वेयरहैम। मैच भारतीय समयानुसार सुबह 8.50 बजे शुरू होगा।

# विक्की कौशल के लिए कैटरीना कैफ की प्यारी सालगिरह पोस्ट आपको हैरान कर देगी

कैटरीना कैफ और विक्की कौशल ने अपनी तीसरी शादी की सालगिरह मनाई और इस अवसर पर पूर्व ने अपने पति के लिए एक प्यारी सी पोस्ट शेयर की। अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर कैटरीना ने विक्की के साथ एक प्यारी सी सेल्फी पोस्ट की, जिसमें उन्होंने उन्हें जान कहा। तस्वीर में कैटरीना बेहद खूबसूरत लग रही थीं और उन्होंने अपने लुक को चश्मे से और भी बेहतर बनाया। वहीं, विक्की ब्लैक टी-शर्ट और स्टाइलिश ब्लैक सनग्लासेस में बेहद कूल लग रहे थे। कैटरीना ने अपने पोस्ट पर कैप्शन लिखा, दिल तू, जान तू, जिससे उनके प्रशंसक हैरान रह गए। पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए करीना कपूर खान ने कमेंट सेक्शन में दो लाल दिल वाले इमोजी शेयर किए।



विक्की और कैटरीना ने 9 दिसंबर, 2021 को राजस्थान के सिक्स सेंस फोर्ट बरवारा में शादी की। कॉफी विद करण में कैटरीना ने खुलासा किया कि वह विक्की से जोया अख्तर की पार्टी में मिली थीं और यहीं से उनके बीच रोमांस की शुरुआत हुई। विक्की के साथ अपने रिश्ते के बारे में बताते हुए कैटरीना ने बताया कि विक्की कभी उनके रडार पर नहीं थे।

उन्होंने कहा, मैं उनके बारे में ज़्यादा नहीं जानती थी। वह सिर्फ़ एक नाम था जिसके बारे में मैंने सुना था लेकिन कभी उससे जुड़ी नहीं थी। लेकिन फिर, जब मैं उनसे मिली, तो मैं उनसे जुड़ गई! अपने रिश्ते को अप्रत्याशित और अप्रत्याशित बताते हुए कैटरीना ने कहा, यह मेरी किस्मत थी और यह वास्तव में होना ही था। इतने सारे संयोग थे कि एक समय पर यह सब अवास्तविक लगा।

पेशेवर तौर पर, विक्की कौशल को आखिरी बार तृप्ती डिमरी और एमी विर्क के साथ बैड न्यूज़ में देखा गया था। वह वर्तमान में अपनी अगली फ़िल्म, छावा के प्रचार में व्यस्त हैं, जिसमें वह छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका निभा रहे हैं। यह फ़िल्म पहले दिसंबर के पहले हफ़्ते में बड़े पर्दे पर आने वाली थी, हालाँकि, निर्माताओं ने इसकी रिलीज़ की तारीख़ को फरवरी 2025 तक बढ़ा दिया। दूसरी ओर, कैटरीना को आखिरी बार सलमान ख़ान के साथ टाइगर 3 में देखा गया था। उनके पास कुछ प्रोजेक्ट हैं जिनमें निर्देशक अली अब्बास जफर के साथ एक प्रोजेक्ट और आलिया भट्ट के साथ जी ले जरा नामक फिल्म शामिल है।

# सोनू निगम कार्यक्रम बीच में छोड़कर चल दिए मुख्यमंत्री साहब और कई राजनेता, सिंगर को नहीं आया पसंद, कहा आया मत करो!

लोकप्रिय गायक सोनू निगम ने राइजिंग राजस्थान नामक शो में भाग लिया और कार्यक्रम के दौरान कुछ ऐसा हुआ जो गायक को पसंद नहीं आया। सोनू ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपना एक वीडियो शेयर किया जिसमें उन्होंने सभी राजनेताओं से विनम्रतापूर्वक अनुरोध किया कि वे किसी भी कार्यक्रम को बीच में छोड़कर न जाएं। वीडियो के साथ उन्होंने लिखा, भारत के सभी सम्मानित राजनेताओं से विनम्र अनुरोध है कि अगर आपको अचानक बीच में छोड़कर जाना पड़े तो कृपया किसी भी कलाकार के कार्यक्रम में शामिल न हों। यह कला और कलाकारों और मां सरस्वती का अपमान है।

वीडियो में सोनू निगम कहते हुए सुनाई दे रहे हैं, संगीत कार्यक्रम में



सीएम साहब, खेल मंत्री और युवा मंत्री समेत कई राजनेता मौजूद थे। शो के दौरान मैंने देखा कि सीएम साहब और अन्य लोग बीच में ही उठकर चले गए। उनके बाद अन्य प्रतिनिधि भी चले गए। इसलिए राजनेताओं से मेरा विनम्र अनुरोध है कि अगर आप कलाकारों का सम्मान नहीं करेंगे तो कौन करेगा? उन्होंने आगे कहा कि अगर आपको उठके जाना हो तो आया मत करो या शो शुरू होने से पहले चले जाओ।

सोनू निगम द्वारा वीडियो शेयर करने के तुरंत बाद, उनके प्रशंसक और अन्य नेटिज़न्स ने इस पर अपने विचार व्यक्त करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। एक यूजर ने लिखा, केवल आप ही इसे वैसे ही कह सकते हैं जैसे यह है! दूसरे ने लिखा एक मजबूत संदेश के साथ वह कोमल मुस्कान। तीसरे यूजर ने टिप्पणी की, एकमात्र जो स्टैंड ले सकता है। एक प्रशंसक ने यह भी लिखा, केवल आप जैसा व्यक्ति जो हमेशा दूसरों का सम्मान करता है, बिना किसी हिचकिचाहट के बोल सकता है! सोनू निगम भारतीय सिनेमा में सबसे पसंदीदा पार्श्व गायकों में से एक हैं। हिंदी के अलावा, उन्होंने कन्नड़, बंगाली, मराठी, तेलुगु, तमिल, ओडिया, असमिया, मलयालम और गुजराती सहित अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में गाने गाए हैं। उन्हें पद्म श्री से भी सम्मानित किया गया है, जो चौथा सबसे बड़ा नागरिक पुरस्कार है।

# पुणे में शंकर महादेवन के कार्यक्रम को लेकर शोर की शिकायत, मामला हुआ दर्ज

पुणे पुलिस ने सोमवार रात को आयोजित एक निजी जन्मदिन पार्टी के आयोजकों के खिलाफ अत्यधिक ध्वनि प्रदूषण की शिकायत के बाद एफआईआर दर्ज की है। पुणे में राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) के पास आयोजित इस कार्यक्रम में गायक शंकर महादेवन और उनके बेटे शिवम महादेवन ने लाइव प्रदर्शन किया। क्षेत्र के निवासियों ने बताया कि संगीत इतना तेज था कि इसे कई किलोमीटर दूर से सुना जा सकता था। यह उत्सव मंगलवार सुबह तक जारी रहा, जिससे लोगों की नींद में खलल पड़ा और कई लोगों को परेशानी हुई। आपातकालीन पुलिस नंबर 112 पर कई बार कॉल करने के बावजूद, निवासियों का दावा है कि कोई कार्रवाई नहीं की गई। एक स्थानीय निवासी ने इंडिया टुडे को बताया, कार्यक्रम में बड़ी भीड़ के कारण पुलिस कार्रवाई करने में असमर्थ दिखी। नागरिकों के एक समूह ने अपनी शिकायत दर्ज कराने के लिए



बावधान पुलिस स्टेशन का दौरा किया और सबूत के तौर पर कार्यक्रम के वीडियो प्रस्तुत किए। आयोजकों, कलाकारों और उपस्थित लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करने के लिए आस-पास के इलाकों से 100 से अधिक निवासी एकत्र हुए। पुलिस उपायुक्त विशाल गायकवाड़ ने पुष्टि की कि ध्वनि प्रदूषण कानून की संबंधित धाराओं के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने कहा, हमने बयान दर्ज किए हैं और ध्वनि प्रदूषण के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज की है।

भारत में ध्वनि प्रदूषण नियम अलग-अलग क्षेत्रों और दिन के समय के लिए अनुमेय ध्वनि स्तर निर्धारित करते हैं। कानून में यह प्रावधान है कि अधिकारियों की अनुमति के बिना रात में लाउडस्पीकर और सार्वजनिक संबोधन प्रणाली का उपयोग नहीं किया जा सकता है। ध्वनि प्रदूषण के लिए दंड में जुर्माना और जेल की सजा शामिल हो सकती है।

# हीरो बनने से पहले शत्रुघ्न सिन्हा ने फिल्मों में निभाई खलनायक की भूमिका

बॉलीवुड के दिग्गज एक्टर शत्रुघ्न सिन्हा सिर्फ फिल्मों में बल्कि राजनीति में भी शत्रुघ्न सिन्हा ने अपनी एक अलग पहचान बनाई। वह फिर बॉलीवुड फिल्मों के हीरो हों या विलेन या फिर मंत्री हों या विपक्षी सांसद, शत्रुघ्न सिन्हा अपने हर किरदार में हिट रहे। तो आइए जानते हैं उनके जन्मदिन के मौके पर शत्रुघ्न सिन्हा के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

बिहार के पटना में 09 दिसंबर 1945 को शत्रुघ्न सिन्हा का जन्म हुआ था। इनके पिता का नाम भुवनेश्वरी प्रसाद सिन्हा तथा माता श्यामा देवी था। शत्रुघ्न के पिता चिकित्सक थे और वह चाहते थे कि उनका बेटा भी डॉक्टर बनेष लेकिन शत्रुघ्न बचपन से ही फिल्मों में काम करने की इच्छा पाल बैठे थे। ऐसे में पिता की इच्छा को दरकिनार करते हुए उन्होंने फ़िल्म एण्ड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ पुणे में एडमिशन ले लिया।

बता दें कि शुरुआती दिनों में शत्रुघ्न सिन्हा को कटे होंठ के कारण फिल्में नहीं मिल रही थी। ऐसे में अभिनेता प्लास्टिक सर्जरी कराने की सोचने लगे थे। लेकिन देवानंद ने उन्हें ऐसा करने से मना कर दिया था। वहीं अभिनेता के चेहरे पर एक लंबे कट का निशान है। यह निशान खलनायकी में उनका प्लस प्वाइंट बन गया। अभिनेता ने अपने एक्सप्रेशन में फेस के इस कट का जबरदस्त इस्तेमाल कर अपने अभिनय को बेहद शानदार बनाने का काम किया।

साल 1969 में फिल्म साजन से शत्रुघ्न सिन्हा ने अपने फिल्मी करियर की शुरूआत की। उनकी डायलॉग डिलीवरी अभिनेता राजकुमार की तरह एकदम मुंहफट रही। यही कारण है कि शत्रुघ्न सिन्हा को बड़बोला एक्टर घोषित कर दिया गया। क्योंकि अभिनेता के मुंह से निकलने वाले शब्द बंदूक की गोली के समान होते थे। जिसके कारण शत्रुघ्न सिन्हा को शॉटगन का टाइटल भी दे दिया गया। शत्रुघ्न ने चार दशक में करीब 200 से अधिक हिंदी फिल्मों में काम किया है। वहीं फिल्मों में उनके निगेटिव रोल पसंद किए जाने लगे। इसके



अलावा अभिनेता ने एक्टिंग के साथ-साथ दोस्त, कशमकश और दो नारी फिल्मों में गाने भी गाए हैं।

जब हिंदी सिनेमा में बिहारी बाबू उर्फ शॉटगन उर्फ शत्रुघ्न सिन्हा की एंट्री हुई, तो उस दौर में मल्टी स्टारर फिल्में बॉक्स ऑफिस पर तगड़ी कमाई कर रही थीं। वहीं अपनी कड़क आवाज और चाल-ढाल की मदमस्त शैली की वजह से शत्रुघ्न जल्दी ही दर्शकों के चहेते बन गए। शत्रुघ्न सिन्ह इंडस्ट्री में हीरो बनने आए थे, लेकिन इंडस्ट्री ने उनको खलनायक बना दिया। 50-60 के दशक में केएन सिंह, 60-70 के दशक में प्राण, अमरीश पुरी और अमजद खान विलेन के रूप में छाए थे।

अपनी पहली फिल्म साजन के बाद अभिनेत्री मुमजात की सिफारिश पर अभिनेता शत्रुघ्न को फिल्म खिलौना मिली। इस फिल्म के हीरो संजीव कुमार थे और शत्रुघ्न को बिहारी दल्ला का रोल दिया गया था। अभिनेता शत्रुघ्न ने इस फिल्म में अपने किरदार को इतनी खूबसूरती से निभाया कि वह रातों-रात निर्माताओं की पहली पसंद बन गए।

शत्रुघ्न सिन्हा ने उस दौर के एंग्री यंग मैन अमिताभ बच्चन के साथ कई फिल्में कीं। साल 1979 में फिल्म काला पत्थर आई, जिसमें अमिताभ होरो के रोल में थे। आगे चलकर शत्रुघ्न और अमिताभ ने फिल्म दोस्ताना, शान और नसीब जैसी फिल्मों में एक साथ नजर आए।

अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा का राजनीतिक सफर काफी शानदार रहा। राजनीति में उन्होंने अपनी एक अलग पहचान बनाई और राजनीति में उन्होंने पक्ष-विपक्ष दोनों भूमिका अदा की। भारतीय जनता पार्टी से अपने राजनीतिक सफर की शुरूआत करने वाले शत्रुघ्न सिन्हा आज बीजेपी की धुर-विरोधी तृणमूल कांग्रेस के सांसद हैं। वह पहले नेता हैं, जिन्होंने वाजपेयी सरकार में केंद्रीय कैबिनेट मंत्री बने। मौजूदा समय में शत्रुघ्न सिन्हा बंगाल के आसनसोल क्षेत्र से लोकसभा सदस्य हैं।

## श्रीलंका ने 21 भारतीय मछुआरों को वापस भेजा, भारतीय उच्चायोग ने एक्स पर दी जानकारी



**कोलंबोः** शिवेंद्र तिवारी pdated Tue, 10 Dec श्रीलंका में भारतीय उच्चायोग ने सोमवार को जानकारी दी कि 21 भारतीय मछुआरों श्रीलंका ने 21 भारतीय मछुआरों को वापस भेज दिया है। श्रीलंकाई नौसेना ने इसके जलक्षेत्र में कथित तौर पर अवैध शिकार करने के आरोप में इन मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया था। श्रीलंका ने 21 भारतीय मछुआरों को वापस भेज दिया है। कोलंबो में मौजूद भारतीय मिशन के अनुसार, श्रीलंकाई नौसेना ने इसके जलक्षेत्र में कथित तौर पर अवैध शिकार करने के आरोप में इन मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया था। दोनों देशों के मछुआरों को अनजाने में एक-दूसरे के जलक्षेत्र में घुसने के लिए अक्सर गिरफ्तार किया जाता रहा है। श्रीलंका में भारतीय उच्चायोग ने सोमवार को एक्स पर एक पोस्ट में जानकारी दी कि 21 भारतीय मछुआरों के एक समूह को श्रीलंका से सफलतापूर्वक वापस भेज दिया गया है। वे फिलहाल अपने घर वापस जा रहे हैं। द्विपक्षीय संबंधों में मछुआरों का मुद्दा एक विवादास्पद विषय रहा है। इसमें श्रीलंकाई नौसेना के कर्मियों ने पाक जलडमरूमध्य में भारतीय मछुआरों पर गोलीबारी भी की थी। इतना ही नहीं श्रीलंकाई जलक्षेत्र में अवैध रूप से प्रवेश करने की कई कथित घटनाओं में मछुआरों की नावों को भी जब्त कर लिया था।

## भविष्य के चुनावों में बैलेट पेपर का करेंगे इस्तेमाल, सतारा के एक गांव ने पारित किया प्रस्ताव

**असंतोष**

**महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के बाद तमाम विपक्षी दलों की तरफ से ईवीएम को नतीजों को लेकर असंतोष जताया गया।**



**नई दिल्ली।** हाल ही में खत्म हुए महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भी विपक्ष की तरफ से ईवीएम की विश्वसनीयता पर कई सवाल उठाए गए हैं। वहीं इसके बाद सतारा जिले के एक गांव ने एक प्रस्ताव पारित किया है कि आगामी सभी चुनावों वे बैलेट पेपर का इस्तेमाल करेंगे। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के बाद तमाम विपक्षी दलों की तरफ से ईवीएम को नतीजों को लेकर असंतोष जताया गया। इस कड़ी में महाराष्ट्र के दो गांवों की तरफ से एक प्रस्ताव पारित किया गया है कि, वे आगामी सभी विधानसभा चुनावों में सिर्फ बैलेट पेपर का इस्तेमाल करेंगे। जानकारी के मुताबिक, सतारा जिले की कोलेवाड़ी ग्राम सभा ने भविष्य में बैलेट पेपर से चुनाव कराने का संकल्प लिया है। इस तरह यह राज्य का दूसरा गांव बन गया है जिसने ईवीएम के खिलाफ ऐसा प्रस्ताव पारित किया है। यह गांव कराड (दक्षिण) विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है, जिसका प्रतिनिधित्व पहले वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण करते थे। यहां पर हालिया विधानसभा चुनाव में पृथ्वीराज चव्हाण भाजपा उम्मीदवार अतुल भोसले से 39 हजार 355 मतों से हार गए थे कोलेवाड़ी के निवासियों की तरफ से ईवीएम के जरिए डाले गए वोटों पर संदेह जताए जाने के बाद यह प्रस्ताव पारित किया गया। यह प्रस्ताव सोलापुर के मालशिरस निर्वाचन क्षेत्र के मरकडवाडी के ग्रामीणों के एक वर्ग की तरफ से ईवीएम की विश्वसनीयता पर संदेह व्यक्त करते हुए मतपत्रों का उपयोग करके नकली पुनर्मिलन कराने की कोशिश के कुछ दिनों बाद पारित किया गया था। हालांकि प्रशासन और पुलिस ने उनके प्रयास को विफल कर दिया, जिसके कारण मामले दर्ज किए गए। मामले में एक ग्रामीण ने मंगलवार को बताया कि, कोलेवाड़ी ग्राम सभा ने एक प्रस्ताव पारित किया है जिसमें कहा गया है कि भविष्य में चुनाव ईवीएम के बिना बैलेट पेपर से कराए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग को सामूहिक मांग को देखते हुए बैलेट पेपर प्रणाली पर वापस लौटना चाहिए। उन्होंने कहा, हमने संकल्प लिया है कि कोलेवाड़ी के लोग तभी मतदान करेंगे जब प्रक्रिया बैलेट पेपर का उपयोग करके की जाएगी। अगर भविष्य में चुनावों में ईवीएम का उपयोग किया जाता है तो हम मतदान नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि अगर प्रशासन हमें बैलेट पेपर पर मतदान करने की अनुमति नहीं देता है, तो हम मतदान प्रक्रिया का बहिष्कार करेंगे। वहीं सतारा जिला कलेक्टर जितेंद्र डूडी ने कहा कि उनके कार्यालय को ग्राम पंचायत से कथित प्रस्ताव की प्रति नहीं मिली है। उन्होंने कहा, चूंकि हमें प्रति नहीं मिली है, इसलिए मेरे लिए टिप्पणी करना उचित नहीं होगा। एक बार हमें प्रति मिल जाने के बाद, हम आवश्यक कदम उठाएंगे।

## प्रदूषण रोकने का फंड राज्यों ने सड़कें-फव्वारें बनाने में किया खर्च




**नई दिल्ली।** देश भर के 131 शहरों में वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए 2019 में नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम (एनकैप) लागू किया गया था। सरकार ने वर्ष 2023-24 में विभिन्न राज्यों के 18 शहरों में पीएम-10 (10 माइक्रोन या उससे कम व्यास वाले कण) को कम कर 60 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर तक लाने का लक्ष्य हासिल कर लिया गया था। राजधानी दिल्ली समेत उत्तर भारत के कई राज्य इन दिनों प्रदूषण की मार झेल रहे है। हवा की मंद गति और वातावरण में स्मॉग जैसी स्थिति बने रहने के कारण अधिकांश शहरों में प्रदूषण का स्तर बढ़ता जा रहा है। इसी वजह से इन शहरों का एयर इंडेक्स बेहद खराब श्रेणी में पहुंच गया है। शहरों में बढ़ती दूषित हवा से साफ हो गया है कि वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए 2019 में लागू किया गया नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम (एनकैप) अधिक कारगर साबित नहीं हुआ है। शहरों में प्रदूषण को रोकने के लिए जारी धनराशि धूल फांक रही है। कई राज्यों ने इस राशि का इस्तेमाल नहीं किया है। जबकि कुछ राज्यों के शहरों ने इसे दूसरी परियोजनाओं पर खर्च कर डाली है। दरअसल, देश भर के 131 शहरों में वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए 2019 में नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम (एनकैप) लागू किया गया था। सरकार ने वर्ष 2023-24 में विभिन्न राज्यों के 18 शहरों में पीएम-10 (10 माइक्रोन या उससे कम व्यास वाले कण) को कम कर 60 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर तक लाने का लक्ष्य हासिल कर लिया गया था। लेकिन इन शहरों में यह लक्ष्य हासिल नहीं हो सका है।

## आरजी कर मामले में सुप्रीम कोर्ट ने नेशनल टास्क फोर्स से मांगी रिपोर्ट, 12 सप्ताह का दिया समय

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल के कोलकाता में सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में एक डॉक्टर के दुष्कर्म और हत्या पर खुद की याचिका पर सुनवाई शुरू की। सुप्रीम कोर्ट ने घटना में मुकदमे की स्थिति जानना चाहा।

वकील वृंदा ग्रोवर ने सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया कि मुकदमा चल रहा है और सीबीआई को उम्मीद है कि अगले सप्ताह तक मुकदमा समाप्त हो जाएगा।

बाद में, सुप्रीम कोर्ट ने नेशनल टास्क फोर्स (हृज्ञस्न) को 12 सप्ताह के भीतर अपनी अंतिम रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि मामले की सुनवाई अगले साल की 17 मार्च को होगी।

## अदालत को धोखा देने की कोशिश करने पर याचिकाकर्ता को लगी फटकार, 25 हजार का जुर्माना

**मुंबई।** उच्च न्यायालय ने कहा कि याचिकाकर्ता को यह नहीं समझना चाहिए कि वह अदालत को धोखा देकर कोई आदेश हासिल कर सकता है। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि इस प्रकार के मामलों को हल्के में नहीं लिया जाएगा और ऐसे मामलों से सख्ती से निपटा जाएगा। बंबई उच्च न्यायालय ने अदालत की आंखों में धूल झोंकने की कोशिश करने पर फटकार लगाई। साथ ही याचिकाकर्ता पर 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। याचिका विजय फसाले की ओर से दायर की गई थी, जो किसी शिक्षण संस्थान में क्लर्क के रूप में काम करते हैं। न्यामूर्ति रवींद्र घुगे और न्यायमूर्ति अश्विन भोबे ने पांच दिसंबर को फसाल की उस याचिका को खारिज किया, जिसमें मांग की गई थी कि सरकारी रिकॉर्ड में उनकी जन्मतिथि 1968 से बदलकर 1972 की जाए, जिससे उनकी आयु चार साल कम हो जाए।

याचिकाकर्ता फसाले सांगली जिले के एक शिक्षण संस्थान में जून 1997 से क्लर्क के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने अपनी जन्मतिथि को जून 1968 से बदलकर 1972 करने की मांग की थी। उच्च न्यायालय ने फसाले के स्कूल रिकॉर्ड की जांच की, जिसके मुताबिक उन्होंने मई 1984 में 10वीं की परीक्षा पास की थी। अदालत ने कहा, अगर याचिकाकर्ता की जन्मतिथि को जून 1972 मान लिया जाए, तो इसका मतलब होगा कि उसने 12 वर्ष की आयु में 10वीं की परीक्षा पास की थी, जो यह साबित करता है कि उसने जून 1973 में पहली कक्षा में दाखिला लिया था, उस समय उसकी आयु केवल एक साल थी। उच्च न्यायालय ने यह भी कहा कि फसाले को यह नहीं समझना चाहिए कि वह अदालत को धोखा देकर कोई आदेश हासिल कर सकते हैं। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि इस प्रकार के मामलों को हल्के में नहीं लिया जाएगा और ऐसे मामलों से सख्ती से निपटा जाएगा। अदालत ने कहा, अब समय आ गया है कि ऐसे लोग जो अदालत को धोखा देने की कोशिश करते हैं, उन्हें यह समझ लेना चाहिए कि वह इस तरह के गलत याचिका दाखिल न करें। अदालत चाहती है कि यह सख्त संदेश सभी को स्पष्ट और जोरदार तरीके से पहुंचना चाहिए, ताकि लोग समझें कि ऐसे मामलों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**रिकॉर्ड**

**उच्च न्यायालय ने फसाले के स्कूल रिकॉर्ड की जांच की, जिसके मुताबिक उन्होंने मई 1984 में 10वीं की परीक्षा पास की थी।**



## छत्तीसगढ़ में शहीदों के परिजनों को अनुकंपा आधार पर जॉब के कितने मामले लंबित, संसद में नहीं मिला जवाब

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अर्धसैनिक बलों में शहीद होने वाले जवानों के कितने परिजनों के योग्य सदस्यों को अभी तक अनुकंपा के आधार पर नौकरी नहीं मिल सकी है, इसका जवाब केंद्र सरकार के पास नहीं है। केंद्रीय गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने लोकसभा में इस सवाल के जवाब में बताया, विभागों द्वारा अनुकंपा के आधार पर नियुक्तियां, उपलब्ध रिक्तियों की सीमा तक की जाती है। लंबित मामलों संबंधी आंकड़े केंद्रीयकृत रूप से नहीं रखे जाते हैं। सीएपीएफ और असम राइफल के दिवंगत कार्मिकों के निकटतम संबंधी को दी जाने वाली एकमुश्त केंद्रीय अनुग्रह राशि को, जैसा भी मामला हो, उसके अनुसार, सक्रिय ड्यूटी पर मृत्यु होने पर 15 लाख रुपये से बढ़ाकर 25 लाख रुपये कर दिया गया है। यह भी सुनिश्चित किया गया है कि अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर सीएपीएफ कार्मिकों के निकटतम संबंधी को विभिन्न स्त्रोतों से न्यूनतम 1 करोड़ रुपये की सहायता मिल जाए। लोकसभा सांसद संतोष पांडेय ने पिछले सप्ताह सदन में यह सवाल पूछा था कि सीआरपीएफ के अंतर्गत आने वाले सभी सुरक्षा बलों में सेवा के दौरान शहीद सैनिकों के आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति देने का क्या प्रावधान है। जानकारों का कहना है कि इस सवाल में सीआरपीएफ की बजाए सीएपीएफ होना चाहिए। शहीद सैनिकों के आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति दिए जाने वाले मानदंडो का ब्यौरा क्या है। छत्तीसगढ़ में ऐसे कितने परिवार हैं, जिनके सदस्य सेवा के दौरान शहीद हुए और उनके सैनिकों को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति नहीं दी गई है। संतोष पांडेय ने पूछा, अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति नहीं मिलने की स्थिति में उक्त परिवारों के आश्रितों को विभिन्न प्रकार की सहायता करने का क्या प्रावधान है। केंद्रीय गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने लोकसभा में उक्त सवाल के जवाब में बताया, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग डीओपीटी ने अनुकंपा नियुक्ति की नीति निर्धारित की है। इन निर्देशों के अनुसार, श्रेणी ग के पदों पर एक वर्ष में उत्पन्न होने वाली सीधी भर्ती की अधिकतम 5 प्रतिशत रिक्तियों को विभागों द्वारा अनुकंपा के आधार पर भरा जा सकता है। ये नियुक्तियां उक्त निर्देशों में उल्लिखित शर्तों के अधीन होती हैं।

## ब्रिटेन ने सीरियाई लोगों को दिया झटका; शरण देने के फैसले पर लगाई रोक



**लंदन।** सरकार ने कहा कि गृह मंत्रालय ने वर्तमान स्थिति का आकलन करने तक सीरियाई लोगों को शरण देने पर रोक लगा दी है। हम शरण दावों से संबंधित सभी देशों के दिशा-निर्देशों की निरंतर समीक्षा करते रहते हैं, ताकि हम उभरते मुद्दों पर प्रतिक्रिया दे सकें। सीरिया में हालात बद से बदतर हो गए हैं। देश के ज्यादातर हिस्सों और राजधानी समेत बड़े शहरों पर अब जेहादी बागियों का कब्जा हो चुका है। राष्ट्रपति बशर अल-असद देश छोड़कर रूस की शरण में भाग चुके हैं। इस बीच, ब्रिटेन ने एक बड़ा फैसला लिया है। उसने सीरिया से शरण मांगने वालों को झटका दिया है। दरअसल, शरण देने से संबंधित सभी फैसलों पर फिलहाल रोक लगा दी है। इसी के साथ, यहां के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने क्षेत्र में शांति और स्थिरता का आह्वान किया। गृह विभाग ने कहा कि जर्मनी, ग्रीस और ऑस्ट्रिया के इसी तरह के कदमों के बाद हजारों सीरियाई शरणार्थियों के लिए शरण आवेदनों पर रोक के बाद वह मामलों की समीक्षा करेगा। उसने आगे कहा कि गृह मंत्रालय ने वर्तमान स्थिति का आकलन करने तक सीरियाई लोगों को शरण देने पर रोक लगा दिया है। हम शरण दावों से संबंधित सभी देशों के दिशा-निर्देशों की निरंतर समीक्षा करते रहते हैं, ताकि हम उभरते मुद्दों पर प्रतिक्रिया दे सकें। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है, जब स्टार्मर ने इस सप्ताह मध्य पूर्व के दौरे पर सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के नेतृत्व के साथ बातचीत करते हुए सीरिया के कमजोर और विस्थापित लोगों की मानवीय सहायता के लिए 11 मिलियन पाउंड की राशि का एलान किया था। उन्होंने सोमवार को कहा था कि मध्य पूर्व में जो कुछ भी होता है, उसका देश पर भी असर पड़ता है। उन्होंने कहा, इसलिए हम सऊदी अरब के साथ अपनी रक्षा साझेदारी को मजबूत कर रहे हैं, सीरिया में सबसे कमजोर लोगों की रक्षा कर रहे हैं, लेबनान में अपने सहयोगियों का समर्थन कर रहे हैं और इस्राइल एवं गाजा में संघर्षविराम के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। बता दें, प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने सीरिया में असद सरकार के पतन का स्वागत किया था। उन्होंने कहा था कि सीरियाई लोगों ने असद के बर्बर शासन के तहत बहुत लंबे समय तक कष्ट झेला है और हम उनके देश से जाने का स्वागत करते हैं।

## अंतरराष्ट्रीय-घरेलू स्तर पर बुरे फंसे नेतन्याहू, जंग के बीच पहली बार भ्रष्टाचार मामले में देंगे गवाही

**यरुशलम।** नेतन्याहू के खिलाफ इस्राइल में लंबे समय से भ्रष्टाचार का मामला चल रहा है। इसी मामले में आज वह अदालत के सामने अपना पक्ष रखेंगे। इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू फिलहाल मुश्किल दौर से गुजर रहे हैं। उन पर घरेलू और अंतरराष्ट्रीय, दोनों स्तर पर कानूनी मामले चल रहे हैं। एक तरफ अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) ने नेतन्याहू के खिलाफ गाजा में युद्ध अपराध के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। वहीं दूसरी ओर, नेतन्याहू को इस्राइल में भी भ्रष्टाचार के एक मुकदमे में गवाही देनी है। अगर वह इस मामले में दोषी पाए गए तो उनका सियासी सफर खत्म हो सकता है। आईसीसी के मुकदमे पर नेतन्याहू को देश में समर्थन मिलता दिख रहा है, लेकिन भ्रष्टाचार के मामले में जनता की राय उन पर बंटी हुई है।

## ट्रंप के आयात शुल्क की धमकियों पर चीनी राष्ट्रपति का पलटवार, बोले- हम अपने हितों की करेंगे रक्षा

**संगठन**

**जिनपिंग ने विश्व बैंक, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष आईएमएफ और विश्व व्यापार संगठन डब्ल्यूटीओ की बैठक के दौरान यह बातें कहीं।**



**चीन।** शी जिनपिंग ने कहा कि शुल्कों को लेकर शुरू हुई जंग, व्यापार जंग और तकनीक की जंग ऐतिहासिक चलनों और आर्थिक कानूनों के खिलाफ हैं। बैठक के दौरान जिनपिंग ने अमेरिका के साथ संबंधों में चीन के सिद्धांतों पर जोर दिया। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उन धमकियों पर पलटवार किया है, जिनमें चीन पर आयात शुल्क को जबरदस्त तरीके से बढ़ाने की बात कही गई थी। जिनपिंग ने मंगलवार को कहा कि चीन और अमेरिका के बीच टैरिफ और तकनीक को लेकर छिड़ी इस जंग में कोई विजेता नहीं होगा और बीजिंग मजबूती से अपने हितों और स्वायत्ता की रक्षा करेगा। जिनपिंग ने विश्व बैंक, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष आईएमएफ और विश्व व्यापार संगठन डब्ल्यूटीओ की बैठक के दौरान यह बातें कहीं। उन्होंने कहा कि शुल्कों को लेकर शुरू हुई जंग, व्यापार जंग और तकनीक की जंग ऐतिहासिक चलनों और आर्थिक कानूनों के खिलाफ हैं। बैठक के दौरान जिनपिंग ने अमेरिका के साथ संबंधों में चीन के सिद्धांतों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि चीन हमेशा अपने मामलों पर केंद्रित होने और मजबूती से अपनी स्वायत्ता, सुरक्षा और विकास के हितों की रक्षा करने पर जोर देता रहा है। लेकिन इस बीच उच्चस्तर पर खुलने का हमारा लक्ष्य नहीं बदलेगा। शी जिनपिंग की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब हाल ही में नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ट्रंप ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा था कि वह और शी जिनपिंग काफी अच्छे से बात कर लेते हैं और उनकी हाल ही के हफ्ते में बात हुई है। हालांकि, चीन की तरफ से शी जिनपिंग और ट्रंप के बीच बातचीत की कोई पुष्टि नहीं की गई है। बता दें कि 20 जनवरी को अमेरिका के राष्ट्रपति के तौर पर शपथ लेने जा रहे डोनाल्ड ट्रंप ने चीन से आने वाले उत्पादों पर 60 फीसदी आयात शुल्क लगाने की धमकी दी है। उन्होंने यह भी चेतावनी दी है कि अगर चीन ने फेंटानिल हेरोइन से 50 गुना ज्यादा नशीला पदार्थ की अवैध तस्करी को नहीं रोका तो वह उसके निर्यात पर 10 फीसदी आयात शुल्क और बढ़ा देंगे। फेंटानिल इस वक्त अमेरिका में नशे के सबसे बड़े जरियों में से एक है।

## नोबेल विजेताओं ने स्वास्थ्य मंत्री के लिए ट्रंप की पसंद आरएफके जू. का किया विरोध

**रॉबर्ट**

**गौरतलब है कि रॉबर्ट एफ. कैनेडी जूनियर अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जॉन एफ. कैनेडी जू. के भतीजे हैं।**



**वॉशिंगटन।** दुनियाभर के 77 नोबेल विजेताओं ने सोमवार को अमेरिकी सीनेट को चिट्ठी लिखकर रॉबर्ट एफ. कैनेडी जूनियर (आरएफके जू.) की स्वास्थ्य मंत्री के तौर पर नियुक्ति का विरोध किया। गौरतलब है कि नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ट्रंप ने चुनाव जीतने के कुछ घंटों बाद ही जिन नेताओं को मंत्री बनाने का एलान किया था, उनमें आरएफके जू. का नाम सबसे ऊपर था। नोबेल विजेताओं ने अपनी चिट्ठी में कहा, कैनेडी जू. के रिकॉर्ड को देखते हुए उन्हें स्वास्थ्य मंत्री बनाने से जनता के लिए मुहैया होने वाली स्वास्थ्य व्यवस्था पर असर पड़ सकता है। इस चिट्ठी में आरएफके जू. के अनुभव और विश्वसनीयता की कमी का मुद्दा उठाया गया है। पत्र में हस्ताक्षर करने वालों में चिकित्सा, रसायन, भौतिकी और अर्थशास्त्र के क्षेत्र में नोबेल पाने वालों के नाम शामिल हैं। जिन लोगों ने कैनेडी जूनियर के खिलाफ पत्र में हस्ताक्षर किए हैं, उनमें ड्रयू वीजमैन का नाम भी शामिल है, जिन्होंने 2023 में कोविड के खिलाफ लड़ाई के लिए एमआरएनए टीका तैयार करने में मदद की थी। उन्हें इसके लिए चिकित्सा का नोबेल मिला था। गौरतलब है कि रॉबर्ट एफ. कैनेडी जूनियर अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जॉन एफ. कैनेडी जू. के भतीजे हैं। इस साल हुए अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में उन्होंने भी निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर दावेदारी पेश की थी। हालांकि, बाद में उन्होंने अपना नाम वापस लेते हुए ट्रंप को समर्थन दे दिया था। इसके बदले चुनाव जीतने के बाद ट्रंप ने उन्हें अपना स्वास्थ्य मंत्री बनाने का एलान किया। हालांकि, इस पद पर नियुक्ति के लिए उन्हें अभी अमेरिकी संसद के उच्च सदन- सीनेट की मंजूरी लेनी होगी। पेशे से एक वकील और पर्यावरण मामलों के कार्यकर्ता आरएफके का जन्म 1954 में हुआ था। वह अमेरिका अटॉर्नी जनरल और सीनेटर रॉबर्ट एफ. कैनेडी के बेटे हैं। उनके चाचा जॉन एफ. कैनेडी अमेरिका के राष्ट्रपति भी रहे हैं। कैनेडी ने अपना ग्रेजुएशन आर्ट्स में हार्वर्ड यूनिवर्सिटी से 1976 में पूरा कर लिया। इसके बाद उन्होंने 1981 में वर्जीनिया स्कूल ऑफ लॉ से ज्यूरिस डॉक्टर डिग्री हासिल की।

## बशर की कालकोठरियों से विद्रोहियों ने मुक्त कराए कैदी



**सार।** पश्चिमी एशियाई मुल्क सीरिया पांच दशकों के बाद असद खानदान के शासन से आजाद हुआ है। विद्रोह और असंतोष बढ़ने पर देश छोड़कर भागे राष्ट्रपति बशर अल-असद पर तानाशाही के गंभीर इल्जाम लगे। उनके भागते ही विद्रोहियों ने बशर के बनाए कालकोठरियों से कैदियों को मुक्त करा लिया। फांसी की सजा पाए कैदियों ने कई साल बाद सूरज देखा। हालांकि, जश्न के माहौल के बीच रोटी के संघर्ष की स्याह हकीकत भी सामने आई है। सीरिया के राष्ट्रपति बशर अल-असद के रूस भागने और देश पर विद्रोहियों का कब्जा होने के बाद राजधानी दमिश्क की सड़कों पर जबरदस्त जश्न मनाया गया। विद्रोहियों ने असद के शासन में कैद किए गए कई कैदियों को भी सोमवार तड़के कालकोठरियों से मुक्त कराया। असद परिवार के करीब 50 वर्षीय शासन को सिर्फ 10 दिनों में विद्रोहियों ने हमला बोलकर खत्म कर दिया और अब राजनीतिक कैदियों को आजाद कराने के लिए जेलों व सुरक्षा सुविधाओं में तोड़फोड़ की। एक ऐसे ही कैदी हैं 63 वर्षीय बशर बरहौम। उन्हें फांसी की सजा दी गई थी और सोमवार को इस पर तामीली होना थी।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले को लेकर अमेरिका में रोष




**वॉशिंगटन।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमले के विरोध में सोमवार को मार्च निकाला गया। कार्यक्रम के आयोजकों ने मांग की कि अमेरिकी कंपनियां बांग्लादेश से कपड़े खरीदना बंद कर दें। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमलों को लेकर बड़ी संख्या में भारतीय अमेरिकियों ने व्हाइट हाउस से यूएस कैपिटल तक मार्च निकाला। शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर रहे लोगों ने हमें न्याय चाहिए और हिंदुओं की रक्षा हो जैसे नारे लगाते हुए बाइडन प्रशासन और आगामी ट्रंप प्रशासन से बांग्लादेश की सरकार से हिंदुओं की रक्षा के लिए कदम उठाने को कहने का अनुरोध किया। साथ ही यह भी मांग की कि जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमले के विरोध में सोमवार को मार्च निकाला गया। कार्यक्रम के आयोजकों स्टॉपहिंदूजेनोसाइड.ओआरजी बांग्लादेशी प्रवासी संगठनों और हिंदूएक्शन ने मांग की कि अमेरिकी कंपनियां बांग्लादेश से कपड़े खरीदना बंद कर दें। बता दें, ढाका अमेरिका को कपड़े निर्यात करने पर बहुत अधिक निर्भर है। हिंदूएक्शन के उत्सव चक्रवर्ती ने कहा, यह मार्च न्याय की मांग मात्र नहीं है, यह जवाबदेही की मांग है। आज, बांग्लादेशी हिंदू समुदाय और भारतीय उपमहाद्वीप के बड़े हिंदू प्रवासी बांग्लादेशी हिंदू समुदाय के समर्थन में आ गए हैं क्योंकि बांग्लादेश में हिंसा जारी है। खासतौर से चटगांव और रंगपुर क्षेत्र में। उन्होंने आगे कहा कि हिंदुओं को निशाना बनाया जा रहा है, उनके मंदिरों को जलाया और नष्ट किया जा रहा है। उनके घरों को लूटा जा रहा है। चिन्मय दास, जो चटगांव क्षेत्र के हिंदू नेताओं में से एक हैं, को जेल में डाल दिया गया है और उन्हें यातनाएं दी जा रही हैं। दुनिया भर में समुदाय इस बारे में बेहद चिंतित है। इसलिए, लोग यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहे हैं कि व्हाइट हाउस और अमेरिका में लोग बांग्लादेश में क्या हो रहा है, इसके बारे में जानते हों। वर्जीनिया के नरसिम्हा कोप्पुला ने कहा, हम बांग्लादेशी हिंदुओं के लिए न्याय की मांग करने के लिए यहां व्हाइट हाउस के सामने एकत्र हुए हैं। वहीं, हिंदूएक्शन के श्रीकांत अकुनुरी ने कहा कि बांग्लादेशी हिंदुओं के साथ अकल्पनीय त्रासदियां हो रही हैं। उन्होंने कहा कि हम इस्कॉन नेता चिन्मय दास को भी रिहा करने की मांग कर रहे हैं। अटलांटिक सिटी के एक बांग्लादेशी सामुदायिक संगठन के प्रमुख प्रसेनजीत दत्ता ने इस्कॉन नेता चिन्मय दास की रिहाई की मांग की। उन्होंने कहा कि हमें समझ नहीं आ रहा है कि बाइडन प्रशासन कुछ कर क्यों नहीं रहा है।

# परिषदीय विद्यालयों की दो दिवसीय जिला स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का हुआ उद्घाटन

- समारोह में बिखरी सतरंगी छटा
- जिला स्तरीय प्रतियोगिता का खेल मंत्री गिरीश चन्द्र यादव ने किया उद्घाटन



**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा जनपद स्तरीय दो दिवसीय 46 वीं बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक समारोह का आयोजन स्थान बी.आर.पी. इन्टर कालेज के मैदान में हुआ। मुख्य अतिथि राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण उ. प्र. गिरीश चन्द्र यादव व विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र व मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम ने सरस्वती जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर व दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय करंजाकला की बच्चियों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया तथा पू. विद्यालय महाराजगंज व गुरैनी, क0. विद्यालय रन्नो की बच्चियों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। अतिथियों को बुके प्रदान कर व बैच लगाकर कैप पहना कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर मा0 राज्यमंत्री ने खेल से जुड़ने के फायदे के बारे में बताते हुए कहा कि इससे विभिन्न प्रकार की बीमारियां शरीर में प्रवेश नही कर पाती है। बच्चे देश के भविष्य के निर्माण में कर्णधार है तो स्वस्थ रहना अति आवश्यक है। खेल से बौद्धिक, शारीरिक क्षमता के विकास होने के साथ ही देश सेवा के प्रति समर्पण की भावना भी उत्पन्न होती है। प्रदेश मे मुख्यमंत्री के निर्देशन में गावों में मिनी स्टेडियम का निर्माण किया जा रहा है। मा0 राज्यमंत्री जी ने 46 वीं जनपदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले खिलाडियों को शुभकामनाए दी और कहा कि एसे आयोजन से युवाओं को मंच मिलता है। जिलाधिकारी ने कहा कि जिस व्यक्ति ने शुरूआती जीवन में खेल को आत्मसात कर लिया वह किसी भी परिस्थिति में उत्साहहीन नही हो सकता है। खेल को जीवन में आत्मसात करने की अपील की। बच्चों को शुरूवात से ही खेल से जोड़ने के निर्देश दिया उन्होने कहा कि खेल से आत्मविश्वास बढ़ता है और तनाव से मुक्ति मिलती है। मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम ने कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग बहुत ही सराहनीय कार्य कर रहा है, शिक्षा के साथ ही खेल को बढावा दिया जा रहा है। उन्होने कहा कि परिषदीय विद्यालयों के बच्चों में प्रतिभा की कमी नही है बस उन्हे एक मंच मिलने की आवश्यकता है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि पहले ब्लाक स्तर पर प्रतियोगिताएं हुई थी उसके विजेताओं को तहसील वार टीम बनाकर आज जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं हो रही हैं। इस अवसर पर आकर्षक मार्च पास्ट निकाला गया। जिसमे रंग-बिरंगे परिधानों में सजे बच्चे तहसील वार प्रदर्शन कर रहे थे। मार्च पास्ट की सलामी मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि ने लिया।अतिथियों ने तिरंगे रंग के गुब्बारे आकाश में छोड़कर व मशाल जलाकर खेलो का शुभारंभ किया। खेलो में लम्बी व ऊंची कूद, कबड्डी, खो-खो, कुश्ती/जूडो, बैडमिंटन, बालीवाल, जिम्नास्टिक, रंगोली, योग, एथलेटिक्स, गोला फेक/डिस्कस थ्रो आदि प्रतियोगिताओं में प्राथमिक व जूनियर स्तर के बालक बालिकाये अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। संचालन प्रीति श्रीवास्तव व नुपुर श्रीवास्तव ने किया। जिला व्यायाम शिक्षक रवि चन्द्र यादव व प्रियंका सिंह, राकेश यादव सहित सभी ब्लाको के व्यायाम शिक्षक प्रतियोगिताएं कराने मे लगे हुए हैं। इस अवसर पर बी. आर. पी इ. का.के प्रधानाचार्य डा प्रमोद श्रीवास्तव, वित्त एंव लेखाधिकारी राजीव कुमार पाण्डेय, बीईओ नगर नीरज श्रीवास्तव, बसन्त कुमार शुक्ल, रमेश चन्द्र पटेल सहित सभी खण्ड शिक्षा अधिकारी, विन्ध्वासिनी उपाध्याय, राजू सिंह, डा संतोष कुमार तिवारी, सै. मो. मुस्तफा, सभी जिला समन्वयक, सभी शिक्षक संघो के अध्यक्ष व पदाधिकारी, एस. आर. जी, शिक्षक व छात्र छात्राएं आदि उपस्थित रहे।

## बढ़े हुए टैक्स के विरोध में नगर निगम जोन 5 कार्यालय के बाहर प्रदर्शन



**प्रयागराज।** जनपद के नैनी के नगर निगम क्षेत्र में आने वाले लोगो को हाउस टैक्स का बोझ महंगा पड़ रहा है। इंडिया गठबंधन में शामिल समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने नैनी के नगर निगम कार्यालय जोन नंबर पांच के गेट पर धरना प्रदर्शन कर नैनी क्षेत्र के नगर निगम में बढ़ा हुआ हाउस टैक्स के विरोध में प्रदर्शन करते हुए जोनल अधिकारी को एक ज्ञापन सौंप कर यह मांग किया कि नैनी क्षेत्र में पुराने और नए विषतारित क्षेत्र में जो ज्यादा टैक्स का नोटिस गया है उसको सही तरीके से आकलन कर सुधार कर पुनः टैक्स का नोटिस दिया जाए। जिससे नगर निगम क्षेत्र में रहने वाले आम निवासियों को इस महंगे हाउस टैक्स से निजात मिल सके। वहीं समाजवादी पार्टी के नेता बबन दुबे का कहना है कि नगर निगम द्वारा ज्यादा हाउस टैक्स भेजा गया है। इसके विरोध में आज हम इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं द्वारा एक ज्ञापन जोनल अधिकारी को सोपा गया और उसमें मांग किया गया कि नगर निगम के पुराने और विस्तारित क्षेत्र में रहने वाले लोगों के घर भेजे गए नोटिस को निरस्त कर सही आकलन कर कम से कम टैक्स का बोझ जनता को दिया जाए, जिससे लोग समय रहते अपना टैक्स जमा कर सके।

# संस्कार एक शब्द नहीं अपितु पूरा दर्शन है : दुर्गादत्त शर्मा

- सामुहिकता का भाव जगाने का प्रयास है महासमूह गान: राष्ट्रीय महामंत्री
- भारत विकास परिषद शौर्य ने महासमूह गान कार्यक्रम का किया आयोजन




**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** भारत विकास परिषद शौर्य के अध्यक्ष डा. सन्दीप पाण्डेय के नेतृत्व में आयोजित महासमूह गान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री दुर्गादत्त शर्मा का आगमन हुआ। इस कार्यक्रम का आयोजन मां दुर्गा जी सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल सिद्दीकपुर में किया गया। जिसमें विद्यालय के सभी 2500 बच्चों ने इस महासमूह गान में प्रतिभाग किया। मंच से सोनपरी, तनुश्री, आराध्या, सृष्टि और मरियम ने %युगों–युगों से यही हमारी बनी हुई परिपाटी है% गीत का गायन किया। इस कार्यक्रम का प्रारम्भ सर्वप्रथम भारत माता एवं स्वामी विवेकानन्द जी के चित्र पर पुष्प अर्पण एवं दीप प्रज्वलन से किया गया। विद्यालय के बच्चों ने वन्दे मातरम गीत गाया। संस्थापक अध्यक्ष डा. सन्दीप पाण्डेय ने अपने स्वागत उद्बोधन में शौर्य शाखा के उदय से अभी तक के कार्यक्रमों पर चर्चा की और बताया कि संस्था सम्पर्क, सेवा और संस्कार के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में बच्चों के बीच में जाकर तिलक लगाने के विषय पर, सामुहिकता की शक्ति पर और संस्कार विषय पर बातचीत की। उन्होंने कहा कि सामुहिकता की शक्ति से पिछले चलने वाले का हाथ पकड़कर उसे भी साथ ले लिया जाता है। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रकल्प समूह गान नवीन श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्र एक जीता जागता राष्ट्र पुरूष है। जिसकी बूंद–बूंद गंगा है। कश्मीर जिसका मतिष्क है। पंजाब और बंगाल जिसकी भुजाएं हैं और हम सभी को मिलकर ऐसी चेतना जगानी है जिससे राष्ट्र परम वैभव को प्राप्त हो सके। प्रान्तीय अध्यक्ष रवि जायसवाल ने कहा कि जब हम समूह में बोलते हैं तो उसकी तीव्रता, ओजस्विता बढ़ जाती है, यही महासमूह गान का मुख्य उद्देश्य है। विद्यालय के प्रबन्धक सूर्याश सिंह और प्रधानाचार्य एके सिंह ने शौर्य शाखा द्वारा किये गये कार्यो की सराहना की। कार्यक्रम के अन्त में अध्यक्ष डा. सन्दीप पाण्डेय, प्रकल्प प्रमुख सन्दीप चौधरी, कार्यक्रम संयोजक डा. बृजेश कन्नौजिया के द्वारा सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह एवं शाल भेंट किया गया। इस कार्यक्रम में डा. राम नारायण सिंह, डा. शैलेश सिंह, नीरज श्रीवास्तव, अतुल जायसवाल, अवधेश गिरि, जनार्दन पाण्डेय, आनन्द देव वर्मा, नित्यानन्द पाण्डेय, अरविन्द गिरि, अतुल मिश्रा, डा. राजेश कुमार, प्रमोद सैनी, ज्योति श्रीवास्तव, राहुल पाण्डेय, सुनील सिंह, रविन्द्र गुप्त, डा. अनिल सिंह, रमेश श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का सफल संचालन संस्था के कोषाध्यक्ष अमित पाण्डेय ने किया तथा संगठन सचिव पंकज सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# मिशन शक्ति : छात्राओं व महिलाओं को किया जागरूक

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर (सुरेरी)** क्षेत्र के प्राइमरी पाठशाला पृथ्वीपुर में मिशन शक्ति अभियान, शक्ति दीदी, महिला सुरक्षा, महिला सम्मान एवं महिला सशक्तिकरण के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंगलवार को सुरेरी थाने पर तैनात महिला आरक्षी प्रिया पटेल ने विद्यालय में पहुंचकर विद्यालय की छात्राओं व विद्यालय के समीप स्थिति गांव में चौपाल लगाकर गांव की महिलाओं को जागरूक किया गया व सरकार की लाभकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए बताई कि किसी भी आपात स्थिति में डरने की जरूरत नहीं है। यादि आपको रास्ते से गुजरने के दौरान या किसी समय यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति रास्ते में दिखता है या छेड़खानी करता है तो आओ डरिये मत बल्कि निडर होकर विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 1090, 1098, 1076 ,1930, 181, 112 ,108 पे फोन मिलाकर जानकारी दे जहां सुचना के कुछ ही छड़ में पुलिस आपके मदद के लिये मौजूद मिलेगी। साथ ही साइबर अपराध से बचने हेतु जानकारी दी गई व बाल आशीर्वाद योजना से अवगत कराया गया। इस दौरान अन्य महिला आरक्षी तथा विद्यालय की समस्त छात्राएं ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रही।

# अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर डीएम कार्यालय किया प्रदर्शन

**अवधनामा संवाददाता**




**आजमगढ़।** मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी आजमगढ़ ने मांग दिवस के रूप में मनाते हुये जिलाधिकारी कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया।इसके बाद राष्ट्रपति और राज्यपाल के नाम संबोधित 11 सूत्रीय मांगपत्र जिलाधिकारी के माध्यम से दिया गया। भाकपा कार्यकर्ता कुंवर सिंह उद्यान में एकजुट होकर सरकार की नीतियों के खिलाफनारे लगाते हुये जिलाधिकारी कार्यालय के सामने पहुंचे। मांगपत्र में महंगाई, बेरोजगारी, खाद बीज, खेती-किसानी, बिजली का निजीकरण, अडानी प्रकरण, मणिपुर, सम्भल में हुए दंगे की न्यायिक जांच से संबंधित प्रमुख मांगे थी। भाकपा जिला सचिव कॉमरेड जितेंद्र हरि पांडेय एडवोकेट ने कहा कि आज के मांग दिवस का मुख्य मुद्दा अडानी ग्रुप ऑफ कम्पनीज के घोटाले की जांच संसदीय समिति से कराई जाय।मणिपुर की बदहाल स्थिति की चर्चा संसद में हो और वहां से आर्म्ड फोर्सेज स्पेशल एक्ट को हटाया जाय।सम्भल में हुए दंगे की जांच सुप्रीम कोर्ट के सिटिंग जज से कराई जाय।लगातार बढ़ रही महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है तो दूसरी ओर लगातार देश की जीडीपी गिरती जा रही है। भाकपा आज पूरे देश मे इन्ही सवालों को लेकर सड़कों पर उतरी है। पार्टी राज्य कमेटी सदस्य हामिद अली ने कहा कि उप्र की सरकार लोगों का ध्यान समस्याओं से हटाने के लिये सरकार और प्रशासन , प्रायोजित साम्प्रदायिक धुरुवीकरण करते कराते हुए आपस मे लोगों को लड़वा रही है।भारतीय जनता पार्टी और उसके सहयोगी संगठनों के द्वारा आये दिन विभाजनकारी नारे दिए जाते हैं। मानवाधिकार और संवैधानिक मूल्यों पर बड़े खतरे मंडरा रहे हैं। अन्य वक्ताओं ने देश व प्रदेश सरकार से मांग करते हुये कहा कि भाजपा सरकार मजदूर, किसान विरोधी है और पूंजीपतियों पर मेहरबान है।इस अवसर पर किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष इम्तेयाज बेग, गुलाब मौर्य, रामाज्ञा यादव, हरिगेन, जियालाल, मंगलदेव यादव, रामनेत, जियालाल, चंद्रमोहन, शोभनाथ, अशोक राय, सुबाष यादव, दुर्बली राम, आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### कॉस्मेटिक की दुकान पर बेचे जा रहे थे चाइनीस मांझे

**जौनपुर (सुरेरी)** सोमवार की रात्रि उच्चाधिकारी के निर्देश पर सुरेरी पुलिस क्षेत्र के करौदी, बासुपुर, सिठूपुर,भोड़ा आदि बाजारो में चाइनीस मांझा रखने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर जाँच पड़ताल कर रही थी, जहां क्षेत्र के भोड़ा बाजार में स्थित कॉस्मेटिक व अन्य दुकानों पर गहनता से जांच पड़ताल कर रहे थे, वही जांच पड़ताल के दौरान अमन मौर्य पुत्र बाबूराम मौर्य के कॉस्मेटिक की दुकान के सामने पतंग टंगा देख पुलिस ने दुकान की तलाशी ली। जहां चाइनीज माँझे रखे गए थे। जिसे देख पुलिस ने दुकानदार को जमकर फटकार लगाई व दुकान से बरामद नौ बंडल चाइनीस माँझे को जप्त कर लिया गया। तथा दुकानदार द्वारा व्यक्तिगत माफी नामा देने पर उच्चाधिकारियों को मामले से अवगत कराकर छोड़ दिया गया। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष सुरेरी सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि उच्चाधिकारीयो के निर्देश पर दुकान की जांच पड़ताल की गई जांच के दौरान मिले चाइनीस माँझे को जप्त कर दिया गया है।

### रोटा वायरस का इंजेक्शन लगाने वाली आरोपी नर्स निलंबित

**प्रयागराज।** सृजन अस्पताल में सोमवार को रोटा वायरस की दवा शिशु को मुंह से ड्रॉप पिलाने की जगह इंजेक्शन रूप में लगाने पर अस्पताल प्रशासन ने कड़ा कदम उठाया है। इस प्रकरण में मंगलवार को अस्पताल प्रशासन की ओर से आरोपी नर्स के खिलाफ तीन सदस्यीय जांच टीम गठित कर दी है। साथ ही नर्स पुष्पा यादव को निलंबित कर दिया है। अस्पताल के निदेशक डॉ. बीबी अग्रवाल ने बताया कि जांच टीम में बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. जेवी राय, डॉ. रजनीश राय और डॉ. दीपाली श्रीवास्तव शामिल हैं। जांच टीम आरोपी नर्स का बयान दर्ज करने के अलावा पीड़ित परिजनों से संपर्क करेगी और मौके पर मौजूद अन्य लोगों का भी बयान दर्ज करेगी। जांच टीम दस दिन में रिपोर्ट देगी। रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान पीड़ित सुमित मित्रा ने बताया कि वे पीएम, सीएम और स्वास्थ्य विभाग से दोबारा शिकायत करेंगे।

### डीएसए की जीत में अनस, फरहान और हर्षित चमके


अनस अहमद फरहान अंसारी हर्षितराज यादव

**प्रयागराज।** अनस अहमद के हरफनमौला खेल (53 रन, 38 गेंद, चार चौके, तीन छक्के एवं दो विकेट), विकेटकीपर बल्लेबाज फरहान अंसारी (63 रन, 58 गेंद, नौ चौके, दो छक्के एवं दो कैच) और हर्षित राज यादव (6-0-35-4) के खेल से डीएसए क्लब ने प्रयाग क्लब को 19 रन से हराकर चैलेंजर कप क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये। दौलत हुसैन कॉलेज मैदान पर मंगलवार को खेले गए मैच में डीएसए क्लब ने 35 ओवर में 8 विकेट पर 261 रन (फरहान अंसारी 63, अनस अहमद 53, ओम राय 37, सत्यम साहू 25, दिव्यांशु सिंह 24, दिव्यांश यादव 2/21, विद्यांश 2/48) बनाए। जवाब में प्रयाग क्लब की टीम 34.2 ओवर में 242 रन (अब्दुल अज़ीज़ 74, आदित्य मिश्रा 40, सिद्धार्थ सिंह 27, हर्षित राज यादव 4/35, अनस अहमद 2/34, विशेष आनंद 2/44) पर सिमट गई। अनस अहमद को मैन ऑफ दि मैच चुना गया।

### प्रयागराज में चिकित्सा शून्य, एम्स अति आवश्यक



**प्रयागराज।** प्रयागराज सांसद उज्जवल रमण सिंह ने आज लोकसभा में एम्स का मुद्दा उठाया कि इलाहाबाद हाईकोर्ट में केंद्र सरकार द्वारा यह हलफनामा दाखिल करना दूर्भाग्यपूर्ण कि दो साल तक प्रयागराज में एम्स स्थापना का कोई विचार नहीं हैं। सांसद प्रतिनिधि विनय कुशवाहा ने बताया कि सांसद उज्जवल रमण सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने 27 अगस्त 2017 को प्रयागराज में एम्स स्थापना की घोषणा की थीं। जिसके लिए 200 एकड़ जमीन की तलाश जमुनापार के नैनी व शंकरगढ़ इलाके में तलाश की गई थी परंतु अभी हाल में इलाहाबाद हाईकोर्ट में जो हलफनामा केंद्र सरकार की तरफ से दिया गया उससें संगम नगरवासियों ने जो एम्स का सपना सजोया था उससें निराशा हुई। प्रयागराज में विगत दस वर्षो अत्यधिक जनसंख्या वृद्धि हुई जिसके सापेक्ष में चिकित्सा व्यवस्था नगण्य हैं। यहाँ आधुनिक चिकित्सा की किल्लत हैं। इसके बावजूद एम्स स्थापना के लिए जमीनी हकीकत का आकलन ठीक से नहीं किया गया। प्रयागराज के आसपास के जिले के साथ मध्यप्रदेश के जिले भी प्रभावित हैं। उन्होंने कहा कि गम्भीर बीमारी के लिए लोगों को लखनऊ व दिल्ली का चक्कर लगाना पढ़ता हैं उससे धन व समय दोनों की बर्बादी होती हैं।

### निजीकरण के विरोध में काली पट्टी बांधकर किया कार्य करते हुए विरोध किया प्रर्दशन

**आजमगढ़।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघ समिति उ0प्र0 के तत्वावधान में जिला संयोजक प्रभुनारायण पाण्डेय प्रेमी के नेतृत्व में मंगलवार को विद्युत के निजीकरण के विरोध में सिधारी हाइडिल में विद्युत कर्मियों द्वारा कार्यालय अवधि तक विरोध स्वरूप अपनी बांहो पर काली पट्टी बांधकर कार्य करते हुए विरोध दर्ज किया गया। जिला संयोजक में कहा कि पूरे प्रदेश में यह विरोध किया जा रहा है। हड़ताल के दौरान विद्युत मंत्री ने समझौता किया था। लेकिन आज तक लागू नहीं किया गया।

# मुबारकपुर के थाना परिसर में हुआ पुलिस अधीक्षक ने किया महिला चौकी का उद्घाटन

**अवधनामा संवाददाता**



**मुबारकपुर, आजमगढ़।** मुबारकपुर थाना परिसर में स्थित महिला चौकी का उद्घाटन सोमवार को पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना ने कार्यलय, भवन कक्ष का शीला पट के अनावरण, फीता काटकर किया जिसकी आधार शिला तत्कालीन थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने किया था।उक्त महिला चौकी पर पहली तैनाती एस आई अंकित शुक्ला को पदभार पुलिस अधीक्षक ने दी। खबर है कि उक्त महिला थाने चौकी की दरकार लोगों को थी जिसे तत्कालीन थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह अपनी अधिकारियों को अवगत कराया जिसपर कंस्ट्रक्शन एंड डिजाइन सर्विसेज उ.प्र. जल निगम द्वारा लगभग 55 लाख रुपए घन मुहैया हुई और कार्य प्रारंभ हुआ उक्त भवन के निर्माण कार्य पूर्ण होने पर पुलिस अधीक्षक ने इसका उद्घाटन किया । अपने संबोधन मे मीना ने कहा कि जनपद एक महिला थाना कोतवाली में है सरकार ने दुसरा महिला चौकी स्थापित किया है जो यहां के अतिरिक्त अन्य क्षेत्रों कि महिलाओं को भी अपनी बातें रखकर यहां मुकदमा पंजीकृत करा सकते हैं यह शासन की मंशा है कि महिलाओं के सुरक्षा एवं महिलाओं को सशक्तिकरण एवं महिला अपराध से संबंधित समस्त कार्य उक्त थाने से संचालित किया जाएगा इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक ने निर्मित भवन एवं कार्यालय आवासीय कक्ष का बारीकियों से निरीक्षण किया इसके तदुपरांत थानाध्यक्ष निहारनंदन कुमार को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर शैलेन्द्र लाल, अन्तत शेखर एएसपी, थानाध्यक्ष निहारनंदन कुमार, गीरीश शर्मा, तुलसी प्रसाद, प्रमोद यादव, ओमप्रकाश यादव दरोगा, हाजी जमाल प्रधान इब्राहिम पुर, मोलाना अब्दुल्लाह, रिजवान सेठ, विरेंद्र कुमार, हाजी रिजवान अंसारी, दानीश पुर्व प्रधान, समसुद्दीन पुर्व प्रधान अमिलो, सलाउद्दीन, आदि उपस्थित थे।

## हफ्तों से ठप है पांटून पुल का काम

**प्रयागराज।** मेला क्षेत्र में पांटून पुलों के निर्माण की तय समयसीमा के भीतर भले ही काम पूरा करने का लाख दावा किया जा रहा हो लेकिन हकीकत उसके विपरीत दिखाई दे रही है। पीडब्ल्यूडी के निर्माण खंड चार की ओर से बनाए जा रहे महावीर दक्षिणी, उत्तरी, जगदीश रैंप, त्रिवेणी दक्षिणी, मध्य व उत्तरी और काली पांटून पुल का निर्माण कार्य दस दिनों से ठप पड़ा है। ठप होने की वजह जमीन का समतलीकरण ना होना है। करीब एक महीने से सात पांटून पुलों का निर्माण कार्य चल रहा है। जमीन समतल ना होने की वजह से झूसी साइड से इन पुलों का निर्माण शुरू कराया गया। उधर से पुल तो बनकर तैयार हो गया है लेकिन दारागंज की ओर काली मार्ग व त्रिवेणी मार्ग के पास गंगा की जमीन पर सिंचाई विभाग अपनी जेसीबी व पोकलैंड से जमीन समतल करने का कार्य कर रहा है, जो अब तक पूरा नहीं हो सका है। इसकी वजह से गंगा के दोनों छोर पर पुलों को नहीं जोड़ा जा सका।

# हस्ताक्षर अभियान चलाकर जताई महिला हिंसा रोकने पर सहमति

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** सखी वन स्टाप सेंटर जनपद प्रयागराज में वन स्टॉप सेंटर और विज्ञान फाउंडेशन कार्यक्रम के अंतर्गत आज किशोरियों व महिलाओं को महिला हिंसा पर जागरूक करने हेतु महिला हिंसा विरोध दिवस पखवाड़े का आयोजन किया गया। जिसमें गद्दोपुर गोहरी और अशोक नगर, की किशोरियों व महिलाओं ने प्रतिभाग किया। पोस्टर प्रतियोगिता में सभी किशोरियों ने महिला हिंसा से सम्बन्धित पोस्टर बनाये। प्रतियोगिता में पूर्णिमा सिंह ने प्रथम स्थान,नम्रता साहू ने द्वितीय स्थान, तथा अनुष्का और पलक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। उत्तीर्ण होने वाली किशोरियों को वन स्टाप सेंटर की प्रभारी निलिशा यादव ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया जिसमें सभी ने हस्ताक्षर कर के महिला हिंसा को रोकने के लिए अपनी सहमति जताई। निलिशा द्वारा महिला हिंसा पर जानकारी दी गई। विज्ञान फाउंडेशन की थीमैटिक लीड उपासना जी द्वारा सभी का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

इस कार्यक्रम में किशोरियों, महिलाओं तथा सखी वन स्टाप सेंटर से प्रभारी निलिशा यादव, काउन्सलर अनामिका, प्रीति मिश्रा, रूचि शुक्ला, एक्शनएड/ यूनिसेफ जिला समन्वयक रवि कुमार, विज्ञान फाउंडेशन से थीमैटिक लीड उपासना, किशोरी मित्र मंजू, अलका, सुजाता और विजय लक्ष्मी ने प्रतिभाग किया।

# खेलकूद से होता है मानसिक एवं शारीरिक विकास



**प्रयागराज।** वात्सल्य इंस्टीट्यूट आफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंसेज में तीन दिवसीय इनडोर एवं आउटडोर खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ सिविल लाइंस स्थित वात्सल्य परिसर में सोमवार को हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए इंस्टीट्यूट की निर्देशिका डॉ कीर्तिका अग्रवाल ने कहा कि छात्र- छात्राओं के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन जरूरी है। इससे वे अपने लक्ष्य की ओर एकाग्रचित्त होकर बढ़ते हैं। डॉ अग्रवाल ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि वे देश का भविष्य हैं। पढ़ाई के साथ ही हर क्षेत्र में कामयाबी भी आज की आवश्यकता है। इस अवसर पर इंस्टीट्यूट की प्रिंसिपल डॉ ज्योति मरठे ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को बधाई दी। साथ ही विश्वास व्यक्त किया कि अन्य छात्र-छात्राएं भी उनसे प्रेरणा ग्रहण करेंगे। छात्र- छात्राओं ने चित्रकला, मेंहदी, रंगोली, शतरंज, कैरम, सुई-धागा दौड़, सौ मीटर दौड़, रस्सी कूद आदि प्रतियोगिताओं में बढ़चढ कर भाग लिया। इस अवसर पर इंस्टीट्यूट के प्राध्यापक एवं कर्मचारी गण भी उपस्थित थे।

# स्वच्छता ही सेवा है : स्वतंत्र देव सिंह



- पीएम मोदी के आगमन को लेकर शुरू हुआ स्वच्छता अभियान

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** 13 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर प्रयागराज महानगर सहित जिला पंचायत तथा ब्लॉक स्तर पर स्वच्छता अभियान (विशेष सफाई अभियान) का प्रारंभ मंगलवार को किया गया। 10 से 12 दिसंबर तक यह अभियान चलाया जायेगा। पीएम के कार्यक्रम को लेकर सोमवार को भाजपा संगठन कार्यकर्ताओं, पार्षदों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करने पहुंचे कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने अपने प्रवास के दूसरे दिन मंगलवार को विशेष सफाई अभियान के शुरुआत के दिन नगर आयुक्त चंद्र मोहन गर्ग, पार्टी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, महापौर गणेश केसरवानी, महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र, तथा नगर निगम के पार्षदों के साथ मनकामेश्वर मंदिर घाट, बैरहना क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया। झाड़ू लगाकर कैबिनेट मंत्री एवं महापौर तथा महानगर अध्यक्ष ने स्वच्छता अभियान की शुरुआत की। स्वच्छता का संदेश लिखे तख्तियों को लेकर एवं स्वच्छ कुंभ लिखी टी शर्ट पहनकर खड़े स्वच्छता प्रहरियों ने लोगों को पर्यावरण एवं शहर को स्वच्छ बनाने की प्रेरणा दी। इस दौरान कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह भी शामिल रहे। वहीं नगर निगम की ओर से डॉग कैचर वाहन भी रवाना किया। कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने हरि झंडी दिखाकर वाहन को रवाना किया। सफाई अभियान के बाद कैबिनेट मंत्री ने लोगों को शहर एवं पर्यावरण को स्वच्छ रखने की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा है। जहां स्वच्छता है वहां ईश्वर का वास है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में स्वच्छता के प्रति एक अलख जगाई। महाकुंभ 2025 को स्वच्छता की कसौटी पर खरा उतारना प्रयागराज वासियों के साथ हम सबकी जिम्मेदारी है। दिव्य भव्य कुंभ के साथ स्वच्छ कुंभ के सूत्र को भी अपनाना है। इससे पहले कैबिनेट मंत्री ने बंधवा स्थित बड़े हनुमान मंदिर तथा मनकामेश्वर मंदिर में पूजा अर्चना की साथ में महापौर गणेश केसरवानी भी मौजूद रहे।

### महानगर के सभी 15 मंडलों में चला सफाई अभियान

**प्रयागराज।** स्वच्छता अभियान के तहत भाजपा प्रयागराज महानगर द्वारा महानगर के सभी 15 मंडलों में तथा समस्त 1216 बूथों पर सफाई अभियान चलाया गया। पार्षदों ने अपने अपने वार्ड क्षेत्रों में सफाई अभियान चलाया। इस दौरान प्रमुख चौराहों, मार्गों, महापुरुषों की प्रतिमाओं के आस पास तथा प्रतिमाओं की साफ सफाई की गई। इस अवसर पर नगर आयुक्त चंद्र मोहन गर्ग, विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी, पार्षद किरन जायसवाल, सोनू पाठक, सुनीता चोपड़ा, गिरिजेश मिश्रा, विजय पटेल, राजेश केसरवानी, विवेक मिश्रा, प्रशांत शुक्ला, राकेश भारती, दीप द्विवेदी, मनोज कुशवाहा, संजय सिंह, बृज मोहन पटेल, आनंद दुबे, अंबुज त्रिपाठी, प्रमोद मोदी, राजू पाठक, राजन शुक्ला आदि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सरकारी बैंकों का 42,000 करोड़ ऋण बट्टे खाते में, सात माह में 35,132 करोड़ रुपए की कर चोरी

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में 42,000 करोड़ रुपये का ऋण बट्टे खाते में डाला। अप्रैल-सितंबर अवधि के दौरान भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने 8,312 करोड़ रुपये, पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने 8,061 करोड़ रुपये, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (6,344 करोड़ रुपये) और बैंक ऑफ बड़ौदा (5,925 करोड़ रुपये) बट्टे खाते में डाले। संसद के शीतकालीन सत्र में एक सवाल के जवाब में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने स्पष्ट किया कि इस तरह के बट्टे खाते में डालने से उधारकर्ताओं की देनदारियां माफ नहीं होती हैं। जीएसटी अधिकारियों ने अप्रैल-अक्तूबर के बीच 17,818 फर्जी फर्मों की ओर से 35,132 करोड़ रुपये की आईटीसी चोरी के मामलों का पता लगाया है और 69 लोगों को गिरफ्तार किया है। केंद्र और राज्य अधिकारियों की ओर से डाटा एनालिटिक्स और अन्य खुफिया जानकारी के माध्यम से फर्जी फर्मों का पता लगाने के लिए नियमित कार्रवाई की जाती है। साथ ही, फर्जी फर्मों का पता लगाने के लिए 16 अगस्त से 30 अक्तूबर के बीच एक समन्वित विशेष अभियान चलाया गया। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने लोकसभा में एक लिखित उत्तर में कर चोरी के बारे में जानकारी दी।

देश में असंगठित क्षेत्र से जुड़े श्रमिकों के कल्याण के लिए बने ई-श्रम पोर्टल पर सबसे ज्यादा उत्तर प्रदेश के 8.4 करोड़ असंगठित मजदूर पंजीकृत हैं। पोर्टल पर पंजीकृत कुल मजदूरों में से 27.5 फीसदी केवल यूपी से हैं। करीब 3 करोड़ मजदूरों के साथ बिहार दूसरे स्थान पर है। 2.6 करोड़ के साथ प. बंगाल तीसरे और 1.8 करोड़ के साथ मध्य प्रदेश चौथे स्थान पर है। पोर्टल पर पंजीकृत करीब 52 फीसदी असंगठित मजदूर इन चार राज्यों के हैं। श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने राज्यसभा में एक प्रश्न के जवाब में यह जानकारी दी है। यह पोर्टल असंगठित श्रमिकों को पंजीकृत करने में मदद करता है और उन्हें यूनिवर्सल अकाउंट नंबर (यूएएन) प्रदान करता है। इसे आधार से भी जोड़ा गया है। एक दिसंबर, 2024 तक देश में 30.4 करोड़ से ज्यादा असंगठित मजदूर इस पोर्टल पर पंजीकृत हो चुके हैं।

रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर पर, 20 पैसे टूटा

डॉलर के मुकाबले रुपया सोमवार को 20 पैसे टूटकर 84.86 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ। कई देशों में तनाव और घरेलू बाजारों में नरमी से रुपये में गिरावट आई। फॉरेक्स कारोबारियों ने कहा, आयातकों व विदेशी बैंकों से डॉलर की मांग के कारण रुपया कमजोर बना हुआ है। शुरुआती कारोबार में यह 84.70 पर खुला।

कृषि श्रमिकों व ग्रामीण मजदूरों के लिए खुदरा महंगाई अक्तूबर में घटकर क्रमशः 5.96 फीसदी और छह फीसदी रह गई। सितंबर में यह क्रमशः 6.36 फीसदी व 6.39 फीसदी रही थी। इस दौरान कृषि श्रमिकों व ग्रामीण मजदूरों के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक 11 अंक तक बढ़ा।

# मोटोरोला ने लॉन्च किया मोटो जी35 5जी स्मार्टफोन

**नई दिल्ली।** भारत के सर्वश्रेष्ठ 5जी स्मार्टफोन ब्रांड, मोटोरोला ने आज मोटो जी35 5जी के लॉन्च की घोषणा के साथ किफायती 5जी स्मार्टफोन बाजार में धूम मचा दी है। इस सेगमेंट के सबसे तेज़' 5जी स्मार्टफोन को इस सेगमेंट के सबसे ज़्यादा 12 5जी बैंड्स के साथ लॉन्च किया गया है, जो सहज एवं भविष्य के लिए तैयार 5जी अनुभव के लिए वीओएनआर कनेक्टिविटी, 4 गुणा 4 एमआईएमओ तथा 4 कैरियर एग्रीगेशन को सपोर्ट करता है। जी35 5जी एयरटेल और जियो सहित सभी 5जी नेटवर्क ऑपरेटर्स के अनुरूप है जो एनएसए और एसए दोनों 5जी नेटवर्क को सपोर्ट करता है, और यही बात इसे ट्रू 5जी डिवाइस बनाती है। टेक्हार्क ने 5जी से जुड़ी अलग-अलग कसौटियों पर अच्छी तरह परखने के बाद, आधिकारिक तौर पर इसे अपने सेगमेंट में भारत के सबसे तेज़ 5जी स्मार्टफ़ोन के रूप में मान्यता दी है। इसके अलावा, जी35 5जी को विज़न बूस्टर टेक्नोलॉजी के साथ-साथ इस सेगमेंट में एकमात्र एफएचडी प्लस 6.7 इंच डिस्प्ले और 60-120 हट्र्ज के बीच वेरिएबल रिफ्रेश रेट तथा 1000निट्स की ब्राइटनेस के साथ पेश किया गया है, जो बहुत तेज रोशनी में भी बेहद

**मान्यता**

**आधिकारिक तौर पर इसे अपने सेगमेंट में भारत के सबसे तेज़ 5जी स्मार्टफ़ोन के रूप में मान्यता दी है।**

शानदार विजुअल्स और सहज तरीके से बदलाव को सुनिश्चित करता है। कार्निंग गोरिल्ला ग्लास 3 इस डिवाइस को पूरी सुरक्षा देता है। ये इस सेगमेंट का इकलौता ऐसा स्मार्टफोन है, जिसमें 4के वीडियो रिकॉर्डिंग के साथ 50एमपी क्वाड पिक्सल कैमरा सिस्टम, 8एमपी अल्ट्रावाइड और सेगमेंट में सबसे शानदार 16एमपी सेल्फी कैमरा लगाया गया है, जो फोटो और वीडियो के अनुभव को बेमिसाल बना देते हैं। जी35 5जी को लीफ ग्रीन या गुआवा रेड में प्रीमियम वीगन लेदर डिज़ाइन और मिडनाइट ब्लैक में 3डी पीएमएमए फ़िनिश के विकल्पों के साथ पेश किया गया है, जो परफॉर्मेंस, डिज़ाइन



एवं किफायती मूल्य का बेमिसाल संगम है। जी35 5जी ने अपने सेगमेंट में सबसे तेज़ 5जी परफॉर्मेंस के साथ 5जी कनेक्टिविटी के लिए एक नई मिसाल कायम की है, जिसे टेक्हार्क ने भारत में 13के से कम कीमत वाले सबसे तेज़ 5जी स्मार्टफोन के रूप में मान्यता दी है। बेहद दमदार 12 5जी बैंड्स और टवछत् कनेक्टिविटी से सुसज्जित यह ट्रू 5जी फोन सभी नेटवर्क ऑपरेटर्स तथा एसए और एनएसए 5जी बैंड्स, दोनों के अनुरूप है। एडवांस्ड 4 गुणा 4 एमआईएमओ टेक्नोलॉजी और 4 कैरियर एग्रीगेशन तक के सपोर्ट वाले इस स्मार्टफोन के यूजर्स बेमिसाल स्पीड एवं विश्वसनीयता का अनुभव कर सकते हैं। बात चाहे स्ट्रीमिंग की हो, या फिर गेमिंग अथवा यादों को संजोने की बात हो, जी35 5जी भविष्य के लिए तैयार एवं बिना किसी रूकावट के 5ळ अनुभव प्रदान करता है, जो इसे अपने सेगमेंट में प्रतिस्पर्धियों से अलग बनाता है। लॉन्च के मौके पर, मोटोरोला मोबिलिटी इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री टी.एम. नरसिम्हन ने अपनी राय जाहिर करते हुए कहा, ÷हमें किफायती 5जी सेगमेंट में गेम-चेंजिंग डिवाइस जी35 5जी को लॉन्च करते हुए बेहद खुशी हो रही है।

पूरे भारत में बड़े पैमाने पर लोगों के लिए सर्वोत्तम 5जी अनुभव को सुलभ बनाना ही हमारा लक्ष्य है। जी35 5जी सचमुच अत्याधुनिक 5जी टेक्नोलॉजी, बेहतरीन मनोरंजन और इमेजिंग, तथा शानदार डिज़ाइन का बेजोड़ संगम है जिसमें कोई समझौता नहीं किया गया है, और ये सारे फीचर्स बेमिसाल कीमतों पर उपलब्ध हैं। हमें पूरा यकीन है कि जी35 5जी नए मानक स्थापित करेगा और देश भर में 5जी के प्रसार को आगे बढ़ाने में मदद करेगा।

# आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड ट्रांच के जरिए 100 करोड़ तक जुटाएगा

**मुंबई।** IIFL होम फाइनेंस ने 1,000 रुपए प्रत्येक की फेस वैल्यू के सिक्योर्ड, रेटेड, लिस्टेड रिडीमेबल नॉन-कन्वर्टिबल डिबेंचर एनसीडी के अपने पब्लिक इश्यू का ऐलान किया है। जिसका बेस इश्यू साइज 100 करोड़ रुपए है, जिसमें 400 करोड़ रुपए तक के ओवरसब्सक्रिप्शन को बनाए रखने का विकल्प है, जो कुल मिलाकर 500 करोड़ रुपए तक है। वहीं यह 3000 करोड़ रुपए ट्रेंच I इश्यू की शेल्फ लिमिट के अंदर है। सेबी NCS रेगुलेशंस के कंप्लायंस में समय से पहले बंद होने के ऑप्शन के साथ ट्रेंच I इश्यू शुक्रवार यानी 6 दिसंबर 2024 को ओपन होगा और गुरुवार 19 दिसंबर 2024 को क्लोज होगा।

NCDs को BSE और एनएसई बीएसई के साथ एनएसई, स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्ट करने का प्रस्ताव है। एनएसई ट्रेंच I इश्यू के लिए नामित स्टॉक एक्सचेंज होगा। एनसीडी को क्रिसिल रेटिंग्स लिमिटेड द्वारा क्रिसिल एए/स्टेबल और इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आईएनडी एए/स्टेबल रेटिंग दी गई है।

ट्रांच I इश्यू 8.85% प्रति वर्ष से लेकर 9.25% प्रति वर्ष तक के कूपन रेट के साथ सब्सक्रिप्शन के लिए एनसीडी की विभिन्न सीरीज प्रदान करता है। ट्रांच I इश्यू के तहत एनसीडी को सीरीज I, II, III, IV, V, VI, VII, VIII और IX में

मंथली और एनुअल कूपन पेमेंट ऑप्शन के साथ 24 महीने, 36 महीने, 60 महीने और 84 महीने की मैच्योरिटी/अवधि विकल्पों के साथ पेश किया जा रहा है।

निवेशकों की सभी कैटेगरी में एनसीडी होल्डर्स के लिए इफेक्टिव यील्ड प्रति वर्ष 8.85% प्रति वर्ष से 9.27% प्रति वर्ष तक है।

# एयर इंडिया एक्सप्रेस अमृतसर और लखनऊ से बैंकॉक के लिए शुरू करेगी नई उड़ानें, किराया 10,000 से शुरू

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया एक्सप्रेस ने दक्षिण-पूर्व एशिया में विस्तार करने के लिए अमृतसर और लखनऊ से बैंकॉक के लिए सीधी उड़ानें शुरू करने की घोषणा की। एयरलाइन लॉन्च के अवसर पर, विशेष शुरुआती किराए की पेशकश कर रही है। इस पेशकश के तहत अमृतसर-बैंकॉक मार्ग पर एक्सप्रेस वैल्यू किराया 10,900 और एक्सप्रेस लाइट किराया 10,400 से शुरू होगा, जबकि लखनऊ-बैंकॉक वायु मार्ग पर एक्सप्रेस वैल्यू किराया ?10,000 और एक्सप्रेस लाइट किराया 9,500 से शुरू होगा। टिकट की बुकिंग एयर इंडिया एक्सप्रेस की पुरस्कृत वेबसाइट airindiaexpress.com और अन्य प्रमुख बुकिंग चैनलों पर की जा सकती है।

एयरलाइन 27 दिसंबर 2024 से अमृतसर से और 28 दिसंबर 2024 से लखनऊ से सप्ताह में तीन उड़ानों का परिचालन करेगी। पिछले सप्ताह, इसने अपने तेज़ी से बढ़ते नेटवर्क में बैंकॉक को जोड़ने की घोषणा की। इसमें पुणे से बैंकॉक के लिए तीन और सूरत से चार साप्ताहिक उड़ानें शामिल हैं।

27 दिसंबर 2024 से निर्धारित समयसारणी

प्रस्थान हवाई अड्डा

आगमन हवाई अड्डा प्रस्थान समय आगमन समय आवृत्ति

अमृतसर बैंकॉक 10:40 17:00 सोमवार, बुधवार, शुक्रवार, रविवार

बैंकॉक अमृतसर 18:00 22:00 सोमवार, बुधवार, शुक्रवार, रविवार

28 दिसंबर,, 2024 से निर्धारित समयसारणी

लखनऊ बैंकॉक 11:40 17:00 मंगलवार,

गुरुवार, शनिवार

बैंकॉक लखनऊ 18:00 20:50 मंगलवार,

गुरुवार, शनिवार

20 दिसंबर ,2024 से निर्धारित समयसारणी

सूरत बैंकॉक 09:35 15:35 सोमवार, बुधवार, शुक्रवार, रविवार

बैंकॉक सूरत 16:35 19:35 सोमवार, बुधवार, शुक्रवार, रविवार

21 दिसंबर, 2024 से निर्धारित समयसारणी

पुणे बैंकॉक 08:40 14:30 मंगलवार,

गुरुवार, शनिवार

बैंकॉक पुणे 15:35 18:25 मंगलवार,

गुरुवार, शनिवार

एयर इंडिया एक्सप्रेस के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी, अंकुर गर्ग ने अमृतसर और लखनऊ से बैंकॉक के लिए नई उड़ानों के शुभारंभ के बारे में कहा, एयर इंडिया एक्सप्रेस अमृतसर और लखनऊ से बैंकॉक के लिए सीधी उड़ानें शुरू करने के साथ, दक्षिण पूर्व एशिया में अपनी पहले से ही मज़बूत उपस्थिति को और दृढ़ करेगी, जो दक्षिण भारत के चार प्रमुख हवाई अड्डों को जोड़ने वाले हमारे सुस्थापित सिंगापुर रूट की पूरक होंगी। हम 90 विमानों के विस्तृत होते बेड़े के साथ भारतीय आतिथ्य की गर्मजोशी से भरी अनोखी यात्रा का अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारे बेड़े में विमानों की तादाद जल्द ही बढ़कर 100 से अधिक होने वाली है। बिज़नेस क्लास के बराबर बेहतरीन एक्सप्रेसबिज़ सीटें, गर्म भोजन और विशेष रूप से हमारी वेबसाइट पर उपलब्ध एक्सप्रेस लाइट ज़ीरो-बैगेज किराए जैसी अनूठी सुविधाएं छोटे शहरों से आने वाले यात्रियों के लिए सुविधा और पहुंच को बढ़ाती हैं।

एयर इंडिया एक्सप्रेस ने अपनी टेल्स ऑफ इंडिया पहल के तहत पंजाब और उत्तर प्रदेश की समृद्ध विरासत के सम्मान में अपने दो नए विमानों के लिए लिवरी पारंपरिक 'फुलकारी' और 'चिकनकारी' कढ़ाई शैली में तैयार की है। ये जटिल डिज़ाइन स्थानीय कारीगरों की शिल्पकला का प्रदर्शन करते हैं, जो इन क्षेत्रों की सांस्कृतिक विरासत और कलात्मक परंपराओं को जीवंत स्वरूप प्रदान करते हैं।

# मेहुल चोकसी की 2500 करोड़ से अधिक की संपत्ति बेचने की प्रक्रिया शुरू

**नई दिल्ली।** 13 हजार करोड़ रुपये के कथित पीएनबी ऋण धोखाधड़ी मामले में फरार कारोबारी मेहुल चोकसी के खिलाफ धन शोधन जांच के तहत 2,500 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति बेचने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्रवर्तन निदेशालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। संघीय एजेंसी ने एक बयान में कहा कि उसने मुंबई स्थित एक विशेष धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) अदालत द्वारा पारित आदेश के बाद इस मामले में सही मालिकों को संपत्तियों की वापसी शुरू की है। आदेश का अनुपालन करते हुए, परिसंपत्तियों को सौंपने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और 125 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की संपत्तियां गीतांजलि जेम्स लिमिटेड (चोकसी की कंपनी) के लिक्विडेटर (परिसमापक) के हवाले कर दी गई है। बयान में कहा गया है, सौंपी गई संपत्तियों में पूर्वी मुंबई के सांताक्रूज स्थित खेनी टॉवर में छह फ्लैट और




सांताक्रूज इलेक्ट्रॉनिक निर्यात प्रसंस्करण क्षेत्र (एसईईपीजेड) में स्थित दो कारखाने/गोदाम शामिल हैं। ईडी ने चोकसी के खिलाफ पीएमएलए मामले में 2,565.90 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क या जब्त की है और अदालत ने इन सभी संपत्तियों को बेचने की अनुमति दी है। एजेंसी ने कहा कि उसने क्षतिपूर्ति प्रक्रिया शुरू करने के लिए सक्रिय कदम उठाए और जांच एजेंसी, प्रभावित बैंकों के साथ एक साझा रुख अपनाने पर सहमत हुई और अदालत का दरवाजा खटखटाया। न्यायालय ने 10 सितंबर को आदेश दिया कि ईडी बैंकों, गीतांजलि समूह की विभिन्न कंपनियों के परिसमापकों को कुर्क या जब्त संपत्तियों का मूल्यांकन और नीलामी करने में सुविधा प्रदान करेगा।

# व्हाट्सऐप ने भारत में छोटे कारोबारियों को प्रशिक्षित करने के लिये भारत यात्रा पहल शुरू की

**गुरुग्राम।** व्हाट्सऐप ने छोटे कारोबारियों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने के लिए एक खास पहल व्हाट्सऐप भारत यात्रा की शुरुआत की है। इस पहल का उद्देश्य छोटे और मध्यम कारोबारियों को व्हाट्सऐप का बेहतर उपयोग सिखाना और उनके व्यवसाय को डिजिटल रूप से आगे बढ़ाने में मदद करना है। इस यात्रा की शुरुआत दिल्ली-एनसीआर से हो रही है, जहां एक मोबाइल बस टूर विभिन्न लोकप्रिय बाजारों और व्यावसायिक केंद्रों का दौरा करेगी। इस बस टूर के जरिये लक्ष्मी नगर, राजौरी गार्डन, नेहरू प्लेस, मालवीय नगर, अमर कॉलोनी और सफदरजंग एन्क्लेव जैसे प्रमुख बाजारों में पहुंच बनाई जाएगी। साथ ही गुरुग्राम और नोएडा के लोकप्रिय हब जैसे सफायर मॉल और अट्टा मार्केट भी इस यात्रा का हिस्सा होंगे। इस पहल का उद्देश्य कारोबारियों को व्हाट्सऐप के व्यावसायिक उपकरणों का उपयोग सिखाना है ताकि वे अपने ग्राहकों के साथ जुड़ाव और अपनी बिक्री बढ़ा सकें। दिल्ली-एनसीआर के अपने टूर के बाद, व्हाट्सऐप की यह बस भारत के अन्य प्रमुख शहरों जैसे आगरा, लखनऊ, कानपुर, इंदौर, अहमदाबाद, सूरत, नासिक और जैसे शहरों में भी पहुँचेगी। इस पहल का मकसद छोटे और मझोले कारोबारियों (एसएमबी) को व्यावसायिक विकास के लिए जरूरी डिजिटल उपकरणों और तकनीकों का प्रशिक्षण देना है। इस यात्रा के दौरान, कारोबारियों को इंटरएक्टिव डेमो और पर्सनल ट्रेनिंग मिलेगी। उन्हें सिखाया जाएगा कि वे व्हाट्सऐप पर अपना बिजनेस प्रोफाइल कैसे बनाएं, अपने उत्पादों और सेवाओं के लिए कैटलॉग कैसे तैयार करें और ऐसे विज्ञापन कैसे बनाएं, जिन पर क्लिक करके ग्राहक सीधे उनसे चैट कर सकें। व्हाट्सऐप बिजनेस ऐप के फीचर्स जैसे ऑटो-रेस्पॉन्स, कस्टमर मैसेजिंग टूल्स और एनालिटिक्स का सही इस्तेमाल करने में भी उन्हें विशेषज्ञ मार्गदर्शन मिलेगा। इस पहल से छोटे व्यवसाय अपने ग्राहकों के साथ गहराई से जुड़ सकेंगे, अधिक सौदे कर पाएंगे, अपने ऑपरेशन्स को आसान बना सकेंगे और अपने बिजनेस को तेजी से बढ़ा पाएंगे। मेटा इन इंडिया के बिजनेस मैसेजिंग डायरेक्टर रवि गर्ग ने कहा, छोटे व्यवसाय भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। जब इन्हें सही डिजिटल टूल्स मिलते हैं, तो ये देश के डिजिटल बदलाव को तेजी से आगे बढ़ा सकते हैं। व्हाट्सऐप भारत यात्रा हमारी इस प्रतिबद्धता को दर्शाती है कि हम छोटे कारोबारों को वह सहायता और ज्ञान प्रदान करें, जिससे वे अपनी पूरी क्षमता का उपयोग कर सकें। यह पहल उन्हें डिजिटल तरीकों से ग्राहकों से जुड़ने, अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने और सफलता पाने में मदद करेगी। हमारा उद्देश्य है कि ये व्यवसाय, चाहे फिजिकल हों या डिजिटल, भारत के कारोबारी क्षेत्र पर स्थायी और सकारात्मक प्रभाव डाल सकें।

## निसान ने अपनी लीडरशिप टीम को मजबूत किया



**गुरुग्राम।** निसान मोटर इंडिया (एनएमआईपीएल) ने आज डायरेक्टर - डीलर नेटवर्क डेवलपमेंट एंड कस्टमर क्वालिटी ट्रेनिंग (डीएनडी-सीक्यूटी) के रूप में अभिषेक अरोड़ा की नियुक्ति और भूमिका विस्तार की घोषणा की। यह नियुक्ति 14 नवंबर, 2024 से प्रभावी हो गई है। वह अपनी वर्तमान भूमिका डायरेक्टर ट्रांसफॉर्मेशन एंड न्यू प्रोजेक्ट्स के साथ-साथ इस नई जिम्मेदारी को संभालेंगे। अपनी नई भूमिका में अभिषेक ब्रांड के चैनल डेवलपमेंट और मैनेजमेंट का नेतृत्व करेंगे। इसके तहत वह नेटवर्क डेवलपमेंट और कारोबार से जुड़ी रणनीतिक पहलों का संचालन करेंगे, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि निसान अपने आगामी उत्पादों के लिए भविष्य की दृष्टि से तैयार रहे। प्रीमियम ऑटोमोटिव नेटवर्क के प्रबंधन में उनकी गहरी विशेषज्ञता से निसान के इंडिया सीबीयू व्यवसाय में महत्वपूर्ण मूल्य सृजित होगा, जिससे बाजार में निसान की उपस्थिति और मजबूत होगी। अभिषेक सितंबर, 2024 में डायरेक्टर - ट्रांसफॉर्मेशन एंड न्यू प्रोजेक्ट्स के रूप में निसान से जुड़े थे और उन्हें अक्टूबर, 2024 में डायरेक्टर - डीएनडीसीक्यूटी का अंतरिम प्रभार सौंपा गया था। वह अब डीएनडी-सीक्यूटी फंक्शन का पूर्णकालिक नेतृत्व करेंगे और साथ ही साथ ट्रांसफॉर्मेशन प्रोजेक्ट्स का प्रबंधन भी करते रहेंगे। अपनी पिछली भूमिका में ऑडी इंडिया के साथ उन्होंने नेटवर्क डेवलपमेंट, बिजनेस मैनेजमेंट, सेल्स ट्रेनिंग और यूज्ड कार बिजनेस जैसे प्रमुख कार्यों का नेतृत्व किया था। ऑडी से पहले अभिषेक ने जनरल मोटर्स, टाटा मोटर्स और होंडा मोटरसाइकिल्स के साथ काम किया है, जिससे चैनल सेल्स, प्लानिंग एवं प्रीमियम कार नेटवर्क के प्रबंधन में उनकी विशेषज्ञता समृद्ध हुई है। नियुक्ति और भूमिका विस्तार पर निसान मोटर इंडिया (एनएमआईपीएल) के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री सौरभ वत्स ने कहा, निसान में डायरेक्टर डीएनडी-सीक्यूटी के रूप में अभिषेक अरोड़ा का स्वागत करते हुए हमें खुशी हो रही है।

# होरिबा ने भारत में अपनी पहली हाइड्रोजन इंटर्नल कंबशन इंजन टेस्ट बेड सुविधा का उद्घाटन किया

**पुणे।** ऊर्जा और पर्यावरण, बायो एवं हेल्थकेयर और मैटेरियल एवं सेमीकंडक्टर सहित समूह के तीन क्षेत्रों के लिए एनालिटिकल उपकरण एवं मेज़रमेंट सॉल्यूशंस उपलब्ध कराने वाले क्योटो स्थित जापान के अग्रणी होरिबा लिमिटेड (TYSE 6856) समूह की कंपनी होरिबा इंडिया ने तेजी से उभरते हाइड्रोजन के वृहद क्षेत्र में कदम रखा है। होरिबा ने पुणे के चाकन में होरिबा इंडिया टेक्निकल सेंटर में अपनी पहली हाइड्रोजन इंटर्नल कंबशन इंजन (H2-ICE) टेस्ट बेड सुविधा का उद्घाटन किया है। यह नई इकाई ना केवल कारोबार के रास्तों का विस्तार करेगी, बल्कि कार्बन न्यूट्रलिटी, डीकार्बनाइजेशन और टिकाऊपन हासिल करने के वैश्विक विजन को हासिल करने में भी उल्लेखनीय रूप से योगदान करेगी।

होरिबा इंडिया की चाकन इकाई-होरिबा इंडिया टेक्निकल सेंटर (एचआईटीसी) को 100 करोड़




रुपये से अधिक निवेश से 2016 में लांच किया गया जो 10,000 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्र में फैला है। उत्सर्जन मापन प्रणालियों, उन्नत एनालिटिकल इंस्ट्रूमेंट्स और देशज कस्टमाइजेशन इकाई के लिए यह 2006 से एक प्रदर्शन आधार के तौर पर काम कर रही है। इस अत्याधुनिक इकाई को आईएसओ 9001:2015, आईएसओ 14001:2015, आईएसओ 45001:2018 और एनएबीएल आईएसओ आईईसी 17025:2017 की मान्यता मिली है जो मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत अभियान में सहयोग करती है। होरिबा ने इस टेक्निकल सेंटर में घरेलू और निर्यात आपूर्ति दोनों के लिए एक 2/3 व्हील चेसिस डाइनोमीटर, मेक इन इंडिया ईवी चेसिस डाइनो, आरडीई टेस्टिंग कंटीन्युअस एमिशन मॉनिटरिंग सिस्टम (सीईएमएस), एंबिएंट एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग सिस्टम (एएक्यूएमएस) और वाटर क्वालिटी मॉनिटरिंग सिस्टम (डब्लूक्यूएमएस) के विकास पर कई परियोजनाएं क्रियान्वित की हैं। होरिबा ने हाल ही में इस इकाई में मास फ्लो कंट्रोलर्स (एमएफसी) का रिपेयर, कैलिबरेशन और प्रोडक्शन शुरू किया है।

# कोटक सिक्योरिटीज ने 2025 के लिए मार्केट आउटलुक जारी किया

**लखनऊ।** कोटक सिक्योरिटीज लिमिटेड ने 2025 के लिए अपनी मार्केट आउटलुक रिपोर्ट जारी की। इस रिपोर्ट में मैक्रो-इकोनॉमिक दृष्टिकोण के साथ-साथ इक्विटी, कमोडिटी और करेंसी आउटलुक को भी शामिल किया गया है, जिन पर निवेशक आने वाले साल में ध्यान दे सकते हैं।कोटक सिक्योरिटीज के एमडी और सीईओ, श्रीपाल शाह ने कहा, भारत दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में अपनी स्थिति बनाए हुए है, जो इसे वैश्विक निवेशकों के लिए एक आकर्षक निवेश स्थान बनाता है। हम भारत की दीर्घकालिक विकास क्षमता पर पूरा भरोसा करते हैं, लेकिन इसके साथ ही हम निवेशकों को सतर्क आशावाद के साथ बाजार में दृष्टिकोण अपनाने की सलाह देते हैं। हमें उम्मीद है कि 2025 में इक्विटी बाजार को और गति मिलेगी और कमोडिटी अपने ऐतिहासिक उच्चतम स्तर को पार करेंगी। साथ ही, युवा निवेशकों का शेयर बाजार में शुरुआती निवेश के जरिए संपत्ति बनाने का बढ़ता रुझान बाजार की ग्रोथ में योगदान देगा।

कोटक सिक्योरिटीज मार्केट आउटलुक 2025 रिपोर्ट में 2025 के लिए मुख्य प्रवृत्तियों और प्रभावों का विवरण दिया गया है।

**इक्विटी मार्केट**

मध्यम से दीर्घकालिक में व्यापक बाजार में हल्की वृद्धि की उम्मीद है। घरेलू बुनियादी स्थिति मजबूत बनी रहेगी, लेकिन सतर्क आशावाद की समय की आवश्यकता है। दीर्घकालिक निवेशकों को उच्च मूल्यांकन के बीच एसेट क्वालिटी पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। वैश्विक अर्थव्यवस्थाएं स्थिर हो रही हैं क्योंकि मौद्रिक नीतियां नरमी की ओर बढ़ रही हैं, जिसमें अमेरिका, यूरोप और एशिया में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद है। घरेलू स्तर पर, मुद्रास्फीति उच्च बनी हुई है, विशेष रूप से खाद्य कीमतें।

# महिन्द्रा युनिवर्सिटी ने वर्जीनिया टेक और वर्जीनिया टेक इंडिया के साथ साझीदारी की

**हैदराबाद।** भारत में एक अग्रणी अंतरक्षेत्रीय संस्थान महिन्द्रा युनिवर्सिटी (एमयू) ने Interdisciplinary Institute for Transformative Technologies (IwTw). स्थापित करने के लिए वर्जीनिया टेक और वर्जीनिया टेक इंडिया के साथ एक ऐतिहासिक समझौता किया है। इस पहल से महिन्द्रा युनिवर्सिटी के हैदराबाद कैंपस में एक विश्वस्तरीय अनुसंधान केंद्र नवप्रवर्तन, अंतरक्षेत्रीय गठबंधन और अत्याधुनिक अनुसंधान को बढ़ावा देगा। वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय वर्जीनिया टेक और भारत में अकादमिक अनुसंधान एवं आउटरीच पहल को आगे बढ़ाने के लिए इसके क्षेत्रीय केंद्र वर्जीनिया टेक इंडिया के बीच यह साझीदारी एक मजबूत संबंध को रेखांकित करती है। इस गठबंधन का लक्ष्य वैश्विक विशेषज्ञता का दोहन करना, परिवर्तनकारी प्रौद्योगिकियों को आत्मसात करना और विद्यार्थियों एवं अनुसंधानकर्ताओं को महत्वपूर्ण वैश्विक चुनौतियों से निपटने के सशक्त बनाना है।

एमयू-वर्जीनिया टेक रिसर्च सेंटर, अंतरक्षेत्रीय खोज जिसमें नैनो टेक्नोलॉजी, बायो टेक्नोलॉजी, एआई, क्वांटम कंप्यूटिंग और फंटियर मैटेरियल जैसी उभरती प्रौद्योगिकियां शामिल हैं के लिए एक गतिशील प्लेटफॉर्म के तौर पर काम करेगा। यह केंद्र जलवायु परिवर्तन, सामाजिक असमानता और टिकाऊ विकास जैसे वैश्विक मुद्दों के मूर्त समाधान निकालने पर ध्यान केंद्रित करेगा और साथ ही मौलिक विज्ञान में भी प्रगति करेगा। महिन्द्रा युनिवर्सिटी के कुलपति डाक्टर यजुलू मेदुरी ने इस गठबंधन को लेकर उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, वर्जीनिया टेक के साथ यह साझीदारी अंतरक्षेत्रीय अनुसंधान को बढावा देने और नैतिक एवं नवप्रवर्तक नेताओं की अगली पीढ़ी तैयार करने की हमारी प्रतिबद्धता दर्शाती है। यह केंद्र विद्यार्थियों और शिक्षकों को परिवर्तनकारी समाधान तैयार करने के लिए सशक्त करेगा जिससे महिन्द्रा युनिवर्सिटी अत्याधुनिक अनुसंधान और सामाजिक प्रभाव के लिए एक वैश्विक केंद्र के तौर पर स्थापित होगी।÷

वर्जीनिया टेक और वर्जीनिया टेक इंडिया इस गठबंधन के तहत अपनी विशेषज्ञता, ढांचागत सुविधाएं और वैश्विक नेटवर्क साथ लाएंगी।

वर्जीनिया टेक के उपाध्यक्ष (आउटरीच एवं वैश्विक मामले) डाक्टर गुरु घोष ने इस साझीदारी के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा, यह गठबंधन वैश्विक अकादमिक साझीदारी की भावना को मजबूत करती है। वर्जीनिया टेक, वर्जीनिया टेक इंडिया और महिन्द्रा युनिवर्सिटी की ताकत का उपयोग कर हम एक ऐसा वातावरण तैयार कर रहे हैं जो नवप्रवर्तन, सांस्कृतिक आदान प्रदान और प्रभावशाली अनुसंधान को बढ़ावा दे जो सीमाएं पार कर जाए।

इस साझीदारी के तहत संयुक्त और दोहरी डिग्री मास्टर प्रोग्राम और सांस्कृतिक आदान प्रदान की भी संभावना तलाशी जाएगी जिससे इन संस्थानों के बीच संबंध और प्रगाढ़ होंगे। इस केंद्र की वृद्धि में सहयोग और इसकी दीर्घकालीन सफलता सुनिश्चित करने के लिए एक एमयू चेयर प्रोफेसरशिप भी स्थापित की जाएगी। वर्जीनिया टेक के मैकेनिकल इंजीनियरिंग मे लेविस हेस्टर चेयर के प्रोफेसर रूप महाजन ने अंतरक्षेत्रीय अनुसंधान के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा, परिवर्तनकारी अनुसंधान, समाज की प्रमुख चुनौतियों का अनूठा और सार्थक समाधान निकालने के बारे में है। यह साझीदारी भावी नेताओं को मानवता पर एक सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए आवश्यक कौशल और दूरदृष्टि से युक्त करती है।

एमयू-वर्जीनिया टेक रिसर्च सेंटर अंतरक्षेत्रीय अनुसंधान एवं शिक्षा के लिए एक वैश्विक मॉडल तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। वर्जीनिया टेक, वर्जीनिया टेक इंडिया और महिन्द्रा युनिवर्सिटी के संसाधनों और विशेषज्ञता को एकीकृत कर इस साझीदारी का लक्ष्य ऐतिहासिक नवप्रवर्तन के लिए प्रेरित करना और बदलाव लाने वालों की अगली पीढ़ी को सशक्त करना है।

# एशियन पेंट्स ने लॉन्च किया ग्राफीन की शक्ति वाला पुनर्नवीनीकरण एपेक्स अल्टिमा प्रोटेक

हमारे घरों के बाहरी हिस्सों को लगातार भारी बारिश, तेज धूप और धूल की परेशानी का सामना करना पड़ता है। समय के साथ इसका असर घरों के स्वरुप और स्थायित्व पर पड़ सकता है जिसके चलते घर के मालिकों को लंबी अवधि के समाधान की तलाश करनी पड़ती है। पूरे भारत में मकान मालिकों के भरोसेमंद एशियन पेंट्स ने घर की बाहरी दीवारों के लिए अपने प्रमुख पेंट एपेक्स अल्टिमा प्रोटेक (लैमिनेशन पेंट के रूप में भी प्रचलित) को ग्राफीन की शक्ति द्वारा एक उच्च स्तर प्रदान किया है। ग्राफीन एक क्रांतिकारी पदार्थ है जिससे बेजोड़ सुरक्षा और ताकत मिलती है। यह पुनर्नवीनीकरण पेंट 12 साल की वारंटी के साथ बाहरी दीवालों की सुरक्षा के लिए शीर्ष विकल्प बनकर उभरा है। नए अल्टिमा प्रोटेक अभियान के बारे में एशियन पेंट्स के एमडी और सीईओ अमित सिंगले बताते है, एशियन पेंट्स में, हम जो कुछ भी करते हैं, नवाचार और प्रौद्योगिकी उसके केंद्र में हैं। रॉयल में टेफ्लॉन से लेकर अल्टिमा प्रोटेक में



लैमिनेशन तक, और अब ग्राफीन-वंडर मैटिरियल -हमने लगातार श्रेणी में नए मानक स्थापित किए हैं। ग्राफीन-संचालित अल्टिमा प्रोटेक के साथ, हम भारतीय घरों के लिए सबसे कठिन सुरक्षा प्रदान कर रहे हैं। प्रौद्योगिकी संचालित समाधानों पर ध्यान केंद्रित करके, हम अपने उपभोक्ताओं के लिए निर्णय लेने की प्रक्रिया को सरल बनाने का लक्ष्य रखते हैं, जिससे उन्हें अपने घरों के लिए सबसे अच्छा विकल्प चुनने में मदद मिलती है। इस नए अल्टिमा प्रोटेक को जीवंतता प्रदान करने के लिए, एशियन पेंट्स ने ब्रांड एंबेसडर रणबीर कपूर के साथ नये अभियान, द सेफ हाउस की शुरुआत की है।

# भाई के शादी में आई बहन की नौ माह की बेटी का पानी टंकी में मिली लाश, कोहराम

अवधनामा ब्यूरो


बच्ची के शव मिलने के बाद रोते बिलखते परिजन

**कुशीनगर।** तमकुहीराज थाना क्षेत्र राम करनपट्टी गांव में भाई के शादी में आई बहन की नौ माह की बच्ची का पानी की टंकी में लाश मिलने के बाद कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। उक्त गांव निवासी सुदर्शन गुप्ता की बेटी अपने पति व नौ माह की बेटी केशवी के साथ अपने छोटे भाई के शादी में शामिल होने आई थी।

सोमवार को बारात जाने की तैयारी हो रही थी कि इसी दौरान नौ माह की केशवी अचानक गायब हो गई। काफी देर तक खोजबीन के बाद भी जब बच्ची नहीं मिली तो देर शाम तमकुहीराज पुलिस को बेटी के गायब होने की सूचना दी। नवजात के गायब होने पर पूरा घर गम में डूब गया। अपने भांजी के गायब होने की खबर पाकर बारात लेकर जाने की तैयारी कर रहे युवक ने शादी करने से इनकार कर दिया और बारात गांव से घर वापस आ गया। बहुत समझाने के बाद केवल लड़के को शादी के लिए लोग भेजने में सफल हो पाए। मंगलवार सुबह परिजनों ने सुदर्शन गुप्ता के भतीजे के छत पर लगे पानी की टंकी में बच्ची का शव तैरता देख पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची तमकुहीराज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई करते हुए परिजनों व बगल के रहने वाले लोगों से पूछताछ कर घटना की जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार शर्मा ने बताया कि उक्त प्रकरण में एक बच्ची को पुलिस थाने लाकर पूछताछ कर रही है, जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा। **बहन के लिए कलंक का टीका बन गया भाई का शादी–** भाई के शादी में आई बहन को क्या पता था कि वह जिस खुशी में शामिल होने जा रही, वह उसके लिए कलंक का टीका बन जायेगा। नवजात की मां कभी अचेत हो रही, तो कभी यह कह दहाड़े मार रो रही कि वह अपने नवजात को लेकर ससुराल वालों के सवालों को क्या जवाब देगी। शादी की खुशी गम में बदल गई। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया है।

- शादी के दिन से ही अचानक गायब हो गई थी बच्ची, राम करनपट्टी गांव का मामला

## बारात गए युवक का खेत में मिला खून से लथपथ शव

**अमेठी।** थाना क्षेत्र जामो अंतर्गत बारात गए एक युवक का शव गांव के बाहर खून से लथपथ मिला। पूरे परमेश्वरी शिवपुर गांव के खेत में मंगलवार को सुबह एक 24 वर्षीय युवक का खून से लथपथ शव मिला है। मिली जानकारी के अनुसार जामो थाना क्षेत्र के जोरावर पुर मठिया गांव के निवासी संजीव कुमार मिश्र उम्र 24 वर्ष पुत्र रजनीश मिश्र का शव पूरे परमेश्वरी शिवपुर के एक खेत में खून से लथपथ मिला है। उसके सिर पर गंभीर चोट के निशान है। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेजा है। मामले की जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि युवक सोमवार की रात गांव की ही एक बारात में शामिल होने गया था। युवक जब घर नहीं लौटा तो परिजन उसकी तलाश में जुट गए लेकिन उसका कहीं पता न चला।मंगलवार की सुबह युवक को खोजते हुए खेत की तरफ पहुंचे तो खेत के बीच में युवक का शव पड़ा था। जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए और पुलिस को सूचना दी गई।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में एक दूजे के हुए 221 जोड़े

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत जनपद देवरिया में सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज, देवरिया के प्रांगण में संपन्न हुआ, जिसमें 221 जोड़ों ने वैवाहिक जीवन में प्रवेश किया। 210 जोड़ों का विवाह पारंपरिक हिंदू रीति-रिवाजों के साथ तथा 11 जोड़ों का निकाह मुस्लिम रीति के अनुसार सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती विजय लक्ष्मी गौतम, राज्य मंत्री (ग्राम्य एवं समग्र विकास तथा ग्रामीण अभियंत्रण) उपस्थित रहीं। उनके साथ रामप्रकाश यादव (प्रतिनिधि श्री रमाशंकर विद्यार्थी, सांसद, सलेमपुर), नवीन शाही (प्रतिनिधि कृषि मंत्री श्री सूर्य प्रताप शाही), राजू मणि (प्रतिनिधि एमएलसी श्री देवेंद्र प्रताप सिंह), मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, देवरिया जिला श्रम अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी और संबंधित खंड विकास अधिकारी मौजूद रहे। सभी गणमान्य व्यक्तियों ने नव दंपतियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री श्रीमती गौतम ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखमय और सफल वैवाहिक जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना प्रदेश सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है। इस योजना की वजह से गरीब अभिभावकों को भी अपनी बेटी की शादी धूमधाम से करने का अवसर मिल रहा है। आर्थिक कठिनाइयों की वजह से गरीब परिवारों को अपनी बेटियों की शादी का खर्च उठाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस योजना के चलते कई गरीबों के सपने साकार हुए हैं।

# आधार के अभाव में अटकी 13 हजार बच्चों की डीबीटी की रकम

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** परिषदीय विद्यालयों के बच्चों को सरकारी योजनाओं का लाभ देने के लिए जरूरी इंतजाम किए गए हैं। लेकिन, बीआरसी में किट होने के बावजूद बच्चों का आधार नहीं बन पा रहा है। जिम्मेदार अधिकारी भी ध्यान नहीं दे रहे हैं। आधार नहीं होने समेत अन्य गड़बड़ियों के चलते 13,500 बच्चे इस योजना के लाभ से वंचित हैं। जिले में 2464 परिषदीय विद्यालय संचालित होते हैं। इसमें 2.53 लाख छात्र-छात्राएं नामांकित हैं। अप्रैल में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत हुई थी। आठ महीने बीतने के बावजूद करीब 7500 बच्चों के पास आधार कार्ड नहीं है। करीब छह हजार बच्चों के अभिभावकों का खाता आधार से लिंक नहीं है। इन बच्चों को डीबीटी के तहत जूते-मोजे, यूनिफार्म व स्टेशनरी के लिए 1200 रुपए नहीं भेजे गए हैं। हालांकि, जिले के विद्यालयों में नामांकित 2.13 लाख बच्चों के अभिभावकों के खाते में डीबीटी की धनराशि भेज दी गई है। 7934 विद्यार्थियों का प्रपत्र जिला स्तर से सत्यापित कर उच्चाधिकारियों को भेज दिया गया है। अभिभावकों का कहना है कि प्रत्येक ब्लॉक संसाधन केंद्र पर बच्चों के लिए आधार किट है। लेकिन आधार बनाने के लिए तैनात किए गए कर्मचारी उदासीन हैं। इससे आधार बनाने में देरी हो रही है। डीसी सामुदायिक उपेंद्र गुप्ता ने बताया कि 2.13 लाख बच्चों के अभिभावकों के खाते में डीबीटी की धनराशि भेज दी गई है। 7,934 विद्यार्थियों का प्रपत्र जिला स्तर से सत्यापित हो गया है। डीबीटी की रकम से वंचित लाभार्थियों का या तो आधार नहीं है या उनके अभिभावकों का खाता आधार से लिंक नहीं है। इसके लिए संबंधित को निर्देश दिए गए हैं।

# अवैध संबंध के शक में पति-पत्नी एक दूसरे पर हुए हमलावर, पत्नी की मौत

अवधनामा ब्यूरो


ईंट भट्ठा पर घटना स्थल का जायजा लेती पुलिस

- मेडिकल कालेज में जीवन और मौत से जूझ रहा पति, जांच में जुटी पुलिस
- तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के कृपापट्टी ईट भट्ठे पर काम करते थे दंपति

**कुशीनगर।** जिले में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक ईट भट्ठा पर काम कर रहे पतिङ्कपत्नी ने अवैध संबंध में एक दूसरे पर हमलावर हो गए। गुस्से में पहल पति ने जहां पत्नी को जख्मी कर दिया वहीं पत्नी ने भी पति पर चाकू से हमला कर जख्मी कर दिया। दोनों को घायलावस्था में इलाज हेतु सीएचसी फाजिलनगर ले जाया गया जहां पत्नी की इलाज के दौरान मौत हो गई जबकि पति को गंभीर हालत में मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया।

तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के कृपापट्टी स्थित एक ईट भट्ठा पर काम कर रहे संदीप उर्फ विजय पुत्र रोजना (34) वर्ष व उसकी पत्नी सुशांति (32) वर्ष निवासी हराह थाना चान्हो झारखंड के द्वारा सोमवार की रात आपसी विवाद हो गई। बताया जा रहा है कि उसकी पत्नी से किसी दूसरे व्यक्ति से अवैध संबंध है। जिससे नाराज होकर पति संदीप ने पत्नी पर चाकू से हमला कर दिया।

अपने बचाव में आई पत्नी ने भी पति पर चाकू से हमला कर दिया। दोनों हमलावर इस कदर हो गए कि एक दूसरे की जान लेने पर उतारू हो गए। दोनों को घायल अवस्था में सीएचसी फाजिलनगर ले जाया गया, जहां डाक्टरों द्वारा सुशांति को मृत घोषित कर दिया तथा पति संदीप को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। गंभीर हालत में उसे बीआरडी मेडिकल कालेज गोरखपुर रेफर कर दिया गया। मृतका सुशांति के शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है। प्रकरण में तहरीर के आधार पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई। इस संबंध में पुलिस क्षेत्राधिकारी पडरौना सादर ने बताया कि दोनों में पारिवारिक विवाद था। जिसके कारण दोनों एक दूसरे पर चाकू से हमला कर दिए। इस हमले में पत्नी की मौत हो गई जबकि पति घायल हो गया। सूचना मौके से पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का जायजा लेते हुए मुकदमा दर्ज कर आवश्यक जांच पड़ताल कर रही है।

# एकमुश्त समाधान योजना का लाभ उठाए उपभोक्ता : अनिल

**खड्डा, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** यूपी में बिजली बिल में एकमुश्त समाधान योजना लागू होने पर तहसील क्षेत्र के सब स्टेशन छितौनी भीमनगर में बकायेदार उपभोक्ताओं को जानकारी हेतु जागरूकता रैली निकाली गई। इस योजना से उन उपभोक्ताओं को बिजली बिल में राहत मिल सकेगी जिनके पुराने बिल ज्यादा हो गए हैं। बताते चले कि प्रदेश में बिजली बिल बकायेदारों के लिए एकमुश्त समाधान योजना 2024-25 लागू कर दी गई है। यह योजना 15 दिसंबर से प्रारंभ हो गया है। योजना के प्रचार प्रसार हेतु सब स्टेशन छितौनी भीमनगर के जेईई अनिल कुमार ने अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ गांव-गांव एवं शहर बाजार हर जगह जाकर बकायेदार उपभोक्ताओं को एक रैली के तहत जागरूक किया। जोकैया, नगर पंचायत छितौनी, उसरहवा टोला, पनिहवा, केशव पट्टी, तिनबरदहा, तुरकही आदि दर्जनों गांव के भ्रमण के समय हाथो में बैनर, पोस्टर लिए जेईई ने उपभोक्ताओं से बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए उपभोक्ताओं को कार्पोरेशन की वेबसाइट पर पंजीयन करना होगा और मूल बकाए का 30 फीसदी अनिवार्य रूप में जमा करना होगा। उसके बाद बाकी बकाए के सरचार्ज में बंपर छूट मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि घरेलू उपभोक्ता पंजीकरण के बाद अन्य कई किश्तों में भी भुगतान कर सकते हैं। इस दौरान जेईई अनिल कुमार के साथ संदीप यादव, अमित कुशवाहा, आनन्द चौरसिया, अखिलेश तिवारी लाइनमैन दुर्गेश, महेंद्र आनन्द आदि मौजूद थे।




## राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार हेतु जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वावधान में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया देवेन्द्र सिंह ने राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार हेतु जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर दीवानी न्यायालय परिसर से रवाना किया। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश ने कहा कि यह प्रचार वाहन लोक अदालत की सफलता में कारगर साबित होगा। उन्होंने कहा कि लोक अदालत सुलह समझौते का सशक्त माध्यम है, जिसके लिए आमजनमानस अपने सुलहनीय वादों को निस्तारित करवा सकते हैं। वहीं छोटे फौजदारी मामलों में अपने जुर्म स्वीकार करके अपना वाद समाप्त करा सकते हैं। न्याय चला निर्धन के द्वार के उद्देश्य को अपनाकर प्रचार वाहन के द्वारा गरीबों को सुलभ व सस्ता न्याय दिलाने के साथ-साथ विधिक जानकारी दी जा रही है और राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित होने वाले वादों के संबंध में भी जानकारी प्रदान की जा रही है। इस अवसर पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी ने राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु समस्त न्यायिक अधिकारी व संबंधित विभाग से एक साथ आगे आने का आह्वान किया। सचिव ने कहा कि प्रचार वाहन के द्वारा आमजनमानस को अपने मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत में नियत कर उन्हें निस्तारित करने हेतु जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रचार वाहन द्वारा मुख्यालय देवरिया से होकर सोनुघाट, खुखुन्दु, सलेमपुर, तथा भाटपार रानी तहसील सहित संबंधित क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार किया गया। प्रचार वाहन भाटपार रानी तहसील पहुंचने पर तहसीलदार भाटपार रानी, पीठासीन अधिकारी, ग्राम न्यायालय द्वारा उसका स्वागत किया गया और पुनः प्रचार हेतु रवाना किया गया। सचिव ने कहा कि उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में धारा 138 एनआई एक्ट, बैंक वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, पारिवारिक वाद, श्रम, भूमि अधिग्रहण वाद, विद्युत, जल एवं सर्विस से संबंधित मामले, राजस्व एवं सिविल वाद, तथा प्री-लिटिगेशन मामलों का निस्तारण किया जाएगा।

# देव कन्याओं ने संस्कार ज्ञान की दी जानकारी

**मुंशीगंज (अमेठी) अवधनामा संवाददाता।** विकास खंड शाहगढ़ क्षेत्र के वी पी एम पब्लिक स्कूल चिलबिली में देव संस्कृति विद्यालय शांति कुंज हरिद्वार से पधारी देव कन्याओं ने छात्र छात्राओं को आत्मबोध ज्ञानबोध संस्कार बोध एवं योग के बारे में विस्तृत दी। उन्होंने विद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं कि बताया कि व्यक्ति निर्माण से परिवार निर्माण परिवार निर्माण से समाज निर्माण तथा समाज से उन्नत राष्ट्र का निर्माण होता है। भारतीय संस्कृति में ऋषि-मुनियों ने 16 संस्कार प्रतिपादित किए थे मौजूदा समय में वह विलुप्त हो रहा हैं। गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार पूरे भारतवर्ष में संस्कारों की परंपरा को पुनर्जीवित करने के लिए अभियान चला रहा है। विद्यालय में मौजूद छात्र छात्राओं अभिभावकों को यज्ञ के महत्व पर जानकारी दी साथ ही 21 मार्च 2025 को होने वाले 251 कुंडीय यज्ञ में विद्यालय परिवार को आमंत्रित किया। विद्यालय प्रबंधक राहुल मिश्र ने देव कन्याओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया एवं उनके उज्ज्वल मय भविष्य की कामना की। विद्यालय के प्रधानाचार्य गीता तिवारी एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने देव कन्याओं को आभार प्रकट किया तथा भविष्य में ऐसे ही संस्कार युक्त कार्यक्रम करते रहने की अपील की। इस मौके पर पंकज पांडेय अभिभावक सहित विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।



# गोपालगढ़ में फ्लाई ओवरब्रिज के समीप समस्या दूर होगी : पीएन पाठक

अवधनामा संवाददाता


एसडीएम व प्रोजेक्ट मैनेजर के साथ समस्या को देखते विधायक

**कसया, कुशीनगर।** नगर के गोपालगढ़ के समीप फ्लाई ओवर ब्रिज के समीप सर्विस लेन को चौड़ीकरण करने व साथ ही नाले का लम्बाई बढाने की मांग कुशीनगर विधायक पीएन पाठक से स्थानीय लोगों ने किया था जिसको लेकर विधायक पीएन पाठक ने मंगलवार को मौके पर उप जिलाधिकारी कसया परितोष मिश्रा व एनएचआई के प्रोजेक्ट मैनेजर इरशाद अली के साथ पहुंचे और समस्या को देखा और मौके पर मौजूद अधिकारियों से समस्या का समाधान अभिलम्ब करने का निर्देश दिया। बता दें कि उक्त फ्लाई ओवर ब्रिज के समीप नाला निर्माण कार्य को और आगे तक बढ़ाने और सर्बिस लेन की चौड़ाई करण कराने की मांग बहुत दिनों से स्थानीय लोगों द्वारा किया जा रहा था। स्थानीय लोगों द्वारा कुशीनगर विधायक पीएन पाठक से इस समस्या को लेकर लिखित मांग किया था जिसको संज्ञान में लेते हुए विधायक पीएन पाठक ने उप जिलाधिकारी परितोष मिश्रा और एनएचआई के प्रोजेक्ट मैनेजर इरशाद अली के साथ मौके पर पहुंचे और समस्या को देखा और स्थानीय लोगों से समस्या की जानकारी हासिल किया। कारवाई के लिए मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिया। विधायक पीएन पाठक ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य को गति देने के लिए हम कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। पूरे विधान सभा क्षेत्र में विकास का एक नया कीर्तिमान स्थापित किया जाएगा। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष रामायण कुशवाहा, अनिल प्रताप राव, विधायक प्रतिनिधि रूद्र प्रकाश सिंह, शैलेन्द्र सिंह, अमित मालवीय, संजीव कुमार दुबे आदि मौजूद रहे।

### दो गांवों से बरसात के पानी की समस्या होगी दूर

**कसया कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** तहसील क्षेत्र के गांव बेलवा और सेमरी गांव में बरसात की पानी की निकासी की मांग कुशीनगर विधायक पीएन पाठक से ग्रामीण रखा था जिसको संज्ञान में लेते हुए विधायक ने मंगलवार को गांव के समीप प्रेम नगर राजवाहा पर सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता बी राम और उप जिलाधिकारी वैभव मिश्रा के साथ पहुंचे और ग्रामीणों की समस्या को देखा और अधिकारियों को समस्या को समाधान करने का निर्देश दिया मौके पर अधिकारी समस्या के समाधान के लिए मौके पर ग्रामीणों से चर्चा करते हुए जल निकासी करने के लिए रुट देखा और चिंहित किया गया।

# राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन उत्तर प्रदेश जनपद शाखा देवरिया की मासिक बैठक संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर्स संगठन उत्तर प्रदेश की जनपद शाखा देवरिया की मासिक बैठक आज 10 /12 को शाखा अध्यक्ष इं रामप्रवेश की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जनपद/ परियोजना के सभी सदस्यों ने प्रतिभाग किया। उक्त बैठक में वक्ताओं ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन द्वारा पूर्वांचल एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के प्रस्तावित निजीकरण पर गहरा रोष व्यक्त किया तथा विभाग एवं परिवार के भविष्य को बचाने के लिए हर स्तर के संघर्ष का संकल्प लिया गया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि जिन आंकड़ों के आधार पर कॉरपोरेशन पूर्वांचल एवं दक्षिणांचल डिस्कॉम का निजीकरण किया जा रहा है उनकी विश्वसनीयता संदिग्ध है। अभी माह जुलाई 2024 में कॉरपोरेशन द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार को प्रस्तुत आंकड़ों में राजस्व वसूली से लेकर लाइन हानियां रोकने, बेहतर विद्युत आपूर्ति तथा बिलिंग दक्षता आदि सभी पैरामीटर में उल्लेखनीय प्रगति की बात कही गई थी तीन चार माह में ही विपरीत आंकड़े प्रस्तुत कर विभाग को ऋण जाल में फंसे होने की बात कहा जाना सच्चाई से परे मात्र आंकड़ों की बाजीगरी के सिवा कुछ नहीं है। वक्ताओं ने कहा कि विद्युत कर्मियों द्वारा सीमित संसाधन एवम् अपर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था में में दिन-रात मेहनत कर क्षमता विस्तार, डाटा क्लीनिंग एवं बेहतर विद्युत आपूर्ति के अभूतपूर्व कार्य किए गए, उसके सकारात्मक परिणाम आने शुरू हुए हैं। देश भर में सर्वाधिक 30000 मेगावाट (एक दिन में) की विद्युत आपूर्ति इन्हीं जूनियर इंजीनियर एवं विद्युत कर्मियों द्वारा की गई थी। इन सब के बाद भी उड़ीसा मॉडल पर निजीकरण किया जाना एक छलावा है। जिससे विद्युत उपभोक्ता, किसान, मध्यम एवं निम्न आय वर्ग के व्यापारी एवं आम जनमानस पर महंगी बिजली खरीदने के लिए बाध्य होंगे साथ ही जूनियर इंजीनियर एवं विद्युत कर्मियों का भविष्य अंधकार मय हो जाएगा। ज्ञातव्य है की उड़ीसा मॉडल एक असफल प्रयोग है जहां पर आज भी विद्युत हानियां 20 प्रतिशत के ऊपर हैं जबकि उत्तर प्रदेश में यह 19 प्रतिशत के आसपास हैं और वर्तमान में जारी रिवैंप आदि योजनाओं के पूर्ण होने पर लाइन हानियां 15 प्रतिशत पर आ जाएगी। वक्ताओं ने मुख्यमंत्री जी माननीय ऊर्जा मंत्री जी से अपील की कि वह प्रभावी हस्तक्षेप करते हुए कॉरपोरेशन द्वारा लिए गए निजीकरण के फैसले को आम जनमानस विद्युत उपभोक्ताओं एवं विद्युत कर्मियों के हित में तत्काल निरस्त करने की मांग की।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में एक दूजे के हुए 208 जोड़े

## प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह एवं विधायकगण, डीएम व एसपी ने दी बधाई व शुभकामनाएं


नवदंपत्तियों को चेक देते प्रभारी मंत्री व अन्य

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत मंगलवार को श्रीमती मालती पाण्डेय इंटरमीडिएट कॉलेज के प्रांगण में सामूहिक रूप से 208 जोड़ो का धार्मिक रीति तथा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विवाह सम्पन्न हुआ। जिसमे से 184 हिंदू धर्म से संबंधित तथा 24 मुस्लिम समुदाय के थे। समारोह के मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह, समस्त विधायक, डीएम, एसपी व सीडीओ उपस्थित रहकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार जिला प्रशासन और समाज कल्याण विभाग के सौजन्य से आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में सभी नव दाम्पत्य जोड़ो का पारंपरिक विधि विधान से उत्साह पूर्ण वातावरण में विवाह और निकाह संपन्न हुआ। जनप्रतिनिधियों एवं अन्य उपस्थित अतिथियों के द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत वर वधुओं को सांकेतिक 35000 का प्रतीकात्मक चेक, परिधान, उपहार सामग्री और विवाह प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इसके अलावा मुख्य अतिथि ने 5 जोड़ी वर वधुओं को उपहार व फलदार पौधा भी भेंट किया। प्रभारी मंत्री ने उपस्थित लोगों का आभार प्रकट करते हुए सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सम्मलित जोड़ो को नव दांपत्य जीवन की हार्दिक बधाई एवं कुशल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहां की हमारी सभ्यता और संस्कृति हमें एक सूत्र में जोड़े रखने का काम करती है। अग्नि के समक्ष उसे साक्षी मानकर जो हम जो वचन लेते हैं उसे जन्मों तक निभाते हैं। पूरी दुनिया हमारी अलौकिक संस्कृति और सभ्यता का प्रशंसक है। कन्यादान एक महादान है इससे बड़ा पुण्य का कोई अन्य काम नहीं है। केंद्र और राज्य सरकार की इस पहल से देश की बेटियों व नारी शक्ति को बल मिला है। केंद्र एवं राज्य सरकार उनके लिए लोक कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है।

### प्रभारी मंत्री ने हाईटेक नर्सरी वेजिटेबल सीडलिंग उत्पादन का किया लोकार्पण



**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** कृषि विज्ञान केंद्र सरगटिया के प्रांगण में मनरेगा तथा उद्यान विभाग के कन्वर्जेंस से 128.53 लाख में निर्मित हाईटेक नर्सरी वेजिटेबल सीडलिंग उत्पादन इकाई का लोकार्पण तथा 1388.06 लाख की स्वीकृत 21 नवीन संपर्क मार्गों का शिलान्यास किया गया। ये नवीन संपर्क मार्ग जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तावित किए गए है, जो विभिन्न विधान सभा क्षेत्रों में बनेंगी। इससे क्षेत्र की जनता को लाभ पहुंचेगा। आवागमन की सुविधाएं बढ़ेगी। हमारा जनपद के किसान उन्नतशील होंगे। इस अवसर पर किसानों में प्याज व अन्य सब्जियों के बीज तथा पौध भी वितरित किया गया। प्रभारी मंत्री ने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र के प्रांगण में निर्मित यह हाईटेक नर्सरी किसानों के लिए लाभप्रद होगा। इस हाईटेक नर्सरी के माध्यम से 1 साल में 15 लाख पौधे तैयार किए जाएंगे। इससे निर्मित पौधे रोग रहित होंगे। एक विशेष प्रकार की मिट्टी में यह पौधे उगाए जाते हैं, जो किसानों के लिए लाभप्रद रहते हैं। पिछले दो वर्षों में पौध उत्पादन के क्षेत्र में 35 गुना वृद्धि हुई है। आप सभी किसान भाइयों को इस हाईटेक नर्सरी के माध्यम से उत्तम गुणवत्ता के पौधे मिलेंगे। किसानों की आय दोगुनी के लिए हमारी सरकार लगातार प्रयासरत है, इस संकल्प को पूरा करने के लिए हम अथक प्रयास कर रहे हैं। आज उत्तर प्रदेश एक बदलता हुआ उत्तर प्रदेश है जो लगातार आर्थिक, सामाजिक क्षेत्रों में उन्नति कर रहा है।

- 1388.06 लाख की स्वीकृत 21 नवीन संपर्क मार्गों का शिलान्यास

# डीएम की अध्यक्षता में संपन्न हुई सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** सोमवार को देरशाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने पुलिस, परिवहन व अन्य सम्बन्धित विभागों को निर्देश दिया कि शीत ऋतु के कारण सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली वृद्धि की रोकथाम हेतु समस्त वाहनों पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगवाये जायें। ट्रैक्टर ट्रालिया के कारण होने वाली मार्ग दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने के दृष्टिगत डीएम ने चीनी मिल के आस-पास के क्षेत्रों में विशेष सर्तकता बरतने तथा ईट भठ्ठा व गन्ना की ढुलाई में प्रयुक्त होने वाले ट्रैक्टर ट्रलियों में प्रमुखता के साथ रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगवाये जाने के निर्देश दिये।

डीएम ने निर्देश दिया कि शीत ऋतु में सड़क के किनारे खड़े वाहन सड़क दुर्घटना का कारण न बने इसके लिए यह सुनिश्चित किया जाय कि सड़क की पटरियों पर बेतरतीब वाहन न खड़े किये जायें। डीएम ने सभी सम्बन्धित विभागों को निर्देश दिया कि सड़क दुर्घटना होने पर मौके पर जाकर तत्काल परीक्षण एवं निरीक्षण कर फोटोग्राफी सहित आख्या उपलब्ध करायें जिसमें उक्त स्थान पर विगत वर्षो में हुई सड़क दुर्घटनाओं का विवरण भी शामिल होना चाहिए। बैठक में मौजूद पुलिस अधीक्षक बृंदा शुक्ला ने पुलिस व परिवहन विभाग को निर्देश दिया कि निरन्तरता के साथ प्रवर्तन अभियान संचालित कर लोगों को हेलमेट के साथ टू व्हीलर चलाने, ओवर स्पीडिंग से बचने, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करने के साथ-साथ चार पहिया वाहन चलाने वालों को सील्ट बेल्ट बांधने तथा यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक करें। डीएम ने कार्यालय नियत प्राधिकारी विनियमित क्षेत्र के अवर अभियन्ता को निर्देश दिया कि परियोजना अधिकारी नेडा से समन्वय कर मरीमाता चौराहे पर हाईमास्ट सोलर लाईट की स्थापना करायें। डीएम ने लोक निर्माण, एनएनएआई व एनएच विभाग को निर्देश दिया कि जिले के चिन्हित ब्लैक स्पाट पर मानक के अनुसार सुरक्षात्मक व सुधारात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करायें जिससे मार्ग दुर्घटनाओं में कमी लाकर लोंगो की बेशकीमती जान की हिफाज़त हो सके। डीएम ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बहराइच को निर्देश दिया कि टैक्सी स्टैण्ड संचालन हेतु उपयुक्त स्थल का चयन कर आख्या उपलब्ध कराएं।

बैठक का संचालन जिला सड़क सुरक्षा समिति के सचिव/ अधि.अभि. लो.नि.वि. प्रदीप कुमार ने किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला, अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, एआरटीओ प्रशासन राजीव कुमार व प्रवर्तन के ओ.पी. सिंह, अधिशासी अभियंता एनएचएआई, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# स्वस्थ समाज बनाने की जिम्मेवारी युवाओं परः वरूण

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** शहर के बाधमण्डी स्थित जिम दारा फिटनेस क्लब में आयोजित जिला स्तरीय आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता के कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रत्याशी व कांग्रेस नेता वरुण मिश्रा ने युवाओं को फेसबुक, इंस्टाग्राम और रील्स से दूर रहने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि हम सुविधाओं का इस्तेमाल तभी कर सकते हैं जब हम पूर्ण रूप से स्वस्थ रहेंगे। पूर्ण रूप से स्वस्थ रहने का जरिया सिर्फ और सिर्फ व्यायाम है। उन्होंने कहा कि आज का नौजवान सोशल मीडिया का शिकार हो चुका है, उसको लगता है कि मोबाइल से ही पूरी दुनिया संचालित होती है,जबकि यह असलियत नहीं है। उन्होंने कहा कि सुविधा देने के साधन कभी भी हमारा साध्य नहीं हो सकते, उन्होंने कहा कि नौजवानों को इस टेक्नोलॉजी पर निर्भर रहने से बचना होगा और खेल ही एकमात्र ऐसा माध्यम है जिससे इसे दूर रहा जा सकता है। उन्होंने नौजवानों का उत्साह वर्धन किया और प्रथम द्वितीय तृतीय प्रतियोगियों को गोल्ड, सिल्वर और कांस्य पदक वितरित किए। जिला आर्म रैसलिंग संगठन के अध्यक्ष शिवम पाठक ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। मैच रेफरी की भूमिका हिमांशु मिश्रा ने अदा की।इस अवसर पर रेसलिंग के पूर्व चैंपियन राहुल तिवारी,अजय मिश्रा, फिटनेस क्लब के मालिक दारा खान प्रवीण श्रीवास्तव शबाना खान उपस्थित रहे प्रथम स्थान अंश ने प्राप्त किया दूसरे स्थान पर आदित्य विश्वकर्मा रहे वह तीसरे स्थान पर ऋतिक रहे जिन्होंने क्रमशः गोल्ड, सिल्वर और काँस्य मेडल प्राप्त किया।

## संक्षिप्त समाचार

### डी पी आर ओ के कारनामे सुर्खियों में

**सुल्तानपुर।** अपने कारनामों से फिर चर्चा में डीपीआरओ अभिषेक शुक्ला आ गए हैं। जिला पंचायत राज अधिकारी अभिषेक शुक्ला ने दागी ग्राम पंचायत अधिकारी दिनेश सिंह को दूबेपुर ब्लॉक में पुनः एडीओ पंचायत का प्रभार दे दिया है।दागी ग्राम पंचायत विकास अधिकारी दिनेश सिंह जिले के सबसे बड़े ब्लाक दूबेपुर में प्रभारी एडीओ पंचायत का पद संभालेंगे।दूबेपुर ब्लाक में दिनेश सिंह पर प्रभारी ए डी ओ पंचायत रहते हुए महिला कर्मचारियों से छेड़छाड़ व भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे थे।छेड़छाड़ और भ्रष्टाचार जैसे गंभीर आरोप जांच में सही साबित होने के बाद भी डीपीआरओ ने मुरीद होकर उन्हें फिर से वही प्रभार दे दिया है ।ब्लॉक के कर्मचारियों व क्षेत्रीय लोगों में चर्चा व्याप्त हैं कि आखिर क्या वजह रही, जो भ्रष्ट लोगों को उक्त महत्वपूर्ण चार्ज दे दिया गया है।

### भारतीय चमार महासभा विभिन्न मुद्दों को लेकर सौंपेगा ज्ञापन

**सुल्तानपुर।** ज्ञापन के संदर्भ में जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि दिनांक 12/12/2024 को विभिन्न मुद्दों को लेकर संगठन के बैनर तले ज्ञापन सौंपा जाएगा जिसमें मुख्य रूप से थाना गोसाईगंज अंतर्गत पांच वर्षीय मासूम अमितेश की हत्या के प्रकरण में दोषियों पर कार्यवाही की मांग के साथ ही कोतवाली नगर में शुभम् गौतम के साथ हुई धोखाधड़ी, और गाली गलौज के मामले को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराने गए तो नगर कोतवाली के दीवान संजय कुमार द्वारा कहा गया कि जाओ ट्वीट करवाकर स्रद्धक्रलिखवा लो तथा स्रद्धक्रनहीं लिखे जाने आदि मामले को लेकर भारतीय चमार महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय राणा चमार के निर्देशानुसार संगठन के प्रतिनिधिमंडल द्वारा जिला अधिकारी सुल्तानपुर को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### बब्बू फाइटर को बदमाशों ने मारी गोली

**सुल्तानपुर।** वार्ड नंबर 28 से जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि विजय पांडे उर्फ बब्बू फाइटर को अज्ञात बदमाशों ने गोलों मार दी। घायल का लखनऊ के ट्रामा सेंटर में इलाज चल रहा है। गोली ऑपरेशन कर निकाल ली गई है। डॉक्टर ने बताया अब वे खतरे से बाहर हैं। लखनऊ में अर्जुन नगर के पास निमंत्रण से लौटते समय रात करीब 12 बजे की घटना बताई जा रहीं है। अज्ञात बदमाशों ने पीछे से गोली मारी थी।

### अतिक्रमण और अवैध टैक्सी स्टैंड से जूझ रहा शहर



**सुल्तानपुर।** नगर के गोलाघाट, पयागीपुर, अमहट में अवैध टैक्सी स्टैंड के कारण लोगों को तरह तरह की दुश्वारियां का सामना करना पड़ रहा है।जहां एक तरफ शहर जाम से जूझ रहा है, वहीं अतिक्रमण, अवैध टैक्सी स्टैंड से शहर के लोग हलकान हो गए हैं। जहां चौक घंटाघर, मुरारी दास की गली, गंदानाला सब्जीमंडी, गोलाघाट, दीवानी चौराहा सहित कई जगह पर अतिक्रमणकारियों का बोलबाला है। वही अमहट, गोलाघाट, पयागीपुर में अवैध टैक्सी स्टैंड वालों ने कब्जा कर रखा है। जिससे शहर लगातार जाम से जूझ रहा है। सूत्रों के अनुसार प्रशासन इस मामले में एकदम संज्ञान नहीं ले रहा है।लोगों का तो यहां तक भी कहना है कि भारी मात्रा में सेवा शुल्क लेने के कारण प्रशासन इस पर कार्यवाही नहीं कर रहा है।जबकि शहर वासियों को लगातार दिक्कत बनी हुई है।दुर्घटना आए दिन हो रही है, उसके बावजूद भी न अतिक्रमणकारियों के ऊपर कोई कार्रवाई हो रही न अवैध टैक्सी स्टैंड पर कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में क्षेत्राधिकार नगर से बात की गई तो उन्होंने कहा कि मामला संज्ञान में आया है जल्द से जल्द कार्रवाई की जाएगी।

# 402 व्यक्तियों के बैंक खातों में भेजी गई सहायता राशि

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि विभिन्न आपदाओं अन्तर्गत जिले के 402 व्यक्तियों के बैंक खातों में धनराशि रू. 86 लाख 52 हज़ार 144 सम्बन्धित के बैंक खातों में 10 दिसम्बर 2024 को हस्तान्तरित की गई है। तहसील नानपारा अन्तर्गत बाढ़ आपदा के सम्बन्ध में नदी के कटान से प्रभावित क्षेत्रफल के सापेक्ष 285 व्यक्तियों के बैंक खाते में रू. 22 लाख 65 हज़ार 827, तहसील कैसरगंज अन्तर्गत नदी के कटान से प्रभावित क्षेत्रफल के सापेक्ष 10 व्यक्तियों के बैंक खाते में रू. 02 लाख 27 हज़ार 047 तथा तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) अन्तर्गत नदी के कटान से प्रभावित क्षेत्रफल के सापेक्ष 15 व्यक्तियों के बैंक खाते में रू. 01 लाख 19 हज़ार 770 इस प्रकार 310 व्यक्तियों के बैंक खातों में धनराशि रू. 26 लाख 12 हज़ार 644 कृषि निवेश अनुदान सहायता के रूप अन्तरित की गई है।

इसी प्रकार तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) अन्तर्गत अग्निकाण्ड के सम्बन्ध में 05 व्यक्तियों के बैंक खातों में रू. 29 हज़ार, तहसील सदर बहराइच अन्तर्गत 03 व्यक्तियों के बैंक खातों में रू. 16 हज़ार, तहसील नानपारा अन्तर्गत 01 व्यक्ति के बैंक खाते में रू. 05 हज़ार तथा तहसील कैसरगंज अन्तर्गत 04 व्यक्तियों के बैंक खातों में रू. 26 हज़ार कुल 13 व्यक्तियों के बैंक खातों में रू. 76 हज़ार की धनराशि अहैतुक सहायता/गृह अनुदान के रूप में अन्तरित की गई है।

इसके अलावा तहसील सदर बहराइच अन्तर्गत अन्य आपदा के सम्बन्ध में 16 व्यक्तियों के बैंक खातों में अहैतुक सहायता/गृह अनुदान सहायता के रूप में रू. 12 लाख 52 हज़ार, कैसरगंज अन्तर्गत 19 व्यक्तियों के बैंक खातों में अहैतुक/पशु सहायता/गृह अनुदान सहायता के रूप में रू. 09 लाख 68 हज़ार 500, मिहींपुरवा अन्तर्गत 04 व्यक्तियों के बैंक खातों में अहैतुक सहायता के रूप में रू. 14 लाख 16 हज़ार, महसी अर्न्तगत गृह अनुदान सहायता के रूप में 12 व्यक्तियों के बैंक खातों में रू. 48 हज़ार व तहसील पयागपुर अन्तर्गत 04 व्यक्तियों के बैंक खातों में रू. 21 हज़ार, तथा तहसील नानपारा अन्तर्गत 24 व्यक्तियों के बैंक खातों में अहैतुक/पशु सहायता/गृह अनुदान सहायता के रूप में रू. 22 लाख 58 हज़ार कुल 79 व्यक्तियों के बैंक खातों में रू. 59 लाख 63 हज़ार 500 की धनराशि अन्तरित की गई है।

# सुल्तानपुर के राष्ट्रीय खिलाड़ी पंकज दुबे बने राष्ट्रीय रेफरी

**सुल्तानपुर।** उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के राष्ट्रीय खिलाड़ी एवं जिला ओलंपिक संघ के सचिव पंकज कुमार दुबे लखनऊ मंडल के पहले निर्णायक बनाए गए हैं।जो की आल इंडिया रेलवेज में निर्णायक की भुमिका में मैच खिलाएंगे।



जो कोलकाता में आयोजित प्रतियोगिता दिनांक 15/12 /2024 से 20/12/2024 तक होनी है। इसकी सूचना मिलने पर जिला ओलम्पिक संघ के अध्यक्ष पूर्व खेल मंत्री ओ पी सिंह, संघ के संरक्षक नागेंद्र प्रताप सिंह उर्फ भोला सिंह, मनीषा पांडेय, राकेश पालीवाल, पवन सिंह, पूर्व प्रमखु प्रदीप सिंह, अंश दुबे, सयुक्त सचिव अतुल श्रीवास्तव उर्फ दीपक ओलम्पिक संघ के उपाध्यक्ष डॉक्टर प्रवीन सिंह, कबड्डी सचिव महेश यादव ,इरशाद अहमद,राम कुमार मिश्रा, राकेश सिंह, रमजान पहलवान, विजय बॉक्सर,प्रवक्ता डॉक्टर अब्दुल हमीद, राष्ट्रीय खिलाड़ी सरिता सिंह, डॉक्टर पालवी तिवारी, फुटबाल सचिव एवं राष्ट्रीय रेफरी एम एस बेग, टेबल टेनिस के सचिव सईद ,वीर कुमार,नवनीत सिंह, आदि लोगो ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

# पुलिस प्रशिक्षण स्कूल में हार्टफुलनेस व योग पर तृतीय सत्र का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** पुलिस ट्रेनिंग स्कूल में हार्टफुलनेस मेडिटेशन और सूक्ष्म व्यायाम पर आधारित तृतीय सत्र का सफलतापूर्वक आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में पुलिसकर्मियों और प्रशिक्षुओं सहित कुल 180 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस आयोजन का उद्देश्य मानसिक शांति, तनाव प्रबंधन और शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम का संचालन और मुख्य आकर्षण सत्र का नेतृत्व बहन अनीता तिवारी ने किया, जो योग और ध्यान के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित प्रशिक्षक हैं। उन्होंने प्रतिभागियों को सूक्ष्म व्यायाम की महत्ता पर प्रकाश डाला और इसे दैनिक जीवन में शामिल करने के व्यावहारिक तरीके बताए। मुख्य वक्ता भाई अंजनी दुबे ने हार्टफुलनेस मेडिटेशन की गहराई और इसके सकारात्मक प्रभावों पर चर्चा की। उन्होंने ध्यान के माध्यम से आंतरिक शांति और मानसिक स्पष्टता प्राप्त करने के महत्व को समझाया। इसके अतिरिक्त, प्रशिक्षक भाई विनय सिंह और अर्पित अग्रवाल ने आयोजन को सफल बनाने में अपना अमूल्य सहयोग दिया। सूक्ष्म व्यायाम~ शारीरिक स्वास्थ्य और ऊर्जा बढ़ाने के लिए सरल लेकिन प्रभावी व्यायाम सिखाए गए। हार्टफुलनेस मेडिटेशन~ ध्यान और आत्म-विश्लेषण के माध्यम से मानसिक शांति और तनाव प्रबंधन के उपाय बताए गए। पुलिसकर्मियों के लिए विशेष सत्र~ उनकी कठिन दिनचर्या में योग और ध्यान को शामिल करने के व्यावहारिक तरीके बताए गए। सत्र के अंत में प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा किए और बताया कि यह सत्र उनके लिए एक नई ऊर्जा और सकारात्मक दृष्टिकोण लेकर आया। कुछ ने कहा कि सूक्ष्म व्यायाम और ध्यान के माध्यम से उन्हें अपने मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की दिशा में नई प्रेरणा मिली। इस सत्र ने न केवल प्रतिभागियों को तनावमुक्त और संतुलित जीवन जीने की दिशा में प्रेरित किया, बल्कि उन्हें यह भी सिखाया कि ध्यान और व्यायाम को अपनी दिनचर्या में कैसे शामिल करें। कार्यक्रम के आयोजकों ने इसे भविष्य में और अधिक प्रतिभागियों के साथ करने का प्रस्ताव रखा।

### जिला क्षय रोग ( टीवी अस्पताल) की ओपीडी राम भरोसे

**सुल्तानपुर।** ओ पी डी का समय 8 बजे से 2 बजे तक होने के बावजूद अस्पताल 9:30 बजे तक बंद रहा।मरीज पर्चा लेकर बाहर भटक रहे थे।चौकीदार,चपरासी तक एक भी नहीं थे। दरवाजा बंद था, किसी से पूछने पर कोई कहता है कि डॉक्टर कनौजिया से बात करें। यह हॉस्पिटल डॉक्टर कनौजिया की मर्जी से चलता है, जब चाहते हैं बंद होता है ,जब चाहते हैं खुलता है।यहां अभी तक एक भी स्टाफ नहीं आया था। डॉक्टर कनौजिया से बात करने की कोशिश की गई,तो उनका मोबाइल स्विच ऑफ जा रहा था।बात ही नहीं हो पाई। योगी जी की जीरो टॉलरेंस नीति को टीवी अस्पताल के डॉक्टर सुल्तानपुर में पलीता लगाने में जुटे हुए हैं।

### जिला सैनिक बन्धु बैठक 20 को

**फिरोजाबाद।** जनपद के समस्त पूर्व सैनिकों, वीर नारियों एवं उनके आश्रितों को अवगत किया गया कि जिला सैनिक बन्धु की बैठक का आयोजन 20 दिसम्बर 2024 समय अपरान्ह 3.00 स्थान -कलक्ट्रेट, सभागार, फिरोजाबाद में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किया जाना प्रस्तावित है। आप सभी पूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों एवं वीर नारियों से अनुरोध है कि आप अपनी समस्याओं को लिखित रूप से जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय, फिरोजाबाद में 19 दिसम्बर 2024 तक किसी भी कार्यालय दिवस/कार्यालय अवधि में उपलब्ध करा दें, ताकि प्राप्त षिकायतों को उक्त बैठक के एजेण्डा बिन्दुओं में सम्मिलित कर त्वरित गति से उनका निस्तारण कराया जा सके। साथ ही उपरोक्तानुसार नियत दिनाक, समय, व स्थान पर उक्त बैठक में प्रतिभाग करने का भी कष्ट करें।

### फिरोजाबाद महोत्सव को सम्पन्न कराने के लिए डीएम ने दिए निर्देश

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में फिरोजाबाद महोत्सव की तैयारी को लेकर बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में किया गया, इस बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य और जनपद के समस्त अधिकारियों ने भागीदारी की, जिलाधिकारी ने कहा कि महोत्सव की थीम और लोगो इस बार जनमानस आधारित होगा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और जिला विद्यालय निरीक्षक प्रतियोगिताओं के माध्यम से थीम और लोगो की डिजाइन का चयन करेंगे, इस हेतु विजेताओं को पुरस्कृत भी किया जाएगा। महोत्सव में सभी विभागों की कल्याणकारी योजनाओं की प्रदर्शनी लगाई जाएगी साथ ही जनता की रुचि के अनुसार फन जोन, फूड जोन और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, इस बात का विशेष प्रयास रहेगा कि इस महोत्सव में स्थानीय कलाकारों को ज्यादा अवसर दिया जाए। स्कूली बच्चे, एन जी ओ से दिन के समय मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ-साथ विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता भी कराई जाएगी।

### आन्दोलन से पकड़े गए किसानों को बिना शर्त छोड़ा जाए



**फिरोजाबाद।** भारतीय किसान यूनियन किसान सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष ने किसान और मजदूरों की समस्याओं को लेकर उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री के नाम एक मांग पत्र जिलाधिकारी फिरोजाबाद को सौंपा। भारतीय किसान यूनियन किसान सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी अवनीत पवार एवं जिलाध्यक्ष ताहिर सिद्दीकी ने किसानों की मांगों को लेकर एक ज्ञापन पत्र जिलाधिकारी को सौंपा। भारतवर्ष कृषि प्रधान देश है यहां की अर्थव्यवस्था कृषि पर आधारित है हमारे देश में अलग-अलग स्थानों पर अलग-अलग प्रकार की खेती होती है और आज के समय में किसान ही सबसे ज्यादा त्रस्त है ऊपर से वैश्विक महामारी ने हमारे देश को घेर लिया था उसके बावजूद भी किसानों और मजदूरों से जो बन पड़ा वो देश की अर्थव्यवस्था के लिए कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहे आज किसान उत्तर प्रदेश सरकार की तरफउम्मीद से देख रहा है। जिसके लिए मजबूरनवश किसान सेना ज्ञापन के माध्यम से मांग करती है। गौतमबुध नगर में जो किसान आन्दोलन कर रहे थे जिसमें मातृ शक्ति भी है जिन्हें जेल में डाला गया है उन्हें तत्काल प्रभाव से बिना किसी शर्त के छोड़ा जाए। गौतमबुध नगर में जो किसान आन्दोलन कर रहे थे उनको जेल में मिलने की अनुमति दी जाए। 10 प्रतिशत आवासीय भूखण्ड सन् 1997 से लाभार्थी सभी किसानों को दी जाए तथा नया कानून 2013 लागू किया जाए। नोएडा में बनी कमेटी की सिफारिश को लागू किया जाए।

# दण्डात्मक कार्यवाही कर बकाया वसूला जाए

अधिकारी अपने विभागीय लक्ष्यों की करें शत-प्रतिशत पूर्तिः डीएम

अवधनामा संवाददाता



**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने कर-करेत्तर, राजस्व कार्यो की मासिक समीक्षा के दौरान वाणिज्यकर, विद्युत, स्टांप एवं निबंधन, परिवहन, अलोह खनन, वन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने-अपने विभाग के राजस्व प्राप्ति के लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति करना सुनिश्चित करें, वाणिज्य कर, विद्युत, स्टांप एवं निबंधन, वन विभाग में मासिक, क्रमिक लक्ष्यों के सापेक्ष वसूली की प्रगति संतोषजनक नहीं है, संबंधित विभाग के अधिकारी प्रवर्तन कार्य बढ़ाकर वसूली की प्रगति सुधारें, उप जिलाधिकारी लंबित आर.सी. की वसूली में तेजी लाएं, बड़े बकायादारों से बकाया राशि की वसूली प्राथमिकता पर की जाए। उन्होंने स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन की वसूली की समीक्षा के दौरान नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष वसूली की प्रगति बेहद निराशाजनक है, सहायक महा निरीक्षक निबंधक इस ओर ध्यान दें, बैनामा स्वीकार करते समय विक्रेता से धनराशि प्राप्त होने की जानकारी की वीडियोग्राफी करायी जाए, ऐसे बिलेख जिसमें रू. 20 हजार से अधिक धनराशि का नकद लेन-देन दर्शाया गया हो, को स्वीकार न किया जाए। उन्होंने असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि स्टांप कमी जांच के बड़ी संख्या में बैनामें तहसीलों में लंबित हैं, तहसील सदर में 100, करहल में 105, किशनी में 99, भोगांव में 38, घिरोर में 22 एवं कुरावली में 02 बैनामें जांच हेतु शेष है। उन्होंने जिलाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि लंबित बैनामों की जांच प्राथमिकता पर कर रिपोर्ट उपलब्ध करना सुनिश्चित करें। श्री सिंह ने कहा कि स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन, परिवहन, जी.एस.टी., विद्युत विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष वसूली की प्रगति ठीक न होने के कारण उक्त विभाग बी-कैटागरी में हैं, नगर निकायों में गृहकर, जलकर, लाइसेंस शुल्क की वसूली में नगर पंचायत बेवर, करहल, कुरावली, घिरोर की स्थिति भी ठीक नहीं है, नगर पंचायत करहल द्वारा गत् वर्ष के सापेक्ष 09 लाख 48 हजार की कम वसूली की है, अधिशासी अधिकारी करहल बैकलॉग की पूर्ति कर वसूली की स्थिति सुधारें अन्यथा उत्तरदायित्व निर्धारित कर कार्यवाही होगी। उन्होंने बांट-माप की समीक्षा के दौरान लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत पूर्ति पर संतोष व्यक्त किया, बांट-माप निरीक्षक ने बताया कि मंडी के आढ़तियों द्वारा इलेक्ट्रॉनिक वजन मशीनों का सत्यापन नहीं कराया जा रहा है, जिस पर उन्होंने सचिव मंडी से कहा कि आढ़तियों से समन्वय स्थापित कर बांट-माप विभाग के माध्यम से मंडी में कैंप आयोजित कराकर आढ़तियों से इलेक्ट्रॉनिक वजन मशीनों का सत्यापन करने में सहयोग करें। उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी को आदेशित करते हुए कहा कि अपने-अपने विभाग में संचालित एक मुश्त समाधान योजना का प्रचार कराते हुए अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित कराना सुनिश्चित करें।

# वर्ल्ड पैरा गेम्स थाईलैंड 100 मीटर दौड़ में युवक ने फहराया परचम

अवधनामा संवाददाता

रजोपुरा के युवक ने 100 मीटर दौड़ में जीते ब्रांज और कांस्य पदक

शिकोहाबाद। जेएस विश्वविद्यालय के बीएससी बायो थर्ड सेमेस्टर के छात्र ने थाई लैंड में आयोजित वर्ल्ड पैरा गेम्स में 100 मीटर दौड़ में प्रतिभाग किया। जिसमें उसने ब्रांज और कांस्य पदक जीत कर इंटनेशनल स्तर पर विश्वविद्यालय के साथ अपना नाम रोशन किया है। मंगलवार को छात्र का विश्वविद्यालय परिसर में स्वागत किया गया और इसके बाद रैली निकाल कर छात्र अपने गांव रजौरा तक पहुंचा। खास बात है कि छात्र का एक हाथ नहीं है। उसने दिव्यांगता को दरकिनार करते हुए यह उपलब्धि हासिल की है। मंगलवार को जेएस विश्वविद्यालय में छात्र का स्वागत किया गया। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. सुकेश यादव और महानिदेशक डॉ. गौरव यादव के साथ विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने छात्र अभिषेक यादव का पुष्प माला पहना कर स्वागत किया। इसके बाद गांव के लोगों ने उसको एक वाहन पर बैठा कर ढोल नगाड़े के साथ जेएस विश्वविद्यालय से गांव रजोपुरा तक जुलूस निकाला और मार्ग में कई जगह उसका स्वागत किया गया। इस अवसर पर छात्र अभिषेक ने बताया कि वह विगत चार साल से कई राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग ले चुका है। वह 30 नवंबर को गांधी नगर से बेंगलुरू एयरपोर्ट पर पहंचा और वहीं से थाईलेंड के लिए रवाना हुआ। वह आठ दिसंबर को थाईलैंड से वापस घर लौटा। उसने बताया कि प्रतियोगिता एक दिसंबर से सात दिसंबर तक हुई। जिसमें छात्र ने छह दिसंबर को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उसने 100 मीटर दौड़ में सिल्वर और ब्रांज मेडल हासिल किया। उसने ब्रांज और कांस्य पदक प्राप्त कर अपने देश के साथ जनपद, विश्वविद्यालय और अपने गांव का नाम रोशन किया। उसकी इस सफलता पर विश्वविद्यालय स्टाफने उसका स्वागत किया और उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। छात्र के परिवार को उस पर गर्व है।


**उत्तर रेलवे**

ई–ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | Lucknow-NR-Division-Commercial/Northern Railway |
| नीलामी सूची सं. | PRG-SMU-2024 |
| कार्य का विवरण | Minor Catering Unit under SMU-BPL at Prayag Jn. (PRG) Railway station. ID PRG/PF-2&3/209/Addl/ at Platform No. 2/3 Document Attached FM-11-2022, FM-15-2022, FM-18-2022 & Site Plan |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 30.11.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ (समस्त लाट) | 16.12.2024 at 10:00 Hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 16.12.2024 at 10:30 Hrs |
| वेबसाईट विवरण जहां पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

वरिष्ठ मण्डल, वाणिज्य प्रबन्धक
उत्तर रेलवे, लखनऊ

3790/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

ई–ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ0रे0–मण्डल–वाणिज्य/उ0रे0 |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 19402-SLR-F2-LKO-SBIB-24-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 09.12.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 25.12.2024 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 25.12.2024 at 12:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 12237-SLR-F2-BSB-JAT-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 09.12.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 25.12.2024 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 25.12.2024 at 12:40 hrs. |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 22178-SLR-F1-BSB-CSMT-24-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 09.12.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 25.12.2024 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 25.12.2024 at 12:50 hrs. |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 22417-SLR-R1-BSB-NDLS-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 09.12.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 25.12.2024 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 25.12.2024 at 13:00 hrs. |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 14235-SLR-R1-BSB-BE-24-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 09.12.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 25.12.2024 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 25.12.2024 at 13:10 hrs. |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 22184-SLR-F2-AYC-LTT-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 09.12.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 25.12.2024 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 25.12.2024 at 13:20 hrs. |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 22417-SLR-F2-BSB-NDLS-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 09.12.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 25.12.2024 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 25.12.2024 at 13:30 hrs. |
| वेबसाइट विवरण जहां पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

3785/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**पूर्वोत्तर रेलवे**

निविदा सूचना संख्या 12 वर्ष 2024-25

अधोलिखित कार्यो के लिये मुहरबन्द खुली निविदायें भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक (सिगनल एवं दूरसंचार), पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा आमंत्रित की जाती है: **क्रम सं.-1,** कार्यो का विवरण: रूद्रपुर सिटी–लालकुआँ खण्ड में सेफ्टी फेसिंग के प्रावधान हेतु विविध दूरसंचार कार्य। अनुमानित लागत: ₹ 31,18,383.06, बयाना राशि: ₹ 62,400/-, कार्य समापन अवधि: 06 माह। **क्रम सं.-2,** कार्यो का विवरण: स्टोर डिपो, इज्जतनगर में रेलनेट/ इन्टरनेट कनेक्टिविटी का उन्नयन। अनुमानित लागत: ₹ 22,68,523.93, बयाना राशि: ₹ 45,400/-, कार्य समापन अवधि: 02 माह। **क्रम सं.-3,** कार्यो का विवरण: पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर मंडल में स्थापित Statcon मेंक आई.पी.एस. सिस्टम की 3 वर्ष की कॉम्प्रीहेन्सिव ए.एम.सी.। अनुमानित लागत: ₹ 1,23,84,789.42, बयाना राशि: ₹2,11,900/-, कार्य समापन अवधि: 36 माह। ई-निविदायें जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय: दिनांक 30-12-2024 को 11:00 बजे।

- पूर्ण विवरण वेबसाइट *http://www.ireps.gov.in* पर अपलोड कर दी गयी है।
- सभी आवश्यक दस्तावेज ई–निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किये जाने चाहिये।

वरि. मण्डल सिगनल व दूरसंचार इंजीनियर, इज्जतनगर

मुजाधि/सिगनल-80

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

# पूर्व कुलपति को विश्वविद्यालय परिवार ने दी भावभीनी विदाई

वहाज अली निहाल




**सैफई, (इटावा)** उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई के के कार्यकाल पूर्ण होने पर विश्वविद्यालय द्वारा शानदार विदाई दी गयी। कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में किया गया। विश्वविद्यालय के सभी कार्मिकों तथा स्टूडेन्ट्स ने मिलकर अपने पूर्व कुलपति को भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम में कुलपति प्रो डॉ पीके जैन ने कहा कि पूर्व कुलपति प्रो. (डॉ) प्रभात कुमार सिहं के निर्देशन में विश्वविद्यालय ने उपलब्धियां से भरे तीन साल के स्वर्णिम काल को पूरा किया आगे हम सभी उनके पद चिन्हों पर चलकर पूरी प्रतिबद्धता तथा निष्ठा से विश्वविद्यालय को और उॅचाईयों पर ले जायेंगे। उन्होंने कहा कि इन 3 सालों में कई अधूरे काम पूरे हुए जिसमें इमर्जेंसी व ट्रॉमा सर्विसेज के अलावा पेशेंट केयर सेवा बेहतर हुहै। उन्होंने कहा कि पूर्व कुलपति अनंत ऊर्जा के स्रोत के साथ बडे निर्णयों के लिए जाने जायेंगे। कार्यक्रम में प्रति कुलपति प्रो(डॉ)रमाकांत ने कहा कि मेरा और सर का 25 साल पुराना साथ है उन्होंने 15 साल में जो काम नहीं हुए, उन्हें 3 वर्ष में पूरा किया जिसमें मेडिकल रिसर्च यूनिट (एमआरयू) को वर्तमान में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का श्रेय सर को जाता है। कुलसचिव डा.चन्द्रवीर सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय में पिछले तीन वर्षों में पूर्व कुलपति के निर्देशन में लगातार प्रशासनिक सुधार हुए हैं। चिकित्सा अधीक्षक डॉ एसपी सिंह ने कहा की इस तीन साल के स्वर्णिम प्रभात काल में हम सभी ने सर के निर्देशन तथा मार्गदर्शन में बहुत कुछ सीखा है। संकायध्यक्ष डा.आदेश कुमार ने पूर्व कुलपति को आगामी जीवन के लिए शुभकामनाएं दी और आभार व्यक्त किया।

### तीन वर्ष के कार्यकाल से बेहद संतुष्ट हैं

पूर्व कुलपति प्रो0(डॉ)प्रभात कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि वह विश्वविद्यालय में अपने तीन वर्ष के कार्यकाल से बेहद संतुष्ट हैं। उन्होंने कहा कि जब वह यहां आये थे तब काफी सारी चुनौतियां थीं। सभी के सहयोग व प्रयास से विश्वविद्यालय आज हर क्षेत्र जिसमें शिक्षा, शोध तथा पेसेंट केयर है सभी में बेहतर कर रहा है। उन्होंने कहा कि मेडिकल छात्र-छात्राओं के लिए भी मैं कहूंगा आप सभी अपनी सकारात्मक और नवाचार विचारों से अस्पताल प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए काम करते रहें। एक अच्छे चिकित्सक के साथ एक अच्छे इंसान भी बने और अपनी बहुमुखी क्षमताओं को निखारें। कार्यक्रम में सभी संकायाध्यक्षों, फैकल्टी मेम्बरस् कर्मचारी संघ अध्यक्षों ने अपने-अपने विचार और अनुभव साझा किए। मेडिकल छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया कार्यक्रम के अंत में खेल एवं सांस्कृतिक समिति के अध्यक्ष प्रो डॉ नरेश पाल सिंह सभी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### तीन साल का कार्यकाल उपलब्धियां भरा स्वर्णिम प्रभात काल

सुपर स्पेशलिटी 500 बेड चिकित्सालय का शुभारंभ, सुपर स्पेशलिटी के जरूरी 11 विभागों का संचालन शुरू, मानव संपदा पोर्टल, एचआईएमएस सॉफ्टवेयर का संचालन, एनएबीएल एक्रीडियशन आईएसओ सर्टिफिकेशन, नेक ग्रेडिंग प्राप्त करने हेतु कार्यवाही, एनआईआरएएफ रैंकिंग, रिसर्च सेल, पीएचडी सेल, मीडिया सेल का गठ्न, 205 सीसीटीवी कैमरे इंस्टॉलेशन, फैकल्टी एवं नॉन फैकेल्टी के विभिन्न पदों की भर्ती, पदोन्नति, एमएसीपी का कार्य, चिकित्सा के विभिन्न पाठ्यक्रम में सीटों की बढ़ोतरी, विश्वविद्यालय को सुचारु रूप से चलने के लिए नियमावली बनाई गई, न्यूबॉर्न स्क्रीनिंग लैब, अलग-अलग फैकल्टी के शोध को बढ़ावा मिला व भारत सरकार द्वारा नवाचार के लिए 35 पेटेंट व 13 एमओयू हस्ताक्षर किए गए। कार्यक्रम का संचालन डॉ.सोनिया विश्वकर्मा एमबीबीएस स्टूडेंट प्रणय तिवारी ने किया। कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ चंद्रवीर, चिकित्सा अधीक्षक डॉ एसपी सिंह, वित्त अधिकारी जगरोपनराम संकायाध्यक्ष, डॉ अतुल, डॉ कमला पाठक, डॉ जितेंद्र मथुरिया प्रोफेसर बीजू बीजू व संकाय सदस्य, विश्वविद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

# एसएमजीआई जेनरो 2024 का समापन

**जेनरो स्पोर्ट कल्चरल वीक में छात्र- छात्राओं ने बिखेरा जलवा**

वहाज अली निहाल



**इटावा।** एसएमजीआई में चल रहे साप्ताहिक÷जेनरो स्पोर्ट कल्चरल वीक 2024÷का भव्य समापन सोमवार को सम्पन्न हुआ। विगत 3 दिसंबर से आयोजित हो रहे जेनरो स्पोर्ट वीक मे एसएमजीआई के कई विभागों के छात्र- छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर सहभागिता की।

जेनरो स्पोर्ट्स वीक में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में क्रिकेट, बैडमिंटन, रस्सा खींच चेस, कैरम व रंगोली की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थी जिसमें एसएमजीआई के विभिन्न कोर्सो बीबीए, बीसीए, डीफार्मा, बीफार्मा, एएनएम, जीएनएम, बीएससी नर्सिंग, बीएड तथा बीटीसी के छात्र-छात्राओं ने बढ-चढ़कर प्रतिभाग किया। सोमवार को जेनरो के समापन के अवसर पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें सभी कोर्सो के छात्रों ने डांस तथा रेम्प वॉक पर अपने जलवे दिखाए। कार्यक्रम में चेयरमैन एसएमजीआई डॉ विवेक यादव, चेयरपर्सन डॉ प्रीति यादव एवं एम डी मदन हॉस्पीटल डॉ विकास यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका में पूजा शंखवार, प्रियंका सक्सेना तथा अवनीत चौहान प्रमुख रूप से रहे। एसएमजीआई के डायरेक्टर डॉ उमाशंकर शर्मा ने अपने उद्बोधन में छात्रों का मार्गदर्शन किया और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। चेयरमैन एसएमजीआई डॉ विवेक यादव ने छात्रों को हर क्षेत्र में बढ़ रही प्रतियोगिता की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए प्रोत्साहित किया और सभी का उत्साह बढ़ाया।

ग्रुप डांस की प्रतियोगिता कमें छात्रों ने अपनी अपनी कला प्रतिभा से सबको सम्मोहित ही कर दिया। डांस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार जीएनएम, द्वितीय पुरस्कार बीबीए तथा तृतीय पुरस्कार बीएससी नर्सिंग को मिला। इसी क्रम में रैंप वॉक प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं ने कैट वॉक द्वारा सभी की खूब तालियां बटोरी। रैंप वॉक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बीटीसी, द्वितीय स्थान डी फार्मा तथा तृतीय स्थान बी फार्मा को मिला।

जेनरो स्पोर्ट कल्चरल वीक के सभी विजेताओं को एसएमजीआई के चेयरमैन डॉ.विवेक यादव, चेयरपर्सन डॉ. प्रीति यादव तथा डायरेक्टर उमाशंकर शर्मा द्वारा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एसएमजीआई के शैक्षणिक स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# बढ़पुरा विजेता बसरेहर टीम उपविजेता रही



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** बेसिक शिक्षा परिषद के तत्वाधान में चार दिवसीय जनपदीय खेलकूद प्रतियोगिता/ट्रायल महात्मा ज्योतिबाफुले स्पोर्ट्स स्टेडियम इटावा में आयोजित की गई। प्रतियोगिता के अंतिम दिन सभी वर्गो की कुश्ती, बॉलीबाल हैंडबाल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिसमें जनपद के समस्त विकास खण्डों की टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिताएं जिला व्यायाम शिक्षक गौरव पाठक व जिला व्यायाम शिक्षिका प्रमिला पाठक के नेतृत्व में संपन्न हुई। हैंडबाल बालक वर्ग में बढ़पुरा विजेता बसरेहर टीम उपविजेता रही। बालिका वर्ग मे बसरेहर टीम विजेता व जसवंतनगर टीम उपविजेता रही। बॉलीबाल बालक वर्ग में जसवंतनगर टीम विजेता महेवा टीम उपविजेता रही। बालिका वर्ग में जसवंतनगर टीम विजेता सैफई टीम उपविजेता रही। समूह गान चितभवन एकांकी में केशोपुर कलां लोक नृत्य में भरथना टीम विजेता रही। राहुल शाक्य, इंद्रजीत सिंह, अर्चना चौधरी, शोएब आलम, योगेंद्र चौधरी, राजेश जादौन, अवधेश राठौर, यतेन्द्र यादव, एपी यादव, अजय यादव, अमित यादव, वेदप्रकाश, नृपेंद्र चतुर्वेदी, शिप्रा सिंह, ज्योत्सना सिंह, प्रियंका यादव, रेनू पाल, विनीता यादव ने निर्णायक की भूमिका निभाई। कार्यक्रम में प्रदीप यादव उमेश चन्द्र, देवेंद्र कुमार, मनोज कुमार, संजीव शाक्य मुनीश कुमार आदि ने सहयोग किया।

# चकबन्दी कार्यों के संबंध में डीएम की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में चकबंदी कार्यो की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में संपन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि चकबंदी कार्यों में तेजी लाई जाए तथा चकबंदी संबंधी समस्त कार्यो को समय से पूर्ण किया जाए। कहा कि चकबंदी कार्य में किसी भी तरह की अनियमितता नहीं होनी चाहिए तथा इसके अंतर्गत जो भी नक्शा या चक बनाए जाय उसमें सभी किसानों का ध्यान रखा जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि चकबंदी संबंधी कार्य जिन गांवों में क्रियाशील है वहां पर भूमि विवादों का चिन्हांकन कर उनका गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण चकबंदी व पुलिस विभाग की टीम द्वारा संयुक्त रूप से किया जाए। भूमि विवाद के गंभीर प्रकरणों को भलीभांति अवलोकन कर उनका प्राथमिकता के साथ निस्तारण किया जाए ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति न उत्पन्न होने पाए। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार राजस्व गांव में विभिन्न भूमि विवादों का निस्तारण राजस्व विभाग द्वारा किया जाता है उसी प्रकार चकबंदी गांव में चकबंदी विभाग द्वारा भूमि संबंधी विवादों का निस्तारण किया जाए इसमें किसी भी तरह की शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने कहा कि चकबंदी के संबंध में विभिन्न माध्यमों यथा संपूर्ण समाधान दिवस ,जनसुनवाई, आइजीआरएस तथा अन्य माध्यम से प्राप्त होने वाली भूमि विवाद संबंधित शिकायतो का मौके पर जाकर तत्परता से निस्तारण किया जाय। अतिक्रमण संबंधित शिकायतों का प्राथमिकता से निस्तारण किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि चकबंदी के पेंडिंग प्रकरणों का तत्परता के साथ निस्तारण किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि चकबंदी कार्यों के अंतर्गत धारा 52 ,23 ,20 एवं 27 के जो लक्ष्य प्राप्त हुए हैं अथवा जो कार्य होने हैं उन्हें समयबद्ध ढंग से किया जाय। कहा कि चकबंदी कार्यों के अंतर्गत चकरोड ,नाली एवं अन्य भूमि संबंधी विवादों के निस्तारण में तेजी लाई जाए। बैठक में एडीएम न्यायिक डॉ नागेन्द्रनाथ यादव, डिप्टी कलेक्टर खालिद अंजुम, उपसंचालक चकबंदी, बन्दोवस्त अधिकारी चकबन्दी तथा चकबंदी अधिकारी /सहायक चकबंदी अधिकारी तथा अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

### इटावा महोत्सव में घर की लक्ष्मी हैं बेटियां कार्यक्रम 25 को

**इटावा।** इटावा महोत्सव पंडाल में आगामी 25 दिसम्बर को सुबह 09 बजे से घर की लक्ष्मी हैं बेटियां कार्यक्रम आयोजित होगा। कार्यक्रम में विविध वेश भूषा प्रदर्शन, पोस्टर, रंगोली, मेंहदी, नृत्य व एकल नृत्य होंगे। कार्यक्रम संयोजक डॉ.ज्योति वर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में प्राथमिक वर्ग की कक्षा एक से पांच तक विविध वेश भूषा का प्रदर्शन, कनिष्ठ वर्ग कक्षा छह से आठ तक व 9 से 12 तक की स्लोगन सहित पोस्टर बनाओ, मध्यम वर्ग कक्षा नौ से 12 तक अल्पना बनाओ, कनिष्ठ वर्ग कक्षा छह से आठ तक व मध्यम वर्ग कक्षा नौ से 12 तक नृत्य नाटिका होगी। मध्यम वर्ग कक्षा नौ से 12 तक मेंहदी लगाओ तथा वरिष्ठ वर्ग स्नातक व परास्नातक एकल नृत्य होगा। प्रतिभागी अपने नाम बाइस ख्वाजा रोड स्थित शॉप नंबर 36 पर दिन 11 बजे से लेकर दोपहर दो बजे तक 18 दिसम्बर तक जमा कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए व्हाट्सएप नंबर 9412880963 व मोबाइल नंबर 7017459891 पर संपर्क कर सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### कोल इंडिया अंतर कंपनी टेबल टेनिस प्रतियोगिता में एनसीएल खिलाड़ियों ने लहराया परचम



**सोनभद्र/सिंगरौली।** गत 4 दिसम्बर से 6 दिसंबर के बीच कोल इंडिया मुख्यालय कोलकाता में आयोजित कोल इंडिया अंतर कंपनी टेबल टेनिस प्रतियोगिता में एनसीएल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम चैंपियनशिप ट्राफ़ी पर कब्जा जमाया। साथ ही पुरुष एकल स्पर्धा में एनसीएल के मनीष सोनी चैंपियन रहे तो पुरुष डबल्स स्पर्धा में मेराज अहमद एवं रजत मलिक की जोड़ी विजेता के रूप में उभरी। पुरुष ओपन वेटेरंस डबल स्पर्धा में नौशाद आलम एवं सरणजीत सिंह चैंपियन रहे। इतना ही नहीं, पुरुष ओपन डबल्स स्पर्धा में अरूप मित्रा उपविजेता रहे द्य वहीं महिला ओपन डबल्स स्पर्धा में इंदु बाला द्वितीय स्थान अर्जित करते हुए उपविजेता रहीं। एनसीएल प्रबंधन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए टीम को बधाई दी है। साथ ही भविष्य में भी उत्कृष्टता हासिल करते रहने के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

### अपराहधकि घटनाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: एसपी



**सोनभद्र/अवधनामा ब्यूरो।** सोमवार देर शाम को पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा द्वारा सर्किल नगर का थाना रॉबर्ट्सगंज पर वार किया गया। वार के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा विवेचना निस्तारण के सम्बंध में चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना पर लम्बित विवेचनाओं के सन्बंध में विस्तृत रुप से वार्ता करते हुये लम्बित विवेचनाओं की समीक्षा की गई तथा विवेचनाओं का समय से निस्तारण करने हेतु सम्बंधित विवेचकों को निर्देशित किया गया साथ ही जनशिकायतों की सुनवाई कर तत्काल जाँच करने व विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु भी निर्देश दिये गये। इसके अतिरिक्त महोदय् द्वारा अधिक समय से लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण पर जोर देते हुए वांछित अभियुक्तों व वारंटियों की गिरफ्तारी करने, आईजीआरएस प्रार्थना पत्रों एवं शिकायती प्रार्थना पत्रों का त्वरित निस्तारण, रात्रि में चौराहे/तिराहे पर चेकिंग करके अपराधियों के संचरण पर रोक लगाने सहित अन्य अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों का भौतिक सत्यापन करने, अवैध शराब एवं मादक पदार्थों के तस्करों व क्रय विक्रय करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने, थाना के माल का निस्तारण तथा महिला संबंधी अपराधों में त्वरित गति से कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। इसके साथ ही शासन एवं उच्चाधिकारीगण द्वारा जारी आदेशों के अनुपालन एवं प्रचलित अभियानों के सम्बंध में भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी नगर डॉ0 चारू द्विवेदी, प्रभारी निरीक्षक रॉबर्ट्सगंज सत्येन्द्र राय, प्रभारी निरीक्षक चोपन विजय कुमार चौरसिया,लक्षण पर्वत, महिला थानाध्यक्ष म0उ0नि0 सविता सरोज सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### नगर के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर अलाव जलाकर उद्घाटन

**सोनभद्र।** यह पहल खासतौर पर उन जरूरतमंद नागरिकों के लिए है, जिन्हें ठंड के कारण कठिनाई का सामना करना पड़ता है। अध्यक्ष चांदनी ने इस अवसर पर कहा, हमारी प्राथमिकता है कि कोई भी नागरिक ठंड से परेशान न हो। नगर पंचायत हमेशा अपने नागरिकों की भलाई के लिए काम करती है। यह कदम सर्दी के मौसम में ठंड से जूझ रहे लोगों के लिए राहत देने वाला है। उन्होंने यह भी बताया कि नगर पंचायत द्वारा यह व्यवस्था कई प्रमुख चौराहों, बस स्टैंड और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर की गई है, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। सभासद गढ़ ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा, यह कदम नगर पंचायत ओबरा की जिम्मेदारी और संवेदनशीलता को दर्शाता है। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि अलावों में लकड़ी की आपूर्ति नियमित रूप से की जाए और यह पूरी रात जलते रहें, ताकि नगरवासियों को ठंड से बचाव मिल सके। नगरवासियों ने भी इस पहल का स्वागत किया और इसे एक आवश्यक कदम बताया।

नगर पंचायत ने इन अलावों की निगरानी के लिए कर्मचारियों की तैनाती की है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अलावों में लकड़ी की पर्याप्त आपूर्ति हो और वे पूरी रात जलते रहें। इस पहल के जरिए नगर पंचायत ओबरा ने यह साबित किया है कि वह केवल नगरवासियों की भलाई के लिए ही नहीं, बल्कि उनकी संवेदनशीलता और समाज के प्रति जिम्मेदारी को भी समझती है।

यह कदम नगर पंचायत ओबरा की कार्यप्रणाली और जनता के प्रति प्रतिबद्धता का एक बेहतरीन उदाहरण है, जो ठंड के मौसम में ओबरा के नागरिकों के लिए राहत प्रदान कर रहा है। इस मौके पर अध्यक्ष प्रतिनिधि श्रवण कुमार, सभासद अमित गुप्ता विपुल शुक्ला आनंद जायसवाल अनिल कुमार, राहुल श्रीवास्तव, राजू साहनी, संजय कनौजिया,अरशद हुसैन विकास सिंह, सुरेश शर्मा, गिरजा शंकर दशरथ शुक्ला, कार्यालय कर्मचारी राजेश यादव, दिनेश संतलाल, राजेश्वर, आदि लोग उपस्थित रहे।।

# क्रय केंद्रों के संचालन, खरीद, डिलीवरी व भुगतान के संबंध में डीएम की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** जनपद के क्रय केन्द्रों के संचालन, खरीद की प्रगति तथा डिलीवरी व भुगतान के दृष्टिगत जनपद के सभी क्रय एजेंसियों के साथ जिलाधिकारी श्री घनश्याम मीना की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार कक्ष में संपन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने धान ज्वार बाजरा मूंगफली आदि के क्रय की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित को जरूरी निर्देश दिए तथा कहा कि इनकी खरीद हेतु शासन से जो भी लक्ष्य दिया गया है उसे समयबद्ध ढंग से प्राप्त किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में विभिन्न फसलों के क्रय में किसी भी तरह से बिचौलिया संलिप्त नहीं पाए जाने चाहिए क्रय कार्य में किसी भी स्तर पर बिचौलिया संलिप्त पाए जाने पर उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर उन्हें जेल भेजा जाएगा। कहा कि जिस क्रय केंद्र में बिचौलिये संलिप्त पाए जाएंगे वहां के संबंधित क्रय केंद्र प्रभारी पर भी एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। इसके लिए जिलाधिकारी ने जनपद के किसानों से अपील की है कि कृषकों से उनकी फसलों की खरीद आदि के संबंध में यदि कोई बिचौलिए संपर्क करता है तो उसकी रिकॉर्डिंग आदि करके उसके बारे में तत्काल उन्हें अथवा जिला खाद्य विपणन अधिकारी को इस बारे में सूचित करें इसपर तत्काल कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी फसलों का क्रय कार्य नियमानुसार व पूरी ईमानदारी के साथ होना चाहिए इसमें किसी भी तरह की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। क्रय कार्य सीरियल एवं टोकन आदि के अनुसार किया जाय तथा क्रय केंद्रों पर किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने क्रय केंद्रों का नियमित रूप से जिला स्तरीय अधिकारियों के माध्यम से निरीक्षण/ सत्यापन करने के भी निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि क्रय कार्यो/ फसलों की खरीद का लेखपाल आदि के माध्यम से यह भी सत्यापन किया जाए कि वास्तविक एवं सही किसान से क्रय किया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि किसानों से फसलों की खरीद के बाद उनका तत्परता से भुगतान भी किया जाए। भुगतान किसी भी दशा में लंबित नहीं रहना चाहिए। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विजय शंकर, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे सुरेश कुमार ,अपर जिलाधिकारी न्यायिक डॉ नागेंद्र नाथ यादव, डिप्टी कलेक्टर खालिद अंजुम, डिप्टी आरएमओ तथा अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# आज आएंगी राज्य महिला आयोग की सदस्य

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** जिला प्रोबेशन अधिकारी राजीव कुमार सिंह ने सर्वसाधारण को सूचित करते हुए बताया कि मिशन शक्ति फेज-5 के अन्तर्गत महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाये जाने, महिला उत्पीड़न की रोकथाम व महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से तथा आवेदक/आवेदिकाओं की सुगमता की दृष्टि से डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम सभागार कलेक्ट्रेट हमीरपुर पूनम द्विवेदी, सदस्य ,उ0प्र0 राज्य महिला आयोग लखनऊ द्वारा कल दिनाँक 11 दिसंबर 2024 को पूर्वान्ह 11.00 बजे से जागरूकता शिविर/ महिला जनसुनवाई एवं महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा की जानी है। अतः उक्त के दृष्टिगत उन्होंने जनपद हमीरपुर के महिला उत्पीडन से पीड़ित महिलाओं / आवेदिकाओं को सूचित किया है कि 11 दिसंबर 2024 को पूर्वान्ह 11.00 बजे डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम सभागार कलेक्ट्रेटे हमीरपुर में आयोजित जागरूकता शिविर में उपस्थित होकर महिला उत्पीड़न के सम्बन्ध पूनम द्विवेदी ,सदस्य उ0प्र0 राज्य महिला आयोग के समक्ष उपस्थित होकर अपनी समस्या से अवगत करा सकते हैं। महिला आयोग की माननीय सदस्य जनसुनवाई के अलावा महिला बंदी गृह/ कारागार एवं आंगनबाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण करेंगी।

### डीएम की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह की अध्यक्षता में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय की बैठक की गयी, इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि पूर्व सैनिकों की भूमि विवाद,नाली की समस्या, भूमि का सीमांकन, खेत में जा रहे रास्ते, विद्युत आपूर्ति के लिए नया ट्रांसफार्मर लगवाने की समस्या का निराकरण सम्बन्धित अधिकारी ससमय गुणवत्ता पूर्ण तरीके से सुनिश्चित करें, सेवानिवृत्त सैन्य कर्मचारी के सैनिक कल्याण निगम द्वारा तैनाती के सम्बन्ध में जनपद सोनभद्र में मोबाइल, सीएसडी कैन्टीन संबंधित समस्या सुनने के बाद निस्तारण के लिए आवश्यक निर्देश जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कैप्टन (नौ सेना) आशुतोष चौधरी (अ0प्रा0) को दियें। बैठक में उपायुक्त जिला उद्योग अधिकारी आर0पी0 गौतम, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, जिला लीड बैंक मैनेजर एवं सरकार सदस्य तथा पूर्स सैनिकों एवं उनके आश्रितों द्वारा भाग लिया गया।

# श्रीगायत्री महायज्ञ की 68वीं वर्षगांठ में मची धूम

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** उत्तर भारत के महान संत नागा स्वामी रोटीराम बाबा ने यहां हमीरपुर जिले के सुमेरपुर कस्बे में शिक्षा की अलख जगाई थी। इन्होंने गायत्री तपोभूमि में लम्बे समय तक साधना की थी। मानवता के कल्याण के लिए न सिर्फ पहली बार गायत्री महायज्ञ का आयोजन कराया था बल्कि इस पिछड़े इलाके को लोगों को शिक्षित करने के लिए इंटर से लेकर स्नातक के संस्थाएं भी शुरू कराई गई। उनकी याद में हर साल गायत्री महायज्ञ को लेकर अब यहां धूम मच गई है।

उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में उत्तर भारत के महान संत स्वामी रोटीराम की तपोभूमि में श्रीगायत्री महायज्ञ की 68वीं वर्षगांठ की धूम मच गई है। रोटीराम महाराज के अनुयायी संत लोग बड़ी संख्या में आकर यहां डेरा जमाए हैं। नागा स्वामी रोटीराम बाबा ने लोक कल्याण के लिए न सिर्फ गायत्री तपोभूमि में लम्बे समय तक साधना की बल्कि उन्होंने पहली बार गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ किया था। महायज्ञ के भंडारे में देशी घी कम होने पर स्वामी जी के कहने पर पानी डालकर पूड़ियं तली गई थीं। हजारों लोग यह चमत्कार देख दंग रह गए थे।

करीब साढ़े पांच दशक पहले नागा स्वामी रोटीराम बाबा हमीरपुर जिले के सुमेरपुर कस्बे में गायत्री तपोभूमि पर डेरा जमाया था। साल 1957 से 1984 तक ये तपोभूमि पर ही रहकर साधना करते रहे। इन्होंने सुमेरपुर क्षेत्र के अलावा पढ़ोरी, अरतरा, कुंडौरा, इंगोहटा समेत तमाम स्थानों पर प्रवास किया था। सुमेरपुर में 1957 और 1982 में स्वामी रोटीराम बाबा ने विशाल यज्ञ का आयोजन कराया था।

रोटीराम बाबा को उसी समय जानकारी मिली कि यहां जूनियर के आगे की पढ़ाई के लिए शिक्षा की कोई व्यवस्था नहीं है। तब नागा स्वामी जी ने पहली बार 1957 में गायत्री तपोभूमि में महायज्ञ संपन्न होने पर इंटरकालेज की नींव रखी थी। उनकी इच्छा यह भी थी कि इंटरकालेज के बाद स्नातक की शिक्षा की भी व्यवस्था होनी चाहिए लेकिन ये इच्छा उनके ब्रह्मलीन होने के बाद 2001 में पूरी हो सकी।

उन्हीं के नाम पर नागा स्वामी बालिका डिग्री कालेज की स्थापना की गई। इसके अलावा कस्बे में ही संस्कृत विद्यालय भी शुरू कराया गया है। 68वीं गायत्री महायज्ञ को लेकर बुंदेलखंड और आसपास के तमाम इलाकों से बड़ी संख्या में संत और महात्माओं ने यहां आकर डेरा डाला है। कस्बे के बुजुर्ग गणेश सिंह विद्यार्थी, मुन्नीलाल, मिथलेश द्विवेदी, भवानीदीन समेत तमाम लोगों ने बताया कि दूसरी बार गायत्री महायज्ञ के भंडारे में देशी खत्म होने पर नागा स्वामी रोटीराम के कहने पर पानी में पूड़ियां तली गई थीं। सब लोग स्वामी का यह चमत्कार देख दंग रह गए थे

सुमेरपुर कस्बे में गायत्री आश्रम नागा स्वामी रोटीराम बाबा की तपोभूमि रही है। इस तपोभूमि का अब लगातार विकास हो रहा है।

# दो दिवसीय शरद मेला का भव्य आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/अनपरा।** हिण्डालको रेनूसागर पावर डिवीजन स्थित आदित्य बिड़ला इण्टर मीडिएट कालेज के मैदान में दिशिता महिला मण्डल रेनूसागर द्वारा यात्रा थीम पर आधारित दो दिवसीय भव्य शरदोत्सव मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि हिण्डालको के सीओओ एन नागेश एवं लक्ष्मी नागेश के अलावा क्लस्टर हेड एच आर जसवीर सिंह एवं सीमा जसवीर तथा हिण्डालको रेनुसागर के यूनिट हेड आर पी सिंह सपत्नी दिशिता महिला मंडल की अध्यक्षा इंदु सिंह के द्वारा फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके पूर्व रेनूसागर पावर डिवीजन के यूनिट हेड आर पी सिंह एवं दिशिता महिला मण्डल की अध्यक्षा इन्दू सिंह ने आये हुये अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंट कर किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि ने दिशिता महिला मंडल की अध्यक्षा व टीम के साथ मेले में लगे सभी स्टालों का अवलोकन कर लजीज ब्यंजनो को चखते हुए मुख्य अतिथि ने दिशिता महिला मंडल सदस्याओं की तारीफ की।कार्यक्रम में सम्बोधित करते हुये कहा कि शरदोत्सव मेले के आयोजकों को बधाई देना चाहता हूॅ।उन्होंने कहा कि दिशिता महिला मण्डल द्वारा बहुत ही सराहनीय कार्य किये जा रहे हैं जिसका लाभ ग्रामीणों के उत्थान एवं सर्वांगीण विकास के लिए लाभदायक होगा।इसी क्रम में हिन्डाल्को क्लस्टर एच आर हेड जसवीर सिंह ने अपने उदबोधन में कहा कि दिशिता महिला मण्डल रेनूसागर की सदस्याओं की अथक मेहनत का ही प्रयास है कि यह दो दिवसीय मेला इतने भब्य रुप में आयोजित हुआ है। मेले का आयोजन सिर्फ मनोरंजन ही नही आपसी भाई चारा का सन्देश देता है।कार्यक्रम में गति प्रदान करते हुये यूनिट हेड आर पी सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि दिशिता महिला मंडल द्वारा किये गये सार्थक प्रयास निश्चित ही आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते हुए कदम को सार्थक सिद्ध करने में मददगार सावित होगा।

# तत्परता से हो समस्याओं का समाधान : सीएम योगी

## मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दी हिदायत, जन समस्याओं के निराकरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

- जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने सुनीं 150 लोगों की समस्याएं

अवधनामा ब्यूरो



**गोरखपुर/लखनऊ।** सोमवार दोपहर बाद गोरखपुर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में रात्रि प्रवास के बाद मंगलवार सुबह जनता दर्शन में आए लोगों से मुलाकात किया। ध्यान से उनकी समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन समस्याओं का निराकरण तत्परता और शीघ्रता से किया जाए। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि हर समस्या का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और संतुष्टिपरक होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जनता की हर समस्या का समाधान सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है।

गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने करीब 150 लोगों से मुलाकात की। उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि हर व्यक्ति को न्याय दिलाया जाएगा। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित निस्तारण का निर्देश देने के साथ मुख्यमंत्री ने लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

सीएम ने अफसरों से कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी सहायता की जानी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए।

### मंदिर की गोशाला में मुख्यमंत्री ने की गोसेवा

गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान मंगलवार सुबह सीएम योगी की दिनचर्या परंपरागत रही। उन्होंने प्रातःकाल गोरखनाथ मंदिर में गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन किया और अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर जाकर मत्था टेका। सीएम योगी जब भी गोरखनाथ मंदिर में होते हैं तो गोसेवा उनकी दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा रहती है। मंगलवार सुबह वह मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए मंदिर की गोशाला में पहुंचे और वहां कुछ समय व्यतीत किया। गोवंश को दुलारकर उन्होंने अपने हाथों से उन्हें गुड़ खिलाया। इस दौरान एक गोवंश के साथ सीएम योगी स्नेहिल भाव से कुछ देर खेलते भी रहे।

# देहरादून लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस का नजीबाबाद स्टेशन पर भव्य स्वागत

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** ट्रेन नम्बर 22546 देहरादून लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस का नजीबाबाद स्टेशन पर भव्य स्वागत किया गया। स्टेशन पर विधायक कोटद्वार और अध्यक्ष विधानसभा उत्तराखंड ऋतु खंडूरी भूषण, नगरपालिका अध्यक्ष नजीबाबाद इंजीनियर मोअज्जम तथा अपर मंडल रेल प्रबंधक इंफ्रा एसपी.तिवारी, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता, मण्डल वाणिज्य प्रबंधक रेहान रज़ा रिज़्वी तथा अनेक जनप्रतिनिधियों व आमजन ट्रेन के नजीबाबाद स्टेशन पर ठहराव एवं स्वागत के लिए मौजूद रहे। इस दौरान मुरादाबाद रेल मण्डल सांस्कृतिक टीम ने सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं देश भक्ति गीत पेश किये।

22545 व 22546 लखनऊ देहरादून लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस का सप्ताह में सोमवार को छोड़कर अन्य सभी दिन लखनऊ एवं देहरादून से संचालन किया जाता है। गाड़ी संख्या 22545 व 22546 लखनऊ देहरादून लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस का लखनऊ से देहरादून के मध्य बरेली, मुरादाबाद व हरिद्वार स्टेशन पर पहले से नियमित ठहराव हैं। अब 10 दिसम्बर से नजीबाबाद स्टेशन पर भी ठहराव रहेगा। गाड़ी संख्या 22545 लखनऊ देहरादून वन्दे भारत एक्सप्रेस का नजीबाबाद स्टेशन पर समय 11:08 बजे आगमन तथा समय 11:10 बजे प्रस्थान रहेगा तथा गाड़ी संख्या 22546 देहरादून लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस का नजीबाबाद स्टेशन पर आगमन समय 4:17 बजे तथा प्रस्थान समय 4:19 बजे रहेगा।

### पू. रेलवे लखनऊ मण्डल अपने रेलकर्मियों के कल्याण के प्रति जागरूक

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल अपने रेलकर्मियों के कल्याण के प्रति सदैव जागरूक है। इसी क्रम में अमण्डल रेल प्रबंधक आदित्य कुमार ने अपर मण्डल रेल प्रबंधक इंफ्रा राजीव कुमार एवं अपर मण्डल रेल प्रबंधक परिचालन विक्रम कुमार की उपस्थिति में मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय में वातानुकूलित रेलवे कैंटीन का शुभारम्भ किया। मण्डल रेल प्रबंधक ने कैंटीन के अवलोकन के उपरांत कैंटीन संचालक को निर्देशित किया कि खाद्य उत्पाद बनाते समय गुणवत्ता एवं साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाये। रेलवे कैंटीन को रंगरोगन एवं साज सज्जा करवाकर इसे आकर्षक नवीन स्वरूप प्रदान किया गया है। इस अवसर पर सभी शाखाधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# लाइसेंस नवीनीकरण के लिए चुनिंदा डॉक्टरों के ही मेडिकल सर्टिफिकेट मान्य होंगे

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** आरटीओ कार्यालय में अब लाइसेंस नवीनीकरण के लिए सीएमओ की ओर से नामित चुनिंदा सरकारी डॉक्टरों की ही मेडिकल सर्टिफिकेट मान्य होगी। अभी तक आरटीओ कार्यालय में दलाल किसी भी निजी या परिचित डॉक्टर की ओर से बनाई हुई मेडिकल टेस्ट रिपोर्ट लगा देते रहे हैं। डीएम सूर्यपाल गंगवार के आदेश के बाद अब सीएमओ कार्यालय की ओर से 12 डॉक्टरों के नाम चयनित करके जल्द ही आरटीओ प्रशासन को दे दिए जायेंगे ताकि डाक्टरों का आईडीए पासवर्ड जनरेट कर परिवहन विभाग की वेबसाइट पर लिंक कराया जा सके। इसके बाद लाइसेंस नवीनीकरण हो जायेगा। डीएल रिन्यूअल में लगने वाला मेडिकल सर्टिफिकेट अब मैनुअली मान्य नहीं होगा। डीएल रिन्यूअल के दौरान उम्र के अनुसार डॉक्टर की ओर से जारी मेडिकल सर्टिफिकेट की जरूरत होती है। इसका आशय होता है कि रिन्यूअल के समय आवेदक को स्वास्थ्य संबंधी कोई दिक्कत तो नहीं है। अभी तक की व्यवस्था के अनुसार यह सर्टिफिकेट मैनुअल जमा होता था। अब आरटीओ की सेवाओं को ऑनलाइन किया जा रहा है। ऐसे में इस व्यवस्था में भी बदलाव किया गया है। अब डॉक्टर की ओर से जारी मेडिकल सर्टिफिकेट को भी ऑनलाइन ही जमा करना होगा। इसमें किसी प्रकार की धांधली ना हो। इसको देखते हुए सीएमओ की ओर से डॉक्टरों का पैनल निर्धारित किया जायेगा। इन निर्धारित डॉक्टरों को सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन की ओर से एक लॉग इन आईडी और पासवर्ड दिया जायेगा। ये निर्धारित डॉक्टर ही आवेदक के स्वास्थ्य की जांच करेंगे और उसकी रिपोर्ट वेबसाइट पर अपलोड करेंगे। उसके बाद ही लाइसेंस जारी होगा।

# प्लाईवुड की दुकान में शार्ट सर्किट से लगी आग

अवधनामा ब्यूरो



**बरेली/लखनऊ।** इज्जतनगर थाना क्षेत्र में बीती रात प्लाई वुड़ की दुकान में आग लगने से कई दुकाने उसकी चपेट में आ गई। जिससे दुकान में रखा लाखों का रुपये का सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुंची दमकल की गई गाड़ियों ने आग पर जैसे तैसे काबू पाया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि थाना इज्जतनगर के क्षेत्र बैरियर टू की चौकी के समीप खजुरिया घाट निवासी अब्दुल अजीज पुत्र अब्दुल्ला का प्लाईबोर्ड का गोदाम है।अचानक दुकानों में आग लग गई। किसी राहगीर ने दुकान में धुंआ उठता देखा तो दुकान वाले को घटना की सूचना दी तब आग पूरी तरह फैल चुकी थी उसने आसपास की दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना पर पहुंची दमकल की तीन गाड़ियों ने आग पर जैसे तैसे काबू पाया तब तक लाखों रुपये का नुकसान हो चुका था। इज्जतनगर पुलिस ने बताया कि इज्जत नगर क्षेत्र में पीआरबी पर सूचना दी गई की खजुरिया घाट के समीप एक अब्दुल अज़ीज़ की प्लाई वुड की दुकान हैं बिजली के शॉर्ट सर्किट होनें की वजह से आग लग गई है। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस और स्थानीयों के अलावा फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियों ने आग पर काबू पाया।

### चित्रकूट की परियोजना के लिए 125.93 लाख मंजूर

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में बुंदेलखण्ड विकास निधि (राज्यांश) के तहत जनपद चित्रकूट की एक परियोजना के क्रियान्वयन के लिए 125.93 लाख रूपये मंजूर किये हैं। मंजूर की गई धनराशि मुख्य विकास अधिकारी, चित्रकूट के निवर्तन पर रखी गई है। इस संबंध में जारी शासनादेश की प्रति मुख्य विकास अधिकारी, चित्रकूट को प्रेषित कर दी गई है। शासनादेश के अनुसार मंजूर की गई धनराशि से जनपद चित्रकूट के एलेहा बढ़ैया से प्रकाश नारायण के जिल्ला तक संपर्क मार्ग का निर्माण कार्य कराया जायेगा।

# विकास कार्यों की रफ्तार और तेज की जाये: केशव

- पीएमजीएसवाई की सड़कों को शत् प्रतिशत एफडीआर तकनीक पर ही बनाने की कार्यवाही की जाय
- ग्राम्य विकास विभाग की वेबसाइट पर सूचनाएं अपडेट रखी जांय
- समूहों के उत्पाद की गुणवत्ता बढ़ाने, उनकी बिक्री कराने के लिए उचित प्लेटफार्म दिलाने के प्रभावी प्रयास किये जांय
- मुख्यालय में अधिकारियों की मजबूत टीम रखी जाये
- ग्राम्य विकास विभाग की विशेष उपलब्धियों का व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार कराया जाये
- सभी तरह के कार्मिक के मानदेय व अन्य देयों का समय से भुगतान सुनिश्चित किया जाये: उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग के उच्चाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ग्राम्य विकास विभाग के बजट का समय से सदुपयोग किया जाना सुनिश्चित किया जाए। इसकी लगातार समीक्षा व अनुश्रवण किया जाए। विकास कार्यों की रफ्तार और तेज की जाय, बजट का समय से सदुपयोग किया जाय। महाकुंभ में ग्रामीण विकास विभाग की सभी शाखाओं के स्टाल लगाए जांय। श्री केशव प्रसाद मौर्य मंगलवार को अपने कैम्प कार्यालय 7- कालिदास मार्ग पर आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि विकास कार्य धरातल पर स्पष्ट रूप से नजर आने चाहिए।ग्राम्य विकास विभाग में सभी खाली पदों को भरने की प्रभावी कार्यवाही की जाय। मैनपावर की कमी नहीं रहनी चाहिए। कहा कि ग्राम चौपालों को और अधिक प्रबल व प्रभावी रूप से सफल बनाया जाय कहा कि पीएमजीएसवाई की सड़कों को शत् प्रतिशत एफडीआर तकनीक पर ही बनाने की कार्यवाही की जाय। ग्राम्य विकास विभाग की वेबसाइट पर सूचनाएं अपडेट रखी जांय। समूहों के उत्पाद की गुणवत्ता बढ़ाने, उनकी बिक्री कराने के लिए उचित प्लेटफार्म दिलाने के प्रभावी प्रयास किये जांय। मुख्यालय में अधिकारियों की मजबूत टीम रखी जाय।ग्राम्य विकास विभाग की विशेष उपलब्धियों का व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार कराया जाय।सभी तरह के कार्मिक के मानदेय व अन्य देयों का समय से भुगतान सुनिश्चित किया जाय। कहा कि बीसी सखी, विद्युत सखी, कृषि सखी, ड्रोन दीदियों आदि की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए प्रभावी कदम उठाये जांय। निर्देश दिए कि विकास कार्यों की जमीनी हकीकत परखने के लिए नियमित रूप से निरीक्षण किये जांय और प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। कहा कि विकास कार्य धरातल पर स्पष्ट रूप से नजर आने चाहिए।

### मदरसों का प्रांतीय सम्मेलन आज

**लखनऊ।** आल इंडिया टीचर्स एसोसिएशन मदारिस अरबिया की ओर से मदरसों का प्रांतीय सम्मेलन बुधवार को 11 बजे गोमती नगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होगा। एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव वहीदुल्लाह खान सईदी ने बताया कि सम्मेलन में प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ओमप्रकाश राजभर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के तौर पर उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद के पूर्व चेयरमैन डॉ. इफ्तिखार अहमद जावेद, माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष एवं पूर्व विधान परिषद सदस्य चेतनारायण सिंह, शिक्षक संघ के संरक्षक व विधान परिषद में प्रश्न एवं संदर्भ समिति के अध्यक्ष डॉ. राज बहादुर चंदेल शामिल होंगे। वहीदुल्लाह खान ने बताया कि सम्मेलन में कामिल और फाजिल स्तर के मदरसों को ख्वाजा मुईनुद् दीन चिश्ती भाषा विवि से सम्बद्धता, सहायता प्राप्त मदरसों में उच्च आलिया के शिक्षकों और प्रधानाचार्यों की वेतन दर में संशोधन, मदरसा आधुनिकीकरण, शिक्षकों को प्रांतीय सरकार के वेतन भुगतान और आधुनिक विषयों के लिए राज्य सरकार का योजना जारी करने कर्मचारियों व शिक्षकों को नियमित मासिक वेतन जारी करने जैसे विषयों पर चर्चा होगी।

# एलडीए ने की अवैध निर्माण और प्लाटिंग पर कार्रवाई

- पांचों अवैध निर्माणों को प्रवर्तन दल ने सील कराया

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर अवैध निर्माण और अवैध प्लाटिंग के खिलाफ मंगलवार को विभिन्न जोनों में कार्रवाई की गयी। प्रवर्तन टीमों ने कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माणों को सील कराया वहीं अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कराया। लविप्रा सचिव विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि बिल्डर अमर अग्रवाल व अन्य की ओर से इंदिरा नगर के चांदन गांव में मानस सिटी कॉलोनी के पास खसरा नम्बर 288 पर लगभग 10,000 वर्गफिट क्षेत्रफल में अवैध रूप से पांच मंजिला व्यवसायिक कॉम्पलेक्स का निर्माण कराया जा रहा था। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराए बिना किये जा रहे निर्माण कार्य के खिलाफ विहित न्यायालय ने ध्वस्तीकरण के आदेश दिये थे, जिस पर मंगलवार को अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा के नेतृत्व में प्रवर्तन जोन-5 के जोनल अधिकारी रवि नंदन सिंह, सहायक अभियंता शिवा सिंह, अवर अभियंता इम्तियाज अहमद व शिव कुंवर ने ध्वस्तीकरण की कार्रवाई कराई। सरोजनीनगर में 10 बीघा में अवैध प्लाटिंग ध्वस्त प्रवर्तन जोन-3 की जोनल अधिकारी वन्दना पाण्डेय ने बताया कि संतोष कुमार रावत व एसकॉन इन्फ्रा डेवलपर्स प्रा. लि. की ओर से सरोजनी नगर के अमौसी में टी.एस. मिश्रा अस्पताल के पीछे लगभग 10 बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से प्लाटिंग करते हुए कॉलोनी विकसित की जा रही थी। विहित न्यायालय के ध्वस्तीकरण के आदेश पर सहायक अभियंता अनूप श्रीवास्तव के नेतृत्व में अवर अभियंता एस.के. सिंह व राम चौहान ने अवैध प्लाटिंग के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई कराई। किसान पथ के पास 2 अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई प्रवर्तन जोन-2 के जोनल अधिकारी अतुल कृष्ण सिंह ने बताया कि विनय पाण्डेय, भोलानाथ मिश्रा, के.के. द्विवेदी व अन्य की ओर से मोहनलालगंज के पूरनपुर गांव में किसान पथ के किनारे लगभग 8 बीघा क्षेत्रफल में अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। इसके अलावा बृजेश यादव व अन्य की ओर से पूरनपुर में किसान पथ के किनारे लगभग 7 बीघा क्षेत्रफल में प्लाटिंग की जा रही थी। प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराए बिना की जा रही दोनों प्लाटिंग को पूर्व में ध्वस्त किया गया था, लेकिन विपक्षी दोबारा स्थल पर विकास कराते हुए भूखण्ड बेचने का प्रयास कर रहे थे। मंगलवार को स्थल निरीक्षण में खुलासा होने पर सहायक अभियंता राम सागर वर्मा, अवर अभियंता भरत पाण्डेय व प्रमोद कुमार पाण्डेय ने दोनों प्लाटिंग पर किये विकास कार्यों को पुनः ध्वस्त कराया। 05 अवैध व्यावसायिक निर्माण सील प्रवर्तन जोन-2 के जोनल अधिकारी अतुल कृष्ण सिंह ने बताया कि मुलायम सिंह, निर्भय सिंह व अमर सिंह की ओर से गोसाईगंज के दाउद नगर में मुख्य नगराम रोड पर लगभग 1200 वर्गफिट क्षेत्रफल के भूखण्ड पर दुकानों का निर्माण कराया जा रहा था। इसी तरह राम लखन सिंह, पवन कुमार व अन्य की ओर से ग्राम पूरनपुर, किसान पथ के आगे नगराम रोड पर लगभग 3000 वर्गफिट क्षेत्रफल के भूखण्ड पर व्यवसायिक निर्माण कराया जा रहा था। इसके अलावा राजवीर सिंह यादव की ओर से मोहनलालगंज के भौन्दरी गांव के मुरूई बाजार में 1200 वर्गफिट क्षेत्रफल के भूखण्ड पर कॉम्पलेक्स बनवाया जा रहा था। वहीं रमेश चन्द्र व अन्य की ओर से पीजीआई थाना के साउथ सिटी के सेक्टर-जी में लगभग 400 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर व्यवसायिक निर्माण कराया जा रहा था। सभी पांचों अवैध निर्माणों को प्रवर्तन दल ने सील कराया।

### परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक ने की महाकुम्भ की तैयारियों की समीक्षा

**लखनऊ।** परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर ने महाकुम्भ की तैयारियों की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में क्षेत्रीय, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक एवं सेवा प्रबंधक वीडियो कॉन्फ्रन्सिंग के माध्यम से जुड़े। चालक व परिचालक के यात्रियों से व्यवहार, उनकी ट्रेनिंग, बसों के रूट, क्षेत्रवार बसों का एलॉटमेंट, चालक व परिचालक की ड्रेस, नेम प्लेट, उनका आई टेस्ट, हेल्थ चेकअप कराने आदि के सम्बंध में समीक्षा की। उन्होंने आदेश दिया कि सभी बसों के भीतर चालक परिचालक का नाम और मोबाइल नम्बर लिखा जाये। एमडी ने निर्देश दिए कि हर एक डीजल पम्प पर जहां से डीजल लिया जायेगा वहां पर एक लेखाकार की तैनाती 24 घण्टे की जायेगी। सभी बसों को भेजने के पूर्व उनका मेंटेनेंस करा कर जैसे बसों में स्टेपनी, टूल्स आदि के बाद एवं तकनीकी रूप से फिट बसों को लगाने के निर्देश दिए। बसों की लोकेशन एवं ट्रैकिंग डिवाइस चेक कर लिया जाये। नेटवर्क सम्बंधी समस्या आने पर मैन्युअल टिकटिंग के लिए टिकट बुक्स स्पेयर में रखी जायें।

# राजकीय तकमील-उत-तिब कॉलेज एवं अस्पताल में तीन दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा प्रणाली आयोग नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित, राजकीय यूनानी तकमील-उत-तिब कॉलेज एवं अस्पताल, लखनऊ में वैज्ञानिक लेखन, अनुसंधान सत्यनिष्ठा और प्रकाशन नैतिकता पर 10 दिसम्बर से 12 दिसम्बर, तक तीन दिवसीय कार्यशाला के उद्घाटन समारोह का आयोजन भव्यता के साथ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. डा. अब्बास अली मेहदी कुलपति, एरा विश्वविद्यालय, सम्मानित अतिथि के रूप में डा. नज्मुस्सहर, उप निदेशक, सी.आर.आई., लखनऊ, प्रोग्राम के मुख्य संरक्षक प्रो. डॉ. जमाल अख्तर, निदेशक यूनानी सेवायें, उत्तर प्रदेश, लखनऊ एवं प्रोग्राम के संरक्षक प्रो. डॉ. अब्दूल कवी, प्राचार्य राजकीय यूनानी तकमील उत्तिब कोलेज एवं चिकित्सालय लखनऊ उपस्थित रहे। प्रोग्राम की अध्यक्षता मो. खालिद, महासचिव, ISHU Foundation, Lucknow ने की। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में शोधकार्यों पर जोर दिया और कहा कि शोधकार्यों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से भी मदद ली जा सकती है। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्राचार्य प्रो. डॉ. अब्दुल कवी ने प्रतिभागियों का स्वागत किया। सी.आर.आई., लखनऊ के उप निदेशक डा. नज्मुस्सहर ने कहा कि इस प्रकार के प्रोग्राम का आयोजन होते रहना चाहिये इससे रिसर्च के कार्यों में बहुत मदद मिलती है। प्रोग्राम के अध्यक्ष मो. खालिद ने यूनानी की श्रेष्ठता को बताया। समारोह में देश के विभिन्न राज्यों महाराष्ट्र, पंजाब, दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश आदि से 59 ट्रेनियों ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण कार्यशाला में स्नातकोत्तर छात्रों को शोध कार्य का शिक्षण देने वाले अध्यापकों को प्रशिक्षण दिया जाना है, आज इस प्रशिक्षण में NIUM, गाजियाबाद से डा. सुहेब आलम, चेन्नई से डा. नलीना एवं मेसूर से डॉ. मधुसदन BG ने कुल छः शेसन दिये। उद्घाटन कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन निदेशक यूनानी सेवायें, उत्तर प्रदेश, प्रो. डॉ. जमाल अख्तर ने किया, जिन्होंने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्य एवं कमेटी के साथ-साथ समस्त शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक अधिकारियों तथा कर्मचारियों के योगदान को सराहा। यह कार्यशाला अनुसंधान और शिक्षा के क्षेत्र में नैतिकता और गुणवत्ता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों ने राज्यपाल को भेजा पत्र



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** कांग्रेस पार्टी के प्रदेश एवं जिला कमेटी के पदाधिकारियों ने मंगलवार को प्रदेश की राज्यपाल को हस्ताक्षरित पत्र भेजकर सवाल करते हुए प्रश्नगत समस्याओं के निराकरण की मांग की है। जसकी कॉपी मुख्य न्यायाधीश, सुप्रीम कोर्ट नई दिल्ली को भी भेजा है। भेजे गए पत्र में कहा है कि हम पार्टी के पदाधिकारीगण व कार्यकर्ता एवं जनमानस आपसे इन सवालों का जवाब चाहते हैं। क्या पूजा स्थाल अधिनियम 1991 अभी अस्तित्व में है या समाप्त हो गया है। अगर अस्तिव में है तो उसकी अवमानना पर आप कोई कार्यवाही क्यों नही करते। क्या आपकी चुप्पी की वजह सरकार और आर एस एस का दबाव है। आप पूर्व मुख्य न्यायधीश डी वाई ई चंद्रचूड़ की ज्ञानवापी मामले में पूजा स्थाल अधिनियम की अवमानना करते हुए दिये गये संविधान विरोधी आदेश पर रोक क्यों नही लगाते। मुसलमानों के खिलाफ राज्य प्रयोजित हिंसा पर सुप्रीम कोर्ट संविधान के आर्टिकल 32 और 226 के तहत स्वतः संज्ञान क्यों नही लेते कोर्ट पीड़ित पक्ष के अदालत आने का इंतजार क्यों करता है। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष अख्तर मलिक, प्रदेश महासचिव शमसुल हसन उमरा, प्रदेश महासचिव अनीस रज़ा खान, प्रदेश प्रवक्ता अख्तर अनीस व लखनऊ के जिलाध्यक्ष जुबैर खान मौजूद रहे।

# अटाला मस्जिद मामला : पूजा स्थल अधिनियम की है अवमानना: शाहनवाज

- अवमानना करने वाले जज के खिलाफ कार्रवाई की मांग
- देश का माहौल बिगाड़ने की साजिश में न्यायपालिका का भी एक हिस्सा शामिल

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** कांग्रेस सचिव शाहनवाज आलम ने जौनपुर की ऐतिहासिक अटाला मस्जिद को मंदिर बताने वाली याचिका की पोषणीयता को जौनपुर अदालत के स्वीकार करने को पूजा स्थल अधिनियम की अवमानना बताया है। कांग्रेस मुख्यालय से जारी बयान में श्री आलम ने उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से इस अधिनियम की अवमानना करने वाले जज के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। श्री आलम ने कहा कि पूजा स्थल अधिनियम साफ तौर पर कहता है कि 15 अगस्त 1947 के दिन तक पूजा स्थलों का जो चरित्र था उसमें कोई बदलाव नहीं हो सकता और उसे चुनौती देने वाली कोई याचिका किसी भी न्यायालय में स्वीकार नहीं हो सकती। ऐसे में अगर निचली अदालतें इसकी अवमानना करती हैं और उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश इस पर चुप रहते हैं तो इससे उनकी नीयत पर भी सवाल उठता है। श्री आलम ने कहा कि ऐसी याचिकाओं की बाढ़ आना, निचली अदालतों से उन्हें स्वीकार करना और उच्चतम न्यायालय का मूकदर्शक बने रहना साबित करता है कि देश का माहौल बिगाड़ने की साजिश में न्यायपालिका का भी एक हिस्सा शामिल है। प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग पूजा स्थल अधिनियम की अवमानना पर उच्चतम न्यायालय की संदेहास्पद चुप्पी पर सीजेआई को पूरे प्रदेश से एक लाख पत्र भेज कर उनकी चुप्पी की वजह जानने का अभियान बीती 6 दिसम्बर से चला रहा है। श्री आलम ने कहा कि संविधान और कानून में यकीन रखने वाले राजनीतिक दलों को खुल कर पूजा स्थल अधिनियम की रक्षा के लिए आगे आना चाहिए।

वहीं कांग्रेस नेता नावेद नकवी ने जस्टिस शेखर यादव के बयान को दुर्भाग्यपूर्ण और संविधान के खिलाफ बताया है। श्री नकवी ने कहा कि जस्टिस ने जिन शब्दों का प्रयोग किया वह संघ की भाषा है। उनका बयान कि देश बहुसंख्यकवाद से चलेगा और एक समुदाय के खिलाफ अपनी नफरत का इजहार करते हुए कठमुल्ला जैसा शब्द इस्तेमाल करने वाले व्यक्ति को तुरंत बर्खास्त किया जाना चाहिए। श्री नकवी ने कहा कि उच्चतम न्यायालय को स्वतः संज्ञान लेते हुए कार्रवाई करना चाहिए।